पञ्चपादिका के ऊपर अनेक टीकाओं की रचना हुई। [illegible] के [illegible] पर प्रकाशात्मयति तथा विद्यारण्य ने तात्पर्यदीपिका नामक टीकाओं की रचना की। इन टीकाओं का पंचपादिका के मूल भाग के सहित [illegible] ने मद्रास से प्रकाशित किया है। पंचपादिका के मूलार्थ को समझने के लिए ये टीकाएँ अत्यन्त उपयोगी हैं। इन टीकाओं के अतिरिक्त विद्यारण्य ने पञ्चपादिका टीका तथा अमलानन्द ने पञ्चपादिकादर्पण नामक ग्रन्थों की रचना की किन्तु पञ्चपादिका पर लिखी गई इन सभी टीकाओं में अत्यन्त प्रसिद्ध टीका प्रकाशात्मयति (१२०० ई०) द्वारा रचित पञ्चपादिकाविवरण नामक टीका है। इसमें अनेक महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर मौलिक विचार प्रस्तुत किये गये हैं और तत्कालीन विचारधारा का प्रदर्शन किया गया है। इस विवरणग्रन्थ के अन्तर्गत ग्रन्थ को 'विवरणप्रस्थान' के नाम से पुकारा जाता है। अमलानन्द के पूर्व विष्णुभट्टोपाध्याय ने पंचपादिकाविवरण पर ऋजुविवरण नामक टीका लिखी। एक जनश्रुति के अनुसार अमलानन्द ही सन्न्यासाश्रम में आनन्दगिरि के नाम से विख्यात हुए थे। ये सम्भवतः गुजरात के रहने वाले थे और तेरहवीं शताब्दी के मध्य में हुए थे। म० म० अनन्तकृष्ण शास्त्री ने अपने नवटीकासहित शांकर भाष्य में इस टीका को प्रकाशित किया है। पञ्चपादिकाविवरण पर चित्सुखाचार्य द्वारा रचित विवरणतात्पर्यदीपिका तथा नृसिंहाश्रमाचार्य कृत विवरणभाव-प्रकाशिका नामक टीकाओं का श्रीराम शास्त्री ने पञ्चपादिका तथा पञ्चपादिका-विवरण के साथ मद्रास से प्रकाशित किया है। आनन्दगिरि के शिष्य अखण्डानन्द ने पञ्चपादिकाविवरण पर 'तत्त्वदीपन' की रचना की। इसमें विवरण के [illegible] को प्रकाशित किया गया है। विद्यारण्य ने पञ्चपादिकाविवरण में प्रतिपादित प्रमेयों का विवरणप्रमेयसंग्रह नामक ग्रन्थ में संगृहीत किया है।

विवरणप्रस्थान के प्रमेयपक्ष के सम्यक्ज्ञान के लिए एक ग्रन्थ नितान्त उपादेय है गोविन्दानन्द के शिष्य रामानन्द सरस्वती द्वारा रचित विवरणोपन्यास नामक ग्रन्थ भी विवरणमत का समझने के लिए अत्यन्त उपयोगी है। गोविन्दानन्द ने सा शारीरक भाष्य का अपना व्याख्या में विवरण मत का ही अनुसरण किया है। इस ग्रन्थ में अतिरिक्त, विद्यारण्य की दृग्दृश्य विवेक व पञ्चदशी, पुरुषार्थसिद्धि व वेदान्तपरिभाषा आदि ग्रन्थों में भी विवरण की विचार सरणि का ही अनुसरण किया गया है।

प्रस्थानप्रस्थान तथा विवरण प्रस्थान के प्रमुख ग्रन्थों का यही संक्षिप्त परिचय है।

—सत्यदेव

■

प्रथम अध्याय

ब्रह्म

ब्रह्म की अद्वितीयता एवं देहादि प्रपञ्च की अध्यस्तरूपता

अद्वैत वेदान्त के अनुसार [illegible] चिन्मात्र ब्रह्म ही परमार्थ सत् है। [illegible] प्रपञ्च उसमें ही [illegible] है। [illegible] एवं अद्वितीय [illegible] गया है। उसे सजातीय, विजातीय एवं [illegible] भेद से शून्य माना गया है। ब्रह्म से अतिरिक्त [illegible] सजातीय तथा विजातीय भेद से रहित है। [illegible] भेद भी नहीं है। 'ब्रह्म सत्य ज्ञान और अनन्त है' इस ब्रह्म के स्वरूपलक्षण में पद सत्य ज्ञान और अनन्त पद ब्रह्म के गुणों के प्रतिपादक नहीं हैं, क्योंकि सामानाधिकरण्य से इन पदों के द्वारा एकाश्रय एवं अखण्डाभिन्न [illegible] बोध होता है। इस प्रकार यह [illegible] कि अनेक गुणों से विशिष्ट वस्तु के अभिधान में भी [illegible] ठीक नहीं है। लक्षण के भेद से अर्थ का भेद [illegible] और अर्थ का भेद होने पर [illegible] सम्भव नहीं है। यदि कहा ही [illegible] ज्ञान आदि पदों में गुण का ग्रहण न माना जाय तो इन पदों [illegible] पदों [illegible] माना जाना [illegible], क्योंकि इन पदों से किसी [illegible] अर्थ का बोध नहीं [illegible], तो यह भी युक्त नहीं है क्योंकि पदों के एकार्थक होने पर भी उनका अन्वयाभाव सम्भव है। सत्यादि पदों के द्वारा किन्हीं विशेष गुणों का [illegible] प्रतिपादन अभीष्ट नहीं है अपितु इनके द्वारा अपने विरोधी [illegible] आदि धर्मों का निवारण ही अभीष्ट है। सत्य पद असत्य का, [illegible] पद अज्ञान का तथा अनन्त

१ एकमेवाद्वितीयम्। छान्दोग्य उ०, ६.२.१;

२ सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसंग्रह, पृ० १८०–८०

३ सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म। तै० उ०, २.१.१

४ ननु सत्यज्ञानादिशब्दानां भिन्नार्थत्वे कथमनन्तैकरसं ब्रह्म? एकार्थत्वे पुनरुक्तिप्रसङ्गः (वि० प्र० मं०, पृ० ७४९)

५ नान्तरीयं प्रतिपाद्यस्यैकत्वेऽपि व्यावर्त्यानामनन्तत्वादीनामनिर्वचनीयानामनेकत्वात्। (वही)

पद शान्त का निवारक है। ब्रह्म के [illegible] तथा सत्त्व की रहितत्व का परिवर्तन ही "[illegible]" इस ब्रह्मस्वरूप बोधिका [illegible] का कार्य है। [illegible] ब्रह्म के [illegible] विकल्पमय नामरूपात्मक प्रपंच से व्यावृत्त करता है। [illegible] को अव्यापीनवाला जड़ वस्तु से व्यावृत्त करता है। तथा [illegible] पद दिग्देशकालावच्छिन्न वस्तु से ब्रह्म का [illegible] है। [illegible] ब्रह्म का भावरूप या अभावरूप धर्म नहीं है अपितु यह ब्रह्मरूप ही है। जैसे लौकिकपदों में काठिन्यादि की व्यावृत्ति [illegible] का स्वरूप ही है धर्मान्तर नहीं, वैसे ही [illegible] पद [illegible] पदार्थों के विरोधी ब्रह्म के स्वरूप के ही परिवादक हैं धर्मा के परिवादक नहीं। [illegible] जैसे 'प्रकृष्ट प्रकाश वाला चन्द्रमा' इस चन्द्रमा के लक्षणवाक्य में प्रयुक्त प्रकृष्ट प्रकाश तथा चन्द्रमा इन तीनों शब्दों से एक ही अर्थ सिद्ध होता है, किन्तु इस प्रकरण में [illegible] पदों से एक ही अर्थ की सिद्धि [illegible] है। [illegible] लक्षण वाक्य में प्रयुक्त प्रकाशपद प्रकाशवत् [illegible] तथा लक्षणा के द्वारा अर्थान्तर [illegible] का बोध कराता है [illegible] इनमें गुण तथा सामान्य [illegible] इन दोनों का लक्षण कर उनमें [illegible] चन्द्रपद के अभिधेय अर्थ के रूपण समर्थन किया गया है। इस प्रकार प्रकृष्ट प्रकाश तथा चन्द्र इन तीनों पदों की एकार्थता सिद्ध होती है। इन पदों की एकार्थता होने पर भी निरर्थकता की शंका नहीं, क्योंकि प्रयोजन-

---

१. [illegible] 'प्रकृष्टप्रकाशचन्द्र' [illegible] शब्दौ प्रकृष्टप्रकाशवत्त्वरूपगुणवाचकौ [illegible] दुर्भासित वस्तुतत्त्वरूपं व्यक्तिविशेषं [illegible] वाक्यार्थज्ञानानुप्रविष्टम्। (वे० व० प०, पृ० ९३)

२ प्रकाशवत्त्वं सामान्यमिति [illegible] लक्षणा व्यक्तिविशेषे वर्तते प्रकृष्टशब्दस्य लक्षणया प्रकर्षगुणाधिकरणमुपेत्य प्रकाशवत्त्वं वर्तते, तत्र गुणसामान्ययोः चन्द्रपदाभिधेयत्वाभावात् अतस्तत्रया तद्धर्मव्यूदस्य तत्समवायिप्रकाशविशेषे पदं चन्द्रपदाभिधेयता शक्यते, इति प्रकृष्टप्रकाशचन्द्रशब्दानामेकार्थवृत्तिता सिद्धा। (सं० पा० वि०, पृ० ३१९)

[illegible] मेघादि की व्यावृत्ति के लिए [illegible] की तथा स्वलक्षणवाचक नक्षत्र आदि की व्यावृत्ति के लिए पुरुषपद की उपादेयता है। इसी प्रकार सत्य ज्ञान आदि पदों के [illegible] भी इनका सार्थक्य अज्ञान आदि की व्यावृत्ति के लिए स्वीकार किया जाता है। विशेष धर्मों के परिपालन के लिए नहीं। इस तरह सत्य ज्ञान आदि पदों का एक ही अखण्डार्थ 'ब्रह्म' [illegible] समझना चाहिए।[1]

[illegible] पर शंका [illegible] है कि [illegible] में [illegible] विरोधी इसमें व्यावृत्ति [illegible] होने [illegible] लक्षण मानते हैं किन्तु सभी पदों की लक्षणा नहीं होती। अतएव [illegible] परक नहीं।

[illegible] का बाध हो [illegible] नहीं लगता। [illegible] लक्ष्यार्थ का [illegible] है और इसका [illegible] लिया जाता। वाक्यार्थ की संगति [illegible] जाने पर [illegible] में भी लक्षणा [illegible] किन्तु [illegible] का बाध हो जाने पर उस [illegible] के लिए [illegible] या सर्व पदों की लक्षणा मानने में [illegible] है। 'जगदादि कारण' [illegible] पद तथा सर्वपद [illegible] के कारण [illegible] स्थापन के लिए [illegible] लक्षणा मानी जाती है। किन्तु 'सगुणा मूलभूता प्रकृतिर्बन्धिनी' [illegible] होने के कारण [illegible] नहीं की जाती अर्थात् 'विश्व भुवन' यहाँ दोनों पदों में लक्षणा मानी जाती है। इस तरह अर्थ की संगति एवं वाक्य के तात्पर्य में [illegible] के हेतु तात्पर्य-कतानुसार पदों में लक्षणा मानी जा सकती है। अतएव अखण्डादि की व्यावृत्ति के लिये सत्यज्ञानादि सभी पदों में लक्षणा मानने में कोई दोष नहीं है। इस कारण सत्यज्ञानादि धर्मों के द्वारा निर्विशेष ब्रह्म में स्वगत भेद की शंका युक्त नहीं है। ब्रह्म से व्यतिरिक्त नामरूपात्मक प्रपंच

---

१ तत्र सत्यज्ञानादिवाक्यस्थलक्षणाशंका [illegible]। (वि० प्र० सा०, पृ० ३१३)

ब्रह्म पर ही आरोपित होने से मिथ्या एवं अनिर्वचनीय है। जीव भी परमार्थतः ब्रह्मरूप ही है, ब्रह्म से भिन्न नहीं। अतएव सजातीय, विजातीय तथा स्वगत भेद से शून्य ब्रह्म ही परमार्थतः सत्य है।

यहाँ यह शंका होती है कि देहेन्द्रियादि प्रपञ्च के प्रकाशित एवं अनुभूत होने के कारण इसे असत् कैसे माना जा सकता है? इस शंका के समाधान में भामतीकार वाचस्पति मिश्र कहते हैं कि प्रकाशमानतामात्र सत्त्व नहीं है जिससे कि देहेन्द्रियादि प्रपञ्च के प्रकाशित होने के कारण इसे सत् माना जा सके।[1] सत् वह है जो सदैव अबाधित रहे अर्थात् जिसका किसी काल में बाध न हो। इस दृष्टि से देहेन्द्रियादि प्रपञ्च को सत् नहीं माना जा सकता क्योंकि इसका बाध हो जाता है। जाग्रत् अवस्था में जिस नानात्मक प्रपञ्च की प्रतीति होती है सुषुप्ति में उसका भान नहीं होता। संकल्पविकल्पात्मक मन के समस्त व्यापारों की भी सुषुप्ति में परिसमाप्ति हो जाती है। तीसरी अवस्था में तो अहंभाव का भी भान नहीं होता। अतएव शरीर, इन्द्रिय, मन, बुद्धि अहंकार आदि के सम्बन्ध से परिमित प्रपञ्च काल्पनिक होने के कारण सत्य नहीं माना जा सकता है। यदि प्रकाशमान होने से किसी पदार्थ को सत् मान लिया जाय तो रज्जु आदि के सर्पादिरूप में अथवा स्फटिकादि के रक्तादिगुणयुक्तरूप में प्रकाशित होने के कारण उन्हें भी सत् मानना पड़ेगा।[2] यदि प्रकाशमान होने से ही कोई पदार्थ सत् होता तो मृगमरीचिका में भी जल के प्रकाशित होने से उसका अस्तित्व हो सके। अतएव आरोपित वस्तु के प्रकाशमान होने पर भी उसकी वास्तविक सत्ता नहीं मानी जा सकती।[3] जैसे मृगमरीचिका में दीख पड़नेवाला जल न तो सत् है, न असत् और न ही सदसत् अपितु अनिर्वाच्य है, वैसे ही प्रकाशमान देहेन्द्रियादि प्रपञ्च भी सदसद्विलक्षण होने से अनिर्वाच्य एवं मिथ्या है।

१. न प्रकाशमानतामात्रं सत्त्वं येन देहेन्द्रियादेः प्रकाशमानतया सत्त्वं भवेत्।
(भामती, पृ० २१)

२. न हि शुक्तिकाभासे रज्जावादौ वा स्फटिकादौ वा रक्तादिगुणयोगिनो न प्रतिभासन्ते, प्रतिभासमाना वा भवन्ति तदात्मानस्तद्धर्मिणो वा।
(भामती पृ० २१ २२)

३. वही।

४. तस्मादकामेनापि आरोपितस्य प्रकाशमानतयापि न वस्तुसत्त्वमभ्युपगन्तव्यम्
(वही)

इसे सत् इसलिए नहीं कह सकते क्योंकि इसका उत्तरकाल में बाध हो जाता है। सर्वथा असत् भी नहीं कह सकते क्योंकि इसका भान होता है सत् और असत् के परस्पर विलक्षण होने के कारण इसे सदसत् भी नहीं कह सकते। अतएव प्रतीयमान दृश्येन्द्रियादि प्रपंच को इन सभी से विलक्षण अनिर्वचनीय एवं मिथ्या माना जाता है।[1] श्रुतियों में भी प्रपंच के मिथ्यात्व का स्पष्ट शब्दों में प्रतिपादन किया गया है। 'यह जो कुछ भी है वह आत्मा है',[2] 'यह कुछ भी नाना नहीं है जो यहाँ मिथ्याभूत नानात्व को देखता है वह घोर मृत्यु को प्राप्त होता है',[3] 'जहाँ मिथ्याभूत द्वैत है वहीं कोई अपने से भिन्न को देखता है, किन्तु जहाँ इसके लिए सब कुछ आत्मा ही गया है वह किससे किसको देख सकता है, किससे किसका जान सकता है',[4] 'विकार और नाममात्र वाचारम्भण अर्थात् व्यावहारिक है, मृत्तिका ही सत्य है',[5] 'माया-सृष्टि (स्वप्नपञ्च) मायामात्र है क्योंकि इसका स्वरूप पूर्णतया अभिव्यक्त नहीं है',[6] 'विभेदजनक ज्ञान का आत्यन्तिक नाश हो जाने पर आत्मा और ब्रह्म का अवास्तविक भेद कैसे कर सकेगा',[7] 'इस चराचर जगत् में ऐसा कुछ भी नहीं है जो मर जिता हो सके'[8] इत्यादि श्रुति स्मृति वाक्यों में ब्रह्म में निष्प्रपञ्चत्व एवं प्रपञ्च के मिथ्यात्व का प्रतिपादन किया गया है। नामरूपात्मक दृश्येन्द्रियादि प्रपञ्च त्रिकालाबाधित न होने के कारण मिथ्या है। सत् वही है जो त्रिकालाबाधित हो। किन्तु जो प्रतीयमान तो हो किन्तु यथावस्थित वस्तु के ज्ञान से निवृत्त हो जाये वह सत् नहीं अपितु मिथ्या है, जैसे रज्जु में कल्पित सर्प अधिष्ठान के ज्ञान से निवृत्त हो जाने के कारण मिथ्या माना जाता है। इस दृष्टि से विचार करने

---

१. [illegible] (आभासी, पृ० [illegible])
२. इदं सर्वं यदयमात्मा (बृ० उ० [illegible])
३. मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति। (बृ० उ० ४।४।१६)
४. यत्र हि द्वैतमिव भवति तदितर इतरं पश्यति (बृ० उ० [illegible])
५. वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्। (छा० उ० ६।१।४)
६. मायामात्रं तु कल्प्यमानत्वान्मिथ्यैव स्वप्नवत्। (ब्र० सू० [illegible])
७. आत्मनो ब्रह्मणो भेदजनकस्य [illegible]। (वि० पृ० [illegible])
८. न तदस्ति विना यत्स्यान्मया भूतं चराचरम्। (गीता [illegible])
९. मिथ्यात्वं नाम प्रतीयमानत्वे सति यथावस्थितवस्तुज्ञानेनिवर्तनीयत्वम्, यथा रज्ज्वादावधिष्ठानकसर्पादि। (आभास पृ० ४७)

पर संसार के समस्त पदार्थों में सत्ता की ही अनुवृत्ति होने से सन्मात्र ही परमार्थ है तथा विशेषधर्म व्यावर्तमान होने के कारण रज्जुसर्पादि के समान अपरमार्थ है। "घट है, पट है, घट का अनुभव होता है, पट का अनुभव होता है" इत्यादि रूप से समस्त पदार्थ सत्तानुभूति घटित ही दीख पड़ते हैं। इन सभी अनुभूतियों में सन्मात्र ही अनुवर्तमान होने से परमार्थ है। घटपटादि विशेष तो व्यावृत्त हो जाने के कारण रज्जुसर्पादिवत् अपरमार्थ हैं। इस पर यदि शंका हो कि सन्मात्र भी अनुभूति का विषय होने के कारण अनुभूति से भिन्न है अतः उसको भी अनुभूति के विषय घटपटादि के समान अपरमार्थ मानना होगा तो यह युक्त नहीं है क्योंकि सन्मात्र अनुभूति का विषय नहीं है, अपितु अनुभूति स्वरूप है सत्ता और अनुभूति भिन्न नहीं अपितु एक है। अनुभूतिरूप या संविद्रूप चिदात्मा ही एकमात्र सत्य है क्योंकि वह सभी दशाओं में अबाधित रहता है। यह स्वयंप्रकाश है, क्योंकि यदि इसे अन्यायीनप्रकाश माना जाय तो यह भी घटादि की तरह अनुभाव्य होने से जड़ हो जायगा।[2] आत्मा की स्वयंप्रकाशता प्रत्यक्ष, अनुमान तथा शब्दप्रमाण से सिद्ध है। सुषुप्ति में स्वयंप्रकाश आत्मा का प्रत्यक्ष होता है। सुषुप्ति से उठने के बाद "मैं सुखपूर्वक सोया" इस प्रकार सुषुप्तिकाल में अनुभूत सुख का स्मरण होता है। सुषुप्तिकाल में सुखानुभव के प्रयोजक किसी चक्षु आदि की वृत्ति के न होने से वहाँ स्वयंप्रकाश आत्मा का सद्भाव मानना ही होगा। अतः सुषुप्तिकाल में प्रत्यक्ष के द्वारा आत्मा की स्वयंप्रकाशता सिद्ध है। आत्मा की स्वयंप्रकाशता निम्नलिखित अनुमान से भी सिद्ध है। आत्मा स्वयंप्रकाश है अपने सद्भाव में अतिरिक्त प्रकाश की अपेक्षा न करने से, प्रदीप तथा संवेदन के समान। प्रदीप आदि के समान आत्मा अपने प्रकाश के लिए किसी अतिरिक्त प्रकाश की अपेक्षा नहीं करता। अतः आत्मा स्वयंप्रकाश है। आत्मा की स्वयंप्रकाशता "अयं पुरुषः स्वयंज्योतिः" (सुषुप्ति में पुरुष स्वयंप्रकाश होता है) इस श्रुति से भी सिद्ध है।[4]

१. सर्वत्र प्रतिपत्तृषु सन्मात्रमनुवर्तमानं दृश्यते इति तदेव परमार्थं, विशेषास्तु व्यावर्तमानत्वादपरमार्थाः रज्जुसर्पादिवत् (श्रीभाष्य, पृ० ६०)

२. अनुभूतिः स्वयंप्रकाशा अनुभूतित्वात्, यन्नैवं तन्नैवं, यथा घटः।
(तत्त्वप्रदीपिका, पृ० २१)

३. आत्मा स्वप्रकाशः स्वसत्तायां प्रकाशान्तरानपेक्षत्वात्, प्रदीपवत् संवेदनवच्च (वि० प्र० सं०, पृ० ६२७)

४. अयं पुरुषः स्वयंज्योतिः। (बृह० उ० २।३।९)

आत्मा की स्वयंप्रकाशता के सम्बन्ध में चित्सुखाचार्य का कथन है कि चिद्रूपत्व, असङ्गत्व तथा स्वकर्मत्वादि इन तीन हेतुओं से आत्मा की स्वयंप्रकाशता सिद्ध होती है।[1] आत्मा के चिद्रूप होने से वह स्वयंप्रकाश है। आत्मा की चिद्रूपता अन्तःप्रत्ययरूप संशय विपर्यय आदि के अभाव से भी सिद्ध है। यदि आत्मा 'चिद्रूप' या संवेदन न होता तो आत्मा के अस्तित्व के सम्बन्ध में संशय होता। किन्तु किसी पुरुष को 'मैं हूँ या नहीं' इस प्रकार का संशय अथवा 'मैं नहीं हूँ' इस प्रकार का विपर्यय अपने आत्मा के सम्बन्ध में नहीं होता।[2] सभी को अपने आत्मा के अस्तित्व का विश्वास है, 'मैं नहीं हूँ' यह नहीं। यदि आत्मा का अस्तित्व सिद्ध नहीं होता तो सभी लोग 'मैं नहीं हूँ' ऐसा विश्वास करते, आत्मा के सम्बन्ध में संशय या विपर्यय का अभाव तथा उसके अस्तित्व के सम्बन्ध में स्वयंसिद्ध आत्मा के स्वयंप्रकाशज्ञानरूपत्व के बिना सम्भव नहीं है।[3] 'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म', 'प्रज्ञानं ब्रह्म', 'ज्ञानघन एव इत्यादि श्रुतियों से भी आत्मा के स्वयंप्रकाशत्व की सिद्धि होती है।[4] आत्मा की स्वयंप्रकाशता 'असङ्गत्व' हेतु से भी सिद्ध है। आत्मा में असङ्गत्व को न मानकर यदि ज्ञानकर्मत्व (द्वैतत्व) मानें तो स्वाश्रित ज्ञान की विषयता के कारण कर्मत्व और कर्तृत्व इन दो विरोधी धर्मों की बात पड़ती है। ज्ञान के क्रिया का आश्रय होने से आत्मा कर्ता तथा उसी क्रिया से जन्य विषयता रूप फल का आश्रय होने से वह कर्म होगा। इन कर्मत्व और कर्तृत्व रूप दो विरोधी धर्मों के प्रसंग से आत्मा में अद्वैत नहीं माना जा सकता।[5] आत्मा ज्ञान का कर्म न हो सकने से संवेद्य एवं स्वयंप्रकाश सिद्ध होता है क्योंकि ज्ञान से भिन्न पदार्थ का तभी अपरोक्ष होता है जबकि उसमें ज्ञान का कर्मत्व

१. चिद्रूपत्वादसङ्गत्वात्स्वकर्मत्वादिभिस्त्रिभिः ।
आत्मनः स्वप्रकाशत्वं सिद्धं तत्त्वं तु तत्त्वतः ॥ (चित्सुखी, पृ० ६८)

२. न ह्यात्मन्यसन्देहः कदाचित् संविदि, नेदानीमात्मा विपर्यस्यति। (चित्सुखी, पृ० ३९)

३. सर्वो ह्यात्मानमात्मानं प्रत्येति, न नाहमात्मानम्। (ब्र० सू० शा० भा० १।१।१)

४. न चैवं स्वप्रकाशज्ञानरूपतामन्तरेणात्मनः स्वरूपम्। (चित्सुखी पृ० ३९)

५. 'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म', 'प्रज्ञानं ब्रह्म', 'ज्ञानघन एव' इत्यादिश्रुतिभिश्चात्मनश्चिद्रूपत्वसिद्धेः। (चित्सुखी पृ० ४३)

६. चित्सुखी, पृ० ८०।

रहे।[1] अतएव अहंमत्व हेतु से आत्मा का सविद्रूपत्व तथा स्वयप्रकाशत्व सिद्ध होता है। इस प्रकार सविद्रूप आत्मा के स्वयप्रकाशत्व की सिद्धि होती है स्वयप्रकाश सविद् नित्य है, क्योंकि इसके अभाव की कल्पना नहीं की जा सकती। सविद् स्वयं अपने अभाव का सूचक नहीं हो सकती। सविद् के अभाव का ज्ञान किसी अन्य वस्तु से भी सम्भव नहीं है, क्योंकि वह [illegible] है। स्वयप्रकाश सविद् के नित्य होने के कारण इसे [illegible] नहीं माना जा सकता क्योंकि कोई भी अनुत्पन्न एवं नित्य वस्तु [illegible] नहीं। भेद [illegible] नित्य है अतः [illegible] नहीं सकता। [illegible] के समान [illegible] होने के कारण इसके अध्यक्षत्व ज्ञान की कल्पना नहीं की जा सकती। स्वप्रकाश सविद् [illegible] है। [illegible] होने वाला [illegible] का नहीं [illegible] है। ज्ञानत्व [illegible] है [illegible]। [illegible] है। अतः क्रिया [illegible] आत्मा का धर्म नहीं [illegible] सविद् [illegible] अहंकार का ही धर्म है। [illegible] के अभाव में भी आत्मा का अनुभव होता है।

यहाँ [illegible] के प्रवक्ता [illegible] की ओर से यह शंका की गई है कि सुषुप्ति, [illegible] "मैं सुषुप्ति [illegible] कदापि सुषुप्ति का अनुभव करता" यह अनुभव हुआ करता है। यह अनुभव इस बात का प्रमाण है कि सुषुप्ति दशा में आत्मा रहता है। यदि कहो कि सुषुप्ति का यह अनुभव कि 'मैं अपने को तथा दूसरों को नहीं जानता' इस बात में प्रमाण है कि सुषुप्ति में आत्मा का अभाव था तो यह ठीक नहीं, क्योंकि इस अनुभव का सम्बन्ध भी 'मैं' के साथ ही है और इस अनुभव में भी 'मैं' यह अनुभव बना ही हुआ है।[2]

१ [illegible] ।([illegible] पृ० ८८)

२ [illegible] सुषुप्ति [illegible] अनेन प्रत्यक्षेण [illegible] [illegible] ज्ञानत्व च [illegible] । [illegible] अनुभवमानस्य [illegible] 'न किञ्चिदवेदिषम्' [illegible] (श्रीभाष्य, पृ० २०६-८)

उपर्युक्त शंका के समाधान में यह कहा जाता है कि "मैं सुख से सोया" इस अनुभव में 'मैं' यह आत्माश है और 'सुख से' यह आनन्दांश है। जागरण के होते ही अहंकार का तादात्म्याध्यास हो जाता है और 'मैं' इसका परामर्श होता है। वस्तुतः सुषुप्ति में दुःख आदि के साक्षात्स्वरूप का ही अनुभव होता है अहंकार का नहीं। सुषुप्तोत्थित पुरुष का यह अनुभव कि 'मैं अपने आपको तथा दूसरे को नहीं जानता' इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि सुषुप्ति में अहंभाव का भान नहीं होता। अतः सुषुप्ति में अहंकार का अभाव मानना उचित है। यहाँ यह शंका ठीक नहीं कि अहंकार के निषेधक अनुभव का सम्बन्ध भी "अहम्" (मैं) से ही है अतः इस अनुभव से अहम् का निषेध युक्त नहीं क्योंकि सुषुप्ति में अहंकार का निषेध करने वाले अनुभव का जाग्रत् अवस्था में पुनः उदित अहंकार के साथ सम्बन्ध हो जाता है। सुषुप्ति में लीन हुआ अहंकार जागने पर पुनः उत्पन्न होता है[1] और उत्पन्न हुआ अहंकार स्मरण के विषय आत्मा का सविकल्पक रूप से स्पष्ट व्यवहार के लिये मैं इस उल्लेख से उल्लेखित करता है।[2] आत्मा का स्पष्ट सविकल्पक उल्लेख ही अहंकारवृत्ति का एकमात्र प्रयोजन है।[3] इसीलिये आत्मा का कर्म भी अहंकारवृत्ति में अतिरिक्त दूसरी अन्तःकरण की वृत्तियों से व्यवहार नहीं होता है।[4] इस सम्बन्ध में नैष्कर्म्यसिद्धि में सुरेश्वराचार्य का कहना है कि आत्मा के प्रत्यक्स्वरूप होने, अति-सूक्ष्म होने तथा आत्मदृष्टिमात्र द्वारा उसका अनुशीलन होने से अन्य बुद्ध्याकारवृत्तियों का छिद्रान्वेषक अहंकारवृत्ति से बहुत उपलक्षित होता है।[5] इस अहंकार की दो अवस्थायें हैं—एक तो आत्मा के साथ व्याप्त रहना और दूसरी विलीन हो जाना। इन दो अवस्थाओं के अतिरिक्त इसकी कोई तीसरी दशा नहीं है।[6] अतएव अहं बुद्धि से ही

१. सुषुप्तौ विलीनोऽहंकारः, प्रबोधे पुनरुत्पन्नः। (वि० प्र० सं०, पृ० २१०)

२. स चात्मनः सविकल्पकस्पष्टव्यवहारार्थमस्मदुल्लेखेन व्यवह्रियते। (वही)

३. तदेकफलत्वादहंकारस्य। (वि० प्र० सं०, पृ० २१०)

४. अत एवात्मा कर्ता बुद्ध्यादिभ्यः कर्मभ्यो विलक्षणः कर्मत्वसिद्धिस्तत्रैवोच्यते। (वही)

५. प्रत्यक्त्वादतिसूक्ष्मत्वादात्मदृष्ट्यनुशीलनात्। अतो बुद्धीतरेभ्यो बहुभ्यो-ऽप्यहंकारः। (वही)

६. वही।

आत्मा का अविकल्पक बोध होता है। इसलिये जाग्रत् और स्वप्न अवस्थाओं में अहंकार आत्मा के स्वरूप में प्रतिभासित होता है। किन्तु सुषुप्ति में अहंकार का अभाव हो जाता है, इसलिये उस समय अहंकार का भान नहीं होता है। इस प्रकार सुषुप्ति में अहंकार का अभाव सिद्ध हो जाने से अहंकार का स्वप्रकाश आत्मा का स्वरूप नहीं माना जा सकता।[1]

सुषुप्ति के समान मोक्षावस्था में भी अहंकार का अस्तित्व नहीं रहता। रामानुजाचार्य का यह तर्क कि यदि मोक्षावस्था में 'मैं' का ही अभाव हो जाय तो कौन बुद्धिमान् पुरुष उस अवस्था की कामना करेगा क्योंकि कोई भी अपने विनाश की कामना नहीं कर सकता, युक्तियुक्त नहीं है, क्योंकि अहंकार के विनाश से आत्मा का विनाश नहीं हो जाता। अहंकार के समान आत्मा उत्पत्ति-विनाशशील नहीं है अपितु वह नित्य, कूटस्थ एवं अविकारी है। अहंकार के नाश से उस उपाधि का ही नाश होता है जिसके कारण अनन्त एवं अखण्ड आत्मा सान्त एवं अवच्छिन्नसा प्रतीत होता है। अहंभाव के नष्ट हो जाने से सान्त जीव अनन्त के साथ मिलकर अनन्तरूप हो जाता है और इस प्रकार अपने पारमार्थिक आनन्दस्वरूप को प्राप्त होता है। इसलिये अहंकार के नाश से आत्मविनाश की शंका समीचीन नहीं है। मोक्षावस्था की प्राप्ति के लिये अहंकार का नाश आवश्यक है, क्योंकि बन्धन का अभाव ही मोक्ष है और अहंकार ही बन्धन का मूल कारण है। अहंकार के तादात्म्याध्यास के माध्यम से ही देहेन्द्रियादि अनात्मा का आत्मा पर अध्यास होता है। इसलिये जब तक बन्धन के मूलकारण अहंकार का विनाश नहीं हो जाता तब तक मोक्ष संभव ही नहीं है। अतएव मोक्षावस्था में भी अहंकार के अस्तित्व का स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस प्रकार सुषुप्ति तथा मोक्ष की अवस्थाओं में अहंकार का विनाश हो जाने से अहंकार को आत्मा नहीं माना जा सकता। यदि आत्मा को अहंप्रत्ययगोचर माना जाय तो देह के समान आत्मा में भी जड़त्व, परोक्षत्व तथा अनात्मत्व की प्रसक्ति होगी। अतएव अहंमर्श में विलक्षण साक्षी ही प्रत्यगात्मा है। यह स्वयंप्रकाश आत्मा

---

१. तदेवं जाग्रत्स्वप्नयोरात्मत्वेन प्रतिभासमानोऽप्ययं अहंकारः सुषुप्त्यादावभावान्न स्वयंप्रकाशात्मत्वं स्वरूपमिति सुविस्मृतिकुशलैरभ्युपेयमिति।

(वि० प्र० स० पृ० २११)

ही ब्रह्म है।[1] सभी कालों में अबाधित रहने के कारण प्रत्यगात्मस्वरूप ब्रह्म ही एकमात्र परमार्थ सत् है।[2] इससे अतिरिक्त समस्त नाम-रूपात्मक प्रपञ्च इस पर ही अध्यस्त होने के कारण अनिर्वचनीय एवं मिथ्या है।[3]

अब प्रश्न होता है कि अध्यास किसे कहते हैं और आत्मा पर अनात्मा का अध्यास कैसे होता है? अतः आगे अध्यास के लक्षण तथा इसकी सम्भावना के प्रश्न पर विचार प्रस्तुत किया जा रहा है।

●

---

१ अयमात्मा ब्रह्म सर्वानुभूः। (बृ० उ० २।५।१९)

२ अबाधिता स्वयप्रकाशत्वेनास्य सत्ता। (भामती, पृ० २५)

३ स्वयप्रकाशत्वादबाधितमात्मन सत्त्व, न दृश्यस्य देहादे., दृग्दृश्यसम्बन्धा-निरूपणात्। (वे० कल्पतरु, पृ० २५)

द्वितीय अध्याय

अध्यास

१. अध्यास का लक्षण

शंकराचार्य ने शारीरकभाष्य में अध्यास का लक्षण इस प्रकार किया है 'स्मृतिरूप परत्र पूर्वदृष्टावभासः'। "परत्र" –दूसरे स्थान में अर्थात् आरोपणीय वस्तु से भिन्न आधार के विषय में "पूर्वदृष्ट" आरोपणीय वस्तु का स्मृतिरूप अवभास अध्यास है। अध्यास के इस लक्षण से स्पष्ट है कि अध्यास के लिये एक वस्तु में (जो सत्य है), दूसरी वस्तु का (जो असत्य है, अर्थात् वहाँ अविद्यमान है), आरोप होता है। इस प्रकार अध्यास 'सदसद्वस्तु' के 'मिथुनीकरण' का परिणाम है। अध्यास के लक्षण में प्रयुक्त "अवभासः" पद का अर्थ है अवसन्नभास अथवा अवमत भास अर्थात् ऐसा भान जिसका उत्तरकाल में प्रत्ययान्तर से बाध हो जाए। इस तरह अवभास पद मिथ्याज्ञान या बाधितज्ञान का सूचक है।[1] इसी तरह अध्यास के लक्षण में प्रयुक्त 'पूर्वदृष्ट' पद अनृत आरोपणीय वस्तु का उपलक्षण है। अध्यास के लिए पूर्वकालीन वस्तु का दृष्टत्व मात्र उपयोगी है वस्तुतत्त्व नहीं। इसीलिए "पूर्वदृष्ट" इस पद में दृष्ट शब्द का प्रयोग किया गया है।[2] यद्यपि आरोपणीय वस्तु का दर्शन आरोप के लिये आवश्यक है तथापि उसका वर्तमान दर्शन आरोप में उपयोगी नहीं है। इसलिए यहाँ पूर्व का विशेषण दिया गया है।[3] पूर्वदृष्ट वस्तु स्वरूप से सत् होकर भी आरोपणीय रूप से अनिर्वाच्य है इसलिये वह अनृत है।[4] किन्तु मिथ्याज्ञानरूप अध्यास अनृत और सत्य के 'मिथुनीकरण' के बिना सम्भव नहीं है इसलिये आरोप के विषय का सत्यत्व आवश्यक है। आरोप के विषय के सत्यत्व का प्रतिपादन परत्र इस पद के द्वारा किया गया है।[5] आरोप के विषय के सत्य होने के कारण निरधिष्ठान अध्यास सम्भव नहीं है।[6] लक्षण वाक्य में "स्मृतिरूप"

१. अवसन्नोऽवमतो वा भासः अवभासः ।
प्रत्ययान्तरबाधश्च अवसन्नोऽवमानो वा ।
एतावता मिथ्याज्ञानमिदमुक्तं भवति । (भामती पृ० १८)

२. तस्य च दृष्टत्वमात्रमुपयुक्तं न वस्तुतत्त्वमिति दृष्टग्रहणम् । (वही, पृ० १८)

३. तथापि वर्तमानदर्शनं नारोपोपयोगि । पूर्वग्रहणम् । (वही)

४. तत्र पूर्वदृष्टस्वरूपं सदसद्भ्यामनिर्वाच्यत्वादनृतम् । (वही)

५. आरोपविषयस्य सत्यमाह—सत्येति । (वही)

६. तदेव न कैश्चिदधिष्ठानाध्यासः (प० पा० पृ० ६८)

[illegible]

१ [illegible]
२ [illegible] पृष्ठ [illegible]
३ [illegible] पृष्ठ [illegible]
४ [illegible]
५ [illegible]
६ [illegible] पृष्ठ [illegible]
७ [illegible] पृष्ठ [illegible]

इसलिए स्वप्नज्ञान को भी अध्यास रूप माना जाता है। इसी प्रकार "पीत शंख" "त्रिचन्द्र, दिङ्मोह, अलातचक्र गन्धर्वनगर वंशोरग[1] इत्यादि भ्रमस्थलों में भी अध्यास का लक्षण सङ्गत होता है, क्योंकि इन सभी स्थलों में "सत्य में असत्य का आरोप" दृष्टिगत होता है।

शंकराचार्य द्वारा प्रतिपादित अध्यास के लक्षण "स्मृतिरूपः परत्र पूर्वदृष्टावभासः" में प्रयुक्त "स्मृतिरूप" पद के असंनिहितविषयत्व का बोधक होने से अनत् ख्याति से भिन्न समस्त सत्ख्यातियों अर्थात् अख्याति, आत्मख्याति, अन्यथाख्याति, तथा सत्ख्याति का निवारण हो जाता है क्योंकि इन सभी ख्यातियों में आरोपणीय वस्तु को सत् तथा संनिहित माना जाता है। भ्रमविषय रजतादिक तादात्म्य से अथवा ताद्धर्म्य से जिसमें रहता है, वही उसका अधिष्ठान होता है।[2] अख्याति तथा अन्यथाख्याति में देशान्तरस्थ वस्तु अधिष्ठान है, आत्मख्याति में ज्ञान, सत्ख्याति में पुरोवर्ती शुक्त्यादिक अधिष्ठान होता है इन चारों वादों में तत्तदधिष्ठान समसत्ताक सत् रजतादि की ही ख्याति मानी जाती है। अतएव "स्मृतिरूप" इस पद के द्वारा असन्निधान के सूचित होने से सभी सत्ख्यातिवादों का निवारण हो जाता है।[3]

लक्षणवाक्य में प्रयुक्त "परत्र" इस पद से असत्ख्यातिवाद का निवारण हो जाता है।[4] अवभास पद भी असत्ख्यातिवाद का निवारक है।[5] इस प्रकार शंकराचार्य द्वारा प्रदत्त अध्यास के लक्षण में सत् और

१ एवं शिङ्मोहालातचक्रगन्धर्वनगरवंशोरगादिविभ्रमेष्वपि तथाभावे लक्षणं योजनीयम्। (वही)

२. तत्र संनिधानेनासत्ख्यातिर्व्यावर्तिता यादृशकरजतख्यातिर्निवारणम्।

(वे० क० पं०, पृ० १९)

३. भ्रमविषयरजतादिकं तादात्म्येन ताद्धर्म्येण वा यद्यत्र तद् अधिष्ठानम्। (वही)

४. तथा चात्मख्यान्यथाख्यातिमतयोर्देशान्तरस्थमधिष्ठानम्, आत्मख्यातिमते ज्ञानम्, सत्ख्यातिमते पुरोवर्ति शुक्त्यादिकम्, अस्मिन् मतचतुष्टयेऽपि सदेव रजतादिकं तत्तदधिष्ठानसमसत्ताकमित्यसंनिधानविशेषणेन चतुर्विधाप्येषा सत्ख्यातिर्वार्यते।

(वे० क० पं पृ० २०)

५ परत्रेत्यादिपदैरसत्ख्यातिनिरासेन प्रपंचनम्। (वे० क०, पृ० १८)

६. अथवा संनिधानेन सत्ख्यातिरिह वारिता।
अवभासादसत्ख्यातिर्नृशृङ्गे तदवर्शनात्॥ (वे० क०, पृ० २०)

अतः इन दोनों से भिन्न अनिर्वचनीय ख्याति का समर्थन होता है। ख्यातियों के [illegible] विस्तृत रूप से आगे विचार प्रस्तुत किया जाता है। इनका यहाँ [illegible] विचार करना अनावश्यक है। यहाँ इतना कह देना पर्याप्त है कि अध्यास के उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि अध्यास के लिए सत्यानृत का मिथुनीकरण तथा आरोप के अधिष्ठान का अज्ञान आवश्यक है। अब यहाँ यह प्रश्न होता है कि क्या स्वप्रकाश चिदात्मा अथवा आत्मा के साथ भी अधिष्ठान बन सकता है और क्या चिदात्मा पर पुद्गलादि का अध्यास सम्भव है?

२ चिदात्मा पर अध्यास की सम्भावना

शारीरकभाष्य के उपोद्घात में शंकराचार्य ने अनात्मा और आत्मा का अन्धकार और प्रकाश के समान [illegible] विरुद्धस्वभाव वाला बतलाया है। वे कहते हैं कि अनात्मा [illegible] है जबकि आत्मा अस्मत्प्रत्ययालम्बन, अनात्मा [illegible] एवं जड़ है जबकि आत्मा विषयी एवं चेतन है। इस प्रकार अनात्मा और आत्मा के [illegible] अन्धकार और प्रकाश के तुल्य [illegible] विरुद्धस्वभाव [illegible] है।[1]

इस पर [illegible] आत्मा और अनात्मा को परस्पर विरुद्ध माना जाय तो इनका इतरेतरभाव [illegible] सम्भव हो सकता है।[2] इस शंका के सम्बन्ध में [illegible] कहते हैं कि अन्धकार और प्रकाश के दृष्टान्त से अनात्मा और आत्मा के [illegible] विरोध अभिप्रेत [illegible] मन्द प्रकाश [illegible] रूप का दर्शन अस्पष्ट [illegible] तथा अन्धकार [illegible] होता है।[3] इससे सूचित होता है कि मन्दप्रकाशयुक्त [illegible] में अन्धकार की भी कुछ स्थिति रहती है।[4] इसी प्रकार छाया में भी तारतम्यरूप से उपलभ्यमान उष्णता वहाँ आतप के भी अवस्थान का सूचक है।[5] अतएव अन्धकार और प्रकाश

---

१. [illegible] प्रकाशवद्विरुद्धस्वभावयोः। (ब्र० सू० शां० भा० १।१।१)

२. इतरेतरभावानुपपत्तिः। (वही)

३. यदि तावत् [illegible] विरोध [illegible] भावानुपपत्तिः। दृश्यते हि मन्दप्रकाशे [illegible] अस्पष्टं रूपदर्शनं [illegible]। (पं० पा०, पृ० १९)

४. तेन छायायां मन्दप्रकाशे [illegible]। (पं० पा० पृ० २०)

५. तथा छायायामपि औष्ण्यं तारतम्येन उपलभ्यमानं आतपस्यापि तत्र अवस्थानं सूचयति। (वही)

का दृष्टान्त अनात्मा और आत्मा में सहानवस्थानलक्षणविरोध का सूचक नहीं माना जा सकता, अपितु यह इनके परस्परानात्मलक्षण-विरोध का ही सूचक माना जा सकता है।[1] आत्मा और अनात्मा परस्पर विरुद्धस्वभाव वाले हैं, अतः इनका [illegible] या तादात्म्य सम्भव नहीं है। आत्मा द्रष्टा है और अनात्मा दृश्य है। आत्मा चेतन है और अनात्मा जड़ है। ऐसी अवस्था में इनके परस्पर तादात्म्य को किस प्रकार माना जा सकता है। क्या द्रष्टा का दृश्य के साथ तादात्म्य माना जाय, या दृश्य का द्रष्टा के साथ तादात्म्य माना जाय। यदि प्रथम पक्ष मानें तो प्रश्न होगा कि यह तादात्म्य स्वाभाविक है या आगन्तुक? यह तादात्म्य स्वाभाविक तो हो नहीं सकता, क्योंकि आत्मा चिदेकरस है अतः उसमें [illegible] को आगन्तुक मानें, तो प्रश्न होगा कि [illegible] परिणाम होता है, या किसी [illegible] है, क्योंकि द्रष्टा निरञ्जन [illegible], अतः उसका [illegible] या किसी दूसरे कारण से [illegible] जैसे कि निरवयव [illegible] परिणाम नहीं होता।[4] [illegible] द्रष्टा के आकार में परिणत [illegible] क्योंकि इस पक्ष में दृश्य का द्रष्टा के आकार में [illegible] स्वाभाविक है तो द्रष्टा दृश्य होना [illegible] ही नष्ट हो जायगा।[5] यदि परिणाम को आगन्तुक मानें तो प्रश्न होता है कि क्या स्वयं ही दृश्य द्रष्टा के आकार में परिणत हो जाता है या अपने में आत्मचैतन्य का संक्रमण कराता है। प्रथम पक्ष ठीक नहीं क्योंकि जड़ का परिणामरूप कार्य चैतन्यात्मक नहीं हो सकता, जैसे कि

१ परस्परानात्मलक्षणो विरोध। (वही)

२ स्वतस्तावत् विषयिण चिदेकरसत्वात् न युष्मदंशसंभव।

(प० पा०, पृ० २१)

३ अपरिणामित्वात् निरञ्जनत्वाच्च न परम्। (वही)

४. न हि निरवयवमाकाशं स्वतो वा कारणान्तरतो वा सावयवाकारेण परिणममानं दृष्टम्। (प० पा० वि०, पृ० ३८)

५ विषयस्यापि न स्वतः चिन्नभवः, समत्वात् विषयत्वहानेः। (प० पा० पृ० २१)

जड़ मिट्टी का कार्य घट चेतनवत् नहीं होता।[1] अतः चेतन को ही अपने में सङ्कल्प कर अपना अंग बना लेता है, यह द्वितीय पक्ष भी संगत नहीं है, क्योंकि सर्वत्र अचेतन चेतन का स्वरूपतः न संक्रमण भी नहीं हो सकता।[2] इस प्रकार आत्मा और अनात्मा का परस्पर तादात्म्य किसी भी प्रकार से सम्भव नहीं है।

इस पर यह कहा जा सकता है कि आत्मा और अनात्मा रूप धर्मियों का परस्पर तादात्म्याध्यास भले ही सम्भव न हो परन्तु आत्मा के धर्मों का अनात्मा में अध्यास क्यों नहीं हो सकता है? यदि कहा कि आत्मा तो चिदेकरस है और उसमें कोई धर्म ही नहीं रहता है, इसलिये उसके धर्मों का अध्यास नहीं हो सकता है तो यह भी ठीक नहीं है क्योंकि आत्मा में आनन्द, चैतन्यानुभव, नित्यत्व आदि धर्म विद्यमान हैं। यद्यपि ये पूर्वोक्त आनन्द आदि आत्मा के स्वरूपभूत धर्म नहीं हैं, तथापि आनन्द आदि का बुद्धिरूप में अध्यास होने से चैतन्य भाव से अतः उनमें आत्मधर्मत्व का व्यवहार से व्यवहार होता है। इस पर यदि शङ्का हो कि धर्मी के अध्यास के बिना धर्म का स्वतन्त्ररूप से अध्यास नहीं हो सकता है, तो यह भी ठीक नहीं है क्योंकि जपाकुसुम की सन्निधि होने पर स्फटिक रक्त है इत्यादि व्यवहारों में धर्मी का अध्यास न होने पर भी (जपाकुसुम और स्फटिक के परस्पर तादात्म्याध्यास न होने पर भी) केवल धर्म का अध्यास देखा जाता है। अतः आत्मा और अनात्मारूप धर्मियों के परस्पर तादात्म्याध्यास न होने पर भी इनके धर्मों का अध्यास सम्भव है।

इस सम्बन्ध में पूर्वपक्ष की ओर से यह कहा जाता है कि धर्मी के अध्यास के बिना स्वतन्त्ररूप से धर्मों का अध्यास नहीं हो सकता। स्फटिक रक्त है, इत्यादि व्यवहार में भी स्फटिक में [illegible] जपाकुसुम

१ जडस्यापि कार्यस्य चिद्रूपत्वप्रसङ्गात्। न हि [illegible] घटादौ चिद्रूपः दृष्टः (वि० प्र० सं०, पृ० २८)

२ न चेतनं, चित अचेतनरूपत्वात्। (पं० पा० पृ० ५१)

३ न च चिदेकरसस्यात्मनो धर्माध्यासः। आनन्दविषयानुभवनित्यत्वादीनां सत्त्वात्। (वि० प्र० सं०, पृ० ३९)

४ यद्यपि एते स्वरूपभूता एवात्मन, तथाप्यन्तःकरणानुरागात् तानेवावभासन्त इति तथा धर्म उपचर्यते। (वहीं)

५ जपाकुसुमसन्निधौ हि स्फटिके रक्तादौ धर्मिमात्राध्यासदर्शनात्। (वहीं)

की रक्षिका का ही अध्यास होता है, स्वतन्त्ररूप से नहीं।[1] अतः धर्मी के अध्यास के बिना धर्म का अध्यास सम्भव नहीं है। धर्म और धर्मी-रूप अर्थों के अध्यास के निराकरण से तन्निबन्धन ज्ञानाध्यास का भी निराकरण हो जाता है। अतएव अध्यास का किसी भी युक्ति से समर्थन सम्भव नहीं है।

अध्यास के विरुद्ध पूर्वपक्ष द्वारा उठायी गयी उपर्युक्त शंका का समाधान करते हुए विवरणप्रमेयसंग्रहकार विद्यारण्य कहते हैं कि अध्यास के निषेध का क्या अभिप्राय है? युक्तिविरोध के कारण अध्यास को नहीं मानना चाहिए—यह अभिप्राय है या फिर कि अध्यास कोई वस्तु ही नहीं है? इनमें से यदि पहले पक्ष का माना जाय तो अनेक वेदान्तमत में इसका कोई विरोध नहीं है। अनेक जगहों में भी अध्यास को अनिर्वचनीय तथा अज्ञानरूप माना जाता है। आत्मा और अनात्मा के परस्पर तादात्म्याध्यास के अज्ञानरूप होने के कारण ही इसे अनिर्वचनीय स्वीकार करते हैं।

अब यदि दूसरे पक्ष को मानकर यह कहा जाय कि अध्यास नाम की वस्तु ही नहीं है [illegible] निर्गुण आत्मा में विषय होने से अध्यास का [illegible] इस निरुपाधिक भ्रम के समान आत्मा पर [illegible] सम्भव है। सोपाधिक भ्रम से ही सादृश्यादि धर्मों का [illegible] निरुपाधिक भ्रम में नहीं। अतः चैतन्यैकरस आत्मा के विषय होने पर भी उस पर अध्यास सम्भव है। इस पर यदि कहा जाय कि [illegible] इस भ्रम में संस्कार काच, कामला आदि दोषरूप सामग्री उपस्थित है, तो पहले भी आत्मा और अनात्मा के अध्यास में भी अज्ञानरूप सामग्री विद्यमान है।[2]

विवरणप्रमेयसंग्रह में अध्यास की सिद्धि के लिए प्रत्यक्ष, अनुमान, अर्थापत्ति तथा आगम प्रमाण भी उपस्थित किया गया है। अध्यास की सिद्धि में प्रत्यक्ष प्रमाण देते हुए विद्यारण्य कहते हैं कि शास्त्र संसार में

१. [illegible] प्रतीयमान न तु स्वातन्त्र्येण। (प० पा० वि० पृ० ३०)

२. विरुद्धयोर्हि [illegible] ज्ञानाच्च [illegible]। (प० पा० वि०, पृ० ४०)

३. [illegible] 'पीतः शङ्खः' इति निरुपाधिकभ्रमदर्शनात्। (वही, पृ० ४२)

४. अतएव यदि अज्ञानाख्या सामग्री। (वही)

[illegible] ।[1] [illegible] [illegible] [illegible

[illegible] (ब्राह्मण यज्ञ करें) इत्यादि श्रुति भी अध्यास में प्रमाण है।[1] अन्यथा ब्राह्मणपदार्थ का ब्राह्मणत्वजातिविशिष्ट का यज्ञ में अधिकार दिखलाया है [illegible] निर्विकल्प आत्मा में अध्यास के बिना उपपन्न नहीं होगा।

इस प्रकार विवरणप्रमेयसंग्रहकार चिदात्मा के प्रमाणत्व आदि व्यवहार के उपपादक अध्यास का [illegible] अनुमान, अर्थापत्ति तथा आगम प्रमाण से सिद्ध किया है।

स्वयंप्रकाश परब्रह्मात्मा के अध्यास की सम्भावना पर विचार करते हुए भामतीकार वाचस्पतिमिश्र कहते हैं कि जो परावभासकाश और अपरावभासकाश है [illegible] और कारणदोषवश विषयाकार न होने से अथवा [illegible] है। किन्तु प्रत्यगात्मा का अपरावभासकाश होने से अपने ज्ञान के लिए अन्य कारणों की अपेक्षा नहीं रखता जिससे कि इसमें तदाश्रित [illegible] दोष होने की सम्भावना हो। वह भगवान् भासमान है, जिसमें [illegible] कुछ अंश गृहीत हो और कुछ अगृहीत। [illegible] के स्वयंप्रकाशत्व में अध्यास अनुपपन्न है। यदि [illegible] सर्वदा [illegible] भी [illegible] पूर्वावस्थित [illegible] अभाव [illegible] सम्भव नहीं है। इस कारण प्रत्यगात्मा के [illegible] पर [illegible] अगृहीत होने पर होता है [illegible] नहीं हो सकता।[2] चिदात्मा विषयी होने के कारण अध्यास्य [illegible] नहीं हो सकता। यदि चिदात्मा को विषय माना जाय तो विषयी कोई दूसरा होगा और जो विषयी है वही चिदात्मा है। विषय को विषयी से भिन्न पुरुषान्तरपरोक्षगोचर माना जाता है। इस कारण अनवस्था का प्रसंग होने से तथा अनवस्था के परिहार के लिए आत्मा को स्वयं अपरोक्ष एवं अविषय मानना उचित है। अतः चिदात्मा पर अध्यास नहीं हो सकता।[3]

---

१ आगमस्तु 'ब्राह्मणा यजेरन्' इत्यादिरध्यासस्य (वही)

२ प्रत्यगात्मा स्वपरभासकाशतया न स्वज्ञाने कारणान्तरमपेक्षते, येन तदाश्रयदोषो दुष्यत्। न भासमानः, पर कश्चिदंशः स्वतेव कश्चिच्च गृह्यते।

(भामती, पृ० ६७)

३. सदात्मनस्तु प्रकाशः पूर्वावस्थितत्वस्याभावान्नाध्यासः। (वही)

४ तस्मादन्यन्नप्रत्यक्षमन्यन्नाग्रह च नाध्यासः। (वही)

५ विषयत्वे हि चिदात्मनोऽन्यो विषयी भवेत्। तथा च यो विषयी स तत्र

उपर्युक्त शंका के समाधान में वाचस्पतिमिश्र कहते हैं कि यद्यपि प्रत्यगात्मा स्वयंप्रकाश होने के कारण वस्तुतः आरोप का अविषय तथा असङ्ग है[1], तथापि अनिर्वचनीय अनादि अविद्या से परिकल्पित बुद्धि, मन, सूक्ष्मशरीर, स्थूलशरीर, इन्द्रिय आदि के अवच्छेद से वस्तुतः अनवच्छिन्न होता हुआ भी अवच्छिन्न सा, अभिन्न होता हुआ भी भिन्न सा, अकर्ता होता हुआ भी कर्ता-सा, अभोक्ता होता हुआ भी भोक्ता सा, अविषय होता हुआ भी अस्मत्प्रत्यय का विषय-सा जीव-भावापन्न रूप से अवभासित होता है,[2] जैसे घट, मणिक, मञ्जिका आदि अवच्छेदकों के भेद से अनवच्छिन्न आकाश अवच्छिन्न-सा तथा अनेकधर्मयुक्त-सा अवभासित होता है। चिदेकरस आत्मा के चिद्रूप के गृहीत हो जाने पर कुछ भी अगृहीत नहीं रहता है। आनन्द, नित्यत्व, विभुत्व इत्यादि धर्म इसके चिद्रूप से वस्तुतः भिन्न नहीं हैं जिससे कि उसके गृहीत हो जाने पर इनका ग्रहण न हो सके। वस्तुतः ये गृहीत हो जाने पर भी काल्पित भेद के कारण अविवेचित एवं अगृहीत-से अवभासित होते हैं।[3] इस पर यह शङ्का होती है कि यदि चिदेकरस आत्मा के स्वरूप का ग्रहण हो गया तो बुद्ध्यादि से उसके भेद का ग्रहण भी हो जाना चाहिए और ऐसी स्थिति में आत्मा पर बुद्ध्यादि का अध्यास नहीं होना चाहिए।

इस शङ्का का समाधान करते हुए भामतीकार कहते हैं कि आत्मा का बुद्ध्यादि से भेद तात्त्विक नहीं है, जिससे कि आत्मा के ग्रहण से उस भेद का भी ग्रहण हो सके।[4] बुद्ध्यादि अनिर्वाच्य हैं, अतः उनका आत्मा

चिदात्मा। चिदात्मा तु तयोर्न्यो गृह्यमाणयोरपरोक्षतया। तस्मात्तत्स्वप्रकाशत्वव्यवहारपरिहारेण गृह्यमाणत्वम्, अत एवाविषयत्वमात्मनो वक्तव्यम्, तथा च नाध्यासः।

(भामती, पृ० ३७-३८)

१. सत्य प्रत्यगात्मा स्वयंप्रकाशत्वादविषयोऽजरश्च। (भामती, पृ० ३८)

२. अनवच्छिन्नोऽपि वस्तुतोऽवच्छिन्न इव, अभिन्नोऽपि भिन्न इव, अकर्तापि कर्तेव अभोक्तापि भोक्तेव, अविषयोऽपि अस्मत्प्रत्ययविषय इव जीवभावमापन्नोऽवभासते। (भामती, पृ० ३८)

३. गृहीता एव तु कल्पितेन भेदेनाविवेचिता इवागृहीता इवावभासन्ते। (वही)

४. न चात्मनो बुद्ध्यादिभ्यो भेदस्तात्त्विकः, येन चिदात्मनि गृह्यमाणे सोऽपि गृहीतो भवेत्।

(भामती, पृ० ३८)

से भेद भी [illegible] है, वास्तविक नहीं। इस तरह आत्मा के बुद्ध्यादि से भेद के गृहीत न होने के कारण बुद्ध्यादि का आत्मा पर आरोप होता है। बुद्ध्यादि के आरोप के कारण [illegible] पुरुषात्मा जीवभावापन्न होता है। इस प्रकार [illegible] (बुद्ध्यादि) उसी [illegible] इन में उसकी [illegible] विषयता उपपन्न है।[1] चिदात्मा जहाँ [illegible] प्रतिभासमान होता है। उदासीन आत्मा में [illegible] सम्भव नहीं है। जिस कार्य-[illegible] बुद्ध्यादि [illegible] अथवा भासमान है उसमें चैतन्य नहीं है। अतएव चिदात्मा द्वारा कार्यकारणसंघातरूप बुद्ध्यादि से [illegible] भासमान है। प्राप्त पुरुष स्वप्रकाश [illegible] है, जो बुद्ध्यादि विषय के विलक्षण से कथञ्चित् [illegible] का विषय बनकर [illegible] है।[2] उस [illegible] स्वप्रकाश चिदात्मा [illegible] का अधिष्ठान है तथापि आगन्तुक [illegible] बनता है।[3]

चिदात्मा के स्वप्रकाश होने से उस पर बुद्ध्यादि के आरोप कैसे हो सकता है, यह शङ्का भी ठीक नहीं, क्योंकि [illegible] होने पर भी पूर्व-पूर्व अध्यास के कारण उसके स्वरूप का प्रकाश न होने से बुद्ध्यादि का आरोप [illegible]।[4] किन्तु इसका यह अर्थ नहीं कि चिदात्मा [illegible] अगृहीत [illegible] ऐसा [illegible] वह आरोप का अधिष्ठान नहीं बन सकता। [illegible] के [illegible] आरोप के अधिष्ठान का [illegible] अवश्यक है। अध्यासभ्रम का अधिष्ठान होने के लिए आत्मा का [illegible] आवश्यक है अन्यथा [illegible] प्रयत्न के अभाव में उस पर अध्यास न हो सकेगा।[5] इस सम्बन्ध में भास्कराचार्य का कथन है कि चिदात्मा का अपरोक्ष अवश्य ही स्वीकार

१. [illegible] । (आत्मा, पृ० २९ ।

२. [illegible] । (भामती, पृ० ३९ ।

३. [illegible] । (वही ।

४. पूर्वपूर्वाध्यासतद्वासनाविषयीकृतयोरपरोक्षत्वाविषयत्वाभावदोषात् । (वही ।

५. [illegible] । (वही ।

करना होगा क्योंकि यदि वही अप्रकाशित हो तो किसी वस्तु का प्रकाशन नहीं हो सकेगा और इस प्रकार जगदान्ध्य का प्रसंग होगा।[1] श्रुति भी कहती है कि उसके (चिदात्मा के) प्रकाश से ही सब प्रकाशित होता है। अतएव चिदात्मा के वास्तविक स्वरूप के पूर्णतया गृहीत न होने पर भी उसे सर्वथा अगृहीत एवं अप्रकाशित नहीं माना जा सकता। अतः आत्मा के किंचित् गृहीत और किंचित् अगृहीत होने के कारण ही उस पर बुद्ध्यादि अनात्मतत्त्व का अध्यास सम्भव होता है। अध्यास के लिए वस्तु का किंचित् ग्रहण और किंचित् अग्रहण अपेक्षित है। क्योंकि यदि उसका पूर्णरूपेण ग्रहण हो जाय या पूर्णतया अग्रहण हो तो दोनों ही अवस्थाओं में अध्यास सम्भव नहीं है।[2] अध्यास सत्यानृत के मिथुनीकरण का परिणाम है।[3] यहाँ सत्यानृत का मिथुनीकरण तभी सम्भव है जबकि वस्तु का न तो पूर्णतया ग्रहण हो हो और न ही पूर्णतया अग्रहण। चिदात्मा के वास्तविक स्वरूप का न तो पूर्णतया ग्रहण ही होता है और न पूर्णतया अग्रहण। इसीलिए इस पर बुद्ध्यादि के आरोप सम्भव होता है। इस प्रकार भामतीकार वाचस्पतिमिश्र ने स्वयप्रकाश चिदात्मा पर अनात्म बुद्ध्यादि के अध्यास को सम्भव सिद्ध किया है।

यहाँ यह प्रश्न उठता है कि चिदात्मा यदि स्वयप्रकाश है तो उसके वास्तविक स्वरूप का पूर्णतया प्रकाशन क्यों नहीं हो पाता? इसका कारण अनादि भावरूप अविद्या को माना गया है। अतएव आगे प्रसंगप्राप्त अविद्या के स्वरूप के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से विचार प्रस्तुत किया जा रहा है।

●

१ अवश्यं चिदात्माप्रकाशोऽभ्युपगन्तव्यः तदप्रकाशे सर्वस्याप्रकाशनं जगदान्ध्यप्रसंगात्।
(भामती, पृ० ३९)

२ अन्यथा सत्यानृतयोर्मिथुनीकरणमेव साध्यासः।
(भामती, पृ० ३३)

३ सत्यानृते मिथुनीकृत्य।
(ब्र० सू० शा० भा०, १।१।१)

तृतीय अध्याय

अविद्या

१. अविद्या तथा माया

माया शब्द का प्रयोग अत्यन्त प्राचीनकाल से होता चला आया है। विश्व की सर्वप्राचीन पुस्तक ऋग्वेद में भी माया शब्द का प्रयोग बहुत बार हुआ है।[1] यहाँ यह शब्द देवों का अलौकिक शक्ति एवं आश्चर्यजनक कुशलता के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। माया शब्द से साम्य रखता है जिसका मूल विकास अथर्ववेद में हुआ है। यहाँ इस शब्द का प्रयोग इन्द्रजाल के अर्थ में किया गया है।[2] बृहदारण्यक, प्रश्न उपनिषद् तथा भगवद्गीता में माया शब्द इसी अर्थ में प्रयुक्त हुआ है।[3] प्राचीन बौद्ध साहित्य में इस शब्द का प्रयोग छल या छद्मपूर्ण व्यवहार के अर्थ में किया गया है। लंकावतारसूत्र में इस शब्द का प्रयोग भ्रम के अर्थ में किया है। लंकावतारसूत्र में इस शब्द का प्रयोग भ्रम के अर्थ में हुआ है। नागार्जुन ने इसके लिए संवृति शब्द का प्रयोग किया है।[4] धर्मकीर्ति ने संवृति शब्द का प्रयोग अज्ञान के अर्थ में माना है।[5] गौड़पाद ने संवृति के विचार को नागार्जुन से ग्रहण किया और इसके आधार पर हिन्दुविचारधारा में एक नवीन सम्प्रदाय का प्रवर्तन किया जो आगे चलकर मायावाद के नाम से विख्यात हुआ। उन्होंने यह प्रतिपादित किया कि संसार वास्तविक दृष्टि

---

१. इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते (ऋग्वेद ३।५३।८)
मायी मायाः वृत्रस्य पर्वतेषु। (ऋ० १।५४।५) तथा ऋग्वेद ३।३८।७, ६।४७।१८, ३।६०।१०, ३।६१।१, ३।६२।१०।

२. अया इन्द्र त्वं मायया वावधानम्। (अथर्ववेद, २० ३६।१६)

३. नानारूपा विरजा कल्पयित्वा ते षेषु जिह्मममृतं न माया। (प्रश्न ६।१६); ईश्वरः सर्वभूतानां ... भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया॥
(भ० गी० १८।६१)

४. द्वे सत्ये समुपाश्रित्य बुद्धानां धर्मदेशना। लोकसंवृतिसत्यं च सत्यं च परमार्थतः॥ (माध्यमिककारिका, २४।८)

५. अज्ञानं हि संमतम् तत्त्वदर्शनस्यावच्छेदकत्वात् संवृतिरित्युच्यते।
(माध्यमिककारिकावृत्ति, पृ० ४९२)

से सत् नहीं, अपितु मायिक है। आत्मा द्रष्टा तथा दृश्य दोनों ही है। यह नामरूपात्मक प्रपञ्च माया के द्वारा आत्मा पर आरोपित होता है। अतएव केवल आत्मा ही सत्य है एवं सम्पूर्ण द्वैत भ्रममात्र है।[1]

शङ्कराचार्य ने गौड़पाद के मायावाद को अपने भाष्यग्रन्थों में पूर्णरूप से विकसित एवं पल्लवित किया। उन्होंने माया तथा अविद्या में स्पष्टरूप से भेद नहीं किया है।[2] माया एवं अविद्या के लिए उन्होंने तम, मोह, अव्याकृत, अव्यक्त, अप्रतिबोध आदि पदों का भी प्रयोग किया है[3] तथा इन अनादि एवं अनिर्वचनीय माना है। सत् और असत् इन दोनों से भिन्न अविद्या के अनिर्वचनीयत्व के प्रतिपादन के लिए ही इसे "माया" यह संज्ञा दी गयी है।

पञ्चपादिकाकार पद्मपाद ने भी माया और अविद्या इन पदों को समानार्थक माना है। उन्होंने इसके लिए प्रकृति, अव्याकृत, अग्रहण, अव्यक्त तम, कारण, लय, शक्ति, महासुप्ति, निद्रा, अक्षर तथा आकाश शब्द का भी प्रयोग किया है।[4]

सुरेश्वराचार्य ने भी अविद्या तथा माया में कोई अन्तर नहीं माना है। उन्होंने माया तथा अविद्या के अभेद का स्पष्टरूप से प्रतिपादन

---

१. गौड़पादकारिका, २.१९

२. Indian Philosophy Vol II P 539, S. Radhakrishnan

३. अविद्यानिका हि दृश्यशक्तिरव्यक्तशब्दनिर्देश्या परमेश्वराश्रया मायामयी महासुप्ति स्वरूपप्रतिबोधरहिता बीजरूपा संसारिणी जीवा।

(ब्र० सू०, शा० भा० १।४।३)

अक्षरमव्याकृतं नामरूपबीजशक्तिरूपं भूतसूक्ष्मप्रकृतिरूपं तस्यैवाधिभूतं सर्वस्माद् विकारात् परो यो विकाररहितात् परात् परम् इति भेदेन व्यपदिशन्परमात्मानमिव विवक्षितं दर्शयति। (बृहो, १।२।२२)

मोहस्तु विपरीतप्रत्ययप्रभवोऽविवेको भ्रमः, स चाविद्या सर्वस्यानर्थस्य प्रसवबीजम्। (बृ० उ० भा० ३।५।१)

विज्ञानधातुरविद्यया मायया मायाविवदनेकधा विभाव्यते।

(ब्र० सू०, शा० भा०, १।३।१९)

४. यत्र श्रुतिस्मृतिलिङ्गपुराणेषु नामरूपमव्याकृतमविद्यामाया प्रकृति अग्रहणम् अव्यक्तं तमः कारणं लयः शक्तिः महासुप्तिः निद्रा अक्षरम् आकाश इति च तत्र तत्र बहुधा गीयते। (पं० पा०, पृ० ९८)

किया है।[1] बृहदारण्यकभाष्यवार्तिक में सुरेश्वराचार्य ने जैसे स्वात्माविद्या के कारण ब्रह्म को जगत् का स्रष्टा बताया है, वैसे ही स्वात्ममाया के कारण जगत् का स्रष्टा माना है।[2] उन्होंने जगत्कारणत्वप्रयोजक तत्त्व के लिए केवल माया और अविद्या शब्द का ही प्रयोग नहीं किया, अपितु इसके लिए पद्मपादाचार्य के समान मोह, तम, ध्यान, असम्बोध, अनवबोध इत्यादि शब्दों का प्रयोग भी अपने बृहदारण्यकभाष्यवार्तिक में स्थान-स्थान पर किया है।

इसी प्रकार विवरणकार प्रकाशात्मयति ने भी माया और अविद्या में अभेद माना है। वे कहते हैं कि 'इस परमेश्वर के ध्यान से विश्वमाया की निवृत्ति हो जाती है' इत्यादि श्रुति में 'सम्यग्ज्ञाननिवर्त्य अविद्या' के लिए माया शब्द का प्रयोग किया गया है। भाष्यकार ने भी अपने भाष्यग्रन्थों में स्थान-स्थान पर 'अविद्या माया', 'अविद्यात्मिका मायाशक्ति' इत्यादि अविद्या और माया के अभेद सूचक प्रयोग किये हैं। ब्रह्म से जगत् के आविर्भाव के प्रश्न पर विचार करते हुए विवरणकार ने माया और अविद्या इन शब्दों का प्रयोग पर्यायवाचक शब्दों के रूप में किया है।[4]

इसी तरह भामतीकार वाचस्पतिमिश्र ने अविद्या और माया इन शब्दों को समानार्थक स्वीकार किया है। अनुमानाधिकरण में उन्होंने इन शब्दों का प्रयोग पर्यायवाची शब्दों के रूप में किया है। वे कहते हैं कि मायादि शब्दवाच्य ब्रह्म की इस अचिन्त्यशक्ति का तत्त्व या अन्यत्व रूप से निर्वचन नहीं किया जा सकता है।[5]

---

१ स्वतन्त्रत्वविद्याभ्रमादपि मनागपि न विद्यते।
(बृ० उ० भा० वा०, ४।३।१२४४ तथा ४।४।५९९)

२ स्वात्माविद्या—(बृ० उ० भा० वा० ३।९।१६०),
स्वात्ममाया (बृ० उ० भा० वा०, ४।३।९१९; ९४४; ९८१)

३. "तस्याभिध्यानादिष्वमायानिवृत्तिः"
"इत्यादिश्रुतौ सम्यग्ज्ञाननिवर्त्याविद्यायां मायाशब्दप्रयोगात्। ...भाष्यकारेण च 'अविद्या माया' 'अविद्यात्मिका मायाशक्तिः' इति तत्र तत्र निर्देशात्।
(प० पा० वि०, पृ० १७२-७३)

४ तस्मात् ब्रह्मैव स्वमायया अविद्यया विवर्तते।
(पं० पा० वि०, पृ० ९९३)

५ ब्रह्मणश्चिन्त्यमविद्याशक्तिर्मायादिशब्दवाच्या न शक्या तत्त्वेनान्यत्वेन वा निर्वक्तुम्।
(भामती, पृ० ३७७)

आरम्भणाधिकरण के भाष्य में शङ्कराचार्य ने अविद्या को नामरूप माया का कारण बतलाया है।[1] छान्दोग्योपनिषद् भाष्य में उन्होंने ईश्वर को विशुद्धोपाधि से सम्बद्ध माना है।[2] वाक्यवृत्ति में सर्वज्ञत्वादिलक्षण-सम्पन्न ईश्वर को मायोपाधिक कहा है।[3] इन संकेतों के आधार पर ही शङ्करोत्तर वेदान्त में आवश्यकतानुसार माया और अविद्या के भेद का स्वीकार किया है।

२. अविद्या की भावरूपता :

विवरणप्रस्थान में अविद्या को भावरूप माना गया है। इस सम्बन्ध में विवरणकार कहते हैं कि "मैं अज्ञ हूँ और मैं अपने आपको तथा दूसरे को नहीं जानता हूँ" इस प्रत्यक्ष प्रतीति से भावरूप अज्ञान की सिद्धि होती है।[4] यदि कहें कि "मैं नहीं जानता" इत्यादि पूर्वोक्त अनुभव ज्ञानाभावविषयक है तो यह ठीक नहीं क्योंकि इस अनुभव 'मैं सुखी हूँ' इस अनुभव के सदृश प्रत्यक्ष अनुभव है। अभाव तो अनुपलब्धिरूप षष्ठ प्रमाण का विषय होने से परोक्ष है प्रत्यक्ष नहीं।[5] अभाव को प्रत्यक्ष माननेवालों के मत में भी धर्मी (अधिकरणज्ञाता आत्मा) तथा प्रतियोगी (ज्ञान) की प्रतीति रहने पर "अमुक ज्ञान नहीं है" इस प्रकार ज्ञान के अभाव का प्रत्यक्ष व्यवहार होता है।[6] इस व्याघात के भय से यदि आत्मा और ज्ञान दोनों की प्रतीति नहीं होती—ऐसा माना जाय तो हेतु के बिना अभाव का ज्ञान ही नहीं होगा क्योंकि अभाव के ज्ञान में धर्मी तथा प्रतियोगी दोनों का ज्ञान अपेक्षित है। इस पर यदि कहें कि ज्ञानाभाव का व्यवहारूप फलाभाव से अनुमान करते हैं, तो प्रश्न होगा कि इस अनुमान के अनुव्यवसाय में धर्मी आत्मा और प्रतियोगी

१ अविद्याप्रत्युपस्थापितनामरूपमायाकारणम्।
(ब्र० सू० शां० भा०, २।२।२ तथा २।१।१४)

२ किंतु शुद्धोपाधिसम्बन्धात्। (छा० उ० भा० ३।१।२)

३ मायोपाधिर्जगद्योनिः सर्वज्ञत्वादिलक्षणः। (वाक्यवृत्ति)

४ प्रत्यक्षं तावत् अहमज्ञ आत्मानं च न जानामि इत्यपरोक्षाकारावदर्शनात्।
(प० पा० वि०, पृ० ७४)

५. ननु ज्ञानाभावविषयं अयमवभासः न-अपरोक्षावभासत्वात् 'अहं सुखी' इतिवत्। अभावस्य च षष्ठप्रमाणगोचरत्वात्। (वही)

६ "मयि ज्ञानं नास्ति" इति प्रतिपत्तौ आत्मनि धर्मिणि प्रतियोगिनि च अर्थे अवगते उक्त ज्ञानसद्भावात् ज्ञानाभावप्रतिपत्त्ययोगात्। (वही)

ज्ञान की प्रतीति है या नहीं ? यदि कहें कि "है" तो 'मैं अपने में ज्ञानाभाव का अनुमान करता हूँ', या 'मैं ज्ञानाभाव वाला हूँ' इनमें धर्मी और प्रतियोगी दोनों का ज्ञान होने से व्याघात बना ही हुआ है। और यदि कहें कि "नहीं" तो अनुमान का उदय ही असम्भव है, अनुव्यवसाय की आशा करना तो दूर की बात है।[1]

यहाँ यह शङ्का होती है कि अज्ञान को भावरूप मानने पर भी उसको ज्ञान से निवर्त्य मानने के कारण मैं "अज्ञ हूँ" इत्यादि आश्रय और विषय दोनों की प्रतीति से युक्त अज्ञान का प्रत्यक्ष बाधित ही है। यदि कहो कि ज्ञान से अज्ञान की निवृत्ति नहीं होती तो अनिर्मोक्ष प्रसंग होगा। और यदि यह माना जाय कि भावरूप अज्ञान का प्रत्यक्ष नहीं होता है तो अज्ञान की सत्ता का प्रत्यक्षावरण से सिद्ध नहीं माना जा सकता।

इस शङ्का के समाधान में विवरणकार का कथन है कि ज्ञान का अज्ञान से विरोध तब होता जब हम घटों की तरह अज्ञान को ज्ञान का अभावरूप मानते किन्तु ऐसा हम नहीं मानते। जैसे घटाभाववान् में एवं घटाभाव-देश में घट का रहना विरुद्ध है, वैसे ही ज्ञान और ज्ञान के अभाव का एक साथ रहना विरुद्ध है। किन्तु हमारे मत में अज्ञान अभावरूप न होकर भावरूप है। अतः एक ही विषय तथा एक ही काल में ज्ञान और अज्ञान इन दोनों भावपदार्थों का रहना बाधित नहीं है।[2] जैसे एक ही देश और काल में घट और पट ये दो भाव पदार्थ रह सकते हैं, वैसे ही ज्ञान और अज्ञान ये दोनों भी एक साथ रह सकते हैं। इस सम्बन्ध में विवरणप्रमेयसंग्रहकार विद्यारण्य का कथन है कि आश्रय विषय और अज्ञान तीनों एक ही साक्षी से प्रकाशित होते हैं। इसलिए आश्रय और विषय को प्रकाशित करता हुआ साक्षी उन्हीं की तरह अज्ञान को भी प्रकाशित करता है उसकी निवृत्ति नहीं करता। अज्ञान की निवृत्ति करने वाला तो अन्तःकरण की वृत्ति में प्रतिबिम्बित चिद्रूप ज्ञान है। और अज्ञान का विनाशक वह वृत्तिज्ञान पर्यन्तस्थायी नहीं अतः यहाँ व्याघात कैसे होगा?[3]

---

१. वस्तुप्रमाणगोचरे कर्त्रादिसाक्षिभावानुभवेऽपि ज्ञानाभावं आत्मादौ अनवगते अनवगतेऽपि आत्मनि ज्ञानाभावप्रतिपत्त्ययोगात्। (वही, पृ० ७५)

२. भावरूपाज्ञानप्रत्यक्षवादे तु सत्यपि आश्रयज्ञानयोर्विज्ञाने ज्ञानाभावस्यैव भावान्तरस्यापि न अनुपपत्तिः, नियन्तुं शक्यत्वात्। (वही, पृ० ८१)

३. आश्रयविषयज्ञानानि त्रीण्यपि एकेन साक्षिणाऽवभास्यन्ते। तथा आश्रय-

इस पर शङ्का होती है कि "मैं घट को नहीं जानता" इस प्रतीति में विशेषक घट से सम्बद्ध हुए बिना अज्ञान का साक्षी में भान हो नहीं सकता क्योंकि बाह्य विषयों के परिज्ञान की सिद्धि साक्षी से सम्बद्ध प्रमाण (अन्तःकरण से युक्त चक्षु आदि) के अधीन है। प्रमाण से भी उसकी सिद्धि नहीं हो सकती, क्योंकि प्रमाण व्यापार के होते ही अज्ञान की निवृत्ति हो जाती है।

इस शङ्का का समाधान करते हुए विद्यारण्य कहते हैं कि केवल घटादि बाह्यविषयों के साक्षिचैतन्य न होने पर भी अज्ञानत्वधर्मविशिष्ट विषयों का अज्ञान के द्वारा सम्बन्ध हो जाने से साक्षी में प्रतीति हो ही सकती है।[1] यदि यह भी कहा जाय कि [illegible] विषय साक्षी से वेद्य नहीं है तो विशिष्ट की साक्षिता [illegible] होगा क्योंकि परमाणु के भानमात्रत्व विषय न होने पर भी [illegible] 'इस ज्ञान के विशेषण के रूप में परमाणु [illegible] विषय [illegible] होने से - निक मानते हैं। [illegible] होने पर भी चन्द्रादि के सम्बन्ध में [illegible] सम्भव सम्भव, कुछ तो जा[illegible] विषय [illegible] प्रत्यक्षरूप से साक्षिरूप चैतन्य [illegible] को ज्ञातस्वरूप से या अज्ञातस्वरूप से अपना विषय बनाता है।[2]

इस पर यह शङ्का होती है कि [illegible] साक्षिचैतन्य का

विषयों साक्षि[illegible] [illegible] नन्विदानीं [illegible] ?

(वि० प्र० सं०, पृ० ५५)

१ केवलस्य घटस्य साक्षिवेद्यत्वाभावेऽपि अज्ञानत्वधर्मविशिष्टस्याज्ञानद्वारा सम्बन्धवत्त्वात् साक्षिणा [illegible]

(वही, पृ० [illegible])

२ परमाणोः केवलस्य भानमात्रत्वस्वभावेऽपि 'परमाणुमहं जानामि' इति ज्ञानविशेषणतया भानमात्रत्वप्रतियोगिकत्वस्य परैरङ्गीकारात्। तथाऽपि [illegible] केवलस्याप्रत्यक्षत्वेऽपि चन्द्रादिसम्बन्धिनः प्रत्यक्षत्वदर्शनात्।

(वही, पृ० ५३)

३ सर्वं वस्तु ज्ञातत्वया वा अज्ञातत्वया वा साक्षिचैतन्यस्य विषय एव।

(पं० पा० वि०, पृ० ८४)

विषय मान लिया जाय तो सब वस्तुएँ ज्ञात ही होंगी, फल वस्तुओं की ज्ञाताज्ञातरूप से व्यवस्था करने ही पड़ेंगे और वस्तुओं के ज्ञात होने से प्रमाणव्यापार की क्या आवश्यकता रह जाती ?

इस शंका का समाधान करते हुए विद्यारण्य कहते हैं कि जैसे अज्ञान अपने विषय में अज्ञात-धर्म का सम्पादन करके उस विषय का साक्षी से सम्बन्ध करा देता है वैसे ही प्रमाण भी अपने विषय में ज्ञातत्व धर्म का सम्पादन करके उसका साक्षी से सम्बन्ध जोड़ देता है। इस तरह विषयों के सम्बन्ध में ज्ञाताज्ञात व्यवस्था बन जाती है तथा विषय-ज्ञान में प्रमाण की उपयोगिता भी बनी रहती है।[1]

उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट है कि 'अहमज्ञ' यह प्रत्यक्षबोध्य भावरूप अज्ञान में प्रमाण है।

प्रत्यक्ष प्रमाण के सभी प्रमाणों में उत्कृष्ट एवं श्रेष्ठ होने पर भी उसमें भ्रमादि की सम्भावना बनी रहती है। अतएव प्रत्यक्ष अपने प्रामाण्य के लिए पर्याप्त का अपेक्षा रखता है, पर्याप्तावस्था में ही प्रत्यक्ष प्रमाण होता है। अतएव पूर्वोक्त प्रत्यक्षबोध के प्रामाण्य की रक्षा के लिए प्रमाणान्तरों का आश्रय ग्रहण किया जाता है। प्रत्यक्ष प्रमाण से सिद्ध भावरूप अज्ञान का अनुमान प्रमाण के द्वारा भी सिद्ध किया जा सकता है। इसकी सिद्धि निम्नलिखित अनुमानवाक्य से की जा सकती है :—

विवादगोचर प्रमाणज्ञान स्वप्रागभाव से अतिरिक्त अपने विषय का आवरण, अपने से भिन्न और अपने आवरण से विरुद्ध वस्त्यन्तर-पूर्वक होता है, अप्रकाशित अर्थ का प्रकाश करने वाला होने से, अन्धकार में प्रथम उत्पन्न प्रदीप के प्रकाश के समान।[2]

भावरूप अज्ञान की सिद्धि के लिए विवरणकार द्वारा प्रयुक्त इस अनुमान-वाक्य के पदों का प्रयोजन विवरणप्रमेयसंग्रह में निम्नवत्-

१ यद्वत् ज्ञानमज्ञातत्वधर्मं स्वविषये संपाद्य तस्य साक्षिणा सम्बन्धं करोति तद्वत् प्रमाणमपि ज्ञातत्वं धर्मं स्वविषये संपाद्य तस्य साक्षिणा सम्बन्धकरमिति प्रमाणोपरागाकलङ्कोपपत्तिः। (वि० प्र० म०, पृ० ५७–८)

२ विवादगोचरप्रमाणज्ञानं स्वप्रागभावव्यतिरिक्तस्वविषयावरणस्वनिवर्त्यस्वदेशगतवस्त्वन्तरपूर्वकं भवितुमर्हति, अप्रकाशितार्थप्रकाशकत्वात् अन्धकारे प्रथमोत्पन्नप्रदीपप्रभावत् इति। (प० पा० वि० पृ०, ८५)

आचार्य ने इस प्रकार प्रतिपादित किया है। वे कहते हैं कि यदि अनुवाद-ज्ञान वाक्य के पक्ष में प्रमाणपद नहीं दिया जाता तो ज्ञानमात्र पक्ष होता और ज्ञानमात्र को यदि पक्ष माना जाता तो अनुवादज्ञान का हेतु के असिद्ध होने से हेत्वसिद्धि दोष हो जाता। अनुवाद-ज्ञान पूर्वप्रकाशित अर्थ का ज्ञान है, अप्रकाशित अर्थ का नहीं, इसलिए उसमें हेतु की असिद्धि है। अतएव हेत्वसिद्धि दोष के वारण के लिए पक्ष में प्रमाणपद दिया गया है।[1] यहाँ 'विवादगोचरापन्नम्' यह पद धारावाहिक ज्ञान की व्यावृत्ति के लिए दिया गया है। विषयेन्द्रिय संयोग से उत्पन्न धारावाहिक ज्ञान प्रमाणज्ञान है। इसमें उत्तर-उत्तर ज्ञान का पूर्व-पूर्व ज्ञान वस्त्वन्तर है। अतः धाराज्ञान में सभी विशेषणों के आ जाने से धाराज्ञान भी पक्ष ही जायगा जो इष्ट नहीं है। इसलिए यहाँ 'विवादगोचरापन्नम्' यह पद दिया गया है।[2] धारावाहिक ज्ञान के प्रामाण्य में किसी का विवाद न होने से वह पक्षकोटि में नहीं आता। यहाँ [illegible] 'वस्तुपूर्वकम्' इतना ही पद देने से निर्वाह हो सकता था अर्थात् प्रमाणज्ञान के आश्रयभूत आत्मा आदि का [illegible] 'वस्त्वन्तरम्' पद दिया गया है। इसी प्रकार साध्य निवारण के लिए 'वस्त्वन्तरम्' पद दिया गया है। इसी प्रकार साध्य में प्रयुक्त स्वतःसिद्ध आदि सभी विशेषण अनावश्यक [illegible] अन्तरिक सामग्री की धर्मादि की [illegible] की तथा स्वप्रकाशता की व्यावृत्ति करते हैं। इनमें स्वतःसिद्ध विशेषण [illegible] आदि सामग्री का निवारण करने के लिए [illegible] है। स्वनिवर्त्य यह विशेषण धर्मादि के निवारण करने के लिए प्रयुक्त हुआ है। कार्यमात्र के प्रति धर्मादिरूप अदृष्ट कारण माना गया है अतः उसको लेकर सिद्धसाधन या अर्थान्तर न हो जाय इसलिए पक्ष 'स्वनिवर्त्य' पद दिया गया है।[5] प्रमाणज्ञान से धर्मादि की निवृत्ति नहीं होती। इसी

१ ज्ञानमात्रं पक्षः स्यात् [illegible] प्रमाणज्ञानम् इत्युक्तम्। (वि० प्र० पृ०, पृ० [illegible])

२ प्रमाणज्ञानमित्युक्ते धारावाहिकप्रमाणज्ञानं [illegible] विवादगोचरापन्नं पदम्। (वही)

३ वस्तुपूर्वकमित्युक्ते स्वाश्रयस्य आत्मादेर्वा सिद्धसाधनता स्यात्, अत उक्तम्—वस्त्वन्तरम्। (वही)

४ स्वाश्रयव्यतिरिक्तसामग्र्यादिनापि सिद्धसाधनता स्यात्, अत उक्तम्—स्वतःसिद्धम्। (वही)

५. धर्मादेरपि सिद्धसाधनता मा भूत् इत्युक्तम् स्वनिवर्त्यम्। (वही)

तरह 'स्व विषयावरण' यह पद [illegible] के निवारण के लिए दिया गया है।[1] योग्य विभागों के स्वाभावर्वानिगुणत्व होने के कारण पूर्वज्ञान उत्तरज्ञान से निवर्त्य होता है और उस प्रमाणज्ञान का पूर्व भी रहता है। अतएव इसकी व्यावृत्ति के लिए "स्वविषयावरण" पद प्रयुक्त हुआ है। पूर्वज्ञान स्वयं तक उत्तरज्ञान के विषय का आवरण नहीं करता। इसी प्रकार "स्वप्रागभावव्यतिरिक्त" यह पद [illegible] सामग्री की व्यावृत्ति के लिये प्रयुक्त हुआ है। काल के प्रति प्रागभाव को भी कारण माना जाता है। उपलक्षणविशिष्ट प्रागभाव को ग्रहण कर कहीं पूर्वोक्त सिद्धसाधन का अर्थान्तर न हो जाय इसलिए "स्वप्रागभावव्यतिरिक्त" यह विशेषण दिया गया है।

इसी प्रकार साध्य में प्रयुक्त स्वप्रागभावव्यतिरिक्त आदि विशेषणों के प्रयोजन को चित्सुखाचार्य ने आवीरक्रम (अनुलोम) से इस तरह प्रदर्शित किया है। वे कहते हैं कि यदि 'वस्त्वन्तरपूर्वकम्' इतना ही कहा जाता तो प्रागभाव में सिद्धसाधनता दोष होता। अतः प्रागभाव की व्यावृत्ति के लिए 'प्रागभावव्यतिरिक्त' यह विशेषण दिया गया है। इस विशेषण के होने पर भी घटादि में सिद्धसाधनता की प्रसक्ति होती है अतः उसकी व्यावृत्ति के लिए स्वविषयावरण यह विशेषण दिया गया है।[2] तथापि स्वविषयावरण घटकुड्यादि में सिद्धसाधनता न हो इसलिए स्वनिवर्त्य यह विशेषण जोड़ दिया गया है।[3] तथापि विषयगत अज्ञानत्व से भाट्टों के मत में सिद्धसाधनता की प्रसक्ति न हो इसलिए यहाँ स्वदेशगत यह विशेषण दिया गया है।[4] अज्ञान साधक अनुमानवाक्य के हेतु में यदि "प्रकाशकत्वात्" इतना ही होता तो

१. पूर्वज्ञानेन सिद्धसाधनानिवृत्त्यर्थम् [illegible]। (वही)
२. प्रागभावोऽप्येवंभूत इत्यत उक्तं प्रागभावव्यतिरिक्तेति। (वही)
३. अनुमानेऽपि वस्त्वन्तरपूर्वकमित्यतावद्वचने प्रागभावेनापि सिद्धसाधनता स्यात्, तद्व्यावृत्त्यर्थम्—प्रागभावव्यतिरिक्तेत्युक्तम्। (वही)
४. तथापि विषयेण घटादिना सिद्धसाधनता मा भूदिति स्वविषयावरणेत्युक्तम्। (वही)
५. तथापि घटकुड्यादिना स्वविषयावरणेन सिद्धसाधनता मा भूदिति स्वनिवर्त्येति पदम्। (वही)
६. तथापि अभिमतत्वेन (अज्ञानत्वेन) विषयगतेन भाट्टानां सिद्धसाधनताव्यावृत्त्यर्थं स्वदेशगतेति। (वही)

धारावाहिक ज्ञानों में तथा अग्रवर्तिनी प्रदीप-ज्वाला में व्यभिचार होता, इसलिए यहाँ "अप्रकाशितार्थ" यह विशेषण जोड़ दिया गया है।[1] इसी प्रकार दृष्टान्त में यदि "प्रदीपप्रभावत्" इतना ही रहता तो धारावाहिक दीपप्रभाओं में साध्य तथा साधन दोनों का अभाव होने से व्यभिचार होता, अतः यहाँ "प्रत्यक्षान्यत्व" यह विशेषण जोड़ा गया है।[2] दृष्टान्त में प्रयुक्त अन्धकार पद से सूर्य के प्रकाशवाले देश में जलाये गये दीप की प्रभा में व्यभिचार का वारण होता है।[3] इस प्रकार चित्सुखाचार्य ने विवरण की व्याख्या "ना पर्यं दीपिका" में अज्ञान के साधक अनुमानवाक्य में प्रयुक्त सभी पदों की उपयोगिता एवं सार्थकता प्रदर्शित की है।

विवरणकार ने भावरूप अज्ञान की सत्ता का अर्थापत्ति प्रमाण से भी सिद्ध किया है। वे कहते हैं कि विशुद्धब्रह्मरूप आत्मा में तथा शुक्तिपट में मिथ्याभूत अज्ञानाश्रय अहंकार-रजताध्यास का कोई मिथ्याभूत उपादान ही अन्वेषणीय है। क्योंकि यदि उपादान को सत्य माना जाय तो कार्य के कारणस्वभाव वाला होने के कारण अज्ञान में भी सत्यत्व का प्रसंग होगा।[4] मिथ्या उपादान को यदि आदि माना जाय तो तथाविध उपादानान्तर की कल्पना का प्रसंग होगा।[5] अतएव मिथ्योपादान को अनादि मानना ही उचित है।[6] इस प्रकार ज्ञानाश्रयरूप द्विविध अध्यास की अन्यथानुपपत्ति से उसके उपादानभूत मिथ्या अनादिभावरूप अज्ञान की सिद्धि होती है।[7]

---

१ प्रकाशवत्सु इत्यत्र हेतूपादाने धारावाहिकज्ञानेषु प्रदीपज्वालायां च व्यभिचारिण्यां व्यभिचारः स्यात् इत्यतः प्रकाशितार्थेति। (वही)

२ प्रदीपप्रभावत् इत्यनेनापि अन्धकारप्रदेशे साध्यसाधनवैकल्यमाशङ्क्य उक्तम्—प्रत्यक्षान्यत्वेति। (वही)

३ तथापि आलोकवत्सु तेन प्रकाशितार्थसाधनेन नास्ति इत्यत उक्तम्—अन्धकार इति। (वही)

४ विशुद्धब्रह्मात्मनि शुक्तिकायां च अहंकार-रजताध्यासस्य अर्थज्ञानात्मकस्य मिथ्याभूतस्य मिथ्याभूतमेव किंचिदुपादानमन्वेषणीयम्। सत्योपादानत्वे फलस्य कारणस्वभावतया अध्यासस्यापि सत्यत्वप्रसंगात्। (प० पा० वि०, पृ० ९०)

५ तस्यापि मिथ्योपादानस्य सादित्वे तथाविधोपादानान्तरकल्पनाप्रसंगात् अनादेव तत् मिथ्योपादानं इति कल्पनीयम्। (वही)

६ मिथ्याध्यास एव तथाविधाज्ञानोपादानं कारणमन्तरेण अनुपपद्यमानं तत् कल्पयति। (वही पृ० ९१)

इस तरह विद्वत्प्रकाशकार ने शास्त्रदृष्टि से मिथ्याभूत अर्थज्ञानात्मक द्विविध अज्ञान के उपादानस्वरूप मिथ्याभूत अनादि भावरूप अज्ञान को श्रुति अनुमान तथा अर्थापत्ति प्रमाण के आधार पर सिद्ध किया है।

इस प्रसंग में विवरणकार ने भेदाभेदवादी भास्कराचार्य के उस मत की मीमांसा की है जिसके अनुसार आवरण मिथ्याज्ञान और मिथ्याज्ञान के संस्कार से भिन्न अज्ञान नाम की कोई वस्तु नहीं जो जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति इन तीनों अवस्थाओं में अनपायी सकल संसार का बीजभूत एवं साक्षात्संस्पर्शवर्जित दण्डायमान हो।[1] भास्कराचार्य के मतानुसार सुषुप्ति में ज्ञानाभाव ही ब्रह्मतत्त्वानवभास का हेतु है तथा जाग्रत् और स्वप्न इन दोनों अवस्थाओं में 'मैं मनुष्य हूँ' यह मिथ्याज्ञान एवं उसका संस्कार ही ब्रह्मतत्त्व के अनवभास का कारण है। अतएव इनके मत में अग्रहण मिथ्याज्ञान तथा उसके संस्कार से भिन्न अज्ञान को ब्रह्मतत्त्वानवभास का हेतु मानना उचित नहीं है। 'अज्ञान' पद के नञ् का अर्थ यदि अभाव माना जाए, तो अज्ञान पद का अर्थ होगा ज्ञानाभाव, यदि इसका अर्थ 'विरोधी' यह माना जाए, तो ज्ञानावस्था या मिथ्याज्ञान (भ्रान्तिज्ञान) अज्ञान पद का अर्थ होगा और यदि नञ् का अर्थ 'अन्य' माना जाए तो ज्ञान से अन्य अथवा मिथ्याज्ञानजन्य संस्कार अज्ञान पद का अर्थ होगा। इस प्रकार ज्ञानाभाव मिथ्याज्ञान और उसका जनक संस्कार ये तीन अज्ञान पद के अर्थ होंगे। ये तीनों ही ब्रह्मतत्त्व के 'अस्ति, प्रकाशते' इस अवभास को रोक कर 'नास्ति न प्रकाशते' इत्यादि व्यवहार को उत्पन्न करने में समर्थ हैं, फिर भास्कर आवरण की कल्पना करने का क्या प्रयोजन है?[2]

इस शङ्का के समाधान में विवरणकार का कथन है कि सुषुप्तावस्था में भी अज्ञान संस्कारमात्र से अवस्थित रहता है और वही अज्ञान ब्रह्मतत्त्व के अवभास का प्रतिबन्धक है। अज्ञान के अतिरिक्त और कोई

१ न चैतत् सकलजगत्कारणमिथ्याज्ञानसंस्कारव्यतिरिक्तं अस्ति यत् सकलसंसारबीजं अकस्मात्संस्पर्शवर्जितं अनपायि आत्मसंसारविमोक्षाय दण्डायमानमज्ञानं नाम अस्ति, किन्तु भ्रान्तिदर्शनं अग्रहणं वा अज्ञानं इति।

(प० पा० वि०, पृ० १०८)

२ नन्वज्ञानमिति नञो यद्यभावार्थत्वं तदा ज्ञानाभाव इति स्याद् विरोध्यर्थत्वे च भ्रान्तिज्ञानम्, अन्यार्थत्वे च भ्रान्तिसंस्कार, तथा च ज्ञानाभावभ्रान्तिज्ञानसंस्कारा एवाज्ञानाभिधानास्त एव ब्रह्मतत्त्वानवभासं जनयन्ति किमनेन भास्करावरणकल्पनेन ?

(वि० प्र० सं० पृ० ७१)

स्वयप्रकाश ब्रह्मस्वरूप के अवभास का हेतु नहीं माना जा सकता। यह नहीं कहा जा सकता कि जीव दो पुरुषों में भेद होने से पुरुषान्तर का ज्ञान पुरुषान्तर का नहीं होता [illegible] जीव और ब्रह्मस्वरूप में भेद होने से जीव को ब्रह्मतत्त्व का अवभास नहीं होता क्योंकि वह तू है (तत्त्वमसि) इत्यादि अभेदप्रतिपादक श्रुतियों से जीव और ब्रह्म का एकत्व सिद्ध है।[1] मिथ्याज्ञान प्रतिबन्धक का भी ब्रह्मतत्त्वावभास का हेतु नहीं माना जा सकता क्योंकि सुषुप्तावस्था में मिथ्याज्ञान नहीं रहता।[2] मिथ्याज्ञान का संस्कार भी उसका हेतु नहीं बन सकता क्योंकि वह तत्त्वावभास का प्रतिबन्धक नहीं होता। रजतत्वसंस्कारों के होने पर भी शुक्तिकाया अबाध दृष्ट है।[3] अज्ञान प्रतिबन्ध ब्रह्मतत्त्वावभाव का हेतु नहीं हो सकता क्योंकि [illegible] है और उसका कभी अभाव नहीं हो सकता।[4] अन्तर्मुख [illegible] ज्ञानाभाव से भी स्वयप्रकाश ब्रह्मस्वरूप के अवभाव का प्रतिबन्धक नहीं माना जा सकता।[5] अन्यथा मुक्ति में भी प्रतिबन्ध का प्रसंग होगा।[6] [illegible] भी ब्रह्मस्वरूपावभास का विरोधी नहीं माना जा सकता [illegible] होगा।[7] [illegible] रजतादि का संस्कार [illegible] नहीं माना, वैसे ही सुषुप्तावस्था में संस्कारक्षय भी ब्रह्मस्वरूपावभास का प्रतिबन्धक नहीं हो सकता।[8] अतएव सुषुप्तावस्था में स्वयप्रकाश ब्रह्मस्वरूप के अवभास

---

१. [illegible] पुरुषान्तरवेदनवत् [illegible] (प० पा० वि०, पृ० १०६)

२. नापि मिथ्याज्ञानप्रतिबन्धात्, [illegible] (वही)

३. नापि [illegible] प्रतिबन्धात् [illegible] तत्त्वावभासप्रतिबन्धकत्वाभावात् [illegible] (वही)

४. नापि [illegible] प्रतिबन्धात् [illegible] (वही)

५. स्वयंप्रकाशमाने [illegible] अप्रतिबन्धकत्वात्। (प० पा० वि०, पृ० १०६)

अन्यत्राभावस्तु [illegible] (वि० प० म०, पृ० ७३)

६. अन्यथा मुक्तावपि प्रतिबन्धप्रसंगात्। (वि० प० म०, पृ० ७३)

७. नापि [illegible] अप्रतिबन्धकत्वात्। सर्वदा [illegible] अवभासप्रसंगात्। (पं० पा० वि०, पृ० १०७)

८. संस्कारत्वाच्च [illegible] अप्रतिबन्धकत्वात्। (वही)

के प्रतिबन्धक के रूप में अग्रहण, मिथ्याज्ञान उसका संस्कार तथा धर्म से भिन्न भावरूप अज्ञान की कल्पना आवश्यक है।[1] ब्रह्मस्वरूपावभास के प्रतिबन्धक के रूप में अज्ञान के अतिरिक्त अन्य किसी हेतु की कल्पना नहीं की जा सकती क्योंकि ब्रह्माज्ञान से प्रतिबन्ध की निवृत्ति हुए बिना ब्रह्मस्वरूपावभास सम्भव नहीं है तथा ज्ञान से अज्ञान की ही निवृत्ति सम्भव है, अज्ञानेतर की नहीं।[2]

सुषुप्तावस्था के समान ही जाग्रत और स्वप्न अवस्थाओं में भी अग्रहण, मिथ्याज्ञान तथा उसके संस्कार को ब्रह्मस्वरूपावभास का हेतु नहीं माना जा सकता, क्योंकि भेदाभेदवादी भास्कराचार्य के मतानुसार 'मैं मनुष्य हूँ' इस ज्ञान को भ्रमरूप सिद्ध नहीं किया जा सकता। जैसे गाय खण्ड है, गाय मुण्ड है, इस प्रतीति से खण्ड और मुण्ड दोनों का सामानाधिकरण्य होने से एक ही गोत्व जाति का खण्ड और मुण्ड दोनों व्यक्तियों के साथ प्रामाणिक ही भेद और अभेद माने जाते हैं वैसे ही 'अहं मनुष्यः', 'अहं ब्रह्म' इस प्रतीति से एक जीव का मनुष्यत्वविशिष्ट शरीर और ब्रह्म दोनों के साथ भेद और अभेद होना ही प्रामाणिक क्यों न माने जाये?[3] मैं मनुष्य नहीं हूँ किन्तु ब्रह्म हूँ, यह शास्त्रीय निषेध भी वह गाय खण्ड नहीं किन्तु मुण्ड है, इसके समान ही उपपन्न है।[4] यदि यहाँ यह कहा जाय कि प्रतिपन्न इदन्तात्मक उपाधि में जैसे 'यह रजत नहीं है', यह निषेध है वैसे ही प्रतिपन्न अहन्तात्मक उपाधि में 'मैं मनुष्य नहीं हूँ' इस प्रकार मनुष्यत्व का निषेध होने से आत्मा में मनुष्यत्व की प्रतीति भ्रान्त है, तो यह भी ठीक नहीं क्योंकि ऐसा होने पर यह गाय खण्ड है इस प्रतीति में खण्डाकार से प्रतिपन्न गोत्वरूप उपाधि में परन्तु

१. तस्मात् सुषुप्तादौ स्वरूपावभासव्यवहार [illegible] ज्ञानतत्संस्कारकर्मभ्य अन्यदेव किञ्चित् प्रतिबन्धकं अज्ञानं कल्पयेत्।

(वही, पृ० १०८)

२. ब्रह्मज्ञानात् प्रतिबन्धनिवृत्तिलक्षणत्वात् स्वविषयावभासप्रयोजनात्, ज्ञाननिवर्त्यत्वं च अज्ञानस्यात्। (प० पा० वि०, पृ० १०८)

३. यथा खण्डो गौर्मुण्डो गौरित्यत्रोभयत्रासामानाधिकरण्येन गोत्वावच्छिन्नस्य प्रतीयमानस्य व्यक्तिद्वयं सह भेदाभेदौ प्रामाणिकावेव स्वीक्रियेते तथाहं मनुष्यो ऽहं ब्रह्मेति चैकस्य जीवस्य शरीरब्रह्मभ्यामुभाभ्यामपि सह भेदाभेदौ प्रामाणिकावेव किं नाङ्गीक्रियेत। (वि० प्र० स० पृ० ७६)

४. तथा नेदं खण्डो गौरिति खण्डाकारेण प्रतिपन्ने गोत्वोपाधौ पश्चान्नायं खण्ड इति निषेधात् खण्डप्रतीतेर्वा भ्रान्तत्वप्रसङ्गात्। (वही)

'यह खण्ड नहीं है' इस निषेध से पूर्वकालिक खण्डप्रतीति के भी भ्रान्ति व का प्रसंग होगा।[1] यह भी नहीं कहा जा सकता है कि मुण्ड में खण्ड का निषेध किया जाता है, गोत्वरूप उपाधि में नहीं, क्योंकि मुण्ड में खण्ड की प्रसक्ति ही नहीं है। इस पर यदि यह कहें कि व्यक्त्यवच्छिन्न गोत्व प्रतिपन्न उपाधि है और वहां खण्ड का निषेध नहीं किया जाता किन्तु मुण्डत्व-व्यक्त्यवच्छिन्न में ही गोत्व का निषेध किया जाता है तो प्रकृत स्थल में भी यह कहा जा सकता है कि मनुष्यत्वावच्छिन्न आत्मा प्रतिपन्नोपाधि है और वहां मनुष्यत्व का निषेध नहीं किया जाता किन्तु ब्रह्मत्वावच्छिन्न आत्मा में ही मनुष्यत्व का निषेध किया जाता है। दोनों प्रतीतियों के एक समान होने के कारण एक में भ्रमत्व और दूसरी में प्रामाण्य कैसे उत्पन्न होगा? इस प्रकार अनुगत गोत्व के साथ खण्ड-मुण्ड व्यक्ति के तुल्य अनुगत आत्मा के साथ शरीर और ब्रह्म ये दोनों सम्बद्ध हैं, इससे 'खण्डो गौः' इस प्रतीति के समान 'अहं मनुष्यः' इस प्रतीति को भी भेदाभेदमत में प्रमात्मक मानना ही होगा। इस प्रकार भेदाभेदवादी भास्कराचार्य के मत में 'मैं मनुष्य हूं' इस प्रतीति के भ्रमात्मक सिद्ध न हो सकने के कारण मिथ्याज्ञान का जाग्रत् अवस्था में ब्रह्मस्वरूप के अवभास का प्रतिबन्धक नहीं माना जा सकता। अतएव जाग्रत् स्वप्न और सुषुप्ति इन तीनों अवस्थाओं में स्वयंप्रकाश ब्रह्म के अनवभास के हेतु स्वरूप भावरूप अज्ञान को मानना निश्चय अनिवार्य है।

विवरणकार प्रकाशात्मयति ने भावरूप अज्ञान को निम्नलिखित अनुमान से भी सिद्ध किया है—समस्त प्रातीतिक कार्य सोपादान है, भावकार्य होने से घटादि के समान।[2] प्रध्वंस कार्य की व्यावृत्ति के लिए हेतु में 'भाव' यह विशेषण जोड़ा गया है। प्रध्वंस के अभावरूप होने के कारण उसे सोपादान नहीं माना जाता। विषयेन्द्रियादि दोष भी यद्यपि प्रातीतिक रजतादि कार्यों का कारण है किन्तु इसे निमित्तकारण ही माना जाता है, उपादान कारण नहीं, क्योंकि यह भ्रान्तिज्ञान के आश्रय

१ "अहं मनुष्यः किन्तु ब्रह्म" इत्यपि लोकायतमतेऽपि 'नायं खण्डो गौः, किन्तु मुण्डः' इतिवदुपपद्यते। (वही)

२ सर्वं च कार्यं सोपादानम्, भावकार्यत्वात् घटादिवत्।

(प० पा० वि०, पृ० १८)

आत्मा में "अवस्थित" नहीं रहता। भ्रान्तिज्ञान का जो आश्रय है, तत्स्थ ही उसका उपादान कारण होता है। अतः विषयेन्द्रियादिदोष की प्रातीतिक रजतादि कार्य का उपादान नहीं माना जा सकता।[1] आत्मा को भी इसका उपादान कारण नहीं माना जा सकता क्योंकि आत्मा अपरिणामी है।[2] यदि आत्मा को उपादान कारण माना जाय तो इसमें भी परिणामित्व की प्रसक्ति होगी। किंच यदि आत्मा को रजतादि का उपादान माना जाय तो रजतादि को भी आत्मा के समान सत्य मानना पड़ेगा? क्योंकि यह नियम है कि परिणाम सदा परिणामी के समान सत्तावाला ही हुआ करता है।[3] अतएव आत्मा को भी रजतादि विवर्त का उपादान कारण नहीं माना जा सकता। अन्तःकरण को भी रजतादि का उपादान नहीं माना जा सकता, क्योंकि अन्तःकरण को रजतादिभ्रमज्ञान में इन्द्रियसंयोगादि की अपेक्षा होती है।[4] यदि भ्रमज्ञान में इन्द्रियसंयोगादि की अपेक्षा न मानें तो अन्धे पुरुष को भी रजतभ्रम का प्रसंग होगा।[5] अतः भ्रम में इन्द्रियादि संयोगादि की अपेक्षा माननी ही होगी। किन्तु मिथ्यावस्तु के प्रत्ययमात्रशरीर होने से प्रत्यय से पूर्व असिद्ध होने के कारण उसके साथ इन्द्रियसंयोग सम्भव नहीं है।[6] अधिष्ठान के साथ इन्द्रियसंयोग से भ्रान्तिज्ञान का जन्म सम्भव नहीं माना जा सकता, क्योंकि मिथ्यार्थ के साथ इन्द्रिय का संयोग हुए बिना मिथ्यार्थज्ञान अनुत्पन्न है।[7] यहाँ यह भी नहीं मान सकते कि 'संस्कारोपबृंहितया यह वही देवदत्त है' इस प्रत्यभिज्ञा में तत्त्वांश की प्रतीति के समान ही इस प्रतीति के भी अभ्रान्तित्व की प्रसक्ति होगी।[8] यह भी नहीं कहा जा सकता कि संस्कारांश के असत्त्व के कारण यहाँ भ्रान्तित्व है, क्योंकि

---

१. भ्रान्तिज्ञानस्य यः आश्रयः तत्स्थमेव तदुपादानं वक्तव्यम्, तच्च विषयिकारणेषु कार्यादिषु नियतं न भवति। (वि० ता० दी० पृ० ७२)

२. न, आत्मनः अपरिणामित्वात्। (पं० पा० वि०, पृ० ७०)

३. परिणामस्य परिणामिसमानसत्ताकत्वनियमात्। (वि० भा० प्र०, पृ० ७२)

४. अन्तःकरणस्य च इन्द्रियसंयोगादिमत्त्वात्। (पं० पा० वि० पृ० ७०)

५. अन्यथा अन्धादेरपि रजतभ्रमः स्यात्। (वि० भा० प्र०, पृ० ७०)

६. मिथ्यार्थस्य प्रत्ययमात्रशरीरत्वात् प्रत्ययात् प्राक् असिद्धे तत्संयोगात् तद्विषयः प्रत्ययो जायते इति अयुक्तम्। (वि० ता० दी०, पृ० ७०)

७. एवम्—तत्संयोगाभावे तत्प्रतीत्यनुपपत्तेः, (वि० ता० दी०, पृ० ७१)

८. तद्वदेव अभ्रान्तत्वापत्तेः। (वही)

उसके असत्त्व से [illegible] सम्भव न होने के कारण [illegible] का [illegible] हुआ।[1] इस प्रकार इन्द्रियसंघातादि सम्भव न होने से अन्न करण [illegible] रजतादिविवर्त का उपादान नहीं माना जा सकता।[2] दृष्टान्तरूप में अनुगत [illegible] का [illegible] का [illegible] नहीं [illegible] [illegible] परिणामरूप [illegible]।[3] रजतादिविवर्त का अधिष्ठानज्ञानान्तर से बाधित हो जाने पर [illegible]। [illegible] रजतादि का उपादान कारण नहीं [illegible] सकता। [illegible] मिथ्याज्ञान और [illegible] [illegible] उपादान कारण [illegible] है।[4]

विवरण [illegible] [illegible] में [illegible] [illegible] कहा गया है [illegible] [illegible] स्पष्ट रूप से अभिमत है। [illegible] भेद का भ्रम [illegible] में सम्भव भिन्न मानते हैं। [illegible] कहा है कि [illegible] के समय अन्तःकरण [illegible] हो जाता है [illegible] मूल रूप में अधिष्ठित रहते हैं। पुनः सृष्टिकाल में परमेश्वर की इच्छा से [illegible] जीव [illegible] के संस्कार पर मूर्तिमान [illegible] अन्तर अवस्था से भिन्न [illegible] अंश उत्पन्न निकलते हैं। इस प्रकार अविद्या में [illegible] अन्तःकरणादि के

१ [illegible] (वही)
[illegible] (वेदान्त सार पृ० ७२)

२ [illegible] मिथ्याभिमतस्य [illegible] उपादानत्व [illegible]। (वि० ता० टी० पृ० ३)

४ [illegible]।
[illegible] ॥
(ब्र० सू० १।१।२ पर [illegible], पृ० [illegible] पर [illegible])

५ [illegible] [illegible] (वही, पृ० ३३३)

६ [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

पूर्वपक्षावश आविर्भाव का प्रतिपादन करते हुए भामतीकार ने स्पष्टरूप से अविद्या को विद्या का अभावरूप न मानकर भावरूप में स्वीकार किया है। इस सम्बन्ध में प्रदर्शित कूर्माङ्ग तथा मण्डूक-शरीर का उदाहरण इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि वाचस्पति के मत में अविद्या भावरूप एवं अनादि है।

भावरूप अज्ञान के सम्बन्ध में अमलानन्द कहते हैं कि यद्यपि अज्ञान साक्षिसिद्ध है तथापि आगमादि प्रमाणों के द्वारा उसके असत्त्व की निवृत्ति की जाती है।[1] इस पर परिमलकार अप्पयदीक्षित का कहना है कि साक्षी में अध्यस्त होने पर अज्ञान के सदा भासमान होने पर इसमें आगम का प्रामाण्य नहीं, क्योंकि आगम अप्राप्तार्थविषयक ही होता है। अनुमान का भी इसमें प्रामाण्य नहीं, क्योंकि यहाँ वह सिद्धसाधन मात्र है। अज्ञान के सम्बन्ध में चक्षु आदि की अप्रवृत्ति तो स्पष्ट ही है।[2] अतएव "मैं अज्ञ हूँ", "मैं तुम्हारे कहे हुए अर्थ को नहीं जानता" इस प्रकार साक्षिसिद्ध भावरूप अज्ञान के सम्बन्ध में असत्त्वशङ्का की निवृत्ति के लिए ही आगमादि प्रमाणों की अपेक्षा है।

भावरूप अज्ञान के सम्बन्ध में कल्पतरुकार ने निम्नलिखित अनुमान प्रस्तुत किया है। "डित्थप्रमा डित्थगत जो प्रमाभाव उसके अनधिकरण अनादित्वप्रागभाव की निवर्तिका है, प्रमा होने से, डपित्थप्रमा के समान।"[3] इस अनुमानवाक्य से अनादि भावरूप अविद्या की सिद्धि होती है। यहाँ "प्रमाभावानधिकरण" इस पद से अविद्या की भावरूपता सिद्ध होती है।

नि यत्रास्य यथा वा यथापाये प्राप्तपूर्वभावानि मण्डूकशरीराणि' पुनर्मण्डूक-देहभावमनुभवन्ति। (वही)

१ साक्षिसिद्धस्य चाज्ञानस्यागमादिभिरसत्त्वनिवृत्तिः क्रियते। (वे० क०, पृ० ३३३)

२ सदा साक्षिण्यध्यस्तत्वेन भासमानेऽज्ञाने नागमस्य प्रामाण्यम्, तस्य अप्राप्तार्थ-विषयत्वात्। नानुमानस्य, सिद्धसाधनत्वात्। चक्षुरादेरप्रवृत्तिः स्पष्टा। (वे० क० प० पृ० ३३३)

३. प्रकृतं तु डित्थप्रमा डित्थगतत्वे सति या प्रमाभावस्तस्यानधिकरणानादित्व-प्रागभावनिवर्तिका, प्रमात्वाद् डपित्थप्रमावत्। (वही, वे० क०, पृ० ३३१)

भावरूप अविद्या में अर्थापत्ति भी प्रमाण है। मैं तुम्हारे कहे हुए अर्थ को नहीं जानता" इस व्यवहार की अन्यथा उपपत्ति न होने से अर्थापत्ति भी अविद्या की सिद्धि में प्रमाण है।[1]

इस प्रकार कल्पतरुकार के मत में यद्यपि भावरूप अविद्या साक्षिसिद्ध है तथापि प्रतिपक्षियों की शंका की निवृत्ति के लिए इसमें अनुमानादि प्रमाणों की भी अपेक्षा होती है।

यहाँ यह शङ्का होती है कि अविद्या को भाव रूप मानने का क्या प्रयोजन है। जगद्भ्रम की सिद्धि तो अविद्या को विद्या का अभावरूप मानने पर भी सम्भव है। जैसे शुक्ति के अज्ञान अर्थात् ज्ञानाभाव से रजतभ्रम होता है वैसे ही ब्रह्म के अज्ञान से जगद्भ्रम भी सम्भव है। जगद्भ्रम की सिद्धि के लिए अविद्या को भावरूप क्यों माना जाय ?

इस शंका के सम्बन्ध में कल्पतरुकार अमलानन्द कहते हैं कि यह शङ्का समीचीन नहीं, क्योंकि अविद्या के अभाव में स्वयंप्रभ प्रत्यग्ब्रह्म का स्वविषयक प्रमाण के अनुदय में भी यथावत् प्रकाश होने से जगद्भ्रम के अभाव का प्रसंग होगा। क्योंकि स्वयंप्रभ संवेदन स्वविषयकप्रमाण के अनुदय से प्रकाशित न होता हो, यह बात नहीं है।[3] अतः भावरूप अविद्या को माने बिना जगद्भ्रम की समुचित व्याख्या सम्भव नहीं है। यद्यपि अविद्या स्वतः एवं जड़ शुक्ति का आवरण नहीं करती तथापि शुक्तिस्थ अनिर्वाच्य भावरूप रजत के उपादान के रूप में अविद्या को मानना आवश्यक है।[4]

---

१. त्वदुक्तमर्थं न जानामीति व्यवहारान्यथानुपपत्तिश्च मानम्।

(वही, वे० क०, पृ० ३३)

२ ननु किं भावरूपयाऽविद्यया प्रयोजनम्? अज्ञानशुक्तिब्रह्मविवर्तत्वेन रजतजगद्भ्रमसिद्धेः, अज्ञातत्वस्य च ज्ञानाभावादुपपत्तेः। (वही)

३. स्वयंप्रभप्रत्यग्ब्रह्मणः स्वविषयप्रमाणानुदयेऽपि यथावत्प्रकाशापत्तौ जगद्भ्रमाभावप्रसंगात्। न हि स्वयंप्रभं संवेदनं स्वविषयप्रमाणानुदयान्न भाति।

(वे० क०, पृ० ३३३)

४ यद्यपि शुक्तिं स्वत एव जडामविद्या नावृणोति, तथापि तत्स्थानिर्वाच्यभावरूपरजतोपादानत्वेनेष्यते भावरूपाऽविद्या सप्रयोजना।

(वे० क०, पृ० ३३३)

इस प्रकार भामतीप्रस्थान में भी विवरणप्रस्थान के समान ही अविद्या की भावरूपता को स्वीकार किया गया है।

३ अविद्या का एकत्व या नानात्व ?

यद्यपि भामती तथा विवरण दोनों प्रस्थानों में अविद्या को अनादि एवं भावरूप माना गया है, तथापि उसके एकत्व या नानात्व के सम्बन्ध में दोनों में मतभेद दृष्टिगत होता है। भामतीकार वाचस्पतिमिश्र के मत में प्रतिजीव में रहने वाली मूलाविद्या भिन्न-भिन्न है, किन्तु विवरणकार प्रकाशात्मयति ने मूलाविद्या के एकत्व को ही स्वीकार किया है नानात्व को नहीं। वाचस्पति मिश्र के पूर्व ब्रह्मसिद्धिकार मण्डनमिश्र ने भी अनेक जीववाद के समर्थन के लिए मूलाविद्या के नानात्व को स्वीकार किया था उन्हीं के पदचिन्हों का अनुसरण करते हुए वाचस्पतिमिश्र ने भी भिन्न-भिन्न जीवों में रहने वाली अविद्या के नानात्व का समर्थन किया है। वाक्यान्वयाधिकरण में भामतीकार ने प्रतिजीव में रहने वाली अविद्या के भेद को स्पष्ट शब्दों में स्वीकार किया है। वे कहते हैं कि जैसे एक ही बिम्ब की मणि, कृपाण इत्यादि भिन्न भिन्न गुहाएँ होती हैं, वैसे ही ब्रह्म की भी प्रतिजीव में रहनेवाली भिन्न-भिन्न अविद्यारूप गुहाएँ हैं।[1] इसी प्रकार आनुमानिकाधिकरण में अविद्या के नानात्व के समर्थन में वाचस्पतिमिश्र कहते हैं कि अविद्या के नानात्व के कारण ही जीवों के बन्ध-मोक्ष की व्यवस्था सङ्गत होती है। यदि सभी जीवों में रहनेवाली अविद्या एक ही होती तो एक जीव में विद्या का उदय होने से अविद्या का नाश हो जाने पर सभी जीवों की मुक्ति हो जाती और इस प्रकार समस्त संसार के उच्छेद का प्रसङ्ग हो जाता। किन्तु प्रत्येक जीव में रहने वाली अविद्या के भेद को स्वीकार करने पर उपर्युक्त दोष की प्रसक्ति नहीं होती। इस मत में तो जिस जीव में विद्योदय होता है, उसी की अविद्या का नाश होता है, जीवान्तर की अविद्या का नहीं। इसलिए अधिकरण के भेद से विद्या और अविद्या दोनों की स्थिति सम्भव है। विद्या और अविद्या का विरोध तभी होता है, जबकि ये दोनों एक ही अधिकरण में हों। भिन्न-भिन्न अधिकरण में होने पर इनमें कोई विरोध नहीं होता।[2] इस प्रकार अविद्या के नानात्व पक्ष में एक जीव में विद्यो-

---

१ यथा हि बिम्बस्य मणिकृपाणादयो गुहा, एवं ब्रह्मणोऽपि प्रतिजीवं भिन्ना अविद्या गुहा इति। (भामती पृ० ४२१)

२. भिन्नाधिकरणयोर्विद्याविद्ययोरविरोधात्। (भामती पृ० ६७७)

दय होने से सभी जीवों में अविद्या के नाश एवं समस्त संसार के उच्छेद का प्रसङ्ग नहीं होता। किन्तु अविद्या के एकत्वपक्ष में उपर्युक्त दोष का परिहार सम्भव नहीं है। इस शङ्का के समाधान में कि यदि प्रत्येक जीव में रहनेवाली अविद्या भिन्न-भिन्न है, तो श्रुतियों में अविद्या के लिए "अज्ञानम्", 'अव्याकृतम्" इत्यादि एकवचनान्त पदों का प्रयोग क्यों किया गया है, भामतीकार कहते हैं कि यद्यपि प्रतिजीव में रहनेवाली अविद्या के भिन्न-भिन्न होने से वह अनेक है, तथापि अविद्यात्वसामान्य के हेतु से वहाँ एकवचन का प्रयोग हुआ है और यह प्रयोग औपचारिक है।[1]

किन्तु विवरणकार प्रकाशात्मयति ने मूलाविद्या के नानात्व को स्वीकार नहीं किया और इसे एक ही माना है।[2] मूलाविद्या को एक मानते हुए भी उन्होंने अवस्थाभेद से इसकी अनेकता को स्वीकार किया है और इस प्रकार जीवों के बन्धमोक्ष की व्यवस्था का उपपादन किया है यद्यपि मूलाविद्या एक ही है तथापि इसकी अवस्थाएं अनेक हैं। जिस जीव में विद्योदय होने से अविद्या का नाश हो जाता है वह मुक्त हो जाता है किन्तु जिसमें ऐसा नहीं होता वह बद्ध रहता है। इस तरह मूलाविद्या के एकत्वपक्ष में भी इसके अवस्थाभेद के आधार पर जीवों के बन्ध और मोक्ष की व्यवस्था उपपन्न है।

यहाँ यह शङ्का होती है कि यदि मूलाविद्या को एक माना जाय तो शुक्तिकाज्ञान से ही अज्ञान की निवृत्ति हो जाने से आत्मा में अज्ञान की स्थिति कैसे मानी जा सकती है और ऐसी स्थिति में शुक्तिका के ज्ञान से ही मोक्ष का प्रसङ्ग होगा। अतः प्रत्येक विषय में रहने वाले अज्ञान का भेद मानना आवश्यक है। यदि विषय के भेद से अज्ञान का भेद न माना जाय तो या तो अज्ञान को अध्यास का उपादान नहीं मानना होगा और या फिर उपादान की निवृत्ति के बिना ही अध्यास की निवृत्ति माननी पड़ेगी।

उपर्युक्त शङ्का के समाधान में विवरणकार का कथन है कि शुक्ति-

---

१ अविद्यात्वसामान्येन च एकत्वोपचारः
"अज्ञानमिति च अव्याकृतमिति च" (वही, पृ० ३७८)

२ तस्मात् वस्तुत एव स्वावस्थया अविद्यया विवर्तते।
(पं० पा० वि०, पृ० ६९३)

का वे ज्ञान से रज्जुरूप अध्यास का अपने कारण में प्रविलयमात्र किया जाता है, जैसे मुष्टिप्रहार से घट का। अतएव शुक्तिका के ज्ञान से मूलावस्था का आत्यन्तिक समुच्छेद नहीं होता जिससे कि शुक्तिका-ज्ञान से मुक्ति का प्रसङ्ग हो। पूर्वोक्त शंका का समाधान 'विवरणकार ने मूलाविद्या के अवस्थाभेद के आधार पर भी किया है। वे कहते हैं कि यद्यपि मूलाविद्या एक ही है तथापि उसकी अवस्थाएं अनेक हैं। मूलाविद्या के ये अवस्था भेद अनिर्वचनीय रजत आदि के उपादान हैं और शुक्तिका आदि के ज्ञान से ये अध्यास के साथ ही निवृत्त हो जाते हैं।[3] तत्त्वदीपन-कार ने भी 'मायान्तु प्रकृतिं विद्यात्' इत्यादि वचन से तथा कल्पना लाघव से मूलाज्ञान के एकत्व का स्वीकार किया है तथा व्यवहारनिर्वाह के लिए मूलाज्ञान की अनन्त अवस्थाएं मानी हैं।

इस प्रकार हम देखते हैं कि यद्यपि मूलाविद्या के अनादित्व एवं भावरूपत्व के सम्बन्ध में दोनों प्रस्थानों में एकमत्य है तथापि इसके एकत्व या नानात्व के प्रश्न पर दोनों में मतभेद है। भामतीकार जहाँ जीव के नानात्व के समाधान के लिए अविद्या के नानात्व को स्वीकार करते हैं वहाँ विवरणकार तथा उनके अनुयायी मूलाविद्या के एकत्व का स्वीकार करते हुए भी उसके अवस्थाभेद के आधार पर जीव के नानात्व का उपपादन करते हैं।

४. अविद्या का आश्रय ब्रह्म या जीव ?

अविद्या के आश्रय के प्रश्न पर भी भामतीप्रस्थान तथा विवरण-प्रस्थान में पर्याप्त मतभेद है। भामतीकार अविद्या का आश्रय जीव को मानते हैं जबकि विवरणकार के मत में अविद्या का आश्रय ब्रह्म है। वेदान्त भाष्य में वाचस्पतिमिश्र ने जीव को कार्य और कारणरूप

---

१ अस्मिन् पक्षे शुक्तिकादिज्ञानेन रजताद्यध्यासस्य प्रविलयमात्रं क्रियते, मुष्टिप्रहारेणेव घटस्य।

(प० पा० वि०, पृ० ९८)

२. अथवा मूलाज्ञानस्यैव अवस्थाभेदा
रजतादूपादानानि शुक्तिकादिज्ञाने
सहाध्यासेन निवर्तन्ते इति कल्प्यताम्। (प० पा० वि०, पृ० ९९)

३ तथा तत्त्वदीपने— 'मायां तु प्रकृतिं विद्यात्'।

अविद्याश्रय का आधार बताया है।[1] सर्वज्ञत्वाधिकरण में उन्होंने ब्रह्म के अविद्याश्रयत्व पक्ष का खण्डन करते हुए जीव को अविद्या का आश्रय माना है। वे कहते हैं कि ब्रह्म नित्य शुद्ध है अतः वह अविद्या का आश्रय नहीं हो सकता, अविद्या का आश्रय तो जीव ही हो सकता है। सर्वज्ञ-प्रसिद्धाधिकरण में भी उन्होंने जीव को ही अविद्या का आश्रय माना है तथा निरुपाधिक ब्रह्म के अविद्याश्रयत्व का निषेध किया है।[2] अनुमानाधिकरण में वे कहते हैं कि यद्यपि अविद्या का आश्रय जीव है तथापि अविद्या क्योंकि निमित्तरूप से अथवा विषयरूप से ईश्वर का आश्रय लेती है अतएव वह ईश्वराश्रया कहलाती है इसलिए नहीं कि ईश्वर अविद्या का आधार है। विद्यास्वभाव ब्रह्म अविद्या का आधार नहीं हो सकता।[3] इसी प्रकार वाक्यान्वयाधिकरण में भामतीकार कहते हैं कि यद्यपि विद्यास्वभाव परमात्मा में अविद्या साक्षात् नहीं रहती तथापि परमात्मा के प्रतिबिम्बकल्प जीव के द्वारा वह परमात्माश्रित कहलाती है।[4] इस प्रकार हम देखते हैं कि भामतीकार वाचस्पतिमिश्र ने अपने ग्रन्थ में आद्योपान्त जीव को ही अविद्या का आश्रय माना है और ब्रह्म का विद्यास्वभाव बतलाकर उसके अविद्याश्रयत्व का स्पष्ट शब्दों में निषेध किया है।

इस प्रसङ्ग में यह उल्लेखनीय है कि वाचस्पतिमिश्र के पूर्व मण्डन-

---

१. कार्यकारणविशेषद्वयाधार [illegible] सर्वनिषेधाश्रयभूतं जीवात्मा (भामती १।१।१ पृ० ४५)

२. नाविद्या ब्रह्माश्रया किन्तु जीव, सा च [illegible] तेन नित्यशुद्धमेव ब्रह्म। (भामती, १।१।४, पृ० १२६)

३. अनाद्यविद्यावच्छेदलब्धजीवभाव एव परमात्मा स्वतो भेदबाधभासने। तदुपाधित्वं च आत्मनामविद्या, न तु निरुपाधिनो ब्रह्मणः। (भामती, १।२।६, पृ० २३५)

४. जीवाधिकरणाप्यविद्या निमित्ततया विषयतया वा ईश्वरमाश्रयत इति ईश्वराश्रयत्वमुच्यते; न त्वाधारतया। विद्यास्वभावे ब्रह्मणि तदनुपपत्तेः। (भामती, १।४।३, पृ० ३७८)

५. अविद्योपाधानं च यद्यपि विद्यास्वभावे परमात्मनि न साक्षादस्ति, तथापि तत्प्रतिबिम्बकल्पजीवद्वारेण परस्मिन् उच्यते। (भामती, १।४।२२, पृ० ४२१)

मिश्र ने भी अविद्या का आश्रय जीव को माना था। वाचस्पतिमिश्र ने उनसे ही इस सिद्धान्त को ग्रहण किया है। ब्रह्मसिद्धि में अविद्याश्रयत्व के प्रश्न पर विचार करते हुए मण्डनमिश्र कहते हैं कि 'अविद्या किसकी है, इस प्रश्न उत्तर में हमारा कथन है कि यह जीव की है। यदि शङ्का हो कि जीव ब्रह्म से भिन्न नहीं है, क्योंकि श्रुति में कहा गया है कि ब्रह्म ही जीवात्मा रूप से शरीर में अनुप्रविष्ट है, तो इसके उत्तर में हमारा कथन है कि पारमार्थिक दृष्टि से यह बात सत्य है, किन्तु कल्पना से जीव ब्रह्म से भिन्न है। इस पर प्रश्न होता है कि किसकी कल्पना से यह भेद है ब्रह्म की कल्पना से तो यह सम्भव नहीं, क्योंकि ब्रह्म के विद्यात्मक होने के कारण वह कल्पनाशून्य है।'[1] जीवों की कल्पना भी इस भेद का कारण नहीं मानी जा सकती, क्योंकि कल्पना के पूर्व उनका अभाव होने से इतरेतराश्रय दोष का प्रसंग होता है।[2] जीवविभाग कल्पनाधीन है तथा कल्पना जीवाधीन है। इस दोष के समाधान में यह कहा जाता है कि जीव तथा अविद्या के बीजाङ्कुर संतानों के समान अनादि होने के कारण इतरेतराश्रयदोष की प्रसक्ति नहीं होती।[3] उपर्युक्त उद्धरण से यह स्पष्ट है कि मण्डनमिश्र ने अविद्या का आश्रय जीव को ही माना है, ब्रह्म को नहीं। उन्होंने ब्रह्म के अज्ञानाश्रयत्व का खण्डन ब्रह्म के विद्यात्मकत्व के आधार पर किया है। जीव को अविद्याश्रय मानने में जिस इतरेतराश्रयदोष की प्रसक्ति होती है, उसका निराकरण बीजाङ्कुर के दृष्टान्त के आधार पर किया गया है। मण्डन पृष्ठसेवी वाचस्पति मिश्र ने भी जीव को ही अविद्या का आश्रय माना है तथा इतरेतराश्रयदोष का निराकरण भी मण्डनमिश्र के समान ही किया है। ब्रह्म के अविद्याश्रयत्व का खण्डन भी मण्डनमिश्र की युक्ति के आधार पर ही किया है।

अभी हम कह चुके हैं कि जीव को अविद्या का आश्रय स्वीकार

---

१ ननु कस्याविद्येति जीवानामिति ब्रूम। ननु न जीवा ब्रह्मणो भिद्यन्ते; एवं ह्याह 'अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य'' इति। सत्यं पारमार्थतः, कल्पनया तु भिद्यन्ते। कस्य पुनः कल्पना भेदिका? न तावद् ब्रह्मणः, तस्य विद्यात्मनः कल्पनाशून्यत्वात्। (ब्रह्मसिद्धि, पृ० १०)

२ नापि जीवानाम्, कल्पनया प्राक् तदभावात् इतरेतराश्रयप्रसंगात्। (वही)

३. अनादित्वादुभयोरविद्याजीवयोर्बीजाङ्कुरसंतानयोरिव नेतरेतराश्रयत्वप्रसक्तिः-सम्भवति। (वही)

करने में एक कठिनाई उपस्थित होती है। अविद्या के होने पर जीवात्म-विभाग होगा और जीवात्म विभाग होने पर ही अविद्या जीवाश्रित हो सकेगी। इस प्रकार जीव को अविद्या का आश्रय मानने पर इतरेतराश्रयदोष की प्रसक्ति होती है। इस दोष का निवारण करते हुए भामतीकार वाचस्पतिमिश्र कहते हैं कि जीव और अविद्या के अनादि होने के कारण बीज और अंकुर के समान इसमें कोई अनुपपत्ति नहीं।[1] इस पर यह शङ्का होती है कि बीजाङ्कुर के दृष्टान्त में इतरेतराश्रयदोष नहीं है क्योंकि जो बीज जिस अंकुर का कारण है, वही बीज उस अंकुर का कार्य नहीं अपितु उस अंकुरान्तर का कार्य है। इसी तरह जो अंकुर जिस बीज का कारण है, वही अंकुर उस बीज का कार्य नहीं है। अतएव बीज और अंकुर की उत्पत्ति में इतरेतराश्रयदोष नहीं है। बीज और अंकुर दोनों ही परम्परा से अनादि हैं। किन्तु यदि एक व्यक्ति में भी जीव और अविद्या को बीज और अंकुर के समान परम्परा निमित्तहेतु माना जाय तो जीव के अनादित्व की प्रसक्ति होगी। अतः जीव और अविद्या को बीजाङ्कुर के समान परम्परा निमित्तहेतु नहीं माना जा सकता। इस शङ्का के समाधान में कल्पतरुकार अमलानन्द का कथन है कि यहाँ बीजाङ्कुर के दृष्टान्त से उत्तरोत्तर जीवाविद्याक्रिया का पूर्वपूर्वभ्रमनिमित्तकत्व का परिपादन भी भामतीकार को अभिमत है और जीव के अनित्यत्व की शङ्का समीचीन नहीं है।[2]

इतरेतराश्रयदोष के सम्बन्ध में वेदान्तिकों का कथन है कि उत्पत्ति, ज्ञप्ति तथा स्थिति के परिवर्तन के द्वारा ही आत्माश्रय तथा इतरेतराश्रय में दोष होता है, अन्यथा नहीं। उत्पत्ति में आत्माश्रयत्व के प्रतिबन्धक होने से कार्यकारणभाव की ही अभिसिद्धि की जाती है।[3]

१. न च अविद्यायाः स्वतः जीवात्मविभागः, अपि च जीवात्मविभागे सत्याश्रयाविद्यान्योन्याश्रयापत्तिः सावकाशा, अनादित्वेन जीवाविद्ययोर्बीजाङ्कुरवदनवद्यत्वयोगात्।
(भामती, १।१।६, पृ० २३५)
तथा—न चैवमन्योन्याश्रयो जीवविभागाश्रयाविद्या अविद्याश्रयश्च जीवविभाग इति बीजाङ्कुरवदनादित्वात्।
(भामती, १।४।२२ पृ० ४२१)

२. जीवाविद्ययोर्बीजाङ्कुरवद्धेतुमत्त्वे जीवानित्यत्वं स्यात्, तस्मादुत्तरोत्तराविद्यक्लेशानां पूर्वपूर्वभ्रमनिमित्तकत्वमवाक्लृप्तम्।
(वे० क०, १।२।६, पृ० २३६)

३. उत्पत्तिज्ञप्तिप्रतिबन्धेन ह्यात्माश्रयस्य दोषता। (वे० क०, वही)

कारण का कार्य में पूर्ववृत्तित्व आवश्यक है। किन्तु कोई अन्य अपना पूर्ववर्ती नहीं हो सकता। इस प्रकार कोई अन्य अपना कारण नहीं हो सकता। इस प्रकार उत्पत्ति में अन्योन्याश्रय से कार्यकारणभाव की सिद्धि सम्भव नहीं। इसी तरह स्थिति में इतरेतराश्रयत्व से भी कार्य-कारणभाव की सिद्धि नहीं हो सकती। यदि घट को पट का कारण माना जाय और पट को घट का कारण माना जाय तो घट की उत्पत्ति भी असम्भव है और न ही पट की। इसी के समान ज्ञप्ति में भी इतरेतराश्रयत्व दोष का कारण होता है, यदि घट ज्ञान को इन्द्रियज्ञानाधीन मानें और इन्द्रियज्ञान को घटज्ञानाधीन मानें तो दोनों ज्ञानों के इतरेतराधीन होने के कारण न तो घट ज्ञान सम्भव हो सकेगा और न ही इन्द्रिय ज्ञान। घट का ज्ञान इन्द्रिय अधीन तभी माना जा सकता है जब कि इन्द्रिय का ज्ञान घटज्ञान से निरपेक्ष माना जाय। अतएव इसके समान स्थिति में भी इतरेतराश्रयत्व दोष का कारण होता है। इस प्रकार स्थिति में भी इतरेतराश्रयत्व दोष का कारण होता है। यदि कुण्ड और बदर दोनों की स्थिति इतरेतराश्रित हो तो इनमें से किसी का भी स्थान की व्यवस्था सम्भव नहीं है। इस प्रकार हमने देखा कि उत्पत्ति, ज्ञप्ति तथा स्थिति के प्रतिबन्धक रूप में इतरेतराश्रयत्व दोष का कारण होता है।

किन्तु पहलेरूप में जीव और अविद्या में इतरेतराश्रयत्व दोष का कारण नहीं बन सकता। जीव और अविद्या दोनों के अनादि होने के कारण इनकी उत्पत्ति नहीं हुई। अतः उत्पत्तिविषयक इतरेतराश्रयता इन दोनों के बीच नहीं है। ज्ञप्ति के सम्बन्ध में भी इनमें इतरेतराश्रयता नहीं है। क्योंकि जीव की प्रतीति स्वतः होती है जब कि अविद्या की प्रतीति जीव के बल पर होती है। स्थिति के सम्बन्ध में भी जीव और अविद्या के बीच इतरेतराश्रयता नहीं है, क्योंकि जीव और अविद्या दोनों के अमूर्त होने के कारण इनमें कुण्ड और बदर के समान अधराधरीभाव सम्भव नहीं है। इस तरह जीव और अविद्या के बीच न तो उत्पत्ति में इतरेतराश्रयता है, न ज्ञप्ति में और न ही स्थिति में। उत्पत्ति, ज्ञप्ति तथा स्थिति के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर इतरेतराश्रयता दोष का कारण नहीं होती। अवच्छेद्य और अवच्छेदक रूप इतरेतराश्रयता जो जीव और अविद्या के बीच विद्यमान है, दोष का कारण नहीं। इस प्रकार की इतरे-

तराश्रयता तो प्रमाण प्रमेय आदि में भी विद्यमान है।[1] किन्तु यह दोष का कारण नहीं मानी जाती। प्रमेयत्वाकारावगाहि प्रमाण निरूपकप्रमेयावच्छेद है, तथा प्रमेय अपने विशेषणीभूत प्रमाण में अवच्छेद्य है। इस प्रकार प्रमाण और प्रमेय के बीच भी इतरेतराश्रयता है, किन्तु इसे दोष का कारण नहीं माना जाता। अतएव जीव और अविद्या के बीच अवच्छेद्य-अवच्छेदक रूप इतरेतराश्रयता होने पर भी कोई दोष नहीं है।[2]

किन्तु इस प्रसंग में यह उल्लेखनीय है कि प्रसिद्ध बौद्ध दार्शनिक नागार्जुन ने प्रमाण और प्रमेय के बीच इतरेतराश्रयता को प्रदर्शित करते हुए प्रमाण और प्रमेय इन दोनों पदार्थों का खण्डन किया है। इस लिए प्रमाण-प्रमेय के दृष्टान्त के आधार पर भी जीव और अविद्या के इतरेतराश्रयत्वरूप दोष का निवारण सम्भव नहीं है।

वस्तुतस्तु अविद्याश्रयत्व ही जीवत्व है। जहाँ-जहाँ जीवत्व है वहाँ-वहाँ अविद्याश्रयत्व है और जहाँ जहाँ अविद्याश्रयत्व है, वहाँ-वहाँ जीवत्व है। इस प्रकार जीवत्व तथा अविद्याश्रयत्व का विचार समसामयिक है। जैसे त्रिभुज और त्रिकोणवाच्छन्नक्षेत्र का विचार समसामयिक है, इनमें कोई पहले और कोई पीछे नहीं, वैसे ही जीवत्व तथा अविद्याश्रयत्व के विचार के समसामयिक होने से इनमें इतरेतराश्रयत्वरूप दोष का प्रसंग नहीं होगा। इस प्रकार जीव को अज्ञान का आश्रय मानने पर जिस इतरेतराश्रयत्वरूप दोष की प्रसक्ति होती है, उसके निराकरण का प्रयत्न भामतीप्रस्थान के समर्थक विचारकों की ओर से किया गया है तथा जीव को अज्ञान का आश्रय माना गया है। अनन्तकृष्णशास्त्री इस सम्बन्ध में कहते हैं कि 'मैं अज्ञ हूँ' इस प्रकार का अनुभव भी जीव के अविद्याश्रयत्वपक्ष का समर्थक है। आगे वह भी मैं और अज्ञ शब्द से क्रमशः ईश्वर और जीव का बोध करती हुई जीव के अविद्याश्रयत्व पक्ष का समर्थन करती है।[3] उनका कथन है कि घटादिप्रत्यक्षज्ञान में अन्तःकरण-

---

१. न चात्मनोऽस्यनि अनादिकाले प्रवर्तमाने जीवस्य स्वतन्त्रतद्बलादविद्यायाः । ... अपि च नैष कुण्डवदन्योन्यभावेन प्रमाणविषयोरभूत्वात् । अवच्छेद्यावच्छेदकत्वं तु तत्रतत्रापि प्रमाणप्रमेयादिषु सुलभोदाहरणम् ।
(वे० क०, वही)

२. प्रमेयत्वाकारावगाहि प्रमाणं निरूपकप्रमेयावच्छेद्यं, प्रमेयं च स्वविशेषणीभूतप्रमाणावच्छेद्यमित्येवमादिष्ववच्छेद्यावच्छेदकत्वस्येतरेतरतन्त्रत्वं दृष्टम् ।
(वे० क० प०, वही)

३. ब० सू० शां० भा० १।१।१ (अनन्तकृष्णशास्त्री, टिप्पणी, पृ० ४)

वृत्ति के विलयन के द्वारा समाधिकाल तथा विवरणग्रन्थ के अभेद के ग्रहण का सिद्धान्त भी इसी पक्ष का समर्थक है।[1] विवरणप्रस्थानानुयायी भी अवस्थाज्ञान को जीवाश्रित ही मानते हैं। अन्यथा तत्त्वज्ञान से अज्ञानमात्र का विनाश मानने पर मूलाविद्या के विनाश से एक की मुक्ति होने पर सबकी मुक्ति का प्रसंग होगा। इस प्रकार भामतीप्रस्थान में जीव के अविद्याश्रयत्व पक्ष का समर्थन किया गया है।

विवरणप्रस्थान में अविद्या का आश्रय तथा विषय दोनों ही ब्रह्म को माना गया है। तथा अविद्या के आश्रय और विषय के भेद का निराकरण किया गया है। विवरणकार प्रकाशात्मयति (प्रकाशात्मा) कहते हैं कि अविद्या आश्रय और विषय के भेद की अपेक्षा नहीं करती अपितु एक ही वस्तु में आश्रयत्व तथा आवरणत्व रूप दोनों धर्मों को सम्पन्न करती है। जैसे अन्धकार अपने आश्रयभूत प्रदेश का आवरण करता है, वैसे ही अविद्या अपने आश्रय का आवरण करती है, और जैसे अन्धकार अपने आश्रय तथा आवरण के लिए दो वस्तुओं की अपेक्षा नहीं करता, वैसे ही अज्ञान भी आश्रय तथा आवरण के लिए दो वस्तुओं की अपेक्षा नहीं करता।[2]

इस पर यह शंका होती है कि जैसे ज्ञान आश्रय और विषय के भेद की अपेक्षा रखता है वैसे अज्ञान भी आश्रय और विषय के भेद की अपेक्षा रखता है। "मैं इसे जानता हूँ" इस प्रतीति के समान "मैं इसे नहीं जानता हूँ" यह प्रतीति भी आश्रय और विषय के भेद की अपेक्षा करती है।

इस शंका का समाधान करते हुए विवरणप्रमेयसंग्रहकार का कथन है कि ज्ञान में ही आश्रय और विषय के भेद की अपेक्षा होती है, अज्ञान में नहीं। अज्ञान ज्ञान का अभावमात्र नहीं, अपितु भावरूप है। भावरूप अज्ञान के लिए माया आदि शब्दों का व्यवहार होता है। यह भावरूप अज्ञान आश्रय विषयभेद-साक्षेप नहीं है। किन्तु जब अज्ञान शब्द ज्ञान के अभाव के अर्थ में प्रयुक्त होता है तब यह ज्ञान के समान

१. वही।

२. न चाश्रयत्वाश्रयत्वविषयत्वभेदमपेक्षते। किन्त्वेकमेव वस्तुत्वाश्रयत्वावरणत्वधर्मवत् सम्पादयति।

(पं० पा० सि०, पृ० १०-११)

३. न हि तमसो वस्तुद्वयापेक्षमावरणत्वम्।

(वही)

ही आश्रय और विषय के भेद की अपेक्षा रखता है। जैसे स्थिति के कर्म-निरपेक्ष होने पर भी जब इसे "आगमन" शब्द से कहा जाता है तब यह प्रश्न चलता है कि किसका आगमन और किंविषयक आगमन है, इस प्रकार वह कर्मसापेक्ष-सी प्रतीत होती है[1], वैसे ही माया अज्ञान शब्द से प्रतिपादित होने पर आश्रय और विषय के भेद की अपेक्षा रखती हुई-सी प्रतीत होती है। किन्तु वस्तुतः मायादिपदवाच्य अविद्या या अज्ञान आश्रय तथा विषय के भेद की अपेक्षा नहीं रखती।[2]

अज्ञान के आश्रय तथा विषय के भेद की अपेक्षा न रखने पर भी यह शंका होती है कि स्वयंप्रकाश चैतन्यस्वरूप ब्रह्म अज्ञान का आश्रय कैसे माना जा सकता है क्योंकि प्रकाश और अप्रकाश में स्वाभाविक विरोध है। सूर्य के उदित होने पर रात्रि का अन्धकार नहीं टिक सकता। यदि कहें कि सूर्य के प्रकाश में भी दिवाभीत को आरोपित अन्धकार का दर्शन होने से प्रकाश और अप्रकाश में विरोध नहीं तो यह ठीक नहीं, क्योंकि सूर्य के प्रकाश के विरोधी उसके समान सत्तावाले अन्धकार की तरह चैतन्य के समान सत्ता वाले अज्ञानान्तर का अभाव होने से आरोपित अज्ञान को ही चैतन्य का विरोधी माना जा सकता है, अन्यथा ज्ञान तथा अज्ञान के विरोध की प्रसिद्धि न हो एवं अज्ञान का अज्ञानत्व ही न रहे। यहाँ यह कहना भी युक्त नहीं है कि वृत्तिज्ञान ही अज्ञान का विरोधी है, क्योंकि वृत्ति के जड़ होने के कारण वह अपरोक्षस्वरूप अज्ञान का विरोधी नहीं हो सकती। यदि वृत्तिज्ञान को ज्ञानरूपाकार से अज्ञान का विरोधी माना जाय, तो उसी प्रकार चैतन्य को भी अज्ञान का विरोधी क्यों न माना जाय?

इस शंका का समाधान विवरणभावप्रकाशिका में नृसिंहाश्रम ने इस प्रकार किया है। वे कहते हैं कि यद्यपि अज्ञान चैतन्य का विरोधी अनुभूत होता है, तथापि तत्तदाकाररूप में अपरोक्षवृत्त्यभिव्यक्त चैतन्य ही चैतन्यरूप में अज्ञान का निवर्तक है, क्योंकि अपरोक्षवृत्ति ही अज्ञान-निवृत्ति के प्रतिबन्धक आवरण का विरोधी है।[3] अपरोक्षवृत्ति के उदित

---

१. यथा स्थितिः कर्मनिरपेक्षाप्यगमनशब्देनाभिधीयमाना कस्य किंविषयकगमनमिति कर्मसापेक्षवद्भाति तद्वत्। (वि० प्र० स०, पृ० १६५)

२. मायादिशब्दव्यवहारे तदभावात्। (वही)

३. यद्यपि अज्ञानस्य चैतन्यविरोधित्वमनुभूयते, तथापि तत्तदाकारापरोक्षवृत्त्यभिव्यक्तमेव चैतन्यं चैतन्यात्मना अज्ञानस्य निवर्तकम्। अपरोक्षवृत्तेरेव तन्निवृत्तिप्रतिबन्धकावरणविरोधित्वात्। (वि० भा० प्र०, पृ० २१२)

न होने पर ही अज्ञान चैतन्य का आवरण करता है।[1] प्रतिबिम्बनिष्ठ हेतु के रहने पर अज्ञान के होने पर भी आवरण का दर्शन नहीं होता। अतः ज्ञानाभावकालीन आवरण को ज्ञान के द्वारा ही निवृत्ति होने पर अप्रतिबद्ध चैतन्य अज्ञान का निरसक होता है। इस प्रकार की कल्पना को प्रमाणशून्य नहीं माना जा सकता, क्योंकि अविद्यावृत्ति में अपरोक्षवृत्ति का अन्यथाकारकत्व तथा ये तद्वत् जानता हूँ[2] इस प्रकार चैतन्य-सामान्य के साथ अज्ञान के अविरोध का अनुभव ही इसमें प्रमाण है। इस कारण स्वप्रकाश चैतन्य अपरोक्षवृत्ति के अभाव में अज्ञान का साधक एवं अविरोधी होने के कारण अज्ञान का आश्रय ही सकता है।[3] सूर्य के दृष्टान्त के द्वारा प्रकाशमान होने से भी चैतन्य के अज्ञानाश्रयत्व का विरोध नहीं किया जा सकता, क्योंकि भिन्नविषयक ज्ञान तथा अज्ञान का एकाश्रयत्व सम्भव है।[4] इसी प्रकार ज्ञानस्वरूप चैतन्य तथा अज्ञान के आश्रयाश्रयिभाव में भी कोई विरोध नहीं है।[5]

यहाँ यह शङ्का होती है कि 'मैं अज्ञ हूँ' यह अनुभव इस बात में प्रमाण है कि अन्तःकरणविशिष्ट चैतन्य अर्थात् जीव ही अज्ञान का आश्रय है, विशुद्ध चैतन्य नहीं। तब विशुद्ध चैतन्यस्वरूप ब्रह्म को अज्ञान का आश्रय कैसे माना जा सकता है?

इस शङ्का का समाधान विद्यारण्य ने चित्रदीपप्रमेयसंग्रह में इस प्रकार किया है। वे कहते हैं कि जैसे लोहा जलता है। इस प्रतीति में दाहकर्तृत्व और लोहा इन दोनों का एक अग्नि के साथ सम्बन्ध होने से परस्पर सम्बन्ध का अवभास होता है,[6] किन्तु वस्तुतः लोहे में दाहकर्तृत्व नहीं है, वैसे ही अज्ञान और अन्तःकरण का एक आत्मा के साथ

---

१. अज्ञानं हि अपरोक्षावृत्त्यन्यथैव फलत्वमावृणोति।

(चि० भा० प्र० पृ० २१२)

२. तस्मात् स्वप्रकाशस्यापि चैतन्यस्यापरोक्षवृत्तिविरहदशायां अज्ञानस्याधिकत्वा-तदविरुद्धत्वाच्च तदाश्रयत्वमविरुद्धम्। (वही)

३. भिन्नविषयज्ञानाज्ञानयोरेकाश्रयत्वस्य सम्भवात्। (वही)

४. तद्वदाश्रयिभावस्याप्यविरोधात्। (वही)

५. यथा "लोहं दहति" इत्यत्र दग्धृत्वदाहनयोरेकाग्निसम्बन्धात् परस्परसम्बन्धाव-भासः तद्वदज्ञानान्तःकरणयोरेकात्मसम्बन्धादेव सामान्याधिकरण्यावभासो न त्वन्तःकरणस्याज्ञानाश्रयत्वात्।

(चि० प्र० म०, पृ० १७०)

सम्बन्ध होने से उनके सामानाधिकरण्य की प्रतीति होती है, किन्तु वस्तुतः अन्तःकरण अज्ञान का आश्रय नहीं है। यदि अन्तःकरण को अज्ञान का आश्रय माना जाए तो 'अविद्या की सिद्धि होने पर अन्तःकरण की सिद्धि तथा अन्तःकरणविशिष्ट में अविद्या-सम्बन्ध' इस प्रकार अन्योन्याश्रयता का प्रसंग होगा।[1] यहाँ यह कहना भी युक्त नहीं है कि अन्तःकरण के बिना अविद्या का सम्बन्ध दुष्कर नहीं है, क्योंकि सुषुप्ति में अन्तःकरण के अभाव में भी अविद्या की स्थिति मानी जाती है।[2] उस समय चैतन्य के अतिरिक्त अविद्या का आश्रय कौन हो सकता है? अतएव विशुद्ध चैतन्य को अज्ञान का आश्रय मानना उचित है।

इस पर यह शंका होती है कि यदि अज्ञान का आश्रय अन्तःकरण-विशिष्ट चैतन्यरूप जीव को न मानकर विशुद्ध चैतन्यरूप ब्रह्म को ही माना जाय तो ब्रह्म में ही बन्धादि धर्मों की प्रसक्ति होगी जीव में नहीं।

इस शङ्का का समाधान करते हुए विवरणकार प्रकाशात्मयति (प्रकाशात्मा) का कथन है कि यद्यपि अविद्या विशुद्ध चैतन्य के साथ सम्बन्ध रखती हुई जीव और ब्रह्म के विभाग को उत्पन्न करती है तथापि ब्रह्मस्वरूप की उपेक्षा करके जीवभाग में ही पक्षपात रखती हुई संसार का उत्पन्न करती है। जैसे मुख से सम्बन्ध दर्पण बिम्ब और प्रतिबिम्ब का विभाग करके प्रतिबिम्ब भाग में ही अतिशय का आधान करता है वैसे ही अविद्या भी चिन्मात्र से सम्बन्ध रखती हुई जीव और ब्रह्म का भेद उत्पन्न करके प्रतिबिम्बस्थानीय जीव में ही असर्वज्ञत्व आदि अतिशय का आरोप करती है।[3]

शतभूषणीकार ने ब्रह्म के अज्ञानाश्रयत्व पक्ष के खण्डन के लिए निम्न-

१ अन्यथाऽविद्यासम्बन्धे सत्यन्तःकरणसिद्धिरस्य करणविशिष्टे चाविद्यासम्बन्ध इति स्यादन्योन्याश्रयता। (वही)

२ न चान्तःकरणमन्तरेणाऽविद्यासम्बन्धो न दुष्करः, सुषुप्ते समतन्त्रात्। (वही)

तथा—इण्डियन फिलोसोफी—एस० राधाकृष्णन्, भाग० २, पृ० ५३८, फुटनोट।

३ यथा मुखमात्रसम्बन्धि दर्पणादिकं बिम्बप्रतिबिम्बौ विभज्य प्रतिबिम्बभाग एवातिशयमादधाति तद्वत्। (वि० प्र० स०, पृ० १७० तथा २१९)

लिखित अनुमान वाक्यों का प्रयोग किया है :— विवादाध्यासित अज्ञान का आश्रय ज्ञानस्वरूप ब्रह्म नहीं हो सकता, अज्ञान होने के कारण शुक्त्यादि के अज्ञान के समान। २—अज्ञान का आश्रय ज्ञाता हो सकता है। ब्रह्म अज्ञान का आश्रय नहीं हो सकता है, क्योंकि वह ज्ञातृत्वधर्म से रहित है घटादि के समान।

उपर्युक्त अनुमानवाक्यों के सम्बन्ध में शतभूषणीकार अनन्तकृष्ण शास्त्री कहते हैं कि ये अनुमानवाक्य अपने साध्य की सिद्धि में समर्थ नहीं हैं। प्रथम अनुमानवाक्य शुक्त्यादि के अज्ञान का दृष्टान्तरूप में प्रदर्शित किया गया है। किन्तु शुक्त्यादिविषयक अज्ञान पल्लवाज्ञान (तूला ज्ञान) है, मूलाज्ञान नहीं। विवरणप्रस्थान में भी पल्लवाज्ञान को जीवाश्रित ही माना गया है। अतएव पल्लवज्ञान के दृष्टान्त के आधार पर मूलज्ञान के ब्रह्माश्रितत्व का निषेध युक्त नहीं है। उक्तानुमान में अज्ञानत्वरूपहेतु में पल्लवाज्ञानत्व उपाधि है।[1] अतः हेतु के उपाधियुक्त होने के कारण वह साध्य के साधन में समर्थ नहीं है। इसके विपरीत मूलाज्ञान के ब्रह्माश्रितत्व को निम्नलिखित अनुमान से सिद्ध किया जा सकता है। विवादाध्यासित अज्ञान ब्रह्माश्रित है क्योंकि वह पल्लवाज्ञान न होते हुए अज्ञान है।

इसी प्रकार शतदूषणीकार द्वारा प्रयुक्त द्वितीय अनुमान वाक्य के सम्बन्ध में शतभूषणीकार का कथन है कि यह भी अपने साध्य के साधन में सर्वथा असमर्थ है। इस अनुमानवाक्य में प्रदर्शित घटादि के अज्ञान का अनाश्रयत्व इस कारण से नहीं है कि घटादि में ज्ञातृत्व का अभाव है, अपितु इसलिए है कि वह स्वयं अज्ञान का कार्य है।[2] अतः इस अनुमानवाक्य के द्वारा भी ब्रह्म के अज्ञानाश्रयत्व का खण्डन नहीं किया जा सकता। जीव के अनाश्रयत्व पक्ष के खण्डन में अनन्तकृष्णशास्त्री का कहना है कि शुक्तिकाज्ञान की तरह मूलाज्ञानको भी जीवाश्रित मान लिया जाय, तो शुक्तिकाज्ञान के कार्य शुक्ति के समान मूलाज्ञान का कार्य जगत् भी प्रातिभासिक हो जायगा और प्रकार ब्रह्मसाक्षात्कार के बिना व्यवहार दशा में ही उसका बाध मानना होगा। यदि पल्लवाज्ञान की तरह मूलाज्ञान भी जीवाश्रित ही माना जाय तो मूलाज्ञान का आश्रय न

---

१. शतदूषणी, भाग २, पृ० ३८

२. शतभूषणी (वही)

होने से ब्रह्म इस प्रपंच का उपादान कारण नहीं हो सकेगा। किंच प्रपंच-रूप में अज्ञान के परिणत होने से पूर्व अज्ञानावच्छिन्न चैतन्यरूप जीव की सिद्धि सम्भव न होने से उसे अज्ञान का आश्रय कैसे माना जा सकेगा? अतएव मूलाज्ञान को पञ्चकोशाज्ञान से भिन्न मानते हुए उसे ब्रह्माश्रित मानना ही सर्वथा युक्तिसंगत है।[1]

ब्रह्म के अज्ञानाश्रयत्व पक्ष के समर्थन में चित्सुखीकार का कथन है कि ब्रह्म को अज्ञान का आश्रय माने बिना उसके सर्वज्ञत्व की सिद्धि भी सम्भव नहीं है। सर्वज्ञत्व या तो स्वरूपतः होता है, या प्रमाणों के द्वारा होता है। दोनों प्रकार का सर्वज्ञत्व अविद्या के सम्बन्ध के बिना उपपन्न नहीं है।[2] यदि ब्रह्म का सर्वज्ञत्व स्वरूपभूत प्रज्ञा के द्वारा माना जाय तो अखण्ड ब्रह्म का अविद्या के बिना सब अर्थों के साथ सम्बन्ध नहीं हो सकता अतः सर्वज्ञत्व की उपपत्ति के लिए ब्रह्म का अविद्या से सम्बन्ध मानना ही होगा। प्रमाणों के द्वारा ब्रह्म में सर्वज्ञत्व मानने पर भी अनादि अविद्या के सम्बन्ध के बिना प्रमातृत्व तथा प्रमाणप्रमेय सम्बन्ध की सिद्धि नहीं हो सकती, अतः इस पक्ष में भी सर्वज्ञत्व की सिद्धि के लिए ब्रह्म का अविद्या से सम्बन्ध स्वीकार करना ही पड़ेगा।[3] शंकराचार्य ने भी मायोपाधिक ब्रह्म (ईश्वर) को ही जगत का कारण तथा सर्वज्ञत्वादिलक्षण से युक्त माना है।[5] मायोपाधि से रहित ब्रह्म में सर्वज्ञत्वादि धर्मों की सङ्गति सम्भव नहीं है, क्योंकि निर्गुण एवं निरुपाधिक ब्रह्म सभी धर्मों से रहित है। इस प्रकार विवरणप्रस्थान में ब्रह्म के अविद्याश्रयत्व पक्ष का समर्थन किया गया है।

आभासवादी सुरेश्वराचार्य ने भी ब्रह्म को ही अविद्या का आश्रय स्वीकार किया है।[6] उनके मत में ब्रह्म और अविद्या में आश्रयाश्रित

---

१. ज्ञानभूषणी (ब्रह्म)

२. स्वरूपतः प्रमाणैर्वा सर्वज्ञत्वं द्विधा भवेत्।
तच्चोभयं विनाऽविद्यासम्बन्धं नोपपद्यते॥ (चित्सुखी, पृ० ५३८)

३. अखण्डस्य ब्रह्मणो नाविद्यामन्तरेणाशेषार्थसंगतिरिति सर्वज्ञत्वोपपत्त्यर्थमेव साम्भूपगमनीया। (चित्सुखी, पृ० ५३८)

४. प्रमाणतः सर्वज्ञत्वेऽपि प्रमातृत्वस्य प्रमाणप्रमेयसम्बन्धस्य चाविद्यारिसरमणीयानाद्यविद्यासम्बन्धमन्तरेणासिद्धेः। (वही)

५. मायोपाधिर्जगद्योनिः सर्वज्ञत्वादिलक्षणः। (वाक्यवृत्ति)

६. डॉ० बी० पी० उपाध्याय, लाइट्स ऑन वेदान्त, पृ० १०५।

तथा विषयविषयी भाव सम्बन्ध है। यह सम्बन्ध अनादि एवं नैसर्गिक है। अविद्या आत्मा की सर्जनात्मिका शक्ति है, अतः आत्मा अविद्या से सदैव सम्बद्ध रहता है।[1] किन्तु इस नैसर्गिक सम्बन्ध के विपरीत सुरेश्वराचार्य ने अपने आभास प्रस्थान में एक अन्य प्रकार का सम्बन्ध भी माना है जो अविद्या की आभासरूपता के अधिक अनुकूल है। अविद्या आभास के द्वारा कूटस्थ आत्मा से सम्बद्ध होती है अतएव आत्मा के साथ इसका सम्बन्ध भी आभासात्मक है। इस आभासात्मक सम्बन्ध के द्योतनार्थ उन्होंने आत्मा और आत्मज्ञान का सम्बन्ध आत्मानात्मत्वरूप बतलाया है। यह सम्बन्ध अविद्या तथा आत्मा के आपाततः तादात्म्य का द्योतक है। उन्होंने स्पष्टरूप से आत्मा तथा अविद्या के सम्बन्ध को "प्रकल्पित" "अविद्योत्थसंस्थ" तथा "अविचारितसिद्ध" कहा है।[2] प्रत्यगात्मा में अविद्या की स्थिति स्वतः या परतः किसी भी प्रकार उपपन्न नहीं हो सकती।[3] सकल विकारी एवं अनात्म अविद्या का निःसंग, कूटस्थ तथा पूर्णचित्तत्व से वास्तविक योग सम्भव नहीं है।[4] अतएव जैसे घृतपिण्ड प्रदीप्त अग्नि का आलिंगन तिरोहित रूप से करता है वैसे ही अविद्या भी प्रत्यगात्मा का आलिंगन प्रत्याख्यातत्वरूप से ही करती है।[5] इस प्रकार सुरेश्वराचार्य ने प्रत्यगात्मरूप ब्रह्म तथा अविद्या के सम्बन्ध को आभासात्मक माना है।

इस प्रकार हमने देखा कि अविद्या के आश्रय के सम्बन्ध में दोनों प्रस्थानों में पर्याप्त मतभेद है। भामतीप्रस्थान में अविद्या का आश्रय जीवको माना गया है। जबकि विवरणप्रस्थान में ब्रह्म को। सुरेश्वराचार्य ने भी ब्रह्म को ही अविद्या का आश्रय माना है। तथापि उनके मत में जीव तथा अविद्या दोनों ही आभासरूप हैं। अतएव उन्होंने प्रत्यगात्मस्वरूप ब्रह्म तथा अविद्या के सम्बन्ध को भी आभासात्मक ही स्वीकार किया है।

१ बृ० उ० भा० वा०, ४।३।१७८४–८५

२. योऽविद्यादिसम्बन्धः संज्ञाविद्याप्रकल्पितः (बृ० उ० भा० वा०, ४।६।९५)
अन्वयः सर्गतो नेयस्त्वविचारितसिद्धिकः।
अविज्ञातचिदुत्थस्तस्मन्नैवेह न वस्तुनि॥ (वही, १।४।१३२३)

३ न स्वतः परतो वाऽपि वस्तुतः प्रत्यगात्मनि। (वही, ४।३।११०९)

४ वही, १।२।३०५

५ प्रत्याख्यातात्मनैवेयं प्रत्यगात्मानमेकलम्॥
आविशत्यलिङ्गते वह्निं घृतपिण्डमिवोल्बणम्॥ (वही, ४।३।११८०)

चतुर्थ अध्याय

जीव

शंकराचार्यसम्मत जीव और ब्रह्म का सम्बन्ध

शंकराचार्य ने जीव और ब्रह्म के अभेद को स्वीकार किया है। उनके मत में जीव ब्रह्म से भिन्न नहीं है, वह परमार्थतः ब्रह्मरूप ही है। श्रुतियों में जीव को अज, नित्य और अविकारी कहा गया है[1] तथा अविकृत ब्रह्म को ही शरीर में जीवरूप से अवस्थित माना गया है।[2] यह आत्मा ब्रह्म है, मैं ब्रह्म हूँ तुम वही (ब्रह्म) हो इत्यादि श्रुतियाँ स्पष्टरूप से जीव और ब्रह्म के अभेद का प्रतिपादन कर रही हैं।[3]

किन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं कि शंकराचार्य जीव और ब्रह्म के औपाधिकभेद को भी नहीं मानते। इनके औपाधिक भेदका प्रतिपादन करते हुए वे कहते हैं कि जैसे उपाधिपरिच्छिन्न घटाकाश से अनुपाधिक अपरिच्छिन्न आकाश भिन्न है, वैसे ही अविद्याकल्पित कर्त्ता भोक्ता विज्ञानात्मा जीव से परमेश्वर भिन्न है।[4] अन्तराधिकरण के 'अनवस्थितेरसंभवाच्च नेतरः" इस सूत्र के भाष्य में शंकराचार्य का कथन है कि यद्यपि विज्ञानात्मा जीव परमात्मा से अनन्य ही है तथापि अविद्याकृत मर्त्यत्व तथा भय के अध्यारोप के कारण उसमें अमृतत्व तथा अभयत्व की उपपत्ति नहीं होती।[5] इसी प्रकार सर्वत्रप्रसिद्धयधिकरण भाष्य में वे

---

१ अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणः। (कठ० उ० २।१०)

२. तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्। (तै० उ० २.६।१), अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि। (छा० उ० ६।३।२)

३ अयमात्मा ब्रह्म। (बृ० उ० २।५।१९); तत्त्वमसि (छा० उ० ६।८।७); अहं ब्रह्मास्मि (बृ० उ० १।४।१०)

४ परमेश्वरस्यविद्याकल्पितात्कर्तृभोक्तृविज्ञानात्माख्यादन्यः।..... यथा वा घटाकाशादुपाधिपरिच्छिन्नादनुपाधिरपरिच्छिन्न आकाशोऽन्यः।

(ब्र० सू० शां० भा० १।२।१७)

५ यद्यपि विज्ञानात्मा परमात्मनोऽनन्य एव, तथाप्यविद्याकामकर्मकृत तस्मिन् मर्त्यत्वमध्यारोपितं भयं चेत्यमृतत्वाभयत्वे नोपपद्यते।

—ब्र० सू० शां० भा० १।२।१७

कहते हैं कि जीव कर्त्ता, भोक्ता, धर्माधर्म का साधन तथा सुखदुःख युक्त है, इनके विपरीत परमेश्वर अपहतपाप्मत्वादिगुण वाला है।[1] इसीतरह दहराधिकरण भाष्य में शंकराचार्य का कथन है कि अविद्या-प्रयुक्त स्वरूपाज्ञान के कारण जीव नानाविध क्लेशपाशों में बद्ध होकर त्रिविध तापों का भाजन-सा बना रहता है। स्थाणु में पुरुष बुद्धि के समान द्वैतलक्षणा अविद्या के कारण जब तक जीव को अपने कूटस्थ नित्य तथा दृक्स्वरूप का ज्ञान नहीं हो जाता तभी तक जीव का जीवत्व है। जब जीव को अपने वास्तविक स्वरूप का ज्ञान हो जाता है और जब वह यह जान लेता है कि वह देहेन्द्रियमनोबुद्धि का संघात नहीं है किन्तु चैतन्य-स्वरूप आत्मा है, तब वह कूटस्थ नित्य, दृक्स्वरूप आत्मा हो जाता है।[2] किन्तु जीव के स्वमहिमप्रतिष्ठित होने के पूर्व तक कर्मकर्तृत्वादिरूप समस्त भेदव्यवहार बने रहते हैं।[3] इस प्रकार हम देखते हैं कि शंकराचार्य ने जीव और ब्रह्म के पारमार्थिक अभेद को मानते हुए भी इनके औपाधिक भेद को स्पष्ट शब्दों में स्वीकार किया है।

यहाँ यह शंका होती है कि जब पारमार्थिक दृष्टि से निर्गुण, निर्विशेष निरुपाधिक ब्रह्म ही एकमात्र सत् है, तब कर्तृत्व भोक्तृत्व सुखित्व दुःखित्वादि धर्मविशिष्ट जीव की व्याख्या किस प्रकार की जा सकती है? मनुष्य अपने आपको कर्त्ता, भोक्ता, सुखी, दुःखी इत्यादि रूपों में अनुभव करता है। इस अनुभूति को सर्वथा असत् कैसे माना जा सकता है? अतः इन धर्मों से विशिष्ट जीव की सत्ता को स्वीकार करना ही होगा। किन्तु प्रश्न है कि निर्गुण एवं निर्विशेष ब्रह्म से सगुण एवं सविशेष जीव के प्रकट होने की समुचित व्याख्या कैसे की जा सकती है?

यह एक ऐसा प्रश्न है कि जिसने न केवल भारतीय विचारकों को ही अपितु पाश्चात्य दार्शनिकों को भी परेशान कर रखा है। प्रसिद्ध पाश्चात्य

---

१. एक कर्त्ता भोक्ता धर्माधर्मसाधनं सुखदुःखादिमांश्च। एकस्तद्विपरीतोऽपहतपाप्मत्वादिगुणः। (ब्र० सू० शां० भा० १।२।८)

२. यावदयं हि स्थाणाविव पुरुषबुद्धिं द्वैतलक्षणामविद्यया निवर्तयन् कूटस्थं, नित्यदृक्स्वरूपमात्मानमद्वयं ब्रह्माहमीति न प्रतिपद्यते तावज्जीवस्य जीवत्वम्। यदा तु देहेन्द्रियमनोबुद्धिसंघाताद् व्युत्थाप्य बुद्ध्या प्रतिबोध्यते तदा''''स एव कूटस्थनित्यदृक्स्वरूप आत्मा भवति। (ब्र० सू० शां० भा० १।३।१९)

३. तदपेक्षया च कर्मकर्तृत्वादिभेदव्यवहारो न विरुध्यते।

(ब्र० सू० शां० भा० १।२।६)

विचारक "ब्रैडले" कहते हैं कि हम यह नहीं जानते कि "ऐब्सोल्यूट" (Absolute) अपने आपको क्यों और किस प्रकार अनेक केन्द्रों में विभक्त कर लेता है और विभक्त हो जाने पर भी वह कैसे एक बना रहता है।[1] इसी प्रकार प्रसिद्ध दार्शनिक ग्रीन (Green) भी यह स्वीकार करते हैं कि अनन्त चेतना अपने आपको सान्त जीवों के माध्यम से उत्पन्न तथा अभिव्यक्त करने का प्रयास क्यों करती है, यह एक ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर नहीं दिया जा सकता।[2]

प्रसिद्ध दार्शनिक बोसांके (Bosanquet) के सामने भी यह प्रश्न है कि इस सान्त जगत् का अस्तित्व क्यों है। वे भी यह स्वीकार करते हैं कि अनन्त से सान्त जगत् की रचना का कारण नहीं बताया जा सकता। विलियम जेम्स (William James) के सामने भी यह समस्या उपस्थित है। (Absolute) अपने अखण्ड अनुभव की परिपूर्णता से भ्रष्ट क्यों हुआ और उसने अपने आपको हमारे अनन्त अनुभवों प्रतिबिम्बित क्यों किया ?[3] इसी तरह सुप्रसिद्ध दार्शनिक डॉ० राधाकृष्णन् के सामने भी यह प्रश्न है कि अपरिवर्तनशील आत्मा किस प्रकार सान्त प्रतीत होता है, एवं चैतन्य का शाश्वत प्रकाश कैसे आच्छादित हो सकता है, जब कि वह सभी सम्बन्धों से रहित है।[4]

---

1. "We do not know why or how the Absolute divides itself into centres, or the way in which so divided, it still remains one."

   (Appearence and Reality, pp 226–27)

2. But why the Absolute mind should reproduce itself through finite organisms, why it should try to realise itself through them, are questions which Green admits cannot be answered (D M, Datta; Chief Currents of Contemporary Philosophy, P. 16)

3. Why should the Absolute ever have lapsed from the perfection of its own integral experience and refrected itself into all over finite experiences ?

   (A Pluralistic Universe p. 120)

4. How does the unchanging *Atman* appears as limited, how can the eternal light of intelligence be darkened by

इस प्रश्न का उत्तर देते हुए वे कहते हैं कि आत्मा शरीर, इन्द्रिय, मन, विषय इत्यादि उपाधियों के सम्बन्ध से ही अपने व्यावहारिक रूप (जीवत्व) को प्राप्त होता है। किन्तु आत्मा और जीव का यह सम्बन्ध अनिर्वचनीय, माया एवं रहस्यात्मक है।[1]

शंकराचार्य ने भी जीव और ब्रह्म के सम्बन्ध को मायिक स्वीकार किया है तथा अनिर्वचनीय स्वभाव वाली माया के द्वारा इसकी व्याख्या करने का प्रयास किया है। यदि परब्रह्म ही एकमात्र सत्य है, इसके अतिरिक्त अन्य कुछ भी सत्य नहीं तो फिर यह उच्चावच प्रपंच कैसे प्रतिभासित होता है। इस प्रश्न के उत्तर में उन्होंने श्रुति, युक्ति तथा अनुभव के आधार पर एक ऐसी बीजभूत परमात्मशक्ति का सद्भाव माना है जिसके व्यपाश्रय से अद्वितीय ब्रह्म इस नामरूपात्मक प्रपंच की कारणता का निर्वहण करता है। इसी परमेश्वरशक्ति या मायामयी, अविद्यात्मिका बीजशक्ति के निमित्त ही जीव अपने आपको ब्रह्म से भिन्न समझता है और उसके सभी व्यवहारों की सिद्धि होती है।[2] इसी मायामयी महाशक्ति से संसारी जीव भ्रमित रहते हैं और अपने स्वरूप की अज्ञानता के कारण लौकिक व्यवहारों में प्रवृत्त होते हैं। यह माया या अविद्या न तो सत् है और न ही असत्। यदि यह सत् होती तो ब्रह्म का प्रतीत होती यह और कभी इसका बाध नहीं होता। यदि यह सर्वथा असत् होती तो यह नामरूपात्मक प्रपंच का अवभासिका नहीं होती। सत् और असत् के परस्पर विरोधी होने के कारण माया को सदसत् भी नहीं कहा जा सकता है। अतः सत्, असत् तथा सदसत् से विलक्षण होने के कारण यह अनिर्वच-

any object, whatever, since it is free from all relations.
(Indian Philosophy Vol. II P 604)

1 It is the relation between the Upadhis or bodies, senses, mind and sense-objects that accounts for its phenomenal character, but this relation between the *Atman* and the psychological self is inexplicable, *maya* or mysterious (Indian Philosophy Vol. II, P 604)

२ अविद्यात्मिका हि बीजशक्तिरव्यक्तशब्दनिर्देश्या परमेश्वराश्रया मायामयी महासुप्तिः, यस्यां स्वरूपप्रतिबोधरहिताः शेरते संसारिणो जीवाः।... अविद्या तन्त्रैव जीवस्य सर्वे संव्यवहाराः सकलाश्च बन्धाः।

(ब्र० सू० शां० भा०, १।४।३)

सीय है। इसे भिन्न, अभिन्न तथा भिन्नाभिन्न भी नहीं माना जा सकता और न ही इसे सांग,अनंग तथा सागानंग भी कहा जा सकता है।[1] इसी अनिर्वचनीय माया के द्वारा ही शंकराचार्य ने एक अद्वितीय चिन्मात्र ब्रह्म तत्त्व से नानाविध जीव और जगत् का अवभास माना है। इस प्रकार उन्होंने अस्पष्ट शब्दों में इस तथ्य को स्वीकार किया है कि सांत जीव अनन्त ब्रह्म के स्वरूप का अवगाहन करने में सर्वथा असमर्थ है। ज्ञान के सीमित साधनों के द्वारा असीम चिदात्मतत्त्व के रहस्य का उद्घाटन सम्भव नहीं है। अनन्त की महिमा को अनन्त ही समझ सकता है। अतः अनन्त की महिमा को पहचानने के लिए मनुष्य को स्वयं अनन्त-रूप बन जाना होगा।[2]

जीव और ब्रह्म के पारस्परिक सम्बन्ध के प्रसंग में शंकरपूर्व वेदान्त में भी विचार किया गया है। शंकराचार्य ने अपने शारीरक भाष्य में आश्मरथ्य, औडुलोमि तथा काशकृत्स्न के सिद्धान्तों का उल्लेख करते हुए जीव और ब्रह्म में अभेद को स्वीकार करने वाले काशकृत्स्न के सिद्धान्त का समर्थन किया है। आश्मरथ्य के मत में जीव और ब्रह्म में कथंचित् भेद है और कथंचित् अभेद। वे कहते हैं कि जैसे वह्नि से निकलते हुए वह्नि के विकाररूप विस्फुलिंग न तो वह्नि से सर्वथा भिन्न हैं और न ही सर्वथा अभिन्न वैसे ही ब्रह्मविकार जीव भी न तो ब्रह्म से सर्वथा भिन्न है और न ही सर्वथा अभिन्न। वह्निविकार विस्फुलिंग को वह्नि से भिन्न नहीं माना जा सकता क्योंकि यह वह्निरूप है। किन्तु इसे वह्नि से सर्वथा अभिन्न भी नहीं माना जा सकता, क्योंकि ऐसा मानने पर वह्नि के समान विस्फुलिंगों की परस्पर व्यावृत्ति के अभाव की प्रसक्ति होगी। इसी प्रकार ब्रह्मविकार जीव को ब्रह्म से अत्यन्त भिन्न नहीं माना जा सकता क्योंकि ऐसा मानने पर जीव के चिद्रूपस्वभाव की प्रसक्ति होगी। तथापि इसे ब्रह्म से अत्यन्त अभिन्न भी नहीं माना जा सकता क्योंकि ऐसा मानने पर परस्पर व्यावृत्ति सम्भव नहीं होगी तथा सर्वज्ञ के प्रति दिया गया उपदेश व्यर्थ होगा।[3]

---

१ सन्नाप्यसन्नाप्युभयात्मिका नो भिन्नाप्यभिन्नाप्युभयात्मिका नो।
सांगाप्यनंगाप्युभयात्मिका नो महाद्भुतानिर्वचनीयरूपा॥
(विवेकचूडामणि, श्लोक १११)

२. ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति।

३. यथा हि वह्नेर्विकारा व्युच्चरन्तो विस्फुलिंगा न वह्नेरत्यन्तं भिद्यन्ते, तद्रूप-

किन्तु औडुलोमि के मत में जीव ब्रह्म से अत्यन्त भिन्न है। ब्रह्मज्ञान के उपरान्त देहेन्द्रियमनोबुद्ध्यहंकाररूप उपाधि के सम्पर्क से रहित हो जाने एवं मुक्त हो जाने पर वह ब्रह्म में अभिन्न हो जाता है। भविष्यकालिक अभेद के आधार पर भेदकाल में भी अभेद का व्यवहार होता है। जबतक मुक्ति नहीं हो जाती तभी तक जीव और ब्रह्म का भेद है। मुक्तावस्था में भेदहेतु के अभाव में भेद नहीं रह जाता। इस प्रकार औडुलोमि के मत में बद्ध जीव ब्रह्म से भिन्न है किन्तु मुक्त जीव ब्रह्म से अभिन्न है।[1]

काशकृत्स्न आचार्य के मत में जीव और ब्रह्म में वास्तविक अभेद है। जीव ब्रह्म से भिन्न नहीं और न ही ब्रह्म का विकार है। किन्तु अविद्योपाधि से अवच्छिन्न ब्रह्म ही जीव रूप में कल्पित है। जैसे घटमणिकादिरूप उपाधियों से अवच्छिन्न आकाश घटाकाश तथा मणिकाकाश परमाकाश से न तो भिन्न है और न ही उसका विकार है, वैसे ही जीव भी ब्रह्म से न तो भिन्न है और न ही उसका विकार है अपितु वह ब्रह्मरूप ही है।[2]

शंकराचार्य ने जीव और ब्रह्म के पारमार्थिक सम्बन्ध के प्रश्न पर काशकृत्स्न के मत का ही समर्थन किया है। वे कहते हैं कि विज्ञानात्मा और परमात्मा का अविद्याप्रत्युपस्थापितनामरूपरचितदेहाद्युपाधिनिमित्तकभेद पारमार्थिक नहीं है। काशकृत्स्न का यह सिद्धान्त ही सभी वेदा

निरूपणात्वात्, नापि ततोऽत्यन्तभिन्नता, ब्रह्मैव परमार्थतोऽन्यभावप्रसंगात्, तथा जीवात्मनोऽपि ब्रह्मविकारत्वे न ब्रह्मणोऽत्यन्तं भिद्येते, चिद्रूपस्वाभावप्रसंगात् सर्वज्ञ प्रत्युपदेशवैयर्थ्याच्च। तस्मात्कथंचिद्भेदो जीवात्मपरमात्मभेदश्च। (भामती—१।४।२० प्रतिज्ञासिद्धेर्लिंगमाश्मरथ्यः)।

१. उत्क्रमिष्यत एवं भावादित्यौडुलोमिः, ब्र० सू० १।४।२१—भामती—भविष्यन्तमभेदमुपादाय भेदकालेऽप्यभेद उक्तः। यथाहु पाचरात्रिकाः—
"आमुक्तेर्भेद एव स्याज्जीवस्य च परस्य च।
मुक्तस्य न मतोऽस्ति भेदहेतोरभावतः॥"

२. अवस्थितेरिति काशकृत्स्नः। ब्र० सू० १।४।२२—भामती—न जीव आत्मनोऽन्यः, नापि तद्विकारः, किन्त्वात्मैवाविद्योपाधिकल्पितावच्छेदः। आकाश इव घटमणिकादिकल्पितावच्छेदो घटाकाशो मणिकाकाशो न तु परमाकाशादन्यस्तद्विकारो वा।

[illegible] द्वारा स्वीकार करने योग्य है।[1] [illegible] का वह सिद्धान्त जिसके अनुसार जीव और ब्रह्म में पारमार्थिक [illegible] सम्बन्ध है एवं जीव ब्रह्म का विकार होने से ब्रह्म के आश्रित है, [illegible] नहीं। न कौण्डिन्य के उस सिद्धान्त भी का समर्थन नहीं करते जिसके अनुसार जीव और ब्रह्म में बद्धावस्था में भेद और मुक्तावस्था में अभेद माना गया है। वे तो काशकृत्स्न द्वारा प्रतिपादित उस सिद्धान्त के ही समर्थक हैं जिसके अनुसार जीव और ब्रह्म में पारमार्थिक अभेद है। भेदप्रतीति का कारण अविद्या है। विद्योदय के होने से भेदप्रतीति का बाध हो जाता है तथा जीव अपने वास्तविक स्वरूप में अवस्थित हो जाता है।

जीव और ब्रह्म के पारमार्थिक अभेद तथा औपाधिक भेद को प्रदर्शित करने के लिए शंकराचार्य ने अपने भाष्य में [illegible] "प्रतिबिम्ब" तथा 'आभास' [illegible] का [illegible] प्रकाश किया है। कहीं उन्होंने जीव और ब्रह्म [illegible] महाकाश के दृष्टान्त से और कहीं [illegible] के दृष्टान्त से [illegible]। [illegible] भाष्य में शंकराचार्य [illegible] क्रिया में [illegible] उपचरित होता है। [illegible] आकाश [illegible] परमात्मा भी जीवरूप में [illegible]

अधाधिकरण के 'आभास एव च' इस सूत्र के भाष्य में शंकराचार्य ने जीव को परमात्मा का आभास बतलाया है। वे कहते हैं कि जीव को जलसूर्यकादि के समान परमात्मा का आभास ही समझा जाना चाहिये। न तो जीव साक्षात् परमात्मारूप है और न [illegible]।[3] यहाँ यह

१ अतश्च विज्ञानात्मपरमात्मनोर्विलक्षण [illegible] मिथ्या भेदो न पारमार्थिक [illegible] ।
(ब्र० सू० शां० भा० १।४।६६)

२. पर एवात्मा देहेन्द्रियमनोबुद्ध्युपाधिभिः परिच्छिन्न इव जीव इत्युपचर्यते। यथा महत्यल्पोपाधिवशादपरिच्छिन्नमपि नभः परिच्छिन्नवदाभासते, तद्वत्।
(ब्र० सू० शां० भा० १।२।६)

३ आभास एव चैष जीवः परमात्मनो जलसूर्यकादिवत् प्रतिपत्तव्यः। न स एव साक्षान्नापि वस्त्वन्तरम्।
(ब्र० सू० शां० भा० २।३।५०)

[illegible]

[illegible] आधार पर किया है। वे [illegible] में अनुगत होकर अनेक [illegible] अनेक उपाधियों में भिन्न भिन्न [illegible] है। जैसे एक ही चन्द्र अनेक [illegible] में [illegible] अनेक प्रकार से [illegible] पड़ता है, वैसे ही एक ही भूतात्मा भिन्न भिन्न भूतों में अवस्थित उपलब्ध होता है।

[illegible]

([illegible] १५)

२. [illegible] (स्वात्मप्रकाशिका, श्लोक ६७) [illegible]

(उप० सा० श्लोक ४४)

दृष्टिच्छाया उपाख्या सम्बन्धाद्येव दर्शने।
[illegible] प्रत्यय योगी दृष्ट आ मैत्र मन्यते।

(उप० सा० [illegible])

३ [illegible] विवस्वानपोभिन्ना बहुधैकानुगश्च नृ। उपाधिना [illegible]

जैसे एक ही सूर्य अनेक [illegible] प्रतिबिम्बित होता है, वैसे [illegible] प्रतिबिम्बित होता है। [illegible] अनेक प्रकार से [illegible] है। [illegible] ही प्रतिबिम्ब पड़ता है, वैसे [illegible] प्रतिबिम्ब होता है।

[illegible] है। [illegible] के प्रतिबिम्बवाद, अवच्छेदवाद, प्रतिबिम्बवाद तथा [illegible] हुआ, [illegible] प्रवर्तित एवं प्रतिष्ठित [illegible] विस्तृत विचार प्रस्तुत कर रहे हैं।

१. अवच्छेदवाद

[illegible] का प्रयोग किया है। [illegible] कहा है। [illegible]

[illegible]

([illegible] वि० १२) [illegible] ३।२।१८

१ [illegible]

[illegible] अद्वैतब्रह्मसिद्धि श्लोक १०४।

२ [illegible] प्रतिबिम्बवदनेक-[illegible] ([illegible] ३.२)

३. [illegible]

[illegible] ([illegible] श्लोक १३)

४. [illegible]

(प्रबोधसुधाकर, श्लोक ११८)

आत्मा देशादिरूप उपाधियों के कारण परिच्छिन्नसा प्रतीत होता है। ब्रह्मसूत्र के 'ईक्षत्यधिकरण' में वे कहते हैं कि संसारी जीव ईश्वर से अन्य नहीं। जैसे घटकरकादि उपाधियों के संसर्ग से तत्तदवच्छिन्न व्योम भिन्न-भिन्न प्रतीत होता है वैसे ही देशादिसंघातरूप उपाधि के सम्बन्ध से आत्मा में भेद की प्रतीति होती है। देशादिसंघातरूप उपाधि-सम्बन्ध के अविवेक के कारण ईश्वर तथा संसारी जीव में भेद की मिथ्या बुद्धि होती है।[1] अन्तर्याम्यधिकरणभाष्य में वे कहते हैं कि शारीर जीवों और अन्तर्यामी के भेद का आदेश औपाधिक-[illegible]-कारणोपाधि के कारण है पारमार्थिक नहीं। [illegible] का उपाधिकृतभेद से घटाकाश और महाकाश के समान [illegible] होता है। इसी प्रकार अन्तर्याम्यधिकरण भाष्य में शंकराचार्य कहते हैं कि आत्मा के विभाग का परिज्ञान बुद्ध्यादि उपाधियों के [illegible] है अतः आत्मा का भेदपरिज्ञान पदार्थसम्बन्ध के कारण होता है। [illegible] शारीरकाधिकरणभाष्य में शंकराचार्य ने ईश्वर के ईशित्व का भी परिच्छिन्नता-सम्बन्धोपाधिनिमित्त ही माना है। वे कहते हैं कि ईश्वर का ईशित्व, सर्वज्ञत्व तथा सर्वशक्तिमत्त्व [illegible] उपाधियों की अपेक्षा से ही है, परमार्थतः नहीं, क्योंकि विद्या के द्वारा सभी उपाधियों के विनष्ट हो जाने पर आत्मा में ईशितृत्व, सर्वज्ञत्व आदि का व्यवहार उपपन्न नहीं होता।[4] इसी प्रकार [illegible] के भाष्य में शंकराचार्य कहते हैं कि आनन्दमय आत्मा की अवस्था से परिच्छिन्न होकर

---

१. [illegible] । [illegible] घटकरकादिसंघातोपाधिसम्बन्धात् [illegible] । [illegible] ब्र० सू० [illegible] ।

२. [illegible] पदार्थो न पारमार्थिक । [illegible] घटाकाशो महाकाश इति । (वही, [illegible])

३. बुद्ध्याद्युपाधिनिमित्त [illegible] प्रविभागप्रतिभासमात्र [illegible] घटादिसम्बन्धनिमित्तम् । (ब्र० सू० शा० भा० २।३।१५)

४. एवमविद्यात्मकोपाधिपरिच्छिन्नापेक्षमेवेश्वरस्येश्वरत्वं सर्वज्ञत्वं सर्वशक्तिमत्त्वं च न परमार्थतः । विद्यया तत्तदुपाधिसम्बन्धे आत्मनीशितृत्वसर्वज्ञत्वादिव्यवहारः उपपद्यते । (वही, २।१।१४)

जीव रूप में भासित होता है।[1]

इस प्रकार हम देखते हैं कि शंकराचार्य ने जीव और ईश्वर के स्वरूप के प्रतिपादन के लिए अपने भाष्यग्रन्थों में अनेकस्थलों पर घटाकाशादि अवच्छेदात्मक दृष्टान्तों का प्रयोग किया है। भामतीकार वाचस्पतिमिश्र ने भाष्यकार की इस प्रकार की पंक्तियों के आधार पर अवच्छेदवाद का प्रतिपादन किया है। उन्होंने नीरूप चिदात्मा के प्रतिबिम्बित होने की असम्भावना का प्रदर्शन कर प्रतिबिम्बवाद के अनौचित्य को भी प्रदर्शित किया है। अध्यासभाष्य में वे कहते हैं कि रूपवान् द्रव्य अत्यधिक स्वच्छ होने के कारण पृथक्रूप से गृह्यमाण रूपवान् द्रव्यान्तर की छाया का ग्रहण करने में समर्थ होता है। किन्तु चिदात्मा तो अपरिच्छिन्न चिन्मात्र है, अतः वह विषय की छाया को ग्रहण करने में समर्थ नहीं है। कहा भी गया है कि शब्द गन्ध; रस आदि का प्रतिबिम्ब नहीं होता।[2]

इस तरह भामतीकार ने नीरूप चिदात्मा के प्रतिबिम्बित होने की असम्भावना का प्रदर्शन करते हुए प्रतिबिम्बवाद के प्रति अपनी अनास्था प्रकट की है। साथ ही उन्होंने भामती में अनेक स्थलों पर अवच्छेदवाद का प्रतिपादन एवं समर्थन किया है। ब्रह्मसूत्र के नरव्यपदेशाधिकरण में वे कहते हैं कि जैसे घटकरकादि उपाधियों से आकाश भिन्न प्रतीत होता है, वैसे ही परमात्मा अन्तःकरणादि उपाधिभेद से भिन्न प्रतीत होता है।[3] इसी तरह आत्माधिकरण में भामतीकार कहते हैं कि जीव और ब्रह्म के भेद के औपाधिक होने के कारण घटकरकाद्युपहित आकाश के समान इनके विरुद्धधर्मसंसर्ग की उपपत्ति होती है।[4] कर्मानुस्मृतिशब्दविध्य

---

१. स एवात्मा [illegible] विभाज्यत इव च ।

(ते० उ० शां० भा० २।७)

२. रूपवद्धि द्रव्यमत्यच्छतया रूपवता द्रव्यान्तरस्य तद्विषयेण गृह्यमाणस्यापि छायामादधीत । चिदात्मा त्वरूपो विषयी न विषयच्छायामुद्ग्राहयितुमुत्सहते । यथाहुः 'शब्दगन्धरसादीनां कीदृशं प्रतिबिम्बकम्' इति ।

(भामती, पृ० ७८)

३. स एव तु अन्तःकरणोपाधिभेदात् घटकरकाद्याकाशवद् भेदेन प्रपद्यते ।

(ब्र० सू० २।३।४१, भामती, पृ० ४७२)

४. औपाधिकत्वाज्जीवब्रह्मणोर्भेदस्य घटकरकाद्याकाशवद् विरुद्धधर्मसंसर्गोपपत्तेः ।

(ब्र० सू० २।३।१७, भामती, पृ० ६०२)

धिकरण में वे कहते हैं कि जैसे घटाकाश परमाकाश से अन्य नहीं तथापि घट की सत्ता तक वह अन्य-सा प्रतीत होता है, वैसे ही अनादि अनिर्वचनीय उपाधि से कल्पित जीव वस्तुतः परमात्मा से भिन्न नहीं है। उपाधि के उद्भव और अभिभव से वह उद्भूत-सा एवं अभिभूत-सा प्रतीत होता है।[1] भामतीकार की उपर्युक्त पंक्तियों से यह स्पष्ट है कि उनके मत में उपाध्यवच्छिन्न चैतन्य ही जीव है और वे अवच्छेदवाद के समर्थक हैं। भाष्यकार शंकराचार्य द्वारा प्रदर्शित घटाकाश आदि दृष्टान्तों का संगति भी अवच्छेदवाद से ही लग पाती है। इससे सूचित होता है कि वे भी अवच्छेदवाद के ही समर्थक हैं। इस पर यह कहा जा सकता है कि जैसे भाष्यकार ने अवच्छेदपरक घटाकाश आदि दृष्टान्तों का प्रयोग किया है, वैसे ही उन्होंने प्रतिबिम्बपरक जलसूर्य आदि दृष्टान्तों का भी तो प्रयोग किया है। अतः घटाकाश आदि दृष्टान्तों के आधार पर यह कैसे माना जा सकता है कि भाष्यकार को अवच्छेदवाद से ही अभिरुचि है; प्रतिबिम्बवाद से नहीं।

उपर्युक्त शङ्का के सम्बन्ध में पञ्चपादिकाकार आचार्य पद्मपादीय का यह कथन है कि यद्यपि भाष्यकार ने अपने ग्रन्थों में प्रतिबिम्बपरक दृष्टान्तों का भी प्रयोग स्थान-स्थान पर किया है, तथापि उनका यह प्रयोग "वृद्धिह्रासभाक्त्व" इस सूत्र में वर्णित वृद्धिह्रासादिसादृश्यमूलक होने से कारण गौण है।[2] स्वयं शंकराचार्य ने 'अम्बुवदग्रहणात् न तथात्वम्' इस सूत्र के भाष्य में अमूर्त आत्मा के प्रतिबिम्बित होने की असम्भावना को स्वीकार किया है तथा अगले सूत्र में यह बताया है कि यद्यपि जलसूर्यकादि के समान अमूर्त आत्मा का प्रतिबिम्ब नहीं माना जा सकता तथापि जलसूर्यकादि दृष्टान्तों का प्रयोग वृद्धिह्रासभाक्त्वादिसादृश्य के प्रतिपादन के निमित्त ही किया गया है।[3] जिस प्रकार सूर्यादिप्रतिबिम्ब

१ यथा घटाकाशं नाम न परमाकाशादन्यत् अल्पं तन्त्र इव यावत्तावदनुवर्तते। ... एवमनादयनिर्वचनीयाविद्योपपन्नभेदोपाधिकल्पितो जीवो न वस्तुतः परमात्मनो भिद्यते तदुपाध्युद्भवाभिभवाभ्यां चोद्भूत इवाभिभूत इव प्रतीयते।
(ब्र० सू० २।३।१९, भामती पृ० ५०९)

२. तत्रत्रत्र प्रतिबिम्बव्यवहारस्तु वृद्धिह्रासभाक्त्वमुक्तलक्षणसादृश्यमूलो गौणः।
(ब्र० सू०, वे० क० परिमल, पृ० १५९)

३ सूर्यादिभ्यो हि मूर्तेभ्यः एवंभूतं बिम्बमुदयते मूर्तं जलं गृह्णते, तत्र युक्तः सूर्यादिप्रतिबिम्बोदयः, नत्वात्मा मूर्तो न चाऽस्मात्पृथग्भूता विप्रकृष्टदेशास्तो-

जलादगुणाधिगत वृद्धिह्रासादि के कारण वृद्धिह्रासादि का प्राप्त करता है, वैसे ही आत्मा भी अन्तःकरणादिगत वृद्धिह्रासादि के निमित्त वृद्धिह्रासादि को प्राप्त होता है, इतना ही जलसूर्यादि दृष्टान्त के द्वारा विवक्षित है, आत्मा का प्रतिबिम्बित होना नहीं क्योंकि दृष्टान्त तथा दार्ष्टान्तिक में सर्वथा साम्य अपेक्षित नहीं होता।[1] इसी प्रकार बृहदारण्यकभाष्य में भी 'स एष इह प्रविष्ट आ नखाग्रेभ्यः' इस वाक्य के व्याख्यान के अवसर पर सर्वगत आत्मा का देहादि में प्रवेश कैसे हो सकता है, यह शङ्का उठाई गई है। पहले इस शङ्का का समाधान देहादि में आत्मा के प्रतिबिम्ब के आधार पर करने का प्रयत्न किया गया है, किन्तु पीछे यह कह कर कि विशुद्धैकरूप उपाधि के अभाव के कारण यह सम्भव नहीं—दूसरा समाधान दिया गया है और कहा गया है कि देहादि में आत्मा का उपलब्धमात्र ही प्रवेश से विवक्षित है। पाषाणादि के समान देहादि में आत्मा की अनुपलब्धि नहीं होती, यही आत्मा के देहादि में प्रवेश का तात्पर्य है।[2] इस तरह बृहदारण्यक भाष्य में भी शङ्कराचार्य ने प्रतिबिम्बवाद में दोष प्रदर्शित किया है। अतः प्रतिबिम्बवाद शङ्कराचार्य द्वारा अभिमत नहीं है।

इस प्रकार भामतीप्रस्थान में प्रतिबिम्बवाद में दोष दिखला कर अवच्छेदवाद का समर्थन किया गया है तथा जीव को अन्तःकरणावा-

---

पाधय, सर्वगतत्वात्तस्य तदन्यत्वात्। तस्मादनुकोऽत्र दृष्टान्त इति अत्र प्रत्यक्षीयत एव न्याय दृष्टान्तो विवक्षितोऽसम्भवात्। किं पुनरत्र विवक्षितं सारूप्यमिति। तदुच्यते—वृद्धिह्रासभाक्त्वमिति।

१ यथा सूर्यादेः प्रतिबिम्बकस्य जलादगुणाधिगतवृद्धिह्रासाधीनवृद्धिह्रासादिमत्त्वं तथा तस्यापि प्रतिबिम्बकस्यान्तःकरणादिगतवृद्धिह्रासादिनिमित्तवृद्धिह्रासादिमत्त्वविवक्षया अनुवादकत्वं न तु प्रतिबिम्बत्वेन दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोः सर्वथा साम्यस्यानपेक्षितत्वादिति।

(वे० क० परिमल १।१।४, पृ० १५८)

२. बृहदारण्यकभाष्ये "स एष इह प्रविष्ट आ नखाग्रेभ्य" इति वाक्यव्याख्यानावसरे सर्वगतस्यात्मनः कथं प्रवेशो नामेति विमृश्य प्रतिबिम्ब प्रवेश इति पक्षे""दूरीकृत्य देहावयवात्मन उपलभ्यमानत्व प्रवेशः"

(वे० क० परिमल १।१।४, पृ० १५८)

अवच्छिन्न चैतन्य के रूप में माना गया है। इसके विपरीत विवरण-प्रस्थान में प्रतिबिम्बवाद का समर्थन किया गया है तथा जीव को अन्तःकरणप्रतिबिम्बित चैतन्य के रूप में स्वीकार किया गया है। विवरणकार प्रकाशात्मयति ने अवच्छेदवाद में दोष दिखलाकर इसके निराकरण का प्रयत्न किया है। विवरणप्रस्थानानुयायी अन्य विचारकों ने भी अवच्छेदवाद में अनेक दोष प्रदर्शित किये हैं। अब हम आगे अवच्छेदवाद में प्रदर्शित दोषों के सम्बन्ध में समीक्षात्मक विचार प्रस्तुत कर रहे हैं।

अवच्छेदवाद में प्रदर्शित दोषों पर समीक्षात्मक विचार

अवच्छेदवाद के सम्बन्ध में विवरणकार का यह आक्षेप है कि इसके अनुसार अन्तर्यामिब्राह्मण का समन्वय नहीं बनता। बृहदारण्यक उपनिषद् की 'य आत्मानमन्तरो यमयति' (ब० ३ ७ २२) इत्यादि श्रुति में यह कहा गया है कि ब्रह्म जीवात्मा में अन्तर्यामित्व से अवस्थित है, यह बात जीव को अन्तःकरणावच्छिन्न चैतन्य के रूप में मानने पर सम्भव नहीं है। वहाँ अन्तःकरणावच्छिन्न चैतन्य रूप जीव में अनवच्छिन्न चैतन्यरूप ब्रह्म अधिष्ठित नहीं हो सकता। जैसे घट में घटावच्छिन्न आकाश अर्थात् घटाकाश की ही वृत्ति होती है, अनवच्छिन्न आकाश की नहीं वैसे ही अवच्छिन्न जीव में अनवच्छिन्न चैतन्य की वृत्ति सम्भव नहीं है। अतः अवच्छेदवाद में द्विगुणित चैतन्य की वृत्ति सम्भव न होने से अन्तर्यामिब्राह्मण की सङ्गति नहीं होती। इसके परिणामस्वरूप ब्रह्म के सर्वगतत्व सर्वनियन्तृत्व आदि की हानि होती है।[1] प्रतिबिम्बपक्ष में तो चैतन्य का द्विगुणितवृत्तित्व से कोई आपत्ति नहीं है; क्योंकि जैसे जल में स्वभावतः रहने वाले आकाश तथा जल में प्रतिबिम्बित आकाश दोनों की एकत्र ही वृत्ति सम्भव है वैसे ही जीवावच्छेदों के भीतर ब्रह्म का नियन्तृत्वरूप से अवस्थान उपपन्न है।[2] इस प्रकार विवरणकार ने अवच्छेदवाद में अन्तर्यामिब्राह्मण की असङ्गति तथा प्रतिबिम्बवाद में इसकी सङ्गति दिखाते हुए प्रतिबिम्बवाद को श्रेष्ठ सिद्ध करना चाहा है। विवरणप्रमेयसंग्रहकार विद्यारण्यमुनि ने भी अव-

१ अनवच्छिन्नस्य ब्रह्मणोऽन्तःकरणावच्छिन्नत्वे सदसावप्रसङ्गात् तत्र सर्वगतत्वसर्वनियन्तृत्वादि ब्रह्मणो न स्यात् अवच्छिन्नस्य द्विगुणीकृत्य वृत्त्यसम्भवात्। (प० पा० वि० पृ० २८९-९०)

२ प्रतिबिम्बपक्षे तु अम्बुनभोवदाकाशयोः सम्भव प्रतिबिम्बाकाशतदन्तःपातिकाशयोरेव द्विगुणीकृत्य वृत्त्युपपत्तेः जीवावच्छेदेषु ब्रह्मणोऽपि नियन्तृत्वादिरूपेणावस्थानमुपपद्यते। (प० पा० वि० पृ० २८९-९०)

च्छेदवाद में उपर्युक्त दोष को प्रदर्शित करते हुए प्रतिबिम्ब के साधुत्व को सिद्ध करने का प्रयास किया है।[1]

किन्तु यदि हम अवच्छेदवाद के विरुद्ध प्रदर्शित दोष पर विचार करें तो यह ज्ञात होगा कि उपर्युक्त दोष प्रतिबिम्बवाद में भी समान रूप से प्रसक्त होता है। अवच्छेदवाद के समान प्रतिबिम्बवाद में भी पूर्वोक्त अन्तर्यामिब्राह्मण की संगति नहीं होती क्योंकि इसमें भी चैतन्य की द्विगुणितवृत्तिता सम्भव नहीं है। प्रतिबिम्बपक्ष में भी उसी चैतन्य का उपाधि में प्रतिबिम्ब मानना होगा, जिसका उपाधि में अवस्थान नहीं है। जलचन्द्र के दृष्टान्त में सम्पूर्ण चैतन्य का प्रतिबिम्ब नहीं माना जा सकता। उपाधि के अन्तर्गत चैतन्य का उपाधि में प्रतिबिम्ब नहीं हो सकता। मठावच्छिन्न आकाश आदि का जैसे जल में प्रतिबिम्ब होता है वैसे मठावच्छिन्न आकाश आदि का जल में प्रतिबिम्ब नहीं होता। इसी प्रकार जैसे बाहर स्थित मुख का जल में प्रतिबिम्ब दृष्टिगत होता है, वैसे जल में विद्यमान मुख का नहीं। इससे सिद्ध होता है कि उपाधिदृष्टि में अप्रविष्ट का ही प्रतिबिम्ब होता है उपाधिदृष्टि में प्रविष्ट का नहीं। [illegible] उपाधि के प्रतिबिम्ब के प्रति उपाधि में [illegible] बिम्ब बन सकता है, इस कारण बिम्बभूत चैतन्य के [illegible] अन्दर अवस्थान का अयोग होने से प्रतिबिम्बपक्ष में भी अन्तर्यामिब्राह्मण की असमंजसता तुल्य ही है।[2]

अवच्छेदवाद में एक दूसरा दोष की भी आशंका की गई है। यदि जीव को अन्तःकरणावच्छिन्न चैतन्य के रूप में स्वीकार किया जाय तो उसके कर्म करने तथा कर्मफल को भोगने के समय में पृथ्वी तथा स्वर्ग आदि में अन्तःकरणावच्छिन्न चैतन्य प्रदेशों के भिन्न-भिन्न होने के कारण कृतहानि तथा अकृताभ्यागम रूप दोष की प्रसक्ति होगी।[4]

(पृ० २३२)

१ विवरणप्रमेयसं० ।

२ यत्र प्रतिबिम्बपक्षेऽप्युपाधावन्तर्गतस्यैव चैतन्यस्य तत्र प्रतिबिम्बो वाच्यः, न तु जलान्तर्गतस्यापि मुखस्य प्रतिबिम्बः । तदन्तर्गतभागस्य तत्र प्रतिबिम्बासम्भवात् । (सि० ले० स० पृ० ११२)

३. अतो जलपतिबिम्बं प्रति मेघाकाशादेरिव अन्तःकरणाद्युपाधिप्रतिबिम्बं प्रति तदन्तर्गतस्यैव बिम्बत्वं स्यादिति बिम्बभूतस्य विकारान्तरवत्त्वायोगात् ईश्वरे अन्तर्यामिब्राह्मणासमञ्जस्यताभावस्तुल्यः । (सि० ले० स० पृ० ११३)

४. सि० ले० स०, पृ० ११३ तथा सि०, वि० प्र० स० ।

इस शङ्का के समाधान में सिद्धान्तलेशसंग्रहकार अप्पयदीक्षित कहते हैं कि उपर्युक्त दोष प्रतिबिम्बवाद में भी समानरूप से ही प्रसक्त होता है। प्रतिबिम्बपक्ष में भी उपाधि में अनन्तर्गत एवं उपाधि के सन्निहित चैतन्य प्रदेश का ही अन्तःकरण में प्रतिबिम्ब संभव है। अतएव उस-उस स्थल अन्तःकरण के गमन से बिम्ब का भेद होने के कारण प्रतिबिम्ब का भेद भी अवश्यभावी है। यदि पूर्वोक्त दोष के निवारण के लिये जीव को अन्तःकरणप्रतिबिम्बितचैतन्य के रूप में न मानकर अविद्याप्रतिबिम्बितचैतन्य के रूप में माना जाय तो अवच्छेदवाद में भी जीव को अन्तःकरणावच्छिन्न चैतन्य मानने के स्थान पर अविद्यावच्छिन्न चैतन्य मानकर पूर्वोक्त दोष का निराकरण किया जा सकता है। जैसे प्रतिबिम्बवाद में प्रतिबिम्बभेदरूप दोष का निराकरण यह कहकर किया जाता है कि अन्तःकरण के समान अविद्या में गति न होने से प्रतिबिम्बभेद की प्रसक्ति नहीं होती वैसे ही अवच्छेदवाद में भी अन्तःकरण के स्थान पर अविद्या को मानकर पूर्वोक्त दोष का निराकरण संभव है।[1]

किन्तु अवच्छेदवाद में प्रदर्शित पूर्वोक्त दोष का निराकरण अन्य प्रकार से भी किया जा सकता है। अवच्छेदवाद के अनुसार एक अन्तःकरण से अवच्छिन्न चैतन्य एक जीव है और अन्य अन्तःकरण से अवच्छिन्न चैतन्य अन्य जीव है। इसलिए अन्तःकरणों के भिन्न भिन्न होने के कारण जीवान्तरकृत कर्मों के जीवान्तरों से भाग की प्रसक्ति नहीं होती।[2]

अवच्छेदवाद के सम्बन्ध में विद्यारण्यस्वामी ने एक अन्य दोष भी प्रदर्शित किया है। उनका कथन है कि यदि आभासशून्य अन्तःकरणावच्छिन्न चैतन्य को प्रमाता माना जाय तो घटाद्यवच्छिन्न चैतन्य को भी प्रमाता (जीव) मानना पड़ेगा।[3] क्योंकि घटादि के समान अन्तःकरण भी भूतवर्गों का कार्य होने से भौतिक है। किन्तु प्रतिबिम्बवाद में इस

---

१ अन्तःकरणवदविद्यायाः गत्यभावेन प्रतिबिम्बभेदानापत्तेरिति वाच्यम्, तथैवावच्छेदवादेऽपि "अविद्यावच्छिन्नो जीव" इत्यभ्युपगमसंभवात्।

(सि० ल० सं० पृ० ११४-१५)

२ सि० ले० सं० पृ० ११५ (अच्युत ग्रन्थमाला, काशी), टिप्पणी

३. शुद्धस्य परिच्छेदमात्राज्जीवो भवेत् हि।
अन्यथा घटकुड्यादेरकल्पितस्य जीवता॥

(पंचदशी, कूटस्थदीप, २७)

दोष की प्रसक्ति नहीं होती क्योंकि इसमें व्यापक चैतन्य तथा आभास चैतन्यरूप द्विविध प्रकाश से युक्त अन्तःकरण को ही प्रमाता माना जाता है, केवल व्यापक चैतन्य से युक्त घटादि को नहीं। अन्तःकरण भूतवर्ग के सत्त्वगुण का कार्य होने से स्वच्छ है और स्वच्छ पदार्थ ही प्रतिबिम्ब-ग्रहण में समर्थ है, मलिन पदार्थ नहीं। अतः स्वच्छ अन्तःकरण ही चैतन्य के प्रतिबिम्ब को ग्रहण करने में समर्थ है मलिन घटादि नहीं। अतः प्रतिबिम्बवाद के अनुसार घटादि पदार्थ आभास चैतन्य से रहित होने के कारण प्रमाता नहीं है। किन्तु अवच्छेदवाद में तो अन्तःकरण भी घटादि के समान आभासचैतन्य से रहित है। अतः यदि केवल व्यापक चैतन्य के आधार पर अन्तःकरणविशिष्ट चैतन्य को प्रमाता माना जाय तो व्यापकचैतन्य के आधार पर ही घटविशिष्टचैतन्य को प्रमाता क्यों न माना जाय। इस प्रकार अवच्छेदवाद में घटादिविशिष्ट चैतन्य में प्रमातृत्व की प्रसक्ति अपरिहार्य है।

पूर्वोक्त शंका के समाधान में अवच्छेदवाद के समर्थकों का यह कथन है कि जैसे प्रतिबिम्बवाद में अन्तःकरण के स्वच्छ होने के कारण अन्तःकरण में ही प्रतिबिम्बग्राहिता मानी जाती है, घटादि में नहीं। वैसे ही अवच्छेदवाद में भी अन्तःकरणावच्छिन्न चैतन्य में ही प्रमातृत्व माना जाता है, घटाद्यवच्छिन्न चैतन्य में नहीं। चैतन्य के व्यापक होने पर भी उसकी अभिव्यक्ति (प्रकाश) अन्तःकरण में ही होती है घटादि मलिन पदार्थों में नहीं। अतः अवच्छेदवाद में भी घटाद्यवच्छिन्न चैतन्य में प्रमातृत्व की प्रसक्ति नहीं होती।

२. प्रतिबिम्बवाद :

शंकराचार्य ने जीव और ब्रह्म के अभेद के प्रतिपादन के लिए अपने भाष्यग्रन्थों में अनेक स्थलों पर जलप्रतिबिम्ब आदि का भी दृष्टान्त प्रस्तुत किया है। ब्रह्मसूत्र के अंशाधिकरण में उन्होंने जीव को परमात्मा का आभास कहा है। वे कहते हैं कि जीव को जलसूर्यकादि के समान परमात्मा का आभास (प्रतिबिम्ब) ही समझना चाहिए।[1] इसी तरह उभयलिंगाधिकरण के "अतएव चोपमा सूर्यकादिवत्" इस सूत्र के भाष्य में वे कहते हैं कि जैसे एक ही सूर्य भिन्न-भिन्न जलों में प्रतिबिम्बित

---

१. आभास एव चैष जीवः परमात्मनो जलसूर्यकादिवत् प्रतिपत्तव्यः।

(ब्र० सू० शां० भा० २।३।५०, पृ० ३०२)

होकर अनेक रूपों में दृष्टिगत होता है, वैसे ही यह आत्मा उपाधिभेद से भिन्न-भिन्न रूपों में प्रतीत होता है। एक ही भूतात्मा प्रत्येक भूत में अवस्थित है वह एक होते हुए भी जलचन्द्र की तरह अनेक रूपों में दिखलाई पड़ता है।[1] इसी प्रकार कठोपनिषद् के भाष्य में शंकराचार्य कहते हैं कि जैसे एक ही सूर्य घट शराव आदि के जल में प्रतिबिम्बित होकर अनेक सा अवभासित होता है, वैसे ही सर्वदेशकालपुरुषादि में अवस्थित एक ही ज्ञान (ब्रह्म) नामरूपादि अनेक उपाधियों के कारण अनेक सा अवभासित होता है। इसी तरह ऐतरेय उपनिषद् के भाष्य में वे कहते हैं कि जैसे एक ही सूर्य जलभेद से विभिन्न रूपों में अवभासित होता है, वैसे एक ही आत्मा विविध उपाधियों में प्रतिबिम्बित होकर हिरण्यगर्भ, प्राण प्रज्ञात्मा आदि रूपों में अवभासित होता है।[2] इस प्रकार शंकराचार्य ने अपने भाष्य ग्रन्थों में स्थान-स्थान पर जीव और परमात्मा के पारमार्थिक अभेद एवं औपाधिक भेद के प्रतिपादन के लिए जलसूर्यकादि दृष्टान्तों का प्रयोग किया है।

ब्रह्मसूत्र शांकरभाष्य की व्याख्या 'पंचपादिका' में पद्मपादाचार्य ने भी ब्रह्म को बिम्बस्थानीय तथा जीव को प्रतिबिम्बस्थानीय माना है। वे कहते हैं कि 'तत्त्वमसि' इस महावाक्य के द्वारा प्रतिबिम्बस्थानीय जीव को बिम्बस्थानीय ब्रह्मस्वरूपता का उपदेश दिया गया है।[4]

पंचपादिका की व्याख्या पंचपादिकाविवरण में प्रकाशात्मयति ने जीव को ब्रह्म का प्रतिबिम्ब स्वीकार किया है। उन्होंने श्रुति, स्मृति तथा सूत्र के आधार पर प्रतिबिम्बवाद का समर्थन तथा युक्ति एवं तर्क के आधार पर प्रतिबिम्बवाद में प्रदर्शित दोषों का निराकरण किया है। अतएव प्रतिबिम्बवाद के प्रतिष्ठापक के रूप में विवरणकार ही माने जाते हैं।

---

१ एक एव हि भूतात्मा भूतेभूते व्यवस्थितः।
एकधा बहुधा चैव दृश्यते जलचन्द्रवत् ॥

—(वही, पृ० ३५८)

२ सर्वदेशकालपुरुषाद्यवस्थमेकमेव ज्ञानं नामरूपाद्युपाधिभेदात् सविकल्पादिज-ज्ञानाद्यनेकविधमिव भासते। (क० उ० शां० भा० ६।४)

३. ऐ० उ० शां० भा० ६।१।

४. तत्त्वमिति बिम्बस्थानीयब्रह्मस्वरूपता प्रतिबिम्बस्थानीयस्य जीवस्योपदिश्यते।
(पंचपादिका, प्रथमवर्णक, पृ० १०८)।

विवरणकार का यह कथन है कि प्रतिबिम्बवाद श्रुति, स्मृति तथा सूत्र से समर्थित होने के कारण उपादेय है। वे कहते हैं कि "रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव" यह श्रुति "एकधा बहुधा चैव दृश्यते जलचन्द्रवत्' यह स्मृति तथा "अतएव चोपमा सूर्यकादिवत्" यह ब्रह्मसूत्र स्पष्टरूप से प्रतिबिम्बवाद के समर्थक हैं।[1]

विवरणकार प्रकाशात्मयति ने न केवल शब्दप्रमाण के आधार पर प्रतिबिम्बवाद का समर्थन ही किया है, अपितु युक्ति के आधार पर अवच्छेदवाद की असाधुता का प्रतिपादन करते हुए प्रतिबिम्बवाद के विरुद्ध प्रदर्शित दोषों का निराकरण भी किया है। प्रतिबिम्बवाद के विरुद्ध प्रदर्शित इस दोष का कि चैतन्य के अमूर्त एवं नीरूप होने के कारण उसका प्रतिबिम्ब सम्भव नहीं, निराकरण करते हुए विवरणकार कहते हैं कि जैसे अमूर्त आकाश का जल में प्रतिबिम्ब दृष्टिगत होता है, वैसे ही अमूर्त ब्रह्म का भी प्रतिबिम्ब सम्भव है।[2] प्रतिबिम्बपात के लिए बिम्ब का मूर्तत्व या रूपवत्त्व आवश्यक नहीं है। अमूर्त एवं नीरूप वस्तु का भी प्रतिबिम्ब सम्भव है। यहाँ यह शंका होती है कि जल में अमूर्त आकाश का प्रतिबिम्ब नहीं पड़ता, अपितु जलान्तर्गत आकाश ही अभ्रादि के प्रतिबिम्ब से युक्त दीख पड़ता है। इस शंका के निवारण में विवरणकार का यह कथन है कि जल में आकाश का प्रतिबिम्ब मानना ही होगा, अन्यथा जानुमात्रप्रमाणजल में दूर विशाल आकाश के दर्शन की समुचित व्याख्या सम्भव नहीं है।[3] इस प्रकार विवरणकार ने प्रतिबिम्बवाद को श्रुति, स्मृति और सूत्र रूप शब्द प्रमाण से समर्थित तथा युक्ति एवं तर्क से अनुमोदित सिद्ध करने का प्रयास किया है। इन्होंने ही सर्वप्रथम प्रति-

---

१ रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव, एकधा बहुधा चैव दृश्यते जलचन्द्रवत्, अतएव चोपमा सूर्यकादिवत् इति च श्रुतिस्मृतिसूत्रे जीवस्य प्रतिबिम्बभावस्य दर्शितत्वात्।
(पं० पा० वि०, पृ० २८९)।

२. अमूर्तस्य चाकाशस्य साभ्रनक्षत्रस्य जले प्रतिबिम्बवत् अमूर्तस्य ब्रह्मणोऽपि प्रतिबिम्बसंभवात्।
(वही, पृ० २८९)।

३. जानुमात्रप्रमाणेऽपि जले दूरविशालाकाशावर्शनात् जलान्तराकाश एवाभ्रादिप्रतिबिम्बयुक्तो दृश्यत इति वक्तुमशक्यत्वात् तत्प्रतिबिम्बत्वं चिद्रूपत्वं च शास्त्रप्रतिपन्नं प्रत्यक्षप्रतिपन्नं च न निराकर्तुं शक्यत इति भावः। (वही)

बिम्बवाद को एक वाद का रूप प्रदान किया तथा अवच्छेदवाद की तुलना में इसका औचित्य का प्रतिपादन किया। अतएव प्रतिबिम्बवाद के प्रवर्तक के रूप में विवरणकार ही माने जाते हैं। इन्हीं के नाम पर अद्वैत वेदान्त में एक नये प्रस्थान का प्रवर्तन हुआ जो "विवरणप्रस्थान" के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

प्रतिबिम्बवाद के विरुद्ध उत्थापित शंकाओं की समीक्षा

जीव को चैतन्य का प्रतिबिम्ब स्वीकार करने में सबसे बड़ी आपत्ति यह है कि लोक में रूपवान् वस्तु का ही प्रतिबिम्ब दृष्टिगत होता है, नीरूप वस्तु का नहीं। रूपवान् मुख का दर्पण में प्रतिबिम्ब पड़ता है। सूर्य, चन्द्र, तारे, सितारे इन सभी रूपवान् पदार्थों का ही जलादि में प्रतिबिम्ब दृष्टिगत होता है, रूपविहीन वायुप्रभृति पदार्थों का नहीं। अतएव चैतन्य के निर्विशेष, निरवयव, नीरूप एवं अतीन्द्रिय होने के कारण उसका प्रतिबिम्ब सम्भव नहीं। इस सम्बन्ध में भामतीकार वाचस्पतिमिश्र का कथन है कि रूपवान् द्रव्य अतिस्वच्छ होने के कारण रूपवान् द्रव्यान्तर की छाया को ग्रहण कर सकता है; किन्तु चिदात्मा तो अरूप एवं विषयी है, अतः वह विषय की छाया का ग्रहण नहीं कर सकता। क्योंकि कहा भी गया है कि शब्द, गन्ध तथा रस की प्रतिबिम्बता कैसे हो सकती है?[1]

इस शंका के समाधान में विवरणकार प्रकाशात्मयति का यह कथन है कि मूर्त पदार्थ का ही प्रतिबिम्ब हो यह नियम ठीक नहीं। अमूर्त आकाश का भी जल में प्रतिबिम्ब दीख पड़ता है इसी तरह अमूर्त ब्रह्म का भी प्रतिबिम्ब सम्भव है।[2]

इस पर यह कहा जा सकता है कि अमूर्त एवं नीरूप आकाश का

---

१. रूपवद्धि द्रव्यमतिस्वच्छतया रूपवतो द्रव्यान्तरस्य तद्विवेकेन गृह्यमाणस्यापि छाया गृह्णीयात् चिदात्मा त्वरूपो विषयी न विषयच्छायामुद्ग्राहयितुमर्हति, यथाहुः "शब्दगन्धरसाना च कीदृशी प्रतिबिम्बता" इति। (भामती १।१।१, पृ० ८)।

२. अमूर्तस्य चाकाशस्य साभ्रनक्षत्रस्य जले प्रतिबिम्बवदमूर्तस्य ब्रह्मणोऽपि प्रतिबिम्बसंभवात् (प० पा० वि० पृ० २८९) तथा—न चामूर्तस्य ब्रह्मण प्रतिबिम्बासंभव। अमूर्तस्याप्याकाशस्य ह्यभ्रनक्षत्रादिविशिष्टस्य जले प्रतिबिम्बभावदर्शनात्। (वि० प्र० सं०, पृ० ३३१)।

प्रतिबिम्ब नहीं होता, अपितु जलान्तर्वर्ती आकाश ही अभ्रादिप्रतिबिम्ब से युक्त दीख पड़ता है। इस शंका के समाधान में विवरणकार कहते हैं कि यह कहना ठीक नहीं कि अमूर्त आकाश का प्रतिबिम्ब नहीं होता अपितु जलान्तर्वर्ती आकाश ही अभ्रादिप्रतिबिम्ब से युक्त दीख पड़ता है, क्योंकि आकाश का प्रतिबिम्ब माने बिना जानुमात्रप्रमाण जल में दूरविशालाकाशदर्शन की व्याख्या सम्भव नहीं है।[1]

यहाँ यह शंका होती है कि नीरूप आकाश का प्रतिबिम्ब मानने के स्थान पर आलोक के प्रतिबिम्ब से ही निर्वाह हो सकता है। फिर आकाश के प्रतिबिम्ब को मानने की क्या आवश्यकता है। अतः आकाश का प्रतिबिम्ब स्वीकार करने में गौरव है। इस शंका के समाधान में विवरणप्रस्थान के अनुयायियों का यह कथन है कि पूर्वपक्ष में गगनप्रतिबिम्ब को भ्रमरूप मानना होगा। और इस भ्रम की सिद्धि के लिए अनिर्वचनीय शुक्ति-रजत सदृश अनिर्वचनीय गगन की उत्पत्ति माननी होगी। अतः इस पक्ष में भी गौरव दोष समानरूप से ही प्रसक्त होता है। किन्तु अनुभवानुसारी गौरव दोषावह नहीं होता। आलोक का ही प्रतिबिम्ब होता है, इस नियम का गगन में व्यभिचार मानना ही होगा। अतएव अमूर्त एवं नीरूप वस्तु का भी प्रतिबिम्ब सम्भव है।

नीरूप वस्तु के प्रतिबिम्बत्व के सम्बन्ध में विवेचित आकाश के दृष्टान्त के बारे में यह कहा जा सकता है कि वस्तुतः नीरूप आकाश का जलादि में प्रतिबिम्ब पड़ ही नहीं सकता जलादि में तो उसी आकाश का प्रतिबिम्ब दीख पड़ता है जो कि हमें जल के बाहर ऊपर आसमान में दिखलाई पड़ता है। यद्यपि आकाश सर्वथा नीरूप है तथापि वह आलोकादि के सम्बन्ध से नीला प्रतीत होता है। उसी नीलरूप से प्रतिभासमान आकाश का ही जलादि में प्रतिबिम्ब परिलक्षित होता है, नीरूप आकाश का नहीं क्योंकि रूपहीन वस्तु का प्रतिबिम्ब सम्भव नहीं है। इस पर यह कहा जाता है कि जैसे जवाकुसुम का रूप नीरूप एवं निरवयव होते हुए भी सन्निहित शुभ्रस्फटिक में प्रतिबिम्बित होता है तथा शुभ्रस्फटिक जवाकुसुम के आरुण्य के कारण अरुण प्रतीत होता है, वैसे ही नीरूप एवं

---

१. जानुमात्रप्रमाणेऽपि जले दूरविशालाकाशदर्शनात्, जलान्तराकाश एवाभ्रादि-प्रतिबिम्बयुक्तो दृश्यत इति वक्तुमशक्यत्वात्।

(पं० पा० वि०, पृ० २८९ तथा वि० प्र० स० पृ० २३१)

लिखकर चैतन्य का भी अन्तःकरण में प्रतिबिम्ब पड़ सकता है।[1] रूप के अतिरिक्त संख्या, परिमाण, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, चलन, मुखत्व इत्यादि नाना वस्तुओं का भी प्रतिबिम्ब दृष्टिगत होता है।[2] इस सम्बन्ध में यह कहना अप्रासंगिक नहीं होगा कि रूप, संख्या, परिमाण इत्यादि सभी गुण हैं अतएव ये रूपरूपी गुणान्तर का आश्रय नहीं बन सकते, क्योंकि गुण से गुण नहीं रह सकता। अतएव ये सभी रूपहीन हैं। किन्तु रूपहीन होते हुए भी इनका प्रतिबिम्ब उपलब्ध होता है। अतः यह शंका ठीक नहीं कि अरूप का प्रतिबिम्ब कैसे पड़ सकता है।

इस पर यह शंका हो सकती है कि संख्या, परिमाण आदि गुणों का प्रतिबिम्ब सम्भव होने पर भी [illegible] सम्भव नहीं है। किन्तु विचार करने पर यह शंका भी [illegible] नहीं रहती। क्योंकि वेदान्त मत में द्रव्य और गुण की [illegible] परिभाषा नहीं है। परिभाषादि के अनुसार किसी द्रव्यस्वरूपी धर्म का [illegible] नहीं, क्योंकि [illegible] पदार्थों में यह द्रव्य है, यह द्रव्य है इस प्रकार के किसी अनुगत [illegible] का अभाव है। [illegible] वेदान्त में गुण के [illegible] गुण [illegible] द्रव्य की सत्ता नहीं मानी जाती। यदि गुण [illegible] गुणात्मक [illegible] की सत्ता मानी जाय तो इन दोनों के पारस्परिक सम्बन्ध की समुचित व्याख्या नहीं की जा सकती। गुण और [illegible] में समवाय सम्बन्ध को तो माना नहीं जा सकता क्योंकि [illegible] के कुल में गुण नहीं रह सकते। इन दोनों के बीच तैयायिक सम्मत समवाय सम्बन्ध को भी नहीं माना जा सकता, क्योंकि समवाय की कल्पना करने पर अनवस्था दोष की प्रसक्ति होती है। अतएव वेदान्त में गुण के अतिरिक्त गुणाश्रय रूप द्रव्य की सत्ता को स्वीकार नहीं किया जाता। प्रसिद्ध पाश्चात्य दार्शनिक ब्रेडले

१. [illegible] (सि० वि० पृ० १४)

२. रूपवत एव प्रतिबिम्बं [illegible] नियमः, [illegible] (वे० क० प० पृ० १५६)

३. पृथिव्यादिलक्षणानुगतस्य द्रव्यत्वादिसिद्धेः द्रव्यं द्रव्यमिति तत्र तत्र लौकिकानामनुगतप्रत्ययाभावात्।

(वे० क० प० १।१।४, पृ० १५६)

(Bradley) ने भी गुणाधिष्ठानरूप द्रव्य (Substance) को प्रातिभासिक (Appearance) ही माना है, वास्तविक (Real) नहीं।[1] अतएव गुण के अतिरिक्त गुणाश्रयरूप द्रव्य की सत्ता सिद्ध न होने से यह शंका उचित नहीं कि नीरूप रूपादि के प्रतिबिम्बित होने पर भी नीरूप चैतन्य का प्रतिबिम्ब सम्भव नहीं।

इस पर यदि कहें कि नीरूप गुणादि का प्रतिबिम्ब सम्भव होने पर भी नीरूप गुणाश्रय का प्रतिबिम्ब सम्भव नहीं, तो यह भी ठीक नहीं, क्योंकि नीरूप संख्या के संख्यारूपगुणाश्रय होने पर भी उसका प्रतिबिम्ब दीख पड़ता है। यहाँ यह नहीं कहा जा सकता कि संख्या में संख्या नहीं रहती क्योंकि "संख्याया अवयवे तयप्" यह पाणिनि का सूत्र ही इस बात में प्रमाण है कि संख्या में भी संख्या विद्यमान रहती है। यदि कहें कि संख्या का संख्याश्रयत्व गौण है मुख्य नहीं, तो यही बात आत्मा के सम्बन्ध में भी कही सकती है। आनन्द इत्यादि धर्म आत्मा से अभिन्न हैं, अतः आत्मा का भी मुख्यरूप से गुणाश्रय नहीं माना जा सकता।[2] अतः, गुणाश्रय होने से नीरूप आत्मा का प्रतिबिम्ब नहीं हो सकता, यह तर्क भी संगत नहीं है।

प्रतिबिम्बवाद के विरोध में एक दूसरा दोष यह दिखाया जाता है कि अन्तःकरण रूप उपाधि के नीरूप होने के कारण उसमें चैतन्य का प्रतिबिम्ब नहीं पड़ सकता। प्रतिबिम्बवाद के लिए जहाँ बिम्ब का रूपवान् होना आवश्यक है, वहाँ प्रतिबिम्बोपाधि का रूपवान् होना भी आवश्यक है। रूपवान् उपाधि में ही प्रतिबिम्ब सम्भव है, रूपहीन उपाधि में नहीं। रूपवान् दर्पण में ही मुख का प्रतिबिम्ब पड़ता है, रूपहीन वायु में नहीं। अतः अन्तःकरण रूप उपाधि के रूपहीन होने के कारण उसमें चैतन्य का प्रतिबिम्ब नहीं पड़ सकता।

इस दोष के निवारणार्थ प्रतिबिम्बवाद की ओर से यह कहा जाता है कि प्रतिबिम्बग्रहण के निमित्त प्रतिबिम्बोपाधि के रूपवत्त्व की कोई आवश्य-

---

१. Appearance and Reality.

तथा चित्सुखी—"द्रव्यत्वखण्डन प्रकरण"

२. न संख्याया मुख्यं गुणाश्रयत्वमिति चेत् उच्यते—तुल्यमेतदात्मनोऽपि। आनन्दादिधर्माणामभिन्ना इति तस्यापि हि न मुख्यं गुणाश्रयत्वम्।

(वे० कौ० प० १।१।४ पृ० १५६)

ब्रह्म ही जगत् का आधार है यदि ब्रह्म इस जगत् से सर्वथा भिन्न होता तथा आत्मा जाग्रत् स्वप्न और सुषुप्ति इन तीनों अवस्थाओं से सर्वथा विलक्षण होता तो उसके स्वरूप का प्रतिबिम्ब का द्वार न होने से सत्य का प्राप्ति सम्भव नहीं होती। ऐसी स्थिति में शास्त्राध्ययन को अनर्थक मानना पड़ता और शून्यवाद का प्रसंग होगा। तत्त्वज्ञान से संसार का अभाव नहीं हो जाता अपितु वह एक नये रूप में बदल जाता है। जीवन्मुक्ति तथा क्रममुक्ति का विचार, मूल्यों के भेद सत्य-असत्य, पाप-पुण्य आदि के भेद तथा संसार के अनुभवों के द्वारा मोक्षप्राप्ति की सम्भावना इत्यादि बातों से यह सूचित होता है कि इन प्रतीतियों में भी कुछ सत्य विद्यमान है यदि यह संसार भ्रममात्र होता और ब्रह्म से इसका कुछ भी सम्बन्ध नहीं होता तो प्रेम बुद्धिमत्ता नैतिकता आदि हमारे उच्चतर जीवन की प्राप्ति में सहायक न होते यद्यपि यह संसार पारमार्थिक दृष्टि से सत्य नहीं तथापि यह सर्वथा असत् भी नहीं है।

शंकराचार्य का मोक्षसम्बन्धी सिद्धान्त भी इस विचार का समर्थक है। इस सम्बन्ध में डॉ० राधाकृष्णन् कहते हैं कि यदि मोक्ष का अभिप्राय मानात्व का विनाशमात्र होता तो मोक्ष को प्राप्त करने का सही उपाय संसार का नाश कर देना ही होता, विद्या से अविद्या का नाश नहीं।[3] शंकराचार्य का जीवन्मुक्ति का सिद्धान्त भी इसी विचार का समर्थक है। मुक्ति के लिए संसार का नाश आवश्यक नहीं है। शरीर के रहते हुए भी मनुष्य

१ सर्वव्यवहाराणामेव प्राग्ब्रह्मात्मताविज्ञानात् सत्यत्वोपपत्तेः।
(ब्र० सू०, शां० भा०, 'तदनन्यत्वमारम्भणशब्दादिभ्यः', २।१।१४)

२. वही।

3 If Moksha would involve the annihilation of plurality, the right way to go about realising it is not to displace Avidya by Vidya but to destroy the world.

—Radhakrishnan's. Indian Philosophy Vol-II, P-584

मुक्त हो सकता है। जीवन्मुक्त के लिए संसार के नानात्व का नाश नहीं हो जाता केवल संसार के सम्बन्ध में उसके दृष्टिकोण में अन्तर आ जाता है। जीवन्मुक्त के लिए यह संसार एक नये आलोक से आलोकित हो जाता है। अतएव शंकराचार्य के मत में यह संसार सर्वथा असत्य मिथ्या नहीं है। जगत् का मिथ्यात्व इस बात में है कि यह ब्रह्म से स्वतन्त्ररूप में सत्य नहीं है क्योंकि परमार्थतः यह ब्रह्म से अनन्य है। शंकराचार्य के अनुसार कार्य तथा कारण के अनन्यत्व का अभिप्राय है कार्य का कारण से स्वतन्त्र रूप में न रह सकना। इसका यह अभिप्राय नहीं कि कारण भी कार्य से स्वतन्त्र रूप में रह सके। यद्यपि कारण कार्य से स्वतन्त्र रूप में भी रह सकता है, तथापि कार्य कारण से स्वतन्त्र रूप में नहीं रह सकता। यही कार्यकारण के अनन्यत्व का तात्पर्य है। आकाशादिक प्रपञ्च अपने कारणभूत परब्रह्म से पृथक् नहीं रह सकता यद्यपि परब्रह्म आकाशादिक प्रपञ्च से पृथक् भी रह सकता है। ब्रह्म से व्यतिरिक्तरूप में ही वियदादि प्रपञ्च को मिथ्या माना गया है। जहाँ कहीं भी शंकराचार्य ने कार्य की वास्तविकता का खण्डन किया है कारण से भिन्न रूप में ही किया है। कहीं भी उन्होंने व्यावहारिक जगत् को सर्वथा मिथ्या स्वप्नरूप नहीं कहा है।[1]

२. जगत् का उपादान कारण

क. ब्रह्म जगत् का अभिन्ननिमित्तोपादानकारण

शंकराचार्य ने ब्रह्म को इस नामरूपात्मक प्रपञ्च का अभिन्ननिमित्तोपादान कारण स्वीकार किया है। उनके मत में ब्रह्म ही इस जगत् का निमित्त कारण तथा उपादानकारण दोनों है। किन्तु प्रश्न होता है कि यदि ब्रह्म को निर्गुण, निरुपाधिक तथा निर्विकार माना जाय, जैसा कि शंकराचार्य ने माना है, तो उसे इस विकारशील जगत् का उपादानकारण कैसे माना जा सकता है। जगत् का उपादान होने पर वह विकारी हो जायगा। मृत्तिका घटादि का तथा सुवर्ण कटक कुण्डल आदि का उपादान

---

1 Nowhere does he (*Sankara*) say that our life is literally a dream and our knowledge a phantom

—Indian Philosophy Vol. II. P. 566.

२. प्रकृतिश्चोपादानकारणं ब्रह्मात्युपगन्तव्य निमित्तकारणं च न केवलं निमित्तकारणम्। (ब्र० सू० शां० भा० १।४।२३)

कारण है। मृत्तिका और सुवर्ण में विकार हुए बिना वे घटादि के रूप में कैसे परिणत हो सकते हैं? घटादि के रूप में परिणत होने के लिए उनके उपादान कारण मृत्तिका आदि में विकार का होना अनिवार्य है। अतएव यदि ब्रह्म को इस जगत् का उपादान कारण माना जाए तो ब्रह्म में भी विकारशीलता की प्रसक्ति होगी। इस प्रश्न के उत्तर में शंकराचार्य का कहना है कि यह नामरूपात्मक प्रपंच वास्तविक नहीं अपितु मायिक है। माया या अविद्या से ही इस जगत् की सृष्टि हुई है।[1] एक अद्वितीय अविकारी ब्रह्म ही माया के कारण नामरूपात्मक प्रपंच के रूप में प्रतिभासित होता है। किन्तु इस मायिक प्रतीति के कारण ब्रह्म के स्वरूप में कोई विकार या परिवर्तन नहीं होता। जैसे अंधकारवश रज्जु में सर्प का भ्रम हो जाने से रज्जु के स्वरूप में कोई विकार या परिवर्तन नहीं होता वैसे ही अविद्यावश ब्रह्म के जगत् के रूप में प्रतिभासित होने पर भी ब्रह्म के स्वरूप में किसी प्रकार का विकार या परिवर्तन नहीं होता।

ख परिणाम तथा विवर्त में भेद[2]

जगत् ब्रह्म का परिणाम नहीं अपितु विवर्त है। परिणाम में तो उपादान के स्वरूप में परिवर्तन या विकार होता है, विवर्त में नहीं। जहाँ उपादान के समान सत्ता वाले कार्य की प्राप्ति होती है वहाँ परिणाम होता है किन्तु जहाँ कार्य उपादान से विषमसत्तावाला होता है वहाँ विवर्त होता है जैसे रज्जु सर्प आदि।[3] रज्जु और सर्प समानसत्ता वाले नहीं हैं। सर्प की सत्ता प्रातिभासिक है जबकि रज्जु की सत्ता वास्तविक (व्यावहारिक) है। अतः सर्प रज्जु का विवर्त है परिणाम नहीं। किन्तु दधि दूध का परिणाम है, विवर्त नहीं, क्योंकि दूध और दधि दोनों समानसत्तावाले हैं। उपादानकारण का समानधर्मी एवं तात्त्विक अन्यथाभाव परिणाम तथा उपादान से विरुद्ध एवं अतात्त्विक अन्यथाभाव

---

१. वे० उ०, शां० भा० ३.२.३

२. परिणामो नाम उपादानसमसत्ताककार्यापत्तिः,
विवर्तो नाम उपादानविषमसत्ताककार्यापत्तिः। (वे० प०, पृ० १४१)

३. अनन्यथोऽन्यथाप्रथा विकार इत्यतोऽन्यथा।
अनन्यथोऽन्यथाप्रथा विवर्त इत्युदाहृत॥ (वे० सा०, पृ० ८)
तथा—कारणगुणपूर्वकाणोऽन्यथाभावः परिणामः, तद्विलक्षणो विवर्तः।
(सि० मु० सं०, पृ० ५८)

विवर्त होता है।[1] जगत् ब्रह्म का विलक्षण अध्यासभाव होने के कारण ब्रह्म का विवर्त है, परिणाम नहीं।

ग. ब्रह्म तथा ईश्वर :

इस प्रसंग में यह स्मरणीय है कि शंकराचार्य ने मायोपाधिक ब्रह्म या ईश्वर को ही जगत् की उत्पत्ति स्थिति तथा लय का कारण माना है निर्गुण निर्विशेष एवं निरुपाधिक ब्रह्म का नहीं। अनिर्वचनीय मायारूप उपाधि से युक्त ब्रह्म सगुण ब्रह्म, अपरब्रह्म या ईश्वर कहलाता है। यह ईश्वर ही जगत् का रचयिता है। वेदान्तपक्ष के अनुसरण में ईश्वर जगत् का निमित्तकारण है तथा उपाधिपक्ष की दृष्टि से वही जगत् का उपादान-कारण है। माया परमेश्वर की शक्ति है। अग्नि की औष्ण्यरूपा दाहिका शक्ति के समान माया परमेश्वर का अविभाज्य अंश है। इसे ही अव्यक्त, प्रकृति आदि संज्ञाओं से कहा गया है।[2] ब्रह्म और जगत् इन दोनों से विलक्षण होने के कारण इसे अनिर्वचनीय एवं मिथ्या माना गया है।[3] इस अनिर्वचनीय माया से उपहित ब्रह्म या ईश्वर ही जगत् का उपादानकारण तथा निमित्तकारण है।

घ. जगत् के उपादानकारण के सम्बन्ध में शांकरोत्तर वेदान्त में विभिन्न मत :

ब्रह्म की जगदुपादानकारणता के सम्बन्ध में शांकरोत्तर वेदान्त में पर्याप्त मतभेद दृष्टिगत होता है। कुछ विचारक ब्रह्म को जगत् का उपादान कारण मानते हैं तो कुछ माया को। कुछ ब्रह्म और माया इन दोनों को सम्मिलितरूप से जगत् का उपादान कारण स्वीकार करते हैं। संक्षेपशारीरककार सर्वज्ञात्ममुनि ने विशुद्ध ब्रह्म को जगत् का उपादान कारण तथा माया को द्वारकारण माना है।[1] किन्तु विशुद्ध ब्रह्म तो प्रपंचातीत एवं अविकारी है। जब इस विकारात्मक जगत् का उपादानकारण कैसे हो सकता है? अतः विवरणकार प्रकाशात्ममुनि ने मायोपहित ब्रह्म या ईश्वर को जगत् का उपादानकारण माना है।[2] वेदान्तसिद्धान्तमुक्ता-वली में प्रकाशानन्द ने माया को ही जगत् का उपादानकारण स्वीकार

१ अविद्यात्मिका हि बीजशक्तिरव्यक्तशब्दनिर्देश्या परमेश्वराश्रया मायामयी महासुषुप्तिः।

(व० सू०, शां० भा० १।४।३)

२. ब्रह्ममात्रमुपादानं मायां तु द्वारकारणम्। (सि० ले० सं०, पृ० ७७)

३. माया तु मृद्घटोपादानमिति मृत्तावन्मीकृत। (वही, पृ० ८०)

किया है।[1] माया को आश्रय होने से ब्रह्म को भी जगत् का उपादान कारण मान लिया जाता है किन्तु वस्तुतः जगत् का उपादान कारण माया ही है ब्रह्म नहीं। ब्रह्म निर्गुण एवं निरुपाधिक होने के कारण जगत् का उपादानकारण नहीं हो सकता। धर्मराजाध्वरीन्द्र ने भी वेदान्तपरिभाषा में इसी मत का स्वीकार किया है। पदार्थतत्त्वनिर्णयकार ने ब्रह्म और माया दोनों को ही जगत् का उपादान कारण माना है। उन्होंने ब्रह्म को जगत् के सत्ताज्ञ का तथा माया को इसके आकारादि का कारण बतलाया है। ब्रह्म जगत् का उपादान इसलिये है कि वह ब्रह्म का विवर्त है। माया इस लिए कि वह इसका परिणाम है। वाचस्पतिमिश्र ने जीवाश्रित अविद्या के विषयीभूत ब्रह्म को जगत् का उपादान कारण तथा अविद्या को इसका सहकारी कारण माना है।[2] जीवाश्रित अविद्या के कारण ब्रह्म ही जगत् के रूप में अवभासित होता है। प्रकाशानन्द सरस्वती तथा मधुसूदन-सरस्वती ने अविद्या के आश्रय जीव को ही जगत् का उपादान कारण स्वीकार किया है तथा अविद्या को जगत् का निमित्तकारण माना है। किन्तु जीव को जगत् का उपादानकारण मानना तो दृष्टिसृष्टिवाद की प्रसक्ति मानी है। अतएव विद्यारण्य ने ईश्वर को व्यावहारिक जगत् का तथा जीव को प्रातिभासिक जगत् का उपादान कारण स्वीकार है।[3] इस प्रकार हम देखते हैं कि शाङ्करोत्तर वेदान्त में शुद्धतम निर्गुण निर्विकार, विशुद्ध चैतन्यस्वरूप ब्रह्म से जगत् की उत्पत्ति के सम्बन्ध में विविध मतभेद उपस्थित होते हैं। ब्रह्म की अद्वितीयता तथा निर्विकारिता रक्षा करते हुए मायारूपात्मक प्रपञ्च की उत्पत्ति की समुचित व्याख्या कर सकना सचमुच कोई सरल काम नहीं है। वस्तुतः यह एक ऐसा प्रश्न है कि पूर्णतया संतोष जनक उत्तर दे सकना मानव के सीमित मस्तिष्क से परे की बात है। भला असीम के रहस्य को ससीम मानव पूर्णतया कैसे समझ सकता है? यदि मानव इस मायावी की माया के स्वरूप को पूर्ण-तरह समझ जाय तो फिर माया का मायात्व ही क्या रह जाय। माया की यह दुर्विज्ञेयता एवं अनिर्वचनीयता माया का भूषण ही है, दूषण नहीं।

---

१. मायोपाधिकमीश्वरं तदाहुर्विवर्णादृशा। (वही, पृ० ६३)

२. ब्रह्मैव जीवाश्रितया विलया विषयीकृतम्।
वाचस्पतिमतं हेतुर्माया तु सहकारिणी॥ (वही, पृ० ७८)

३. ईष्टे ईश उपादानं सर्वस्मिन् व्यावहारिके।
प्रातिभासिककार्ये तु जीव इत्यपरे जगुः॥ (वही, पृ० ७१)

सप्तम अध्याय

प्रातिभासिक सत्ता

१. अनिर्वचनीयोत्पत्तिवाद

अद्वैतवेदान्त में पारमार्थिक तथा व्यावहारिक सत्ता के अतिरिक्त प्रातिभासिक सत्ता का भी स्वीकार किया जाता है। शुक्तिरजत के भ्रमस्थल में शुक्ति में रजत का प्रतिभास होता है। इस प्रतिभासमान रजत को शशशृंगादि की तरह सर्वथा असत् नहीं माना जा सकता क्योंकि यह प्रतिभासित होता है। किन्तु सत् भी नहीं माना जा सकता क्योंकि शुक्तिरूप अधिष्ठान के ज्ञान के अनन्तर उसका बाध हो जाता है। असत् भी नहीं माना जा सकता तथा सत् और असत् परस्पर विरोधी धर्म हैं। अतएव इस सत् असत् तथा सदसत् से सर्वथा विलक्षण होने से 'अनिर्वचनीय' माना जाता है और यह समझा जाता है कि भ्रमस्थल में अनिर्वचनीय वस्तु की उत्पत्ति होती है। अद्वैत वेदान्त में "अनिर्वचनीयोत्पत्तिवाद" के नाम से पुकारा जाता है।

किन्तु नागेश ने प्रमाणों के बल से प्रातिभासिक सत्ता के अनिर्वचनीयोत्पत्तिवाद का खण्डन किया है।[1] उनका कथन है कि सूत्रकार तथा भाष्यकार शङ्कराचार्य दोनों ही अनिर्वचनीयोत्पत्तिवाद में समर्थक नहीं हैं। वे कहते हैं कि 'मायामात्रं तु कार्त्स्न्येनानभिव्यक्तस्वरूपत्वात्' इस सूत्र में "मायामात्रम्" इस पद से स्वप्न में अनिर्वचनीय वस्तु की उत्पत्ति का निराकरण हो जाता है।[2] भाष्यकार ने भी स्वप्नकालीन रथादिसृष्टि के प्रतिपादक श्रुतिवचन को भाक्त माना है।[3] वे कहते हैं कि श्रुति स्पष्ट रूप से स्वप्न में रथादि पदार्थों का प्रतिपादन कर रही है। इसलिये

---

१ पञ्चपादिकाकारादिभिरत्र भ्रमस्थले अनिर्वचनीयपदार्थोत्पत्तिवादः मायाद्वैतमञ्जूषायां निरस्तः। (पञ्चपादिका तथा पं० पा० विवरण, मद्रास गवर्नमेन्ट ओरियन्टल सीरीज १९५८ भूमिका, पृ० ८८)

२ तथा हि—आसोऽपि 'मायामात्रं तु कार्त्स्न्येनानभिव्यक्तस्वरूपत्वात्" इति सूत्रे मायामात्रमिति अनिर्वचनीयोत्पत्तिवादं निराकरोति। (वही, पृ० ८५)

३. "रथाद्यभावप्रतिपादनं श्रुत्या रथादिसृष्टिवचनं तु भाक्त्या" इति भाष्येणैव समाधानात्। (वही)

स्वप्नदर्शन मायामात्र है।[1] 'ब्रह्मदृष्टिरुत्कर्षात्'[2] इस सूत्र के भाष्य में भी शंकराचार्य ने युक्तिपूर्वक रजत के अभाव का प्रतिपादन किया है।[2] इसी तरह 'न स्थानतोऽपि'[3] इस सूत्र के भाष्य में वे कहते हैं कि स्वच्छ स्फटिक अरुणकुसुमादि उपाधि के संपर्क में अरक्त नहीं हो जाता, अरक्तता का अभिनिवेश तो भ्रममात्र है।[3] इस प्रकार नागेश ने यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि 'अनिर्वचनीयोत्पत्तिवाद' न तो सूत्रकार का अभिमत है और न ही भाष्यकार शंकराचार्य का।

किन्तु यदि हम नागेश की उपर्युक्त पंक्तियों पर गम्भीरतापूर्वक विचार करें तो हमें यह बात अयुक्तियुक्त लगती है। सूत्रकार बादरायण ने पूर्वोद्धृत "मायामात्रम्" इस पद से स्वप्नकालीन रथादि के व्यावहारिकत्व का ही निषेध किया है। इसी प्रकार "न तत्र रथा" आदि श्रुतियों में स्वप्नकालीन रथादि के अभाव का वचन व्यावहारिक रथादिपरक ही है; प्रातिभासिक रथादिपरक नहीं। इस तरह भाष्यकार का यह कथन कि स्वप्नकालीन रथादिसृष्टि का प्रतिपादन मात्र (मात्र) से व्यावहारिक सृष्टि का ही निषेधक है प्रातिभासिक सृष्टि का नहीं, भाष्यकार ने जहाँ कहीं भी स्वप्नकालीन रथ आदि सृष्टि का निषेध किया है, वहाँ उन्हें व्यावहारिक सृष्टि का निषेध ही अभीष्ट है प्रातिभासिक सृष्टि का नहीं। यह बात इससे स्पष्ट हो जाती है कि उन्होंने माण्डूक्य उपनिषद् के भाष्य में प्रातिभासिक रज्जुसर्पादि की उत्पत्ति का अनेक स्थलों पर प्रतिपादन किया है। माण्डूक्योपनिषद् भाष्य में—'जैसे रज्जु में सर्पोत्पत्ति के पूर्व रज्जुवास्तव सर्प का ही था, वैसे ही सभी भावों की उत्पत्ति के पूर्व प्राणबीजात्मता ही सत्य है', "अविद्या एवं मायाबीज से उत्पन्न रज्जुसर्पादि का रज्ज्वादिरूप में सत्त्व दृष्ट है", 'जैसे मायामय आकाशादि के बाद से मायामय अंकुर उत्पन्न होता है" इन दि वाक्यों से यह स्पष्ट है कि शंकराचार्य को प्रातिभासिक रज्जुसर्पादि की उत्पत्ति का सिद्धान्त अभीष्ट है। अतएव नागेश का यह कथन कि 'अनिर्वचनीयोत्पत्तिवाद' न तो सूत्रकारसम्मत है और न भाष्यकारसम्मत—सर्वथा अयुक्त है।

१. तस्मात् मायामात्रं स्वप्नदर्शनम् (वही)

२. अतएव "ब्रह्मदृष्टिरुत्कर्षात्" इत्यधिकरणे भाष्ये 'अत्रैकेनैव हि केवलं रजतं न तु तत्र रजतमस्ति" इत्यवम् । (वही)

३. "न स्थानतोऽपि" इति सूत्रभाष्येऽपि न हि स्वच्छ सन् स्फटिक अरुणकुसुमोपाधियोगात् अरक्तो भवति, भ्रममात्रत्वादरक्तताभिनिवेशस्य" इत्युक्तम् । (वही)

(२) अनिर्वचनीयख्यातिवाद

(क) ख्याति के सम्बन्ध में विभिन्न मत :

ख्याति या भ्रम के सम्बन्ध में भारतीयदर्शन में निम्नलिखित पांच मत उपलब्ध होते हैं—

१. आत्मख्याति,
२. असत्ख्याति,
३. अख्याति,
४. अन्यथा ख्याति, तथा
५. अनिर्वचनीयख्याति ।[1]

इनमें से आत्मख्याति विज्ञानवादी योगाचार बौद्धोंका, असत्ख्याति शून्यवादी माध्यमिक बौद्धोंका, अख्याति प्राभाकर मीमांसकों का, अन्यथाख्याति नैयायिकों तथा भाट्टमीमांसकों का तथा अनिर्वचनीयख्याति अद्वैतवेदान्तियोंका अभिमत सिद्धान्त है। असत्ख्यातिवाद के अनुसार भ्रम में असत् वस्तुकी ही ख्याति होती है। शून्यवादी बौद्ध संसारकी समस्त वस्तुओंको शून्यरूप मानते हैं। भगवान् बुद्धके 'सर्वं शून्यं शून्यम्' इस उपदेशको प्राधान्य देते हुए वे शून्य को ही जगत्का मूलतत्त्व स्वीकार करते हैं। इस मतके अनुसार न केवल शुक्तिरजत ही असत् है अपितु शुक्तिरजत-भ्रम का अधिष्ठान शुक्ति भी असत् है। शून्य या असत्को सत् समझना ही भ्रम है। किन्तु इसके विपरीत आत्मख्याति, अख्याति तथा अन्यथाख्यातिवादके अनुसार भ्रममें सत् वस्तुकी ही ख्याति होती है, असत्की नहीं। यदि भ्रमस्थल शुक्तिरजत सर्वथा असत् होता तो उसकी ख्याति कैसे हो सकती? इसलिए इन तीनों वादोंमें भ्रममें स्थान वस्तुको सत् ही माना गया है। यद्यपि ये तीनों वाद इस विषयमें एकमत हैं कि भ्रममें सत् वस्तुका ख्याति होती है, तथापि ये तीनों भ्रमोपलब्ध वस्तुकी सत्ताको भिन्न-भिन्न रूप में स्वीकार करते हैं। विज्ञानवादके अनुसार भ्रम में ख्यात रजत को विज्ञान रूप से सत् माना गया है। इस मत में रजत की सत्ता बुद्धि में है। भ्रम में बुद्धिस्थ रजत को बाह्यरूप में प्रतीति होने लगती है। आन्तरिक रजतका बाह्य रजतके रूपमें प्रतीत होना ही भ्रम है। इस मतके अनुसार आत्मा या विज्ञानकी बाह्यरूपमें ख्याति ही भ्रम है। अतएव भ्रमके इस सिद्धान्तको "आत्मख्याति" यह नाम दिया गया है।

---

१ आत्मख्यातिरसत्ख्यातिरख्यातिः ख्यातिरन्यथा ।
तथानिर्वचनख्यातिरिति पेतत्ख्यातिपंचकम् ॥

अख्यातिवाद के अनुसार भी भ्रम में सत् वस्तु की ही ख्याति होती है। अख्यातिवाद के समर्थक प्राभाकर मीमांसक भ्रमात्मक ज्ञान को एक सरल ज्ञान के रूप में न मानकर प्रत्यक्ष तथा स्मृति में घुले हुए एक मिश्रित ज्ञान के रूप में स्वीकार करते हैं। इस मत के अनुसार 'इदं रजतम्' इस भ्रमात्मक ज्ञान के दो अंश हैं—एक इदंश तथा दूसरा रजतांश। इनमें से इदमंश शुक्ति प्रत्यक्ष का विषय है तथा रजतांश स्मृति का विषय है। प्रत्यक्ष तथा स्मृति रूप इन दोनों विषयों में विवेकग्रहण न होने के कारण शुक्ति में रजत का भ्रम होता है। यह रजत यद्यपि प्रत्यक्ष का विषय नहीं है तथापि यह स्मृति का विषय है एवं स्मर्यमाण रूप में यह रजत सत् ही है। प्रत्यक्षगोचर शुक्ति से विवेक न हो सकने के कारण स्मर्यमाण रजत की प्रत्यक्ष में प्रतीति ही भ्रम है। इस प्रकार अख्यातिवाद के अनुसार भ्रम में सत् वस्तु की ही ख्याति होती है, यद्यपि यह वस्तु स्मर्यमाणरूप में है न कि प्रत्यक्षगोचर इदमाकार रूप में नहीं। इसी प्रकार अन्यथाख्यातिवाद में भी सत् वस्तु की ही ख्याति मानी जाती है। आपणस्थ रजत की इदमाकाररूप में प्रतीति ही भ्रम है। आपणस्थ रजत सत् है किन्तु भ्रम के यहाँ रजत पुरोवर्ति द्रव्य के रूप में प्रतीत होता है। इस प्रकार आत्मख्याति, असत्ख्याति तथा अन्यथाख्याति इन तीनों वादों के अनुसार भ्रम में सत् वस्तु की ही ख्याति होती है जब कि अनिर्वचनीयख्यातिवाद के अनुसार भ्रम में असत् वस्तु की ही ख्याति होती है। भ्रम के सम्बन्ध में निर्दिष्ट इन नौ वादों का निम्न दो भागों में विभक्त किया जा सकता है—१. सत्ख्यातिवाद तथा २. असत्ख्यातिवाद। किन्तु अद्वैतवेदान्त में भ्रम के सम्बन्ध में एक तीसरा ही मत स्वीकार किया गया है जिसे 'अनिर्वचनीयख्यातिवाद' के नाम से पुकारा जाता है। इसके अनुसार भ्रम में ख्यात वस्तु को न तो सत् ही माना जा सकता है और न ही असत्। इसे सत् नहीं माना जा सकता क्योंकि ज्ञान के पश्चात् इसका बाध हो जाता है। किन्तु इसे सर्वथा असत् भी नहीं माना जा सकता क्योंकि ऐसी स्थिति में इसकी ख्याति ही नहीं होती। इसे सदसत् भी नहीं कह सकते क्योंकि सत् तथा असत् ये दोनों विरोधी धर्म हैं। इसलिए भ्रम में ख्यात होनेवाली वस्तु को सत्, असत् तथा सदसत् इन सभी से विलक्षण होने के कारण "अनिर्वचनीय" माना जाता है।[1]

अब हम यहाँ भ्रम के सम्बन्ध में ऊपर निर्दिष्ट वादों के प्रामाण्य के

१ भामती, पृ० ५०।

सम्बन्ध में विचार प्रस्तुत कर रहे हैं। सर्वप्रथम हम शून्यवादी माध्यमिक बौद्धों के असत्ख्यातिवाद के प्रामाण्य की परीक्षा करते हैं।

१. असत्ख्यातिवाद :

जैसा पहले कहा जा चुका है शून्यवादी बौद्धों के मत में संसार के समस्त पदार्थ शून्यरूप हैं। शून्यता ही जगत् का अन्तिम तथ्य है। असत् पदार्थों को सत् समझ लेना ही भ्रम है। भ्रम में ख्यात शुक्तिरजत की सत्ता नहीं होती। अतएव भ्रम में असत् पदार्थ की ही ख्याति होती है। इस मत के अनुसार न केवल शुक्तिरजत ही असत् है, अपितु शुक्ति भी असत् है, क्योंकि संसार का कोई भी पदार्थ सत् नहीं है। इस पर यह शङ्का होती है कि यदि रजत के समान शुक्ति भी असत् है तो रजतभ्रम का अधिष्ठान क्या होगा? इस शङ्का के समाधान में शून्यवाद का यह कथन है कि भ्रम के लिए अधिष्ठान की सत्ता आवश्यकता नहीं है। निरधिष्ठान भ्रम भी सम्भव है। जैसे केशोण्डुक या गन्धर्वनगर की प्रतीति का कोई आलम्बन या अधिष्ठान नहीं होता वैसे ही रजतभ्रम को भी निरधिष्ठान माना जा सकता है। इस मत में रजतभ्रम की व्याख्या इस प्रकार की जाती है। शून्य पहले शुक्ति रूप में प्रतीत होता है और फिर शुक्ति की रजतरूप में प्रतीति होती है। इस प्रकार शुक्ति तथा रजत दोनों ही शून्य के विवर्त होने के कारण असत् हैं। यह भ्रम में अनुभूत होने वाला रजत सत् नहीं है। यदि यह सत् होता तो इसका बाध नहीं हो सकता। ज्ञानदशा में क्योंकि इसका बाध हो जाता है इसलिए इसे सत् नहीं माना जा सकता।

शून्यवादी बौद्धों के इस असत्ख्यातिवाद के विरोध में पञ्चपादिकाकार का कथन है कि निरधिष्ठान भ्रम न तो दृष्टपूर्व है और न ही सम्भव है। केशोण्डुक आदि के दृष्टान्त के आधार पर निरधिष्ठानभ्रम की सिद्धि नहीं की जा सकती क्योंकि उसका भी तेजोत्रयवरूप अधिष्ठान होता है।[1] अंगुली द्वारा अपांग भाग में नेत्र को दबाकर मलने से एकत्र हुई नेत्र की रश्मियाँ ही केशोण्डुक का अधिष्ठान हैं। इसी प्रकार गन्धर्वनगर का अधिष्ठान आकाश है। अतएव इन दृष्टान्तों के आधार पर निरधिष्ठान-भ्रम की कल्पना सङ्गत नहीं है। शून्य को भ्रम का अधिष्ठान नहीं माना जा सकता क्योंकि अध्यस्यमान रजतादि में शून्य अनुगम्यमान नहीं है।

१. नहि निरधिष्ठानोऽध्यासो दृष्टपूर्वः सम्भवी वा। ननु केशोण्डुकाद्यवभासो निरधिष्ठानो दृष्टः, न तस्यापि तेजोऽवयवाधिष्ठानत्वात्। (प० पा०, पृ० ६३)

यदि शून्य को अनुपलभ्यमान मान लिया जाय तो भ्रम में 'शून्य रजत है" इस प्रकार की प्रतीति होनी चाहिए, "यह रजत है" ऐसी प्रतीति नहीं। इस पर यदि कहें कि "इदम्" इस प्रतीति का विषय ही शून्य है, तो केवल नाममात्र से ही विवाद रह जाता है।[1] ऐसी स्थिति में शून्य को असत् रूप नहीं माना जा सकता क्योंकि असत् को भ्रम का अधिष्ठान एवं अवधि नहीं माना जा सकता। भ्रम का अधिष्ठान वही होता है जिससे अनुचित रूप से आरोप्य का भान होता है। अतएव यदि शून्य को असद्रूप मानें तो वह भ्रम का अधिष्ठान नहीं बन सकता। किंच जैसे भ्रम के लिए अधिष्ठान का होना आवश्यक है वैसे ही भ्रमबाध के लिए अवधि का होना भी आवश्यक है। निरवधिक भ्रमबाध कहीं दृष्टिगत नहीं होता है।[2] जहाँ अनुमान या आप्तवचन से 'यह सर्प नहीं है" इस प्रकार सर्प-भ्रम का बाध होता है वहाँ पुरोऽवस्थित रज्जु ही उस भ्रमबाध की अवधि होती है। अतएव भ्रम के लिए अधिष्ठान के आवश्यक होने के कारण तथा निरधिष्ठान एवं निरवधिक भ्रम के संभव न होने से शून्यवादी बौद्धों का असत्ख्यातिवाद मान्य नहीं है।

२. आत्मख्यातिवाद :

विज्ञानवादी बौद्ध यद्यपि जगत् के पदार्थों को शून्यरूप नहीं मानते तथापि वे भी इनकी बाह्य सत्ता को स्वीकार नहीं करते। इनके मत में संसार के समस्त पदार्थ चित्तरूप हैं। क्षणिक विज्ञानसन्तति के अतिरिक्त ये किसी पदार्थ को नहीं मानते। इस सम्बन्ध में उनकी यह युक्ति है कि नील तथा नीलज्ञान में सहोपलम्भनियम है अर्थात् नीलज्ञान के बिना नील की उपलब्धि नहीं होती। अतएव नील की नीलज्ञान से स्वतन्त्ररूप में सत्ता नहीं मानी जा सकती।[3] इस कारण विज्ञानवाद में विज्ञान से अतिरिक्त बाह्यपदार्थों की सत्ता को स्वीकार नहीं किया जाता।

---

१. न च शून्यस्याधिष्ठानत्वम् अध्यस्यमानेऽनुपलभ्यमानत्वात्। भावे वा भ्रान्तिकाले शून्यं रजतमिति प्रतीयात्, न त्विदं रजतमिति। इदमिति प्रतीयमानमेव शून्यमिति चेत्, तर्हि नाममात्रे विवादः। (वि० प० स०, पृ० १५१)

२. न च सर्वत्रानिरवधिको "न" इत्येव बाधावगमो दृष्टः यथाप्यनुमानादावसवचनाद् वा 'न सर्प" इत्येवावगमे तत्रापि "किं पुनरिदं" इत्यक्षादर्शनात् पुरोऽवस्थितं वस्तुमात्रमवधिर्विज्ञायते। (प० पा०, पृ० ६४-६५)

३. सहोपलम्भनियमादभेदो नीलतद्धियोः।
भेदश्च भ्रान्तिविज्ञानैर्दृश्येन्द्वाविवाद्वये॥
(ब्र० सू० २।२।२८, भामती, पृ० ५४४)

विज्ञानवाद में भ्रमकालीन रजत को सत् माना जाता है किन्तु इसे बाह्यरूप में सत् न मानकर विज्ञानरूप में ही सत् माना जाता है। अतएव विज्ञानवाद के अनुसार विज्ञानाकार (बुद्धिरूप) रजत का बाह्य मान लेना ही भ्रम है। ज्ञान के द्वारा रजत के बाह्य [illegible] (वि[illegible]) का ही बाध होता है रजत का नहीं क्योंकि विज्ञानरूप से रजत सत् ही है असत् नहीं। आन्तरिक रजत का बाह्य रूप में प्रतीति ही भ्रम है। अतएव भ्रम के इस सिद्धान्त को आत्मख्यातिवाद के नाम से पुकारा जाता है।

भ्रम के इस सिद्धान्त के विरुद्ध यह कहा जाता है कि इसके अनुसार भ्रम तथा भ्रमबाध की समुचित व्याख्या सम्भव नहीं है। इस मत में सत्य-ज्ञान तथा मिथ्याज्ञान में भेद नहीं किया जा सकता। विज्ञान के अतिरिक्त किसी बाह्य वस्तु की सत्ता न होने से विज्ञान के सत्यत्व एवं मिथ्यात्व रूप भेद का [illegible] नहीं माना जा सकता क्योंकि विज्ञान के सत्यत्व एवं मिथ्यात्व का निर्णय बाह्य वस्तु के आधार पर ही किया जाता है। यदि ज्ञान बाह्यवस्तु के अनुरूप होता उसे सत्य अन्यथा असत्य एवं मिथ्या माना जाता है। किन्तु विज्ञानवाद के अनुसार विज्ञान से अतिरिक्त बाह्य वस्तु की सत्ता नहीं है। अतः इस मत में विज्ञान के सत्यत्व और मिथ्यात्व रूप भेद असम्भव नहीं है।

किंच विज्ञानवाद के अनुसार ज्ञान के स्वयंप्रकाश होने के कारण भ्रमात्मक ज्ञान की सत्ता को सिद्ध नहीं किया जा सकता। क्योंकि यदि भ्रमात्मक ज्ञान अन्य ज्ञान के समान स्वयंप्रकाश [illegible] तो उसे भ्रमात्मक या मिथ्या नहीं माना जा सकता। जो स्वयंप्रकाश है वह मिथ्या कैसे हो सकता है? और यदि भ्रमात्मक ज्ञान को स्वयंप्रकाश न मानकर अन्य-संवेद्य या परत प्रकाश मान लें तो ज्ञान के स्वयंप्रकाशत्व के सिद्धान्त की हानि होगी। स्वसंवेद्यत्व तथा अन्यसंवेद्यत्व के परस्पर विरोधी होने के कारण ज्ञान में इन दोनों धर्मों की कल्पना संगत नहीं है। अतः विज्ञान-वाद में ज्ञान की भ्रमात्मकता को सिद्ध नहीं किया जा सकता।

इसके अतिरिक्त विज्ञानवाद का यह सिद्धान्त भी मान्य नहीं कि आन्तर विज्ञान का बाह्यवस्तु के रूप में प्रतीत होना ही भ्रम है क्योंकि यदि भ्रम में अबाह्य वस्तु की बाह्यरूप में प्रतीति मानी जा सकती हो तो इसी तरह बाह्य वस्तु की अबाह्यरूप में प्रतीति को ही भ्रम क्यों न माना जाय? ऐसा मानने पर तो विज्ञानवाद का मूल ही विच्छिन्न हो जायगा। "इदं रजतम्" इस ज्ञान में इदंकारास्पदरूप से ही रजत का अनुभव होता है, आन्तर रूप से नहीं। यदि रजत विज्ञानरूप होता तो इदमा-कारूप में अनुभूत न होकर अहमाकाररूप में अनुभूत होता क्योंकि

विज्ञानवाद में ज्ञान तथा ज्ञाता में अभेद माना जाता है।[1] इस प्रकार हम देखते हैं कि योगाचार विज्ञानवादी बौद्धों का 'आत्मख्यातिवाद" भी भ्रम की समुचित व्याख्या करने में समर्थ नहीं है।

अब हम इस सम्बन्ध में अख्यातिवाद की परीक्षा प्रस्तुत कर रहे हैं।

३. अख्यातिवाद :

प्राभाकर मीमांसक भ्रम के सम्बन्ध में अख्यातिवाद को स्वीकार करते हैं। इनके मत में समस्त ज्ञान यथार्थ ही होते हैं। पाश्चात्य वस्तुवादियों (Western Realists) के समान ये भी प्रत्यक्ष ज्ञान में भ्रम की संभावना को स्वीकार नहीं करते। इनके अनुसार ज्ञान के दो भेद हैं—एक प्रमाणज्ञान तथा दूसरा स्मृतिज्ञान। इनके अतिरिक्त ये भ्रमात्मकज्ञानको एक मौलिक ज्ञान के रूप में नहीं मानते। इनके मत में जिसे हम भ्रमात्मक ज्ञान कहते हैं वह एक मौलिक ज्ञान के रूप में न होकर दो ज्ञानों (प्रत्यक्षज्ञान तथा स्मृतिज्ञान) तथा इनके विषयों में विवेक ग्रह के परिणामस्वरूप उत्पन्न होता है। उदाहरणार्थ शुक्ति में रजत का ज्ञान, जिसे भ्रमात्मक ज्ञान माना जाता है, एक ज्ञान नहीं है अपितु इसमें दो ज्ञान मिले हुए हैं। 'इदं रजतम्' इस ज्ञान में इदमंश प्रत्यक्ष का विषय है। चक्षुरिन्द्रिय 'इदम्' पदार्थ के अस्तित्व की सूचना देकर विरत हो जाती है किन्तु 'रजतम्" यह अंश प्रत्यक्षज्ञान का विषय नहीं है क्योंकि यहाँ उसकी सत्ता नहीं है। इदमंश के प्रत्यक्ष में अन्यत्र देखे गये रजत का तत्तद्देशकालरहितस्वरूप में स्मरण हो जाता है। प्राभाकर ने इसे प्रमुष्टसत्तास्मरण कहा है। इदम् तथा रजतम् ये दोनों ही अपने अपने स्थान पर सत्य हैं। इदमंश उपस्थित होने के कारण प्रत्यक्ष का विषय है जबकि रजतांश यहाँ उपस्थित न होने के कारण स्मृति का विषय है। किन्तु स्मृतिप्रमोष के कारण इन दोनों—प्रत्यक्षगृहीत तथा स्मृतिगृहीत—के पारस्परिक विवेक का ग्रहण नहीं होने पाता और परिणामस्वरूप भ्रमात्मक ज्ञान उत्पन्न होता है। इस प्रकार प्राभाकर मीमांसकों के मत में प्रत्यक्षज्ञान तथा स्मृतिज्ञान एवं इनके विषयों में विवेकाग्रह न होने के कारण ही "इदं रजतम्" यह भ्रमात्मक ज्ञान उत्पन्न होता है।[2] अतएव प्रत्यक्ष तथा स्मृति में विवेक की अख्याति का ही 'अख्यातिवाद" में

---

१ नाभाव उपलब्धेः (ब्र० सू० २।२।२८) पर शांकरभाष्य तथा भामती।

२ आनयोः विषययोश्च विवेकाग्रहात् भ्रमः। (प्रकरणपंचिका, पृ० ४३)

भ्रम का कारण माना गया है।[1]

प्रभाकर मीमांसकों का भ्रम विषयक यह सिद्धान्त भी विचार करने पर युक्तिसंगत प्रतीत नहीं होता। "इदं रजतम्" (यह रजत है) इस वाक्य से एकाकार ज्ञान का बोध होता है दो भिन्न-भिन्न ज्ञानों का नहीं। यह संभव है कि इदमंश के प्रत्यक्ष में पूर्वदृष्ट रजत की स्मृति उद्बुद्ध हो जाती हो तथापि यदि यह रजतस्मृति प्रत्यक्षोपलब्ध इदमंश के साथ मिलकर एकाकार न हो जाय और प्रत्यक्षज्ञान के साथ यह मन में पृथक्रूप से विद्यमान रहे तो ऐसी दशा में हमारे ज्ञान का रूप "यह रजत है" ऐसा न होकर "मैं इसे देख रहा हूँ और रजत को स्मरण कर रहा हूँ" अथवा "यह है और रजत था" ऐसा होता। किन्तु इसके विपरीत हमें "यह रजत" इस रूप में ज्ञान होता है। इससे स्पष्ट है कि जो प्रत्यक्ष का विषय है उसी में रजतत्व का भान होता है। अतएव यह मानना होगा कि इदमाकार प्रत्यक्षज्ञान तथा स्मृत्युद्बुद्ध रजत ज्ञान में केवल विवेकाग्रह ही नहीं है अपितु इनदोनों में भावात्मक तादात्म्यीकरण भी है। इस प्रकार के भावात्मक तादात्म्यीकरण को माने बिना रज्जु में सर्पभ्रम से होनेवाले भय पलायन आदि व्यापारों की समुचित व्याख्या संभव नहीं है। अतएव प्रत्यक्षात्मक भ्रम की सत्ता को अस्वीकार नहीं किया जा सकता।

वस्तुतस्तु "इदं रजतम्" इत्याकारक ज्ञान में रजत पुरोऽवस्थित रूप में प्रतीत होता है न कि स्मर्यमाण रूप में।[2] यह कहना ठीक नहीं कि पुरोऽवस्थितत्व की प्रतीति इदमंश से है, रजतांश से नहीं, क्योंकि जैसे व्यावहारिक रजतस्थल में होनेवाले "इदं रजतम्" इस ज्ञान में सामान्य और विशेष ये दोनों अंश एकदूसरे में संसृष्टरूप से उपलब्ध होते हैं वैसे ही भ्रमात्मक रजतज्ञान में भी ये संसृष्ट रूप से ही उपलब्ध होते हैं।[3] यहाँ यह कथन भी ठीक नहीं कि इदम् तथा रजतम् इन दोनों सामान्य-विशेष अंशों के तैरन्तर्य के कारण ही ऐसी प्रतीति होती है, दोनों के संसर्गग्रह के कारण

---

१. भ्रान्तिरूपता चात्र रजतज्ञानस्य स्मरणरूपस्यैव ग्रहणव्यवहारप्रवर्तकतया व्यवहारकाले विसंवादकत्वात्। (प्रकरणपंचिका, पृ० ४३)

२. पुरोऽवस्थितत्वेनावभासमानत्वात्। (वि० प्र० सं०, पृ० ९२)

३. न चेदमंशस्यैव तथावभासो न रजतस्येति मन्तव्यम्, यथा सम्यक्रजतेविदं रजतमयं पट इत्यादिभिन्नेतरसंसृष्टो सामान्यविशेषावपरोक्षावबभासेते तथाऽत्रापि प्रतिभासनात्। (वि० प्र० सं० पृ० ९२)

नहीं, क्योंकि भ्रमस्थल में परमार्थस्थल से कुछ भी न्यूनता नहीं है। अतएव जैसे परमार्थ रजतस्थल में सामान्य और विशेष अंशों का परस्पर संसर्गग्रह होता है वैसे ही भ्रमात्मक रजतज्ञान में भी संसर्गग्रह को स्वीकार करना उचित है। यह यह शंका भी समीचीन नहीं है कि भ्रमस्थल में पुरोवर्ती रजत का अभाव होने से संसर्गग्रह कैसे संभव है, क्योंकि अद्वैत-वेदान्त में भ्रमस्थल में अनिर्वचनीय रजत की उत्पत्ति मानी जाती है तथा इस अनिर्वचनीय रजत के साथ ही संसर्गग्रह को स्वीकार किया जाता है।

इस पर मीमांसकों की ओर से यह शंका की जाती है कि भ्रम में रजत के आपरोक्ष्य की अनुपपत्ति के कारण "इदं रजतम्" इस ज्ञान को संसर्गयुक्त मानना पड़ता है, और फिर इस संसृष्टज्ञान की उपपत्ति के लिए अनिर्वचनीय एवं मिथ्या रजत की कल्पना करनी पड़ती है। किन्तु भ्रमावस्था में होनेवाले रजत का आपरोक्ष्य तो संसर्गयुक्त ज्ञान को माने बिना भी केवल सामने विद्यमान प्रत्यक्षगृहीत शुक्ति में विवेकाग्रह के आधार पर ही उपपन्न हो सकता है। अतः रजत के आपरोक्ष्य के लिए भ्रमस्थल में अनिर्वचनीय रजत की उत्पत्ति की कल्पना युक्त नहीं है।

उपर्युक्त शंका के संबन्ध में विवरणप्रमेयसंग्रहकार विद्यारण्य का कथन है कि यदि शुक्ति से अविवेक के कारण ही रजत का आपरोक्ष्य होता तो विवेकज्ञान के समय 'इतने काल तक वह रजत इस शुक्ति से भिन्न नहीं जान पड़ा" इस तरह अविवेक का ही परामर्श होता, किन्तु ऐसा होता नहीं है। अपितु इसके विपरीत विवेकज्ञान होने पर "इतने काल तक यह रजत है ऐसा भान हुआ" इस प्रकार की प्रत्यभिज्ञा होने से संसृष्ट-ज्ञान का ही परामर्श होता है।[1] अतएव संसृष्टज्ञान की उपपत्ति के लिए पुरोवर्ती रजत की सत्ता का अवश्य ही स्वीकार किया जाना चाहिये। यदि पुरोवर्ती रजत की सत्ता को स्वीकार न किया जाय तो रजतार्थी पुरुष की इसमें प्रवृत्ति कैसे हो सकेगी।[2] पुरुष की जहाँ कहीं भी प्रवृत्ति होती है, वह तद्विषयक ज्ञान के अनन्तर ही होती है। रजत की इच्छा रखने वाले पुरुष की "इदम्" पदार्थ में प्रवृत्ति देखी जाती है।

---

१ तथा सति विवेकज्ञानसमयेऽप्येतावन्तं कालं तद्रजतमनेनाविविक्तमित्यविवेक एव परामृश्येत, किंतु एतावन्तं कालमिदं रजतमित्यमादिति प्रत्यभिज्ञया संसृष्टावभास एव परामृश्यते। (वि० प्र० सं०, ९७)

२. अत्र पुरोवर्तिमिथ्यारजतमंगीकर्तव्यम्, अन्यथा शुक्तिं दृष्ट्वा रजते प्रवर्तत इति किं केन संगच्छेत? (वि० प्र० सं०, पृ० ९७)

अतः मानना होगा कि यह इसे रजत समझ कर ही इसमें प्रवृत्त हुआ था। अतएव भ्रमज्ञान के विषय इस रजत को स्मर्यमाण एवं स्मृति का विषय नहीं मान सकते किन्तु इसे स्मर्यमाण के सदृश ही मान सकते हैं।[1] चित्, अख्यातिवाद के अनुसार 'मैं मनुष्य हूँ" इस ज्ञान को भ्रमात्मक ज्ञान नहीं सिद्ध किया जा सकता। क्योंकि इसमें ग्रहण तथा स्मृति रूप दो ज्ञानों में विवेकाग्रह न होकर दो ग्रहणात्मक ज्ञानों में ही विवेकाग्रह उपलब्ध होता है। "अहम्" इससे उपलक्षित आत्मा तथा "मनुष्यः" इससे उपलक्षित देहादि इन दोनों के गृहीत होने के कारण "अहं मनुष्य" (मैं मनुष्य हूँ) इस ज्ञान में दो ग्रहणात्मक ज्ञानों में ही विवेकाग्रह दृष्ट है, ग्रहण तथा स्मृतिरूप ज्ञानों में नहीं। अतएव अख्यातिवाद के अनुसार "मैं मनुष्य हूँ" इस ज्ञान को भ्रमात्मक ज्ञान नहीं माना जा सकता। इसके अतिरिक्त स्वप्नावस्था में "अहम्" से भिन्न किसी अन्य वस्तु की सत्ता न होने से दो वस्तुओं का विवेकाग्रह वहाँ सम्भव नहीं है। ऐसी स्थिति में स्वप्नावस्था को भ्रमरूप कैसे माना जा सकता है? इस प्रकार अख्यातिवाद के अनुसार स्वप्नावस्था एवं स्वप्नोपलब्ध पदार्थ के भ्रम-रूपत्व की व्याख्या नहीं की जा सकने के कारण इनके भी सत्यत्व की प्रसक्ति होती है। दो स्मृत वस्तुओं के विवेकाग्रह को भी भ्रम नहीं माना जा सकता, क्योंकि ऐसा मानने पर भ्रम में सब कुछ परम्परया उपस्थित मानना होगा तथा भ्रम के लिए साक्षात् ग्रहण की कोई आवश्यकता नहीं रह जायगी। इस प्रकार विवेकाग्रह न तो गृहीत तथा स्मृत वस्तुओं में सम्भव है, न गृहीत वस्तुओं में और न ही स्मृत वस्तुओं में। अतः विवेकाग्रह के रूप में भ्रमज्ञान की समुचित व्याख्या सम्भव नहीं है। इस प्रकार विचार करने पर प्राभाकर मीमांसकों का भ्रम-विषयक अख्याति-वाद भी युक्तियुक्त प्रतीत नहीं होता। अब हम नैयायिकों के अन्यथा-ख्यातिवाद के प्रामाण्य के सम्बंध में विचार प्रस्तुत कर रहे हैं।

४. अन्यथाख्यातिवाद :

न्यायदर्शन में प्रत्यक्षात्मक भ्रम की व्याख्या अलौकिक प्रत्यक्ष के आधार पर की गयी है। रज्जुसर्पभ्रम में रज्जुदर्शन से पूर्वदृष्ट सर्प की स्मृति इतने तीव्र एवं विशद रूप से उद्बुद्ध हो जाती है कि वह प्रत्यक्षात्मक ज्ञान का रूप धारण कर लेती है। इस प्रकार वह वस्तु जो भूतकालीन थी, भावनोत्कर्ष के द्वारा अभी वर्तमान देशकाल

---

१. तस्मान्न स्मर्यमाणमिदं रजतम्, किन्तु स्मर्यमाणसदृशमेव। (वही)

में अनुभूत (गृहीत) होने लगती है। जो रजत पहले आपण में देखा गया था, अभी यहाँ शुक्ति में दीख पड़ता है। यह शुक्ति अन्यथा अर्थात् पूर्वदृष्ट रजत के रूप में ख्यात हो रही है। किसी पदार्थ की इस प्रकार की अन्यथा ख्याति को ही न्यायदर्शन में भ्रम माना गया है।

नैयायिकों तथा भाट्टमीमांसकों द्वारा अभिमत अन्यथाख्यातिवाद के सम्बन्ध में यह प्रश्न होता है कि आपणस्थ रजत अलौकिक प्रत्यक्ष के द्वारा यहाँ शुक्ति में किस प्रकार उपलब्ध हो सकता है? दूसरे देश तथा काल में विद्यमान वस्तु का वर्तमान देश तथा काल में गृहीत होना सम्भव नहीं है। स्मृतिज्ञान चाहे कितना ही तीव्र या विशद क्यों न हो वह उस "तत्" के स्थान में इस "इदम्" का रूप ग्रहण नहीं कर सकता। अतएव प्रातिभासिक वस्तु के वर्तमानत्व तथा एतद्देशीयत्व रूप गुण की व्याख्या अन्यथाख्यातिवाद के आधार पर सम्भव नहीं है। इस प्रकार अन्यथाख्यातिवाद में शुक्तिरजत के अनुभूयमान संसर्ग को न मानना तथा आपणस्थ रजत के पुरोदेश में प्रतिभास की कल्पना करना आदि अनेक कल्पनाएँ करनी पड़ती हैं। अतएव इसे भी युक्तिसंगत नहीं माना जा सकता।

५. अनिर्वचनीयख्यातिवाद :

अद्वैतवेदान्त में भ्रम की व्याख्या अनिर्वचनीयख्याति के आधार पर की जाती है। इसके अनुसार भ्रमस्थल में अनिर्वचनीय वस्तु की उत्पत्ति होती है तथा उसी अनिर्वचनीयवस्तु की ख्याति होती है। इस वस्तु को हम सत् नहीं मान सकते क्योंकि अधिष्ठान ज्ञान से इसका बाध हो जाता है। किन्तु हम इसे अत्यन्त असत् भी नहीं मान सकते क्योंकि ऐसी अवस्था में इसकी ख्याति ही नहीं होती। सत् और असत् के विरोधी होने के कारण इसे सदसत् भी नहीं मान सकते। अतएव इसे सत्, असत् तथा सदसत् इन तीनों से विलक्षण होने के कारण अनिर्वचनीय माना जाता है। यह भ्रमस्थल में उत्पन्न अनिर्वचनीय वस्तु अज्ञानजन्य अस्थायी सृष्टि है। इस अनिर्वचनीय एवं प्रातिभासिक वस्तु की सृष्टि को माने बिना इसके यहाँ और अभी होने वाले प्रतिभास की व्याख्या सम्भव नहीं है। इस सम्बन्ध में भामतीकार वाचस्पतिमिश्र कहते हैं कि भ्रम में प्रतीत होने वाली वस्तु को न सत् माना जा सकता है, न असत् और न ही सदसत् अतः मृगमरीचिका में अनिर्वाच्य जल को ही मानना युक्त

है।[1] इस प्रकार वाचस्पतिमिश्र ने अनिर्वचनीयख्यातिवाद का स्पष्टरूप में समर्थन किया है। तथापि कुछ विचारकों ने वाचस्पतिमिश्र को अन्यथा-ख्यातिवाद का समर्थक माना है। उनके मत का खण्डन करते हुए वेदान्तकल्पतरुकार अमलानन्द कहते हैं कि वाचस्पति के मत में मरीचियों में प्रतीत होने वाला जल स्वरूप से मृषा एवं अनिर्वचनीय है। अतः उनके सम्बन्ध में यह कहना कि वे अन्यथाख्यातिवाद के समर्थक हैं संगत नहीं है।[2]

विवरणकार प्रकाशात्मयति ने भी अनिर्वचनीयख्यातिवाद का पूर्णतया समर्थन किया है। इस सम्बन्ध में वे कहते हैं कि शुक्तिरजतभ्रम में प्रतीत होने वाला रजत मिथ्या एवं अनिर्वचनीय है तथा यह अविद्यापादानक है।[3] भ्रम के दूर हो जाने पर हमें यह ज्ञान हो जाता है कि यह रजत नहीं है, अबतक मिथ्या रजत ही अवभासित हो रहा था। इससे सिद्ध होता है कि इस प्रातिभासिक रजत का उपादानकारण अविद्या है। इसलिए इसे भ्रमात्मक कहा जाता है। इस प्रकार विवरणकार ने भ्रमस्थल में अनिर्वचनीयवस्तु की उत्पत्ति को स्पष्ट शब्दों में स्वीकार करते हुए अनिर्वचनीयख्यातिवाद का समर्थन किया है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि भ्रम की व्याख्या के सम्बन्ध में भामतीकार तथा विवरणकार दोनों ही एकमत हैं और दोनों ने ही अनिर्वचनीयख्यातिवाद का समर्थन किया है।

●

---

१. तस्मात्र सत्, नाप्यसत् नापि सदसत् परस्परविरोधादित्यनिर्वाच्यमेवारोप्यतीदं मरीचिषु तोयमास्थेयम्। (भामती, पृ०,२३)

२. स्वरूपेण मरीच्यम्भो मृषा वाचस्पतेर्मतम्।
अन्यथाख्यातिरिष्टास्य न्यथा. संगृह्णतेनाः॥
(वे० क०, पृ० २४)

३. सत्यस्य वस्तुनो मिथ्यावस्तुसम्भेदोऽवभासमानः माया मिथ्या अनिर्वचनीयख्यातिः अध्यास एवायं इत्यर्थः। (पं० पा० वि. पृ० १६७-६९)

अष्टम अध्याय

मोक्ष

(क) मोक्ष का स्वरूप :

अद्वैत वेदान्त के अनुसार पारमार्थिक दृष्टिकोण से ब्रह्म तथा जीव में कोई भेद नहीं है। परमार्थतः जीव ब्रह्म ही है, ब्रह्म से भिन्न नहीं। जीव और ब्रह्म का भेद देहादुपाधिनिमित्तक है पारमार्थिक नहीं। जब तक स्थाणु में पुरुषबुद्धि के समान द्वैतलक्षणा अविद्या का नाश नहीं होता और जीव अपने कूटस्थ नित्य दृक्स्वरूप को न जान कर 'मैं ब्रह्म हूँ" इस प्रकार अनुभव नहीं करता तभी तक जीव का जीवत्व है।[1] परन्तु जब श्रुति के द्वारा उसे यह बोध हो जाता है कि वह देहेन्द्रियमनोबुद्धि का संघात नहीं अपितु चैतन्यमात्रस्वरूप आत्मा है, तब अपने वास्तविक स्वरूप को पहचान कर शरीरादि के अभिमान से ऊपर उठकर कूटस्थ नित्य दृक् स्वरूप आत्मा हो जाता है। श्रुतियों में यह कहा भी गया है कि जो उस परम ब्रह्म को जान लेता है वह ब्रह्म ही हो जाता है।[2] मिथ्याज्ञान के निवृत्त हो जाने पर चैतन्यस्वरूप आत्मा वैसे ही प्रकाशित होता है जैसे मलिनता के दूर हो जाने पर सुवर्ण अथवा मेघशून्य रात्रि में तारागण चमकते हैं।[3] किन्तु जब तक मिथ्याज्ञान की निवृत्ति नहीं होती वह शरीरादि उपाधियों से अविविक्त होकर द्रष्टा, श्रोता, मन्ता, विज्ञाता आदि रूप में अवभासित होता है। जैसे स्फटिक के स्वच्छ एवं शुक्ल होने पर भी वह रक्त, नील आदि उपाधियों से उपहित होने के कारण अपने स्वच्छ एवं शुक्ल रूप में उपलब्ध नहीं होता, वैसे ही आत्मा भी देहे-

---

१. यावदेव हि स्थाणाविव पुरुषबुद्धि द्वैतलक्षणामविद्यां निवर्तयन् कूटस्थनित्यदृक्-स्वरूपमात्मानमहं ब्रह्मास्मीति न प्रतिपद्यते, तावज्जीवस्य जीवत्वम्।

(ब्र० सू० शां० भा० १।३।१९)

२. यदा तु देहेन्द्रियमनोबुद्धिसंघातात् व्युत्थाप्य श्रुत्या प्रतिबोध्यते, नासित्वं देहेन्द्रियमनोबुद्धिसंघातः, नाभिमंसारी, किं तर्हि तत्त्वतस्त्वं स आत्मा चैतन्य-मात्रस्वरूपस्त्वमसीति, तदा कूटस्थनित्यदृक्स्वरूपमात्मानं प्रतिबुध्यात्मच्छ-रीराद्यभिमानात् समुत्तिष्ठन् स एव कूटस्थनित्यदृक्स्वरूप आत्मा भवति।

(वही)

३. ब्र० सू० शां भा० १।३।१९

न्द्रियादि उपाधियों से उपहित होने के कारण अपने विशुद्ध चैतन्यस्वरूप में उपलब्ध नहीं होता। देहेन्द्रियादि उपाधियों से अतिरिक्त जीव का ज्योंही विवेकज्ञान हो जाता है वह तत्काल ही मुक्त हो जाता है। जीव का सशरीरत्व (बन्ध) अशरीरत्व (मोक्ष) अविवेक और विवेक का ही परिणाम है।[1] पारमार्थिक दृष्टि से अशरीरी और शरीरी में कोई भेद नहीं। अतएव मोक्ष पारमार्थिक है। वह कूटस्थ, नित्य, व्योमवत् सर्वव्यापी, सर्वविक्रियारहित नित्यतृप्त, निरवयव एवं स्वयंज्योति स्वभाव है। धर्म, अधर्म, पाप तथा भूत भविष्य वर्तमानरूप त्रिकाल से इसका कोई सम्बन्ध नहीं।[2] इसका किसी देशविशेष से भी सम्बन्ध नहीं है। इसी लोक तथा इसी काल में मोक्ष की प्राप्ति सम्भव है। आत्मस्वरूप का अवबोध ही मोक्ष है देवलोकादि उत्तम स्थानों की प्राप्ति नहीं। तत्त्वज्ञान के उदित होने से मनुष्य इसी संसार में रहते हुए मुक्त हो जाता है। मोक्ष में कहीं जाना नहीं होता। मुक्त पुरुष की [illegible] गति नहीं हो सकती। अपाप्त स्थान में ही गति सम्भव है। मुक्त पुरुष के सर्वगत ब्रह्मस्वरूप होने के कारण उसकी कहीं गति सम्भव नहीं है।[3] यदि जीव का गन्ता और ब्रह्म को गन्तव्य माना जाय तो जीव को ब्रह्म का अवयव, विकार अथवा ब्रह्म से भिन्न मानना होगा, क्योंकि अपूर्ण तत्त्वों में गमन की उपपत्ति नहीं हो सकती।[4] मोक्ष का किसी कालविशेष से भी सम्बन्ध नहीं माना जा सकता, क्योंकि यह नित्य, कूटस्थ एवं पारमार्थिक है। यह साध्य नहीं अपितु सिद्ध है। यदि इसे धर्मादि के समान साध्य माना जाय तो यह अनित्य एवं विकारी हो जायगा। अतः इसे धर्मादि के समान साध्य नहीं माना जा सकता। मोक्ष के नित्य एवं पारमार्थिक होने पर भी यह अनादि अविद्या-वासना के कारण अनाविर्भूत रहता है। विवेकज्ञान से जब जीव के स्वरूप का आविर्भाव हो जाता है, तब वह मुक्त हो जाता है। मोक्षा अवस्था में किसी धर्मान्तर की प्राप्ति नहीं होती अपितु अपने

१. विवेकाविवेकभावेनैवात्मनोऽशरीरत्वं सशरीरत्वं च। (वही)

२. इदं तु पारमार्थिकं, कूटस्थनित्यं व्योमवत् सर्वव्यापि, सर्वविक्रियारहितं, नित्यतृप्तं, निरवयवं स्वयं ज्योतिःस्वभावम्। यत्र धर्माधर्मौ, सहकार्यपि कालत्रयं च नोपावर्तेते। (ब० सू० शां० भा० १।१।४)

३. नहि गतमेव गम्यते। अन्यो हि अन्यद्गच्छतीति प्रसिद्धं लोके।
(ब० सू० शां० भा० ४।३।१४)

४. गतिकल्पनाया च गन्ता जीवो गन्तव्यस्य ब्रह्मणोऽवयवो विकारोवाऽन्यो वा ततः स्यात्। अन्यथा गन्तृगन्तव्यत्वे गमनानुपपत्तेः। (वही)

स्वरूप का ही आविर्भाव अथवा ज्ञान होता है।[1] ज्ञान से किसी वस्तु की सिद्धि नहीं होती, अपितु सिद्ध वस्तु का प्रकाशनमात्र होता है। अतः मोक्ष सिद्ध है, साध्य नहीं। बन्धन वास्तविक नहीं अपितु अविद्याकृत है। विद्या से अविद्या के दूर होते ही जीव अपने वास्तविक स्वरूप में विराजमान होता है। जीव की अपने स्वरूप में अभिनिष्पत्ति ही मोक्ष है।

मोक्षावस्था में जीव ब्रह्मस्वरूप हो जाता है तथा जीव और ब्रह्म का विभाग नहीं रहता। परन्तु जीव और ब्रह्म के अविभागत्व के सम्बन्ध में विचारकों में मतभेद दृष्टिगत होता है। इस सम्बन्ध में बादरायण ने जैमिनि तथा औडुलोमि के मत का उल्लेख करते हुए अपने मत का प्रतिपादन किया है। जैमिनि के मत में मुक्त पुरुष ब्रह्मरूप हो जाता है और ब्रह्म के अपहतपाप्मत्व, सत्यसंकल्पत्व, सर्वज्ञत्व सर्वेश्वरत्व आदि गुणों की प्राप्ति उसे हो जाती है।[2] किन्तु औडुलोमि इस मत से सहमत नहीं। उनके मत में सत्यसंकल्पत्वादि गुण औपाधिक हैं, वास्तव में आत्मा का स्वरूप नहीं, अपितु चैतन्य ही आत्मा का स्वरूप है।[3] अतः मोक्षावस्था में आत्मा के चैतन्यमात्रस्वरूपत्व की अभिव्यक्ति के सिद्धान्त को ही वे ठीक मानते हैं।[4] उनके मत में मुक्तात्मा को ब्रह्म के सत्यसंकल्पत्वादि गुणों की प्राप्ति नहीं होती। परन्तु बादरायण ने जैमिनि तथा औडुलोमि के मतों में सामञ्जस्य स्थापित करने का प्रयास किया है। उनकी दृष्टि में इन दोनों मतों में कोई वास्तविक विरोध नहीं है। ये दोनों ही मत दृष्टिकोण के भेद से ठीक हैं। जैमिनि का मत व्यावहारिक दृष्टि से ठीक है, किन्तु पारमार्थिक दृष्टि से औडुलोमि का मत मान्य है। यद्यपि पारमार्थिक दृष्टि से मुक्तात्मा चैतन्यमात्रस्वरूप है, तथापि व्यावहारिक दृष्टि से उसके सत्यसंकल्पत्वादि ऐश्वर्यों का उपपादन भी असंगत नहीं है।[5]

---

१ केवलेनैवात्मनाविर्भावेन न धर्मान्तरेण। तुल्य—स्वेन स्वेनात्मनिष्पद्यत इति स्वशब्दात्। (ब्र० सू० शा० भा० ४।४।१)

२. स्वमस्यरूपं ब्रह्मापहतपाप्मत्वादिसत्यसंकल्पत्वादिकमवाप्नोति तथा सर्वज्ञत्वं च सर्वेश्वरत्वं च तत्रैव प्राप्नोतीति जैमिनिराचार्यो मन्यते। (ब्र० सू० शा० भा० ४।४।५)

३. चैतन्यमेव त्वस्यात्मनः स्वरूपमिति तन्मात्रेण स्वरूपेणाभिनिष्पत्तिर्युक्ता। (ब्र० सू० शा० भा० ४।४।६)

४. तदपि पारमार्थिकं चैतन्यमात्रस्वरूपमुपगमेऽपि व्यवहारापेक्षया पूर्वस्याप्युपन्यासादिसंभवात्तस्य बाह्यैश्वर्यवत्त्वस्यानपवादाद्विरोधं बादरायणः आचार्यो मन्यते। (ब्र०सू० शा० भा० ४।४।७)

इस प्रसंग में यह उल्लेखनीय है कि यद्यपि बादरायण ने मुक्त पुरुष के सत्यसंकल्पत्वादि ऐश्वर्यों को स्वीकार किया है, तथापि जगत् की उत्पत्ति, स्थिति तथा संहार में वे उसका कोई हाथ नहीं मानते। उनके मत में जगद्व्यापार का सामर्थ्य परमेश्वर में ही है, मुक्तात्मा में नहीं।[1] बादरायण का यह मत माध्वमत में तो ठीक बैठ जाता है जिसके अनुसार जीव और ब्रह्म का भेद वास्तविक है, अविद्याजन्य नहीं। रामानुज के मत में भी जीव और ब्रह्म का भेद वास्तविक है तथा मोक्षावस्था में भी यह भेद बना रहता है। अतः उनके मत में भी बादरायण के पूर्वोक्त मत की संगति लग जाती है, किन्तु शंकराचार्य के मत में जीव और ब्रह्म का भेद पारमार्थिक नहीं अपितु अविद्याजन्य है। अविद्या के दूर होते ही जीव ब्रह्म हो जाता है। जीव और ब्रह्म के अभेद के पारमार्थिक होने के कारण अविद्यानिवृत्ति के अनन्तर जब जीव ब्रह्मरूप हो जाता है तब मुक्तात्मा और ब्रह्म के पूर्वोक्त भेद का उपपादन कैसे किया जा सकता है? जब मोक्षदशा में जीव ब्रह्मरूप हो गया तब फिर जगद्व्यापार के सम्बन्ध में उसके असामर्थ्य का हेतु क्या रहा? इस शंका का समाधान शंकराचार्य ने इस प्रकार किया है। वे कहते हैं कि जब जीव की अविद्या पूर्णतया नष्ट हो जाती है और वह परममुक्ति की दशा को प्राप्त कर लेता है, तब उस समय जीव, जगत्, ईश्वर, कर्ता, कर्म इत्यादि का भेद नहीं रह जाता। अतः परममुक्ति की दशा में जगत् की उत्पत्ति, स्थिति आदि का प्रश्न ही नहीं रहता। किन्तु जबतक जीव को परममुक्ति की प्राप्ति नहीं होती और ईश्वर जगत् आदि की सत्ता बनी रहती है, तभी तक के लिए बादरायण ने यह कहा है कि मुक्तात्मा को जगद्व्यापार के अतिरिक्त अन्य सत्यसंकल्पत्वादि ऐश्वर्यों की प्राप्ति होती है। मुक्तात्मा तथा परमात्मा में भोगमात्र की समानता रहती है।[2] जगत् की उत्पत्ति आदि का सामर्थ्य तो परमात्मा में रहता है मुक्तात्मा में नहीं। परन्तु जब जीव की अविद्या पूर्णरूप से निवृत्त हो जाती है और वह पूर्णतया मुक्त हो जाता है तब उसमें और परमेश्वर में कोई अन्तर नहीं रह जाता, क्योंकि जीव और परमेश्वर का भेद मिथ्याज्ञानकृत है वस्तुकृत नहीं।[3]

---

१. "जगद्व्यापारवर्जं प्रकरणादसन्निहित्वाच्च"। (ब्र० सू० ४।४।१७)

२. "भोगमात्रसाम्यलिंगाच्च"। (ब्र० सू० ४।४।२१)

३. मिथ्याज्ञानकृत एव जीवपरमेश्वरयोर्भेदो न वस्तुकृत।
(ब्र० सू० शा० भा० १।३।२०)

[illegible]

[illegible] प्रतिबिम्ब [illegible] रहता है और [illegible] किया जाय तो उसमें पड़ने वाला प्रतिबिम्ब बिम्ब रूप में ही अवस्थित रहता है, वैसे ही अनेक उपाधियों में प्रतिबिम्बित [illegible] उपाधि के नष्ट हो जाने पर मुक्त प्रतिबिम्ब का बिम्ब-[illegible] उचित है।[2] अतएव सर्वज्ञात्म-मुनि [illegible] जीव का [illegible] चैतन्य के रूप में ही अवस्थित मानते हैं।

यद्यपि विवरणकार प्रकाशात्मयति भी प्रतिबिम्बवाद के समर्थक हैं, [illegible] जीव तथा ईश्वर दोनों को प्रतिबिम्बरूप नहीं मानते। प्रति-[illegible] के भेद के लिए उपाधि में भेद आवश्यक है।[1] बिम्बभूत चैतन्य के

(म० शा०)

[1] [illegible] ।

[2] [illegible]'' इति [illegible] मुक्तस्य बिम्बभूतशुद्धचैतन्य-[illegible] ।
(सि० ले० सं०, पृ० ५३६)

[3] [illegible] प्रतिबिम्बत्वाभावात् ।
(सि० ले०, सं०, पृ० १०८)

एक हो। इन कारण उपाधि के भेद से इसका प्रतिबिम्ब का भेद नहीं माना जा सकता। माया तथा अविद्या के भेद को ही मानते और न हो, व्यवहार रूप में अन्तर अविद्या के कारण तथा [illegible] भेद को ही स्वीकार करते हैं। अतएव इनके मत में जीव तथा ईश्वर दोनों ही प्रतिबिम्बरूप न होकर जीव बिम्बरूप तथा ईश्वर [illegible] बिम्बरूप है। इन्होंने अविद्या में चैतन्य के प्रतिबिम्ब को जीव तथा बिम्बस्थानीय चैतन्य को ईश्वर माना है। इनके मत के खण्डन में [illegible] यह कहते हैं कि ईश्वर को बिम्बरूप स्वीकार करने पर ही जीव के बिम्ब प्रतिबिम्ब के दृष्टान्त से ईश्वर की स्वाधीनता तथा जगत् में चारुत्व का समुचित समाधान है।[1] विवरणप्रस्थान में ईश्वर को बिम्बस्थानीय माना जाने के कारण मुक्ति दशा में जीव को ईश्वर रूप माना गई है, शुद्ध ब्रह्मरूप नहीं। इस मत के अनुसार [illegible] जीवों की मुक्ति नहीं मानी, सब सब मुक्त जीव ईश्वर-रूप ही रहता है ब्रह्मरूप नहीं होता।[2] जैसे अनेक दर्पणों में यदि एक बिम्ब का प्रतिबिम्ब पड़ रहा हो तो उनमें से एक दर्पण के हटा देने पर उसमें पड़ा हुआ प्रतिबिम्ब बिम्बरूप में ही अवस्थित रहता है मुखरूप में नहीं, क्योंकि एक दर्पण के हट जाने पर भी अन्य दर्पणों के सन्निधान से मुख में बिम्बत्व विद्यमान है; वैसे ही एक ब्रह्मचैतन्य का अनेक उपाधियों में प्रतिबिम्ब पड़ने पर एक प्रतिबिम्ब में विद्योदय से उपाधि का नाश हो जाने पर उसमें पड़े हुए प्रतिबिम्ब जीव को बिम्बरूप ईश्वररूपता में ही अवस्थित मानना होगा।[3]

उपर्युक्त दोनों मतों में प्रतिबिम्ब बिम्ब से अभिन्न एवं सत्य माना जाता है इसलिये मुक्तिदशा में जीवरूप प्रतिबिम्ब बिम्बात्मना अवस्थित रहता है। इन दोनों मतों में अन्तर यह है कि जब कि संक्षेप-शारीरककार के मत में मुक्ति दशा में जीव विशुद्ध ब्रह्मरूप हो जाता है

१ तथापि प्रतिबिम्बो जीवः, बिम्बस्थानीय ईश्वरः [illegible] तथा सत्येव लौकिक-बिम्बप्रतिबिम्बदृष्टान्तेन [illegible] चारुत्वं जीवस्य च [illegible]। (सि० लें० सं०, पृ० १०४)

२ अस्मिन् [illegible] मुक्तस्य [illegible] सर्वज्ञत्वसर्वकर्तृत्व सर्वेश्वरत्व [illegible] [illegible] (सि० लें० सं० पृ० ५३६)

३ तथैकस्य ब्रह्मचैतन्यस्य अनेकेषु उपाधिषु प्रतिबिम्बे सति एककस्मिन् प्रतिबिम्बे विद्योदय तत्र तदुपाधिविलये तत्प्रतिबिम्बस्य बिम्बभावेनावस्थानादद्वैतभावात्। (सि० लें० सं० पृ० ५३६)

विवरणकार के मत में यह तब तक ईश्वररूप में ही अवस्थित रहता है जब तक कि सभी जीव मुक्त न हो जायँ। इस सम्बन्ध में आत्मस्फूर्ति का कथन है कि चूँकि जीव तथा ईश्वर दोनों ही प्रतिबिम्ब हैं, इसलिए जीव मुक्तिदशा में ईश्वररूप नहीं हो सकता। यदि मुक्त होने पर जीव ईश्वर के रूप में ही रहे, तो ऐसी स्थिति में कदाचित् जीवरूप प्रतिबिम्बान्तर को भी इस प्राप्त हो सके और इस तरह पुनः उसके बन्धन की सम्भावना का आ सकती[1] किन्तु विवरणकार ने ईश्वर को प्रतिबिम्बरूप न मानकर बिम्बरूप ही माना है, अतः उनके मत में मुक्तिदशा में जीव के ईश्वररूप होने में कोई बाधा या आपत्ति नहीं। ईश्वर वस्तुतः ब्रह्मरूप ही है। अज्ञान प्रतिबिम्बित चैतन्य ही ब्रह्म की बिम्बरूपता या ईश्वरता है। जीवरूप प्रतिबिम्बों के हटते ही उसकी बिम्बरूपता या ईश्वरता भी समाप्त हो जाती है। किन्तु जब तक प्रतिबिम्बों की सत्ता है तब तक उसका बिम्बत्व भी बना रहता है। इस कारण विवरणकार एकात्मस्फूर्ति के मत में मुक्तिदशा में जीव की तब तक बिम्बरूपता या ईश्वरता रहती है जबतक कि समस्त जीवों की मुक्ति हो जाने से ब्रह्म के बिम्बत्व या ईश्वरत्व की परिसमाप्ति नहीं हो जाती।[2]

इनके विपरीत आभासवादी सुरेश्वराचार्य जीव तथा ईश्वर दोनों को चैतन्य का आभासमात्र तथा मिथ्या मानते हैं। जीव के ब्रह्म से भिन्न एवं मिथ्या होने के कारण उपाधि के नाश से जीवत्व का नाश ही मुक्ति है। ब्रह्म तो सदैव मुक्त ही है तथा जीव आभासरूप होने से मिथ्या है। अतः इस मत में मुक्ति का प्रश्न ही नहीं उठता। ब्रह्म को न तो जीव माना जा सकता है और न ही बन्ध-मोक्ष का अधिकारी, क्योंकि उसमें संसारित्व उसी प्रकार कल्पित है जैसे नभस्तल में नीलिमा।[3] मोक्ष के आत्मस्वरूप होने के कारण उसकी प्राप्ति का कथन औपचारिक है। आत्मस्वरूप जीव सदैव मुक्त है। अविद्या के कारण ही वह अमुक्तवत्

---

१ तस्मात्त्वं ।बाधितजीवरूपप्रतिबिम्बत्वं त्यागेनापि पुनरस्त्वेनाप्रच्छन्नतया इव बृहतस्य पुनर्बन्धापत्तेः । (सि० ले० म० पृ० ५३५)

२ निर्बन्धाद् मुक्तः प्राक् सर्वजीवविमोचनात् ।
इत्थं मुक्ता सत्य ब्रह्म स्वभावे व्यवतिष्ठते ॥ (सि० ले० म०, पृ० ५३५)

३ आत्मा सर्वगतो ज्ञाता यथा काश्यं विवस्वतः ।
(बृ० उ० भा० वा०, २।४।४३६)

[illegible] है। [illegible] में [illegible] के द्वारा [illegible] का [illegible] है [illegible] में भी [illegible] के [illegible] का समर्थन किया है।

[illegible] है [illegible] है [illegible] आभास। [illegible] आत्मा [illegible] में [illegible] के रूप में [illegible] माना है [illegible] अन्य [illegible] उपाधि में [illegible] किया है [illegible] महाविष्णु के रूप में अवस्थित होता है [illegible] जाता है। इस प्रकार वाचस्पतिमिश्र के मत में [illegible] जीव का अन्तर्वाह्य एवं [illegible] ब्रह्म के रूप में [illegible] ही मुक्ति है।

इस प्रकार से यह [illegible] है कि वाचस्पतिमिश्र ने ब्रह्मसूत्र के अध्यारोपवाद में बिम्बप्रतिबिम्ब दृष्टान्त के आधार पर मुक्तपुरुष की ब्रह्मरूपता का परिपादन किया है। [illegible] है कि जैसे दर्पण में पड़ा हुआ मुखप्रतिबिम्ब दर्पण के हट जाने पर बिम्बरूप से अवस्थित रहता है वैसे ही अविद्याजन्य उपाधि के नष्ट हो जाने पर जीव ब्रह्मरूप हो जाता है। अमलानन्द ने भी बिम्बप्रतिबिम्बदृष्टान्त के आधार पर मुक्त पुरुष की ब्रह्मरूपता के सिद्धान्त का समर्थन किया है।[1] परन्तु परिमलकार अप्पयदीक्षित ने मुक्त पुरुष को तब तक ईश्वररूपता मानी है जब तक कि सभी पुरुषों का मुक्ति नहीं हो जाती है। वे कहते हैं कि मुक्त जीव की तब तक बिम्बभूत ईश्वररूप में ही अवस्थिति रहती है।

१ ब्र० सू० शां० भा० [illegible] ५०६ ।

२ निर्विशेष ब्रह्मभावस्य परमार्थत्वे । [illegible] ब्र० सू० [illegible]

३ [illegible] बिम्बप्रतिबिम्बभावव्यपदेशे [illegible] जीवे ब्रह्मभाव । [illegible]

४ दर्पणस्थानीये [illegible] बिम्बभावनावस्थिते [illegible] बिम्बान्तररूपेण । (ब्र० सू० पृ० [illegible] ।

जब तक कि सभी जीवों की मुक्ति नहीं हो जाती।[1] यदि किसी मुख का प्रतिबिम्ब अनेक दर्पणों में पड़ रहा हो तो जब तक सभी दर्पणों का नाश नहीं हो जाता तब तक एक दर्पण के नष्ट हो जाने पर उसमें पड़ता हुआ प्रतिबिम्ब बिम्बरूप में ही अवस्थित रहता है क्योंकि अन्यान्यरूप प्रतिबिम्ब में प्रतिबिम्बिरूप बिम्बत्व की निवृत्ति नहीं होती। ठीक इसी प्रकार एक अनेक कर्मराशि के नष्ट हो जाने पर उसमें प्रतिबिम्बित जीव बिम्बभूत ईश्वरत्व को ही प्राप्त होता है विशुद्ध ब्रह्मत्व को नहीं, क्योंकि उपाध्यन्तरगतप्रतिबिम्ब के पुनः बिम्बत्व से बिम्बरूप ईश्वरत्व की निवृत्ति नहीं होती। इस प्रकार परिमलकार अप्पयदीक्षित ने मुक्तपुरुष की ईश्वरभावाप्ति के सिद्धान्त का ही समर्थन किया है। उन्होंने इस मत को ही सूत्रकार तथा भाष्यकार दोनों के द्वारा सम्मत बतलाया है।[2] इस प्रसंग में यह भी उल्लेखनीय है कि अप्पयदीक्षित ने मुक्ति और परममुक्ति में भेद किया है तथा मुक्ति में जीव की ईश्वर-भावाप्ति को और परममुक्ति में निर्विशेषब्रह्मभावाप्ति को स्वीकार किया है।[3]

२. जीवन्मुक्ति

शंकराचार्य जीवन्मुक्ति के सिद्धान्त के प्रतिपादक हैं। 'तदधिगमः उत्तरपूर्वाघयोरश्लेषविनाशौ तद्व्यपदेशात्' (ब्र०सू० ४.१.१३) इस सूत्र के भाष्य में वे कहते हैं कि ज्ञान की प्राप्ति से संचित कर्मराशि का ही क्षय होता है प्रारब्ध कर्मराशि का ही क्षय होता है प्रारब्ध कर्मराशि का नहीं क्योंकि छान्दोग्योपनिषद् में शरीरपात के बाद तुरन्त ही क्षेमप्राप्ति का प्रतिपादन किया गया है। यदि ज्ञान से संचित तथा प्रारब्ध सभी कर्मों का क्षय माना जाय तो शरीर धारण के हेतु के अभाव से ज्ञानान्तर ही मोक्ष की प्राप्ति हो जाय और छान्दोग्योपनिषद् के अनुसार उसके

१ सकलो यावत्सर्वमुक्तिर्भवति तावत्पर्यन्तं ... (ब० ... ४.३.१०)

२ बहुषु दर्पणेषु प्रतिफलति बिम्बे मुखे ... यावत्सु ... तावत्सु बिम्बमुखभावः तावत्पर्यन्तं दर्पणान्तरगतप्रतिबिम्बस्य ... बिम्बभावानिवृत्तेः। ततश्च सुतरां परमेश्वरभावप्राप्तिः

—सि० कौ० पृ० ३१३।१५)

३ वे० कौ० पृ० ३.१०

४ निर्विशेषब्रह्मभावप्राप्तिः परममुक्तिः। (वे० कौ० पृ० ३४३)

५ तस्य तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्यथ संपत्स्ये (छा० उ० ६.१४.२) इति शरीरपातानन्तरकालात् क्षेमप्राप्तेः। (ब्र० सू० शां० भा० ४.१.१५)

लिये शरीर-पात की प्रतीक्षा न करनी पड़े। इस शंका के समाधान में कि तत्त्वज्ञान से मिथ्याज्ञान के नष्ट हो जाने पर तन्निमित्तक देहादि द्वयादि का अवस्थान कैसे हो सकता है, शंकराचार्य कहते हैं कि बाधित मिथ्याज्ञान भी संस्कारवश द्विचन्द्रज्ञान की तरह कुछ काल तक अनुवृत्त होता ही[1] है जिससे मुक्त पुरुष के देहादि का अवस्थान होता है। श्रुतियों तथा स्मृतियों में वर्णित स्थितप्रज्ञ के लक्षण से भी जीवन्मुक्ति के सिद्धान्त का समर्थन होता है।[2] यदि तत्त्वज्ञान की प्राप्ति से आरब्ध तथा अनारब्ध सभी कर्मों का क्षय माना जाय तो स्थितप्रज्ञ का शरीर धारण कैसे हो सके? इससे ज्ञात होता है कि तत्त्वज्ञान से अनारब्ध कर्मों का ही क्षय होता है आरब्ध कर्मों का नहीं। आरब्ध कर्मों के फलोपभोग के लिए ज्ञान-प्राप्ति के बाद भी शरीर अवस्थित रहता है। इस प्रकार शंकराचार्य ने शारीरकभाष्य में स्पष्टरूप से जीवन्मुक्ति के सिद्धान्त का समर्थन किया है।

इस सम्बन्ध में विवरणप्रमेयसंग्रहकार विद्यारण्य कहते हैं कि विद्या से अविद्या के नष्ट हो जाने पर भी अविद्या के संस्कार से देहेन्द्रियादि का अवस्थान सम्भव है। जैसे फूलों की डलिया से फूलों के निकाल लिये जाने पर भी गन्ध के संस्कार से वह डलिया कुछ काल तक सुरभित रहती है, वैसे ही अविद्या के दूर हो जाने पर भी उसके संस्कार से कुछ काल तक देहेन्द्रियादि अवस्थित रहते हैं। इस पर यदि शंका हो कि पूर्वोक्त दृष्टान्त में फूलों की डलिया के सुगन्धित रहने का कारण यह है कि वहाँ फूलों के सूक्ष्म अवयव अवशिष्ट रह जाते हैं तो यह ठीक नहीं क्योंकि प्रकृतस्थल में भी अवशिष्ट अविद्यालेश को ही देहेन्द्रियादि के अवस्थान का कारण माना जा सकता है।[3] प्रारब्धकर्मों के क्षय तक अविद्या लेश की अनुवृत्ति मानकर उसी से जीवन्मुक्त के देहेन्द्रियादि के अवस्थान की व्याख्या सम्भव है।[4] इस विषय में चित्सुखीकार का कथन

---

१ बाधितमपि मिथ्याज्ञानं द्विचन्द्रज्ञानवत्संस्कारवशात् कंचित्कालमनुवर्तत एव। (वही)

२ श्रुतिस्मृतिषु च स्थितप्रज्ञलक्षणमिदं नेतदेव निरुच्यते। (वही)

३. नि शाखिपुष्पपात्रस्थिता सूक्ष्मा पुष्पावयवा एव गन्धबुद्धिमुत्पादयन्ति न संस्कार इति चेत् सत्यपि पक्षयोरुभयोः सर्वकार्यसंस्कारोऽभ्युपगम्य एव। (वि० प्र० सं० पृ० ३६०)

४ कथमपि आत्मसाक्षात्कारे जातेऽप्यापारब्धक्षयमविद्यालेशानुवृत्त्या जीवन्मुक्तिरस्तु। (वि० प्र० सं० पृ० ३६२)

है कि तत्त्वज्ञान के उदय में भी अविद्या की निवृत्ति नहीं होती क्योंकि प्रबल प्रारब्ध कर्मों से यह ज्ञान प्रतिबद्ध रहता है।[1]

इस पर यह शंका होती है कि यदि जीवन्मुक्ति की दशा में भी अविद्यालेश की अनुवृत्ति मानी जाय तो उसे वास्तविक दृष्टि से मुक्ति कैसे मान सकते हैं? इस शंका का समाधान करते हुए अद्वैतसिद्धिकार मधुसूदन सरस्वती का यह कथन है कि जीवन्मुक्ति की दशा में अविद्या की आवरणशक्ति का तो नाश हो जाता है किन्तु उसकी विक्षेपशक्ति प्रारब्ध कर्मों के क्षीण होने तक बनी रहती है। अविद्या की यह विक्षेप-शक्ति जीव के बन्धन का कारण नहीं है। अविद्या की आवरणशक्ति ही उसके बन्धन का कारण है। जीवन्मुक्ति की दशा में आवरणशक्ति का नाश तथा विक्षेपशक्ति का वर्तमान रहना ही अविद्यालेश की अनुवृत्ति का तात्पर्य है, इसलिए जीवन्मुक्ति दशा में अविद्यालेश की अनुवृत्ति असंगत नहीं है।

इस संबंध में विवरणकार प्रकाशात्मयति का कथन है कि तत्त्व तावदेव चिरम् यह छान्दोग्य उपनिषद् का वाक्य इस बात में प्रमाण है कि तत्त्वज्ञान के बाद भी देहेन्द्रियादि का अवस्थान रहता है और यह तभी सम्भव है जबकि देहेन्द्रियादि के निमित्तभूत कर्मों का अवस्थान माना जाय।[2] अतः तत्त्वज्ञान के बाद भी कुछ काल तक प्रारब्ध कर्म के अवस्थान को मानना आवश्यक है। विवरणकार कहते हैं कि प्रारब्ध कर्म वाले पुरुष को शरीरावस्था में ही तत्त्वदर्शन सम्भव है। व्यास आदि मुनियों को शरीरावस्था में ही तत्त्वदर्शन हुआ था।[3]

वार्तिककार सुरेश्वराचार्य ने भी जीवन्मुक्ति के सिद्धान्त का समर्थन किया है। बृहदारण्यकोपनिषद्भाष्यवार्तिक में उन्होंने मण्डनमिश्र के षष्ठीमुक्तिवाद का खण्डन किया है। वे कहते हैं कि यदि षष्ठीमुक्ति के सिद्धान्त को मान लिया जाय तो सम्यग्ज्ञान के उत्पन्न होते ही शरीर-

---

1. न च देहस्य तिष्ठतः तत्त्वज्ञानेन निवृत्तिः कर्मणां प्रबलेन तत्त्वस्य प्रबन्धे प्रारब्धकर्मणा प्रतिबद्धत्वात्। (तत्त्वप्रदीपिका, पृ० ६०७)।
2. 'तस्य तावदेव चिरम्' इति ज्ञानोत्तरकालीनस्यावस्थानात् कर्मणस्तत्र दृष्टदेहेन्द्रियादिवत्त्वं तथा तन्निमित्तकावस्थानकल्पनात्। (वि० प० वि० पृ० ७ ३)।
3. प्रारब्धकर्मवतस्तु तत्त्वदर्शनं सशरीरस्यैव सम्भवति। व्यासादीनाञ्च सशरीराणामेव अपरोक्षदर्शनं श्रूयते। (वि० पा० वि० पृ० ३८ ो)।

पान हो जाता आदि। [illegible] है [illegible] मण्डनमिश्र के सिद्धान्त को स्वीकार नहीं किया जा सकता। पुनः वाचस्पति कहते हैं कि सर्वविदता की साधनभूता अविद्या [illegible] प्रकाशित होने पर मनुष्य को जीवन-काल में मोक्ष प्राप्त हो जाता है, अतः यह कहना ठीक नहीं कि तत्त्वज्ञान के अनन्तर ही मोक्ष की प्राप्ति सम्भव है।[1] जीवन्मुक्ति के समर्थन में उन्होंने भी पूर्वोक्त [illegible] "तस्य तावदेव चिरम्" को प्रमाणरूप में प्रस्तुत किया है।[2]

भामतीकार वाचस्पति मिश्र ने भी जीवन्मुक्ति के सिद्धान्त का समर्थन किया है तथा मण्डनमिश्र के सद्यःमुक्तिवाद का खण्डन किया है। शंकराचार्य द्वारा जीवन्मुक्ति के समर्थन में प्रदर्शित स्थितप्रज्ञ के दृष्टान्त के सम्बन्ध में मण्डनमिश्र का कथन है कि स्थितप्रज्ञ साधक है सिद्ध नहीं। अतएव स्थितप्रज्ञ को जीवन्मुक्त नहीं माना जा सकता।[3] मण्डनमिश्र के इस आक्षेप का निराकरण करते हुए वाचस्पतिमिश्र कहते हैं कि स्थितप्रज्ञ को सिद्ध न मानकर साधक मानना उचित नहीं है। यदि स्थितप्रज्ञ को साधक माना जाय तो साधना के द्वारा उत्तरोत्तर ज्ञान के उत्कर्ष से पूर्वपूर्वपक्षय अनवस्थित हो जायगा और परिणामस्वरूप वह स्थितप्रज्ञ नहीं रह जायगा। स्थितप्रज्ञ तो निर्णीतप्रज्ञ होता है, अतएव वह सिद्ध ही है, साधक नहीं।[4] जीवन्मुक्ति के सिद्धान्त के समर्थन में भामतीकार का कथन है कि हिरण्यगर्भ, मनु, उद्दालक आदि देवर्षिगण तत्त्वज्ञानी होते हुए भी दीर्घजीवी थे।[5] श्रुति, स्मृति, इतिहास तथा पुराण में इनका तत्त्वज्ञता तथा दीर्घजीविता का वर्णन उपलब्ध होता है। इससे यह सिद्ध

१ सम्यग्ज्ञानसमुत्पत्तिसमनन्तरमेव च। शरीरपातः कस्मान्नेत्यत्राप्यवहितं मनः॥ (बृ० उ० भा० वा० १ ४।१५४६)।

२ न तस्य जातेन कश्चिदिनगाऽस्ति मनस्य वा। यत सर्वविदेगाणामविद्यैवास्ति कारणम्। बृ० उ० भा० वा० ४ ४।२०६)।

३ वही १।४।१५४९, तथा पञ्चपादिकावार्तिक—वा० ५०।

४ स्थितप्रज्ञस्तावन्न विगलितनिखिलाविद्य सिद्ध, किन्तु साधक एवावस्थाविशेषं प्राप्त स्यात्। (ब्रह्मसिद्धि पृ० १३०)।

५ स्थितप्रज्ञश्च न साधक, तस्याज्ञानान्तरस्थानोत्तरपूर्वप्रत्ययपरम्परयैव पूर्वप्रत्ययपरम्परयैव स्थितत्वात्। निर्णीतप्रज्ञस्तु स्थितप्रज्ञः, स च सिद्ध एव। (भामती पृ० ९५९)।

६ अन्यथा देवर्षीणां हिरण्यगर्भमनूद्दालकप्रभृतीनां विगलितक्लेशज्ञानाधरणतया परिणतप्रद्योतमानबुद्धिसन्तानानां न ह्यीदृग्जीविता भवेत्। (वही पृ० ९५८)

होता है [illegible] पदार्थ [illegible] जा[illegible] पर भी फलोपभोग को [illegible] ही पड़ती है।[1]

इस प्रसंग में यह बात उल्लेखनीय है कि आचार्य सर्वज्ञात्ममुनि ने अपने विषय पर सुरेश्वर तथा प्रकाशात्मयति के विरुद्ध मण्डनमिश्र के सिद्धान्त का समर्थन किया है। इसी कारण समालोचकों ने वाचस्पति-मिश्र को मण्डनपक्षपाती घोषित कर दिया है। किन्तु जीवन्मुक्ति के प्रश्न पर इन्होंने स्पष्ट शब्दों में मण्डनमिश्र के मन्तव्य का विरोध किया है तथा उनके द्वारा प्रदर्शित दोषों का परिहार करते हुए जीवन्मुक्ति के सिद्धान्त का समर्थन किया है। इसी प्रकार विवरणकार विमुक्तात्मा शंकर तथा सुरेश्वर के अनुयायी होते हुए भी जीवन्मुक्ति के प्रश्न पर उनसे असहमत हैं और मण्डनमिश्र के सद्योमुक्तवाद के समर्थक हैं। इसी प्रकार ब्रह्मानन्द ने शंकर तथा सुरेश्वर का अनुयायी होने पर भी जीवन्मुक्ति के प्रश्न पर मण्डनमिश्र के मत का ही समर्थन किया है। ब्रह्मानन्द जीवन्मुक्ति को वास्तविक मुक्ति न मानकर विदेहमुक्ति को ही वास्तविक मुक्ति मानते हैं। इसी तरह सर्वज्ञात्ममुनि ने भी जीवन्मुक्ति को नहीं माना है। वे कहते हैं कि अविद्या के विनाश तथा तत्त्वसाक्षात्कार के उदित होने पर लेशमात्र भी अविद्या की अनुवृत्ति सम्भव नहीं है। जीवन्मुक्त के प्रतिपादक 'तस्य तावदेव चिरम्' इत्यादि शास्त्र इस प्रकार विधि के केवल अर्थवाद हैं, क्योंकि जीवन्मुक्त के प्रतिपादन में शास्त्र का कुछ भी प्रयोजन नहीं है।[2]

किन्तु जैसा हम पहले देख चुके हैं भामतीकार विवरणकार तथा वार्तिककार तीनों ने ही शंकराचार्य के जीवन्मुक्ति के सिद्धान्त का पूर्णतया समर्थन किया है।

●

१. तस्मादावश्यकानुसारतोऽस्ति प्रारब्धविपाकानां कर्मणां प्रक्षयाय तदावश्यकस्य फलोपभोगप्रवृत्तिरा सत्यपि तत्त्वसाक्षात्कारे। (भामती पृ० ११८)।

२. सर्वज्ञात्ममुनयस्तु चिराधिगताक्षात्कारोदये लेशतोऽपि अविद्यानुवृत्त्यभावाद् जीवन्मुक्तिशास्त्रं श्रवणादिविध्यर्थवादमात्रम्, शास्त्रस्य जीवन्मुक्तिप्रतिपादने प्रयोजनाभावात्। (सि० मं० म० पृ० ११३-१४)।

नवम अध्याय

मुक्ति का साधन

(१) ज्ञानकर्मसमुच्चयवाद :

शंकर वेदान्त में ज्ञान को ही मुक्ति का एकमात्र साधन स्वीकार किया गया है तथापि कुछ वेदान्तियों के मत में एकमात्र ज्ञान ब्रह्म-साक्षात्कार का साधन नहीं है। ज्ञान को ब्रह्मसाक्षात्कार का अनिवार्य साधन मानते हुए भी ये ज्ञान को मोक्ष का साधन नहीं मानते हैं जब उसका कर्म के साथ समुच्चय हो। इन विचारकों में निम्न तीन का नाम विशेषरूप से उल्लेखनीय है—(१) ब्रह्मदत्त, (२) मण्डन मिश्र तथा (३) भर्तृप्रपञ्च। ब्रह्मदत्त के अनुसार उपनिषदों का वास्तविक तात्पर्य 'तत्त्वमसि' इत्यादि महावाक्यों में नहीं है, अपितु 'आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यः मन्तव्यः निदिध्यासितव्यश्च' इत्यादि नियोगसूचक वाक्यों में ही है। वे विधिशून्य वाक्यों के प्रामाण्य को स्वीकार नहीं करते। नियोगानुप्रवेश के द्वारा ही विधिशून्य वाक्यों का प्रामाण्य सम्भव है। उनके मत में 'तत्त्वमसि' आदि वाक्य वस्तु के स्वरूप के बोधक हैं अतएव आत्मा उपासना विधि का शेष है। अज्ञान की निवृत्ति भावनाजन्य साक्षात्कारात्मक ज्ञान से ही सम्भव है, वेदान्त-वाक्य जन्य ज्ञान से नहीं। इस तरह उन्होंने ज्ञान का कर्म के साथ समुच्चय माना है। ज्ञानोत्तम ने इन्हें ज्ञानकर्मसमुच्चयवादी कहा है।[1]

मण्डन मिश्र ने भी ब्रह्मदत्त के समान क्रिया तथा उपासना में ही उपनिषद्-वाक्यों का तात्पर्य माना है तथा "तत्त्वमसि" इत्यादि वाक्यों को विधि-संश्लिष्ट स्वीकार किया है। वेदान्त वाक्य से उत्पन्न होने वाला ज्ञान संसर्गात्मक होता है। अतः उससे संसर्गशून्य आत्मा के वास्तविक स्वरूप का बोध सम्भव नहीं है। किन्तु इसके निरन्तर अभ्यास (प्रसंख्यान) से एक संसर्गशून्य, अवाक्यार्थात्मक प्रज्ञा का उदय होता है और उसी से आत्मा का बोध होता है। मण्डन मिश्र ने अपने पक्ष के समर्थन में "विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत" (बृ० उ० ४।४।२१) इस श्रुति को प्रमाण रूप से उपस्थित किया है। उनके मत में इस श्रुति का अभिप्राय

१ तैत्तिरीयोपनिषद् (ज्ञानोत्तम कृत टीका सहित), पृ० ३८।

यह है कि 'तत्त्वमसि' 'अयमात्मा ब्रह्म' इत्यादि [illegible] वाक्यों से आत्मा और ब्रह्म के [illegible] का ज्ञान कर प्रज्ञा का साधन करना चाहिए अर्थात् प्रमाणात्मक एवं साक्षात्कारात्मक ज्ञान का अभ्यास सदैव करते रहना चाहिये। वाक्य से उत्पन्न प्रमाणात्मक ज्ञान के पश्चात् अभ्यास (प्रमाणान्तर से अप्रमाणात्मक एवं साक्षात्कारात्मक ज्ञान उत्पन्न होता है और यही ज्ञान केवल्य का कारण है।

इस प्रकार मण्डन मिश्र भी ब्रह्मदत्त के समान प्रमाणान्तर को ब्रह्मज्ञान में उपयोगी मानते हैं, तथापि इन दोनों के मतों में यह अन्तर है कि जहाँ ब्रह्मदत्त के अनुसार प्रमाणान्तर स्वयं ही मोक्ष का कारण है मण्डन मिश्र के अनुसार प्रमाणान्तर के द्वारा परिमार्जित ज्ञान मोक्ष का कारण है।

इन मतों में एक दूसरा अन्तर यह है कि ब्रह्मदत्त के मत में कर्म के तथा मण्डन मिश्र के मत में ज्ञान की प्रधानता है। यद्यपि दोनों ही ज्ञान और कर्म के समुच्चय का स्वीकार करते हैं तथापि प्रथम मत में कर्म साथ ज्ञान का समुच्चय है, जबकि दूसरे मत में ज्ञान के साथ कर्म का।

मण्डन मिश्र की ब्रह्मसिद्धि में प्रमाणान्तर का सिद्धान्त उल्लेखनीय है। वाचस्पति मिश्र ने भामती में मण्डन मिश्र के प्रमाणान्तर विषयक मत का समर्थन किया है। उन्होंने भावना के द्वारा ब्रह्मसाक्षात्कार के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया है 'विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत ब्राह्मणः' (बृ० उ० ४।४।२१)। इस सूत्र का अर्थ उन्होंने इस प्रकार किया है—सर्व सहित शास्त्र (वेदान्त वाक्य) के द्वारा ज्ञान प्राप्त करके प्रज्ञा अर्थात् भावना को उत्पन्न करे।[3] भावनापरिपक्व चित्त को ही उन्होंने साक्षात्कार का हेतु माना है। वेदान्त के व्याख्याकार अमलानन्द ने भी वाचस्पति मिश्र का मण्डन मिश्र के प्रमाणान्तर विषयक सिद्धान्त का समर्थक बताया है। भर्तृप्रपंच ने ज्ञान और कर्म इन दोनों के समान रूप से समुच्चय का

१ Prof Hiriyanna's Introduction 'नैष्कर्म्यसिद्धि' I 75

२ Dr. V P Upadhyaya, Lights on Vedanta pp 228-24

३ विज्ञाय सर्वोपनिषदं शास्त्रं प्रज्ञा भावना कुर्वीत। (भामती पृ० ३०,)

४ अपि च सगोचन सुखाच्छास्त्रार्थध्यानजा प्रमा। शास्त्रदृष्टिर्मता सा तु वाचस्पति पदे॥ (वे० क० १।१।२८ पृ० २१८) सगोचनं च—भक्तिध्यानप्रणिधानादयनुष्ठानम्—शा० भा० ३।२।२६ अपि च सगोचन० (ब्र० सू० ३।२।२४ पृ० ७२१)

स्वीकार किया है। इनके मत में ज्ञान और कर्म दोनों की समान रूप से प्रधानता है। भर्तृप्रपञ्च ने संसार को सत्य और असत्य का भेदाभेदात्मक देखकर औपनिषद ब्रह्म को भी भेदाभेदात्मक माना है। द्वैत या अद्वैत भेद या अभेद एक या अनेक इन दोनों का सत्य होने के कारण दार्शनिक जगत् में यह मत द्वैताद्वैत, भेदाभेद या अनेकान्त इन नामों से विख्यात है। इस मत में कर्मकाण्ड तथा ज्ञानकाण्ड इन दोनों का समान रूप से प्रामाण्य है। अतः भर्तृप्रपञ्च मोक्ष के लिए ज्ञान तथा कर्म दोनों की समाधि (समुच्चय) स्वीकार करते हैं। मण्डन मिश्र के समान भर्तृप्रपञ्च का भी कथन है कि 'तत्त्वमसि' आदि वाक्यों से स्वप्रकाश परोक्ष ज्ञान ही उत्पन्न होता है। अपरोक्ष ज्ञान अकेले उत्पन्न नहीं हो सकता अपितु यह शाब्द ज्ञान सतत अभ्यस्यमान उपासना जिस भावना, ध्यान या प्रत्यभिज्ञान कहा गया है, के द्वारा ब्रह्माभेदात्मक अपरोक्ष ज्ञान में पर्यवसित न हो जाय।[3]

इस प्रकार ब्रह्मदत्त, मण्डन मिश्र तथा भर्तृप्रपञ्च ये तीनों ही ज्ञान-कर्मसमुच्चयवादी हैं। ये तीनों ही मोक्ष की प्राप्ति के लिये ज्ञान और कर्म के समुच्चय को स्वीकार करते हैं तथापि इनमें ब्रह्मदत्त कर्म को और मण्डन मिश्र ज्ञान को प्रधान मानते हैं तथा भर्तृप्रपञ्च ज्ञान और कर्म दोनों को ही समान रूप से प्रधान स्वीकार करते हैं।

समीक्षा

शङ्कराचार्य ने एकमात्र ज्ञान को ही मोक्ष का साधन स्वीकार किया है। समन्वयाधिकरणभाष्य में वे कहते हैं कि आत्मा परमार्थतः मुक्त है, केवल अज्ञान के कारण वह बद्ध-सा प्रतीत होता है। अतएव मोक्ष सिद्ध है, साध्य नहीं। साध्य वस्तु के लिये कर्म की अपेक्षा होती है, सिद्ध वस्तु के लिये नहीं। यदि मोक्ष को साध्य माना जाय तो वह अनित्य हो जायगा। उसमें स्वर्गादि सुख के समान अतिशय एवं तारतम्य मानना होगा। अतः मोक्ष को साध्य नहीं माना जा सकता।[4] इस सम्बन्ध में

१ भेदाभेदात्मकं सर्वं वस्तु दृष्टमतस्तत्।
द्वैताद्वैतात्मकं ब्रह्म॥ (ब्र० उ० भा० अ० ४, पा० ३ सू० १६०)।

२ इति ज्ञानक्रियासमुच्चयपक्षः॥ (वही १।४।१०१)।

३ वही, अ० १ पा० ४ सू० ५४८।

४. तेन च कर्तव्येन साध्यत्वेन मोक्षोऽभ्युपगम्येत, अनित्य एव स्यात्। तत्रैव सति यथोक्तकर्मफलेष्विव तारतम्यावस्थितेषु कश्चिदतिशयो मोक्ष इति प्रसज्येत (ब्र० सू० शा० भा० १।१।४)।

स्वीकार करता है कि यदि वेदान्त में ब्रह्म की उपासना का विधान हो तो धर्ममीमांसा में ही इस कर्म के सम्पन्न हो जाने से ब्रह्मजिज्ञासा निष्फल हो जायगी। यदि धर्म के समान मोक्ष भी साध्य हो तो कर्मजन्य स्वर्गादि फलों से इसकी क्या विशेषता रह जायगी? अतः मोक्ष को साध्य नहीं माना जा सकता। यह तो स्वतः सिद्ध है। ब्रह्मज्ञान से अज्ञान के दूर होते ही जीव ब्रह्मरूप हो जाता है। ब्रह्मज्ञान और मोक्ष के बीच में कार्यान्तर का निषेध श्रुतियों में स्पष्टतया प्राप्त होता है। ब्रह्म को जो जान लेता है वह ब्रह्म ही हो जाता है। उस पदार्थ के दृष्ट हो जाने पर इसके कर्म क्षीण हो जाते हैं। एकत्व को देखते हुए व्यक्ति को मोह और शोक नहीं रह जाता है। वामदेव ऋषि ने इस ब्रह्म को) स्वयं दृष्ट कर जान लिया कि मैं ही मनु और मैं ही सूर्य हूँ। इन सभी श्रुतियों में ब्रह्मज्ञान के बाद ही ब्रह्मरूपता की प्राप्ति का प्रतिपादन किया गया है। इससे स्पष्ट है कि ब्रह्मज्ञान ही मोक्ष का साक्षात् कारण है।[1] अतः ब्रह्मज्ञान के बाद मोक्ष के लिये कुछ करने की आवश्यकता नहीं रह जाती है।

ब्रह्मज्ञान को पुरुषव्यापारतन्त्र नहीं माना जा सकता। प्रत्यक्षादि प्रमाणविषयक वस्तुज्ञान के समान यह भी वस्तुतन्त्र है। अतः सिद्ध वस्तुरूप ब्रह्म तथा उसके ज्ञान में कार्यानुप्रवेश की कल्पना नहीं की जा सकती।[2] ध्यान और विज्ञान यद्यपि मानस हैं तथापि पुरुषतन्त्र होने से इनका करना न करना अथवा अन्यथा करना संभव है। किन्तु ज्ञान प्रमाणतन्त्र है और प्रमाण यथाभूतवस्तुविषयक ही होता है, अतः

१ तस्मात् ब्रह्मोपासना विधेयः। इति विकल्पितं ब्रह्मजिज्ञासनं तदा (वे० क० १।१।३)।

२ ब्रह्मैव ब्रह्मैव भवति। (मु० उ० ३।२।९)।

३ सोऽयमेव न मम कर्माणि क्षपयन् दूरं परावर। (मु० उ० २।२।९)।

४ तत्र को मोहः कः शोकः एकत्वमनुपश्यतः (ईशा० उ० ७)।

५ तदेतत् पश्यन्नृषिर्वामदेव प्रतिपेदेऽहं मनुरभवं सूर्यश्च। (बृ० उ० १।४।१०)।

६ अथ य ब्रह्मवेद ब्रह्मैव भवति इत्येषमाला श्रुतयो ब्रह्मविज्ञानस्य मोक्ष दर्शयन्त्यो मध्ये कार्यान्तरं वारयन्ति। (ब्र० सू० शा० भा० १।१।४)

७ अतो न पुरुषव्यापारतन्त्रा ब्रह्मविद्या। किं तर्हि प्रत्यक्षादिप्रमाणविषयवस्तुज्ञानवद्वस्तुतन्त्रा। एवंभूतस्य ब्रह्मणस्तज्ज्ञानस्य च न कर्मोपदेशेन शक्यः कार्यानुप्रवेशः कल्पयितुम्। (ब्र० सू० शा० भा० १।१।४)

ज्ञान के वस्तुतन्त्र होने से पुरुष का करना, न करना अथवा अन्यथा करना सम्भव नहीं है। ज्ञान न तो चोदनातन्त्र है, और न पुरुषतन्त्र अपितु यह वस्तुतन्त्र है। अतः मोक्ष का साधनभूत ज्ञान वस्तुतन्त्र होने से पुरुष व्यापारतन्त्र ध्यान और और चिन्तन मनन और निदिध्यासन, से सर्वथा भिन्न है।[1]

यहाँ पर यह शंका होती है कि ब्रह्म ज्ञान को ही यदि मोक्ष का साधन माना जाय तो वेदान्त-श्रवण से ही ब्रह्म ज्ञान हो जाने पर श्रवणानन्तर मनन और निदिध्यासन का विधान क्यों किया गया है?

इस शंका के समाधान में शंकराचार्य का कथन है कि श्रवण के समान मनन और निदिध्यासन का प्रयोजन भी ब्रह्मावगति ही है। यदि अवगत ब्रह्म का विनियोग कहीं अन्यत्र होता तो उसे विशेष माना जा सकता था किन्तु ऐसा होता नहीं है। श्रवण के समान मनन और निदिध्यासन का प्रयोजन भी ब्रह्मावगति ही है। वस्तुतः आत्मा या ब्रह्म विधि का विषय नहीं है। आत्मा के सम्बन्ध में श्रूयमाण विधि-वाक्य उसी प्रकार कुण्ठित हो जाते हैं जिस प्रकार पत्थर पर प्रयुक्त क्षुर का तैक्ष्ण्य कुण्ठित हो जाता है। अतः विधिच्छाया वचनों का प्रयोजन आत्मा के सम्बन्ध में किसी विधि का प्रतिपादन करना नहीं, अपितु स्वाभाविक प्रवृत्ति वाले विषयों से मनुष्य को विमुख करना ही है।[3]

इस प्रकार शंकराचार्य ने एकमात्र ज्ञान को ही मोक्ष का साधन स्वीकार किया है और इसके लिये किसी दूसरे साधन की उपयोगिता को नहीं माना है। मनन और निदिध्यासन रूप मानस व्यापारों को भी उन्होंने मोक्ष का साधन नहीं माना है।

१ ध्यानं चिन्तनं यद्यपि मानसं तथापि पुरुषेण कर्तुमकर्तुमन्यथा वा कर्तुं शक्यं पुरुषतन्त्रत्वात् ज्ञानं तु पुरुषतन्त्रम्। प्रमाणं च यथाभूतवस्तुविषयमेतत् ज्ञानं कर्तुमकर्तुमन्यथा वा नैमर्थक्यम् केवलं वस्तुतन्त्रमेव तत्। न चोदनातन्त्रम्। नापि पुरुषतन्त्रम्। (ब्र० सू० शां० भा० १।१।४)

२ यदि हि अवगतं ब्रह्मात्मत्वं विनियुक्तं भवेत्तदा विधिशेषत्वम् न तु वस्तुनि प्रकरणनिदिध्यासनयोरपि श्रवणवदवगत्यर्थत्वात्। (ब्र० सू० शां० भा० १।१।४)

३ विषयाणि तर्हि आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्य इत्यादीनि विधिच्छायानि वचनानि, स्वाभाविकप्रवृत्तिविषयविमुखकरणार्थानीति ब्रूमः (ब्र० सू० शां० भा० १।१।४)

नैष्कर्म्यसिद्धि में सुरेश्वराचार्य ने भी मोक्ष का साधन एकमात्र ज्ञान को ही माना है और प्रबल युक्तियों से यह सिद्ध किया है कि कर्म मोक्ष का साधन नहीं हो सकता। मोक्ष के लिये परमध्यान के प्रयोजनत्व का खण्डन करते हुए उनका कथन है कि आत्मा स्वतः मुक्त है, केवल ज्ञान के कारण वह बद्ध सा प्रतीत होता है। जो वस्तु साध्य है उसके लिए साधन की अपेक्षा होती है। किन्तु आत्म वस्तु स्वतः सिद्ध है अतः परमध्यान से उसकी सिद्धि नहीं हो सकती।[1] वे कहते हैं कि ब्रह्म को दृश्यत्व निवृत्ति के लिये भी परमध्यान की अपेक्षा नहीं मानी जा सकती क्योंकि जिसके आभास से परोक्ष वस्तु भी अपरोक्षवत् प्रतीत होते हैं उस स्वयंप्रसिद्ध अपरोक्ष ब्रह्म में परोक्षत्व की सम्भावना कैसे हो सकती है। बहिर्विषयक अज्ञान की निवृत्ति का भी प्रमध्यान का प्रयोजन नहीं माना जा सकता क्योंकि अज्ञान निवृत्ति का निश्चित साधन एकमात्र ज्ञान ही है। विषय की परिपूर्ण प्रमाण को उत्पन्न करता भी अभ्यास रूप प्रमध्यान का प्रयोजन नहीं माना जा सकता क्योंकि अभ्यास के द्वारा केवल बुद्धि का परिपाक ही सम्भव है, प्रमा की उत्पत्ति नहीं। अभ्यास की अपेक्षा किये बिना प्रमाण स्वतः विषयावभासन में समर्थ है।[2]

मंडन मिश्र के इस मत का कि "तत्त्वमसि" इत्यादि वाक्यों के श्रवण से उत्पन्न समाधिमय एवं परोक्षात्मक ज्ञान निरन्तर ध्यान (प्रमध्यान) से असंसर्गात्मक एवं अपरोक्षात्मक ज्ञान के रूप में परिणत हो जाता है, खण्डन करते हुए सुरेश्वराचार्य कहते हैं कि यह मत प्रमाण विरुद्ध होने के कारण अनुपपन्न है। शाब्द ज्ञान के होते ही अविद्या की निवृत्ति से परम पुरुषार्थ रूप मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है अतः विधि का अभ्युपगम निरर्थक है।[3] शाब्द ज्ञान अयथावस्तु विषयक होने से अप्रमा तथा प्रमध्यानजन्य ज्ञान यथावस्तु विषयक होने से प्रमा है, यह कथन भी

१ नैष्कर्म्यसिद्धि १।६७, ३।८३-९३, ३।१२३-२६।

२ मण्डनवार्तिक—५२३।

३ अभ्यासोऽपि बुद्धेर्यत्स्यादैकाग्र्यमेव तत्।
न हि प्रमाणान्यभ्यासात् कुर्वन्त्यर्थावबोधनम्॥
(नैष्कर्म्यसिद्धि, अ० ३ का० ९०

४ प्रज्ञायाश्च समाप्तत्वादविद्यायाश्च निराकृतेः।
पुरुषार्थस्य साध्यत्वात् किमर्थं विधिशासनम्?
(बृ० उ० भा० वा०, अ० ४, ब्रा० ४ वा० ८१०।)

[illegible] मिथ्याज्ञान [illegible] प्रमाण [illegible] का यह कथन भी [illegible] प्रमाण [illegible] मिथ्याज्ञान [illegible] का [illegible] मानना [illegible] मिथ्याज्ञान की उत्पत्ति सम्भव नहीं है।[1]

[illegible] ज्ञान और कर्म [illegible] प्रधान माना है। [illegible] ज्ञान और कर्म [illegible] मुक्ति के लिए ज्ञान और कर्म के समुच्चय में कोई [illegible] नहीं। भट्टाकलंक कहते हैं कि ज्ञान के [illegible] स्वरूप, फल, प्रकाशकत्व और कार्य [illegible] तथा कर्म के [illegible] स्वरूप, फल, कर्मकत्व और कार्य [illegible] भिन्नता के कारण ज्ञान और कर्म का समुच्चय सम्भव नहीं है।[2] विद्यानन्दि ने भी ज्ञान और कर्म के समुच्चय का खण्डन बताया है। वे कहते हैं कि कर्म के फल हैं उत्पत्ति आदि,

१. दोषवमानेऽदृश्यं ज्ञानमदोषवस्थितायते।
यथाकस्मात्प्रमोक्षं च विना सर्वज्ञवादिनाम्॥
- [illegible]
तथा सम्यग्ज्ञानेन मुक्तिः कथं सकलहिनाम्॥
(बृ० उ० भा० वा० ४।४।८२०-२१)।

२. वही, ४।४।८२८।

३. यदेवा सैव घटते ज्ञानकर्मसमुच्चयः।
यदुक्तवत् तर्हि ज्ञानादेव कर्म किंफलम्?
न ज्ञानं हि विना कर्म ज्ञानकर्मसमुच्चितम्।
प्रत्यक् कैवल्यमारूढो ज्ञानादेव तमाप्नुते।
(बृ० उ० भा० वा०, ३।३।७२-७३)।

४. हेतुस्वरूपफलकार्यैः पृथक्त्वात्कर्मणोरिह।
सिद्धं विरोधतो नात्र कर्मज्ञानसमुच्चयः॥
(बृ० उ० भा० वा०, ३.३।७०)।

विद्वान और सम्पन्न तथा [illegible] फल है [illegible] अतः उन दोनों का समन्वय [illegible] सकता [illegible] में [illegible] कर्म की मोक्षसाधनता का निराकरण किया गया है। श्रुति कहती है [illegible] ब्रह्म को जानकर [illegible] उल्लंघन किया जा सकता है। ब्रह्मज्ञान के अतिरिक्त [illegible] का [illegible] नहीं है।[1] न कर्म से न सन्तान से और न धन से मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है।[2] नित्य शाश्वत फल कर्मों से नहीं मिलता।[3] ज्ञान ही मोक्ष का साधन है।[4] इस श्रुतियों में स्पष्ट रूप से ज्ञान को ही मोक्ष का साधन बताया गया है और कर्म के मोक्षसाधनत्व का निषेध किया गया है। अतः ज्ञान-कर्म-समुच्चयवाद स्वीकार करने योग्य नहीं है।

७ ज्ञानोत्पत्ति में कर्मों की उपयोगिता

हम पहले देख चुके हैं कि शंकराचार्य ने ज्ञान को ही मोक्ष का साधन स्वीकार किया है, कर्म को नहीं। कर्म बन्धन का कारण है। बन्धन-कारण रूप कर्म के द्वारा मोक्ष की आशा दुराशा मात्र है। ज्ञान और कर्म में स्वाभाविक विरोध है। भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं—ज्ञानाग्नि के प्रज्वलित होने पर सभी कर्म भस्मीभूत हो जाते हैं।[5] उपनिषदों में भी कहा गया है कि मोक्ष की प्राप्ति ज्ञान के अतिरिक्त किसी अन्य साधन के द्वारा सम्भव नहीं। नित्य मोक्ष रूपी फल की प्राप्ति कर्मों से नहीं हो सकती।[6] उसको ज्ञान से ही मृत्यु के पार उतरा जा सकता है। इसके अतिरिक्त कोई दूसरा मार्ग नहीं।[7] शंकराचार्य जगत् को अविद्याहेतुक मानते हैं। उनके मत में ब्रह्म ही एकमात्र सत्य है। जगत् अविद्याहेतुक होने के कारण मिथ्या है। जीव भी परमार्थतः ब्रह्मरूप है। अज्ञान के अभाव में वह अपने को ब्रह्म समझ रहा है। अज्ञान ही बन्धन का

१ [illegible] (तत्त्वप्रदीपिका पृ० ५४०)
२ तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय। (श्वे० ३।८)
३ न कर्मणा न प्रजया धनेन (महाना० उ० ८.१४)
४ नास्त्यकृतः कृतेन। (मु० उ० १।२।१०)
५ [illegible] (वृ० उ० ४।४।१)
६ ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात् कुरुते तथा। (गीता ४।३७)
७ ब्राह्मणस्य [illegible] (मु० उ० १।२।१२)
८ तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय (श्वे० उ० ३।८)

कारण है। अज्ञान के दूर होने से जीव मुक्त हो जाता है। अज्ञान के निवारण के लिए ही ब्रह्मसूत्रकार ने प्रथम सूत्र में ब्रह्म जिज्ञासा की अवतारणा की है। इस सम्बन्ध में पद्मपादाचार्य कहते हैं कि सूत्रकार ने ब्रह्मज्ञान को सकल अनर्थ का निवारक माना है। इससे यह सूचित होता है कि सूत्रकार के मत में सकल अनर्थ की जननी अविद्या है। यदि यह नामरूपात्मक जगत् और जीव का कर्तृत्व भोक्तृत्व वास्तविक होता तो ब्रह्मज्ञान से कथमपि इसका निवारण सम्भव न होता। ज्ञान अज्ञान का ही निवारक हो सकता है वास्तविक वस्तु का नहीं। चूँकि यह नामरूपात्मक प्रपञ्च तथा जीव का प्रमातृत्वप्रमुख कर्तृत्वभोक्तृत्व आदि अविद्या मूलक है इसी कारण ब्रह्म-ज्ञान से इसका निवारण सम्भव होता है। भाष्यकार शंकराचार्य ने भी अनादि नैसर्गिक मिथ्याप्रत्यय अर्थात् अध्यास को ही कर्तृत्वभोक्तृत्व का प्रवर्तक माना है। इस प्रकार सूत्रकार एवं भाष्यकार दोनों के मत में जीव का कर्तृत्वभोक्तृत्व अविद्याहेतुक है। यह अविद्या ही जीव के बन्धन का हेतु है। अविद्यादि के दूर होने से जीव मुक्त हो जाता है। उन दोनों के मत में विद्या ही मोक्ष का एकमात्र साधन है।

यद्यपि शांकर वेदान्त में ज्ञान को ही मोक्ष का एकमात्र साधन माना गया है तथापि ज्ञानोत्पत्ति में कर्मों की उपयोगिता को भी स्वीकार किया गया है। ज्ञानोत्पत्ति में कर्मों की उपयोगिता के सम्बन्ध में अनेकानेक विचारकों में पर्याप्त मतभेद उपलब्ध होता है। अवच्छेदवादी आचार्य वाचस्पति मिश्र—'तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति यज्ञेन दानेन तपसानाशकेन'[2] इस श्रुति के अनुसार कर्मों का उपयोग

ब्रह्मज्ञानं हि सूचितं अथातो ब्रह्मजिज्ञासेति। अनर्थस्य प्रमाणतः प्रत्यक्षादिभिः कर्तृत्वम्। तच्च न वस्तुतः तत्त्वज्ञानेन निवर्तनीयम्। यतः ज्ञानम् अज्ञानस्यैव निवर्तकम्। तच्च यतः कर्तृत्वभोक्तृत्वं अज्ञानहेतुकं प्रमाणतः तस्मात् ब्रह्मज्ञानं अनर्थहेतुनिवर्तकं उपपद्यते। तस्य सूत्रकारेणापि ब्रह्मज्ञानं अनर्थहेतुनिवर्तकं सूचयता अविद्याहेतुकं कर्तृत्वभोक्तृत्वं प्रदर्शितं भवति—ब्र० सू० शा० पृ० ११।

- पूर्वदृष्टमनादिरनन्ता नैसर्गिकोऽध्यासो विद्या प्रत्ययरूपः कर्तृत्वभोक्तृत्व-प्रवर्तकः सर्वलोक प्रत्यक्षः

(ब्र० सू० शा० भा०—अध्यासभाष्य १।१।१ पृ० ४)

३ बृ० उ० ४।४।२२

विविदिषा से मानते हैं। मनगिश्चाधिकरण में वे कहते हैं कि ज्ञान की उत्पत्ति से कर्मों की अपेक्षा विविदिषा के द्वारा ही होती है, क्योंकि श्रुति में "विविदिषन्ति यज्ञेन" ऐसा कहा गया है।[1] भामतीकार श्रुति में प्रयुक्त "विविदिषन्ति" इस पद के आधार पर यह मानते हैं कि यज्ञादि कर्मों का उपयोग साक्षात् विविदिषोत्पत्ति में ही है न कि विद्योत्पत्ति में। किन्तु विवरणकार प्रकाशात्मयति (प्रकाशात्मा) के मत में यज्ञादि कर्मों का उपयोग विविदिषोत्पत्ति में न होकर विद्योत्पत्ति में ही है। वे कहते हैं कि नित्य नैमित्तिक कर्मानुष्ठानों के द्वारा सम्पन्नात्मा जब श्रवण मनन ध्यानाभ्यासादि ज्ञानसाधनों का सम्पादन कर लेता है तब संस्कार-कर्म सहकारीविशेष की सहायता से आत्मज्ञान की अवतारणा कराते हैं।[2]

सुरेश्वराचार्य ने भी कर्मों का उपयोग विधि उपयोगात्र में माना है।[3] उनका कथन है कि चित्तशुद्धि के द्वारा बुद्धि में विविदिषा, वैराग्य तथा प्रत्यक् प्राण्य को प्राप्त करवाने के बाद कर्म उसी प्रकार अस्त हो जाते हैं जैसे प्रावृट् काल के अन्त में मेघ।[4] इस प्रकार हम देखते हैं कि ब्रह्म-ज्ञानोत्पत्ति में यज्ञादि कर्मों के उपयोग के संबंध में भामती-प्रस्थान और विवरण प्रस्थान में मतभेद है जबकि भामती प्रस्थान के अनुसार यज्ञादि कर्मों का उपयोग विविदिषोत्पत्ति में है विवरण प्रस्थान में इनका उप-योग विद्योत्पत्ति में माना गया है।

जैसा पहले कहा जा चुका है, भामतीकार ने "विविदिषन्ति यज्ञेन" (बृ० उ० ४।४।२२) इस श्रुति के आधार पर यज्ञादि कर्मों का उपयोग विविदिषोत्पत्ति में माना है। अपने पक्ष के समर्थन में उनका यह तर्क है कि प्रकृत्यर्थ की अपेक्षा प्रत्ययार्थ की प्रधानता होने से 'विविदिषन्ति

---

१ यज्ञादीनां ज्ञानस्य कर्मापेक्षा विद्यते विविदिषोत्पादद्वारा विविदिषन्ति यज्ञेन इति श्रुतेः। (भामती ३।४।२६)

२ नित्यनैमित्तिककर्मानुष्ठानेन सम्कृतस्य आत्मनः यदि श्रवणमननध्यानाभ्यासादीनि ज्ञानसाधनानि संपादयन्ते तदा संस्कारकर्माणि सहकारिविशेषात् आत्मज्ञानमवतारयन्ति। (प० पा० वि०—तृतीय वर्णक पृ० ५४०)।

३ (बृ० उ० भा० वा० अ० ४ ब्रा० ८, वा० १०११–५२ १०२४–२६, ११६०, नैष्कर्म्यसिद्धि अ० १ का० ५०–५१)

४ प्रत्यक् प्रवणतां बुद्धे कर्मण्यापारशुद्धितः। कृतार्थस्थितयायान्ति प्रावृडन्ते घना इव। (नै० सि० अ० का० ४९)

इस पद के प्रकृत्यर्थ वेदन की अपेक्षा गौण प्रत्ययार्थ इच्छा की प्रधानता को मानना उचित है।

इच्छा के विषयवेदन में यज्ञादि कर्मों का उपयोग नहीं माना जा सकता क्योंकि वेदन के प्रधान होने पर भी 'विविदिषन्ति' इस पद के प्रकृत्यर्थ होने से यह प्रत्ययार्थ इच्छा की अपेक्षा गौण है। जैसे पुरुष की अपेक्षा राजा के प्रधान होने पर भी 'राजपुरुष' शब्द पुरुष का ही सूचक है राजा का नहीं क्योंकि तत्पुरुष समास में उत्तरपद की प्रधानता होती है; इसी प्रकार 'विविदिषन्ति' पद भी इच्छा का ही सूचक है विद्या का नहीं, क्योंकि प्रकृत्यर्थ की अपेक्षा प्रत्ययार्थ प्रधान होता है।[1] 'स्वर्गकामो ज्योतिष्टोमेन यजेत' इत्यादि स्थल में जो पुरुष के विशेषण रूप में श्रुत कामना और स्वर्ग दोनों में किसी की भी प्रधानता शब्दतः प्रतीत न होने से आर्थिक प्रधानता का आश्रय लिया जाता है तथा स्वर्ग के अर्थतः प्रधान होने से यज्ञ के फल रूप में उसी का अन्वय किया जाता है। किन्तु प्रकृतस्थल में तो वस्तुस्थिति भिन्न है। यहाँ विविदिषा का ही फल रूप में अन्वय होता है, क्योंकि शब्दतः इच्छा की प्रधानता प्रतीत होती है। अतएव वाक्यगत विधि यज्ञादि कर्मों का उपयोग विविदिषोत्पत्ति में ही स्वीकार करते हैं। अप्पयदीक्षित ने भी कर्मों के विविदिषार्थत्व पक्ष का भाष्यानुसम्मत बताया है। वे कहते हैं कि भाष्यकार ने शमादि को विद्या का साक्षात् साधन होने से विद्या का अन्तरंग साधन तथा यज्ञादि को विविदिषा का साधन होने से विद्या का बहिरंग साधन स्वीकार किया है। इस प्रकार भामती प्रस्थान में यज्ञादि कर्मों का उपयोग विविदिषोत्पत्ति में ही माना गया है, विद्योत्पत्ति में नहीं। किन्तु विवरण प्रस्थान में यज्ञादि कर्मों का उपयोग ज्ञान की इच्छा "विविदिषा" में न माना जाकर "वेदन" में ही माना गया है। भामतीकार

१ नन्वत्रापि वेदानुवचनेन विद्याध्ययनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति वेदितुमिच्छन्ति न तु विदन्ति, वस्तुतः प्रधानस्यापि वेदनस्य प्रकृत्यर्थतया शब्दतो गुणत्वात् इच्छायाश्च प्रत्ययार्थतया प्राधान्यात्, प्रधानस्य च कार्यसम्बन्धात्। न हि 'राजपुरुषमानय' इत्युक्ते वस्तुतः प्रधानतयापि राजा पुरुषविशेषणतया शब्दतः उपसर्जनः आनीयते अपितु पुरुष एव। शब्दतस्तस्य प्राधान्यात् (भामती पृ० ६१)

२ भाष्यकृद्भिरपि विद्याभ्योगात् प्रत्यासन्नानि विद्यासाधनानि शमादीनि विविदिषासंयोगात्तु बाह्यान्तराणि यज्ञादीनि इति यज्ञादीनां विविदिषार्थत्वस्य वक्ष्यमाणत्वाच्च। (वे० क० प० पृ० ६३)

द्वारा अपने मत के समर्थन में दी गयी इस युक्ति का कि प्रकृत्यर्थ और प्रत्ययार्थ में प्रत्ययार्थ की ही प्रधानता होने से "विविदिषन्ति" इस पद में इच्छा का ही प्राधान्य है 'वेदन' का नहीं खण्डन करते हुए विमुखाचार्य कहते हैं कि जैसे 'अश्वेन जिगमिषति' इस वाक्य से अश्व का साधनत्व इच्छा के विषयभूत 'गमन' में ही लगता है इच्छा में नहीं वैसे ही प्रकृतस्थल में भी यज्ञादि का साधनत्व इच्छा के विषयभूत 'वेदन' में ही लगता है इच्छा में नहीं।[1] प्रकृत्यर्थ और प्रत्ययार्थ में प्रत्ययार्थ की प्रधानता होती है—यह सामान्य नियम है। इस सामान्य नियम का कि इच्छा और इच्छा के विषय के समान होने पर इच्छा का विषय ही प्रधान होता है इच्छा नहीं (इष्टमाणगमनिष्ठाकारे इष्टमाणस्यैव प्राधान्यं न तु इच्छायाः) इस विशेष नियम से बाधा हो जाती है। इसीलिये 'अश्वेन जिगमिषति' 'अग्निना जिघांसति' इत्यादि वाक्यों में इच्छा के विषय गमन और हनन के प्रति ही क्रमशः अश्व और अग्नि के करणत्व का बोध होता है इच्छा के प्रति नहीं। तदन्यथा तद्ब्रह्मजिज्ञासितव्यम् (उसके अन्य कर्म, ब्रह्मज्ञ, उसकी जिज्ञासा करनी चाहिये) 'आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यश्च'[2] (आत्मा का दर्शन, श्रवण, मनन और निदिध्यासन करना चाहिये) इत्यादि वैदिक प्रयोग में भी तव्य प्रत्यय के अर्थविधेय का मन् प्रत्यय से कही गयी इच्छा के विषयभूत ज्ञान आदि में ही अन्वय युक्त है। अतएव विविदिषन्ति यज्ञेन इस श्रुति में भी यज्ञ आदि का उपयोग प्रकृति में अभिहित "वेदन" (विद्या में ही) माना जाना उचित है।

इस पर यदि यह शंका हो कि "अश्वेन जिगमिषति" इत्यादि वाक्यों में अश्व आदि की इच्छा में अन्वय संभव न होने के कारण ही इच्छान्वय का परित्याग किया गया है तो यह ठीक नहीं, क्योंकि तुल्ययुक्ति से प्रकृतस्थल में भी यह कहा जा सकता है कि विविदिषा में यज्ञादि का अन्वय न हो सकने के कारण विद्या में ही फलरूप से अन्वय होना चाहिये। यहाँ यह शंका भी समीचीन नहीं कि यज्ञादि का विद्या में विनियोग मानने पर विद्या की उत्पत्ति तक कर्मानुष्ठान की प्रसक्ति होने से 'सब कर्मों का परित्याग करते हुए ही पुरुष द्वारा प्रत्यगात्मस्वरूप ब्रह्म का ज्ञान प्राप्त करना चाहिये।" (त्यजतैव हि तज्ज्ञेयम्)

१ तत्र अश्वेन जिगमिषतीत्यत्रास्य गमनं करणत्वात् गजादीनामिव्यमाणज्ञानकरणत्वं प्रतीयत इत्यर्थः। (शिवरूप तात्पर्य दीपिका पृ० ५४३)

२. बृ० उ० २।४।५।

इत्यादि श्रुति से सिद्ध कर्म रागरूप मन्यास [illegible] विद्यावान् आत्मा [illegible] बीज बोने के पूर्व कर्षण की आवश्यकता [illegible] बाद में नहीं, एवं कर्षण और अकर्षण दोनों ही वृष्टि की उत्पत्ति में कारण हैं। अतः ही योग की सिद्धि के पूर्व उसके लिए कर्म [illegible] तथा योग के सिद्ध हो जाने पर उन कर्मों का सन्यास [illegible] शम। उसका कारण होता है।[1] अन्तःकरण की शुद्धि के लिए विधिवत्पालन प्रत्यक् प्रावण्य के उदित होने तक कर्म का अनुष्ठान आवश्यक है और तदनन्तर कर्म का सन्यास उचित है। इस सम्बन्ध में कुरुवृद्धों का कथन है कि बुद्धि के प्रत्यक् प्रावण्य को उत्पन्न करने के बाद कर्मार्थ कर्म उसी प्रकार अस्त हो जाते हैं जिस प्रकार वर्षाकाल के बाद मेघ।[2]

यहाँ यह शंका होती है कि कर्मों के विद्यार्थत्वपक्ष में भी विविदिषोत्पत्ति तक ही उनका अनुष्ठान मानने पर कर्मों के विविदिषार्थत्वपक्ष से उसका कोई भेद नहीं रह जाता। इस शंका के समाधान में निबन्धनकार कहते हैं कि विद्यार्थत्वपक्ष में [illegible] विविदिषा की सिद्धि के बाद उन कर्मों का परित्याग होने पर भी वे अदृष्ट द्वारा फलोत्पत्ति (विद्योत्पत्ति) में सहायक बनते हैं तथा विद्यार्थ गुरु के निदेश में निवृत्ति-प्रमुख श्रवण मनन आदि का सम्पादन करवा कर वे विद्या के उत्पादक होते हैं। इस प्रकार विद्यार्थत्वपक्ष में कर्म संस्कार विद्योत्पत्ति में सहायक बनते हैं और उनके द्वारा विद्या की उत्पत्ति अवश्यम्भावी है। किन्तु विविदिषार्थत्वपक्ष में यज्ञादि कर्म के द्वारा विद्योत्पत्ति अवश्यम्भावी नहीं है। यज्ञादि कर्म से विविदिषोत्पत्ति के बाद श्रवण आदि के प्रति बाधक हेतु न रहने पर श्रवणादि द्वारा विद्योत्पत्ति होती है। श्रवणादि के प्रतिबन्धक पाप के रहने पर यत्न करने पर भी श्रवण आदि नहीं होते। जैसे औषधि से अन्न-भक्षण में रुचि उत्पन्न होने पर यदि अन्न प्राप्त होता है तो उसके भक्षण से कृशता दूर हो जाती है, किन्तु यदि यत्न करने पर भी अन्न नहीं मिलता तो कृशता ज्यों-की-त्यों बनी रहती है। उसी प्रकार विविदिषार्थत्व पक्ष में यज्ञादि कर्म का प्रयोजन केवल ज्ञान की इच्छा को उत्पन्न करना ही है। यज्ञादि कर्मों से उत्पन्न अदृष्ट श्रवण आदि में रुचि को उत्पन्न करके नष्ट हो जाता है क्योंकि अदृष्ट फलोत्पत्ति के बाद नष्ट हो जाता है, ऐसा नियम है। विविदिषा के उत्पन्न

---

१ आरुरुक्षोर्मुनेर्योगं कर्म कारणमुच्यते। योगारूढस्य तस्यैव शमः कारणमुच्यते। (गीता–६.३)

२ वैराग्यसिद्धि अ० १, का० ४९।

होने पर भी यदि प्रतिबन्धक कारण सामग्री विद्यमान हो तो श्रवणादि के अभाव में ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति नहीं होती। इस प्रकार विविदिषा रूपपक्ष में यज्ञादि कर्म से ब्रह्मविद्या की उत्पत्ति आवश्यक नहीं है। इसके विपरीत विद्यार्थत्व में यज्ञादि कर्म से विद्योत्पत्ति अवश्यभावी है।[1]

यज्ञादि कर्मों के विद्यार्थत्वपक्ष के समर्थन में विवरणकार का कथन है कि 'विविदिषन्ति यज्ञेन' इस श्रुति में प्रयुक्त 'विविदिषन्ति' इस पद में लट् लकार का प्रयोग लेट् लकार के अर्थ में हुआ है और तदनुसार यह विध्यर्थ का सूचक है। किन्तु विधि का संबंध इच्छा से नहीं माना जा सकता, क्योंकि इच्छा विधि का विषय एवं साध्य नहीं है। विधि वहीं होती है जहाँ करना, न करना अथवा अन्यथा करना इत्यादि विकल्प संभव होते हैं। ज्ञान तथा इच्छा में इन विकल्पों के सम्भव न होने से इनमें विधि नहीं मानी जा सकती। ज्ञान के समान इच्छा भी विधेय एवं साध्य नहीं है। इच्छानुकूल कारणसामग्री के समुदित हो जाने पर इच्छा स्वयमेव उत्पन्न हो जाती है। अतएव 'विविदिषन्ति' इस पद से सूचित विधि का सम्बन्ध इच्छा से न होकर इच्छा के विषय 'वेदन' से ही है। इस कारण विवरणकार ने इच्छा के विषय 'वेदन' की उत्पत्ति में ही यज्ञादि कार्यों की उपयोगिता को माना है विविदिषा की उत्पत्ति में नहीं।

इस प्रकार हमने देखा कि मोक्ष के साधनरूप ज्ञान की उत्पत्ति में यज्ञादि कर्मों की उपयोगिता के सम्बन्ध में भामतीप्रस्थान तथा विवरण-प्रस्थान में मतभेद है। भामतीप्रस्थान में यज्ञादि कर्मों की उपयोगिता विविदिषोत्पत्ति में ही मानी गई है जबकि विवरणप्रस्थान में इनकी उपयोगिता विद्योत्पत्ति में स्वीकार की गई है।

३ (क) श्रवणादि के स्वरूप का विचार

श्रवण मनन तथा निदिध्यासन का अद्वैत वेदान्त के सभी विचारकों

१ कर्मणां विद्यार्थत्वपक्षे [illegible] विविदिषा [illegible] विद्योत्पत्तिः [illegible] श्रवणमननयोः [illegible] वृत्तिप्रवृत्तिः [illegible] विद्यायाः [illegible] विविदिषायाः [illegible] पाक्षमात्रेण [illegible] विद्योत्पत्तिः [illegible]

(वि० लै० सं०, पृ० ४२२)

२ न चेच्छायाः [illegible] संयोगः, तस्या अगाध [illegible] ।

(पं० पा० वि०, पृ० ५४३)

ने आत्मसाक्षात्कार का [illegible] स्वीकार किया है। तथापि इनके स्वरूप [illegible] होता है। सर्वपक्षाधिकरण में वाचस्पति मिश्र ने ब्रह्म के चार प्रकार की प्रतिपत्तियाँ मानी हैं और तदनुसार श्रवणादि का लक्षण इस प्रकार किया है—उपनिषद् वाक्य के श्रवण मात्र से उत्पन्न होने वाली प्रथम प्रतिपत्ति श्रवण है। उपनिषद् वाक्य की मीमांसा से उत्पन्न [illegible] प्रतिपत्ति मनन है। चिन्ता सन्तानमयी दृढ़ प्रतिपत्ति निदिध्यासन है तथा चतुर्थ पालन या पालनरूपी वृत्ति है जिसके अनन्तर ही अव्यवहित रूप से कैवल्य की प्राप्ति होती है। इस प्रकार भामतीकार ने शब्द प्रतिपत्ति को श्रवण, उपनिषद् वाक्यों की मीमांसा से उत्पन्न प्रतिपत्ति को मनन तथा चिन्ता अर्थात् ध्यान की सन्तानमयी प्रतिपत्ति को निदिध्यासन कहा है। उन्होंने प्रतिपत्ति को श्रवणादिकों का सामान्य लक्षण मात्र माना है, अतएव श्रवणादि में वे धर्म की अपेक्षा नहीं मानते। इस सम्बन्ध में वे कहते हैं कि तत्त्वमसि इस उपनिषद् वाक्य के निर्विचिकित्स वाक्यार्थ का अवधारण करने वाले पुरुष का धर्म में अधिकार नहीं है जिससे कि भावना या भावना के फल साक्षात्कार के प्रति धर्म का उपयोग माना जा सके।[2]

पञ्चपादिकाकार पद्मपादाचार्य ने श्रवणादि का लक्षण इस प्रकार दिया है—आत्मा की अवगति के लिये वेदान्त वाक्यों का विचार तथा शारीरक भाष्य का श्रवण 'श्रवण' है। वस्तुनिष्ठ वाक्यापेक्षित दुन्दुभि आदि दृष्टान्तों तथा जन्म-स्थिति-लय के वाचाऽऽरम्भणत्वादि का अनुसंधान मनन है। मननापवाहित वाक्यार्थ के सम्बन्ध में स्थिरता निदिध्यासन है।[3]

१. अपि च मनस्य प्रतिपत्तयः कथ्यन्ते। [illegible] श्रवणमात्रादभवति या किलावक्षते श्रवणप्रतिपत्तिः। द्वितीया मीमांसाग्रहितात्तस्मा देवाप्रतिपद्यतयाद् यामाचक्षते मननप्रतिपत्तिः। तृतीया चिन्तासन्तानमयी यामाचक्षते निदिध्यासनप्रतिपत्तिः। चतुर्थी साक्षात्कारवती वृत्तिरूपा यामाहुस्तस्या कैवल्यमिति (भामती ३।४।२६ पृ० ८९८)।

२. न च निर्विचिकित्स तत्त्वमसीति वाक्यार्थमवधारयतः इमं प्रत्यधिकारोऽस्ति। येन भावनाया वा भावनाफलस्य वा साक्षात्कारे कर्मणामुपयोगः (भामती ३।४।२६, पृ० ८९९)।

३. तथा च श्रवणं नाम आत्मावगतये वेदान्तवाक्यविचारः शारीरकभाष्यश्रवणं च।

वार्तिककार सुरेश्वराचार्य के मत में शब्दशक्तिविवेकवत् अर्थात् शक्ति तात्पर्य निर्णायक श्रुति लिंग आदि नाना में एक अद्वितीय ब्रह्म में वेदान्त वाक्यों का तात्पर्य निरूपण श्रवण है। श्रुत्यादि लिंगों के आधार पर असम्भावना विपरीतभावना इत्यादि का निराकरण तर्क मनन है।[1] वार्तिककार के मत में निदिध्यासन ब्रह्मसाक्षात्कार की अन्तिम अवस्था है क्योंकि उन्होंने अपरोक्षज्ञान, एकात्म्य बोध, सम्यग्ज्ञान आदि के लिये निदिध्यासन शब्द का बहुत प्रयोग किया है। श्रवण के द्वारा श्रुत एवं मनन के द्वारा समर्थित वेदान्त वाक्यों के तात्पर्य स्वरूप अद्वितीय ब्रह्म का बोध निदिध्यासन है।[3] निदिध्यासन को वार्तिककार ने ध्यानरूप न मानकर विज्ञानरूप माना है। ध्यानरूप मानने से उसकी सिद्धि के लिये प्रयत्न की आवश्यकता होती किन्तु विज्ञानरूप मानने से उसकी सिद्धि के लिये प्रयत्न की अपेक्षा नहीं है।[4] निदिध्यासन में चित्तवृत्तिनिरोध की भी अपेक्षा नहीं है क्योंकि चित्तवृत्तिनिरोध को श्रुतियों में मुक्ति का साधन नहीं माना गया है अपितु एकमात्र ब्रह्मज्ञान को ही उसका साधन माना गया है।[5]

मननं वस्तुनिष्ठवाक्यार्थचिन्तनं दृष्टान्त [illegible] तर्कानुसन्धानं च। निदिध्यासनं मननोपबृंहितवाक्यार्थविषये स्थिरीभावः।

(पं० पा० नवम स्तवक पृ० ३५२-५३)

1 श्रुतिन्यायादि का न्याय शब्दशक्तिविवेकवत्। बृ० उ० भा० ३।४।४ ३।४।४ ३।१।४) तथा ब्रह्मानन्दी। भूमिनिर्णय व्याख्या।

पृ० ८६७।

2 आत्मतत्त्वविनिश्चयं मन्तव्य इति भाष्यम् (वही)। निदिध्यासनशब्देन सम्यग्ज्ञानं विवक्षितम्। (वही अ० १ ब्रा० ४ वा० ८९९)

3 मन आत्मनो द्वारं मननेनापि समर्थितः। स एवार्थस्तु निष्पन्नो निदिध्यासनमुच्यते। (वही अ० २ ब्रा० ५ वा० १५)

4 ध्यानप्रकारत्वमपि विज्ञानेनेति भण्यते निदिध्यासनशब्देन ध्यानमाशङ्क्यते यत (वही अ० २ ब्रा० ४ वा० २३३)। तथा निदिध्यासनशब्दार्थो [illegible] प्रत्ययार्थ [illegible] धर्मात्मत्वा [illegible] हेतुत्वं। (वही अ० २ ब्रा० ५ वा० १७)

5 वही अ० १ ब्रा० ४ वा० ८४८-४९

(ख) श्रवणादि के अङ्गाङ्गित्व का विचार

श्रवण, मनन तथा निदिध्यासन के अंगांगित्व के सम्बन्ध में भामती प्रस्थान विवरण प्रस्थान में मतभेद है। भामतीकार के मत में श्रवण तथा मनन से उत्पन्न निदिध्यासन से उत्पन्न संस्कार से युक्त अन्तःकरण के द्वारा ही आत्मा का साक्षात्कार होता है किन्तु विवरणकार के अनुसार मनन तथा निदिध्यासन से उत्पन्न वेदान्त श्रवण के द्वारा ही आत्मा का साक्षात्कार सम्भव है। इस प्रकार भामतीकार जहाँ निदिध्यासन को अंगी एवं प्रधान मानते हैं वहाँ विवरणकार श्रवण को ही अंगी स्वीकार करते हैं। वाचस्पति मिश्र यद्यपि अन्तःकरण के द्वारा ही आत्म साक्षात्कार मानते हैं, तथापि निदिध्यासन से उत्पन्न संस्कार को आत्म साक्षात्कार में अन्तःकरण का सहायक स्वीकार करते हैं तथा श्रवण और मनन को निदिध्यासन का उपकारी मानते हैं। अतएव उनके मत में निदिध्यासन अंगी है तथा श्रवण और मनन उसके अंग हैं। यमन्वयाधिकरण में भामतीकार कहते हैं कि श्रवण मननपूर्वक उपासना (निदिध्यासन) से उत्पन्न संस्कार से युक्त चित्त के द्वारा विद्योदय होता है। जिस प्रकार गान्धर्वशास्त्रार्थ की उपासना की वासना का सामर्थ्य अर्थ की अपेक्षा के बिना ही षड्जादि स्वरों के साक्षात्कार में दृष्ट है उसी प्रकार वेदान्त के अर्थोपासना की वासना का निरपेक्ष रूप से ही ब्रह्म साक्षात्कार में सामर्थ्य संभव है।[1]

सर्वापेक्षाधिकरण में श्रवणादि के स्वरूप का निरूपण करते हुए भामतीकार चिन्ता सन्ततिमयी निदिध्यासनरूप तृतीय प्रतिपत्ति के आदरपूर्वक निरन्तर सेवन से ही साक्षात्कारवती चतुर्थ प्रतिपत्ति की उत्पत्ति मानते हैं, जिसके अनन्तर अव्यवहित रूप से कैवल्य की प्राप्ति होती है।[2] इस प्रकार वाचस्पति मिश्र ने ब्रह्मसाक्षात्कार में निदिध्यासन

१. तस्यापि श्रवणमननपूर्वकोपासनाजनितसंस्कारसाचिवादेव चेतसा भावनं गान्धर्वशास्त्रार्थोपासना वासनाया इवापूर्वनिरपेक्षायाः षड्जादिसाक्षात्कारे वेदान्तार्थोपासनावासनाया जीवब्रह्मभावसाक्षात्कारे अनपेक्षाया एव सामर्थ्यात्।

(भामती १।१।१४)

२. ते (श्रवण मनने) एव च चिन्तासन्ततिमयी तृतीया प्रतिपत्तिः (निदिध्यासनरूपा) प्रयुज्यते। सा च आदरनैरन्तर्यदीर्घकालसेविता साक्षात्कारवतीमाधत्ते एव प्रतिपत्तिं चतुर्थीम्, तत्साक्षात्कारिणी च कैवल्यम्।

(भामती ३।४।२६ पृ० ८९८)

4. [illegible] ?

[illegible]

[illegible] के समान फलोपकारित्वरूप है।

[illegible]

2. [illegible]

3. [illegible]

4. [illegible] विवरण तुलनीय हैं पृ० ३० ।

[illegible] ।

रूप से श्रवण, मनन और निदिध्यासन इन तीनों का विधान समान रूप से किया गया है, तब श्रवण को मुख्यविधि एवं अङ्गी तथा मनन और निदिध्यासन को उसका अङ्ग क्यों माना जाय? इस शंका के समाधान में विवरण भाव प्रकाशिका के कर्ता निश्चलदास का यह कथन है कि श्रुत वस्तु का ही मनन होता है तथा श्रवण और मनन में स्थिर किये हुए का ही ध्यान होता है। अतः श्रवण की प्रधानता स्वीकार्य है। मनन और निदिध्यासन श्रवणाश्रित होने के कारण श्रवण के अङ्ग हैं।

यहाँ यह शंका होती है कि श्रवण (शब्द) से अपरोक्ष ज्ञान की ही उत्पत्ति होती है, अतः श्रवण आत्मसाक्षात्कार में अङ्गी (प्रधान) कैसे बन सकता है? यह शंका भी समीचीन नहीं, क्योंकि विवरण प्रस्थान में शब्द से भी अपरोक्षज्ञान का सम्भव माना गया है। मधुसूदन सरस्वती ने वेदान्तकल्पलतिका, सिद्धान्तबिन्दु तथा अद्वैतसिद्धि में प्रबल युक्तियों से यह सिद्ध किया है कि शब्द से भी अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति सम्भव है। खण्डनखण्डखाद्य, विद्यामुक्ति, पञ्चदशी इत्यादि ग्रन्थों में भी 'शब्दापरोक्षवाद' का समर्थन किया गया है। किन्तु शब्द प्रमाण के बिना निदिध्यासन से ही अपरोक्षानुभव की उत्पत्ति सम्भव नहीं, क्योंकि उसका प्रामाण्य सिद्ध नहीं हो सकता। मनन तथा निदिध्यासन के प्रमा का करण न होने के कारण श्रवण के बिना होने वाले साक्षात्कार में अप्रमात्व की प्रसक्ति होगी। यदि कहें कि निदिध्यासन से उत्पन्न अपरोक्षानुभव का प्रामाण्य के निश्चय उसके शब्दानगत ब्रह्मात्म-विषयक होने के कारण शब्द प्रमाण द्वारा ही हो जायगा, तो यह ठीक नहीं क्योंकि ऐसी स्थिति में शब्द प्रमाण से ही अपरोक्षानुभव की कल्पना अधिक संगत होगी। किसी विज्ञान के प्रामाण्य की कल्पना प्रमाणान्तराधीन विषयसद्भावनिश्चयाधीन मानने से यह कहीं अच्छा है कि उसे ही कल्पित-प्रमाणजन्य मान लिया जाय। अन्यथा परतः-प्रामाण्य की प्रसक्ति होगी। इसलिए मनन और निदिध्यासन को श्रवण का अङ्ग

१. एकात्मविषयत्वेनैव श्रवणादिकार्यस्य श्रवणात् श्रुतस्यैव मननात् मननाख्या स्थिरीकृतस्यैव ध्यायत्वाच्च तेषां समानविषयत्वमिति मननादि वाक्यस्य न तन्मूलत्वमित्यर्थः। (विवरण भावप्रकाशिका, पृ० ३०)

२. न च शब्दकरणमन्तरेण निदिध्यासनादेव अपरोक्षानुभवफलजन्म सम्भवति, तस्य प्रामाण्यासिद्धेः। (प० पा० वि० पृ० ४१२)

मानना ही उचित है।[1] मुण्डनमिश्राचार्य ने भी आत्मसाक्षात्कार में श्रवण को ही अङ्गी स्वीकार किया है तथा शब्द से अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति के सिद्धान्त का उन्होंने विस्तृत समर्थन किया है। प्रमा की उत्पत्ति प्रमाण से ही सम्भव है प्रमाणेतर से नहीं। प्रसंख्यान या ध्यान को प्रमाण नहीं माना जा सकता। अतः वे कहते हैं कि प्रसंख्यान या ध्यान को आत्मज्ञान का कारण कैसे स्वीकार किया जा सकता है? यहाँ यह तर्क भी संगत नहीं कि श्रवणजन्य ज्ञान में परिपूर्णता या स्पष्टता के लिए प्रसंख्यान की आवश्यकता है क्योंकि प्रसंख्यान से ज्ञान में परिपूर्णता या स्पष्टता सम्भव नहीं है। प्रसंख्यान से पूर्व यदि ज्ञान अपरिपूर्ण एवं अस्पष्ट हो तो वह प्रसंख्यान से परिपूर्ण और स्पष्ट नहीं बन सकता। प्रमाण ही प्रमा की उत्पत्ति का कारण है प्रमाणेतर नहीं। यदि ध्यान के पूर्व वह श्रवणज्ञान अप्रमा है, तो ध्यान से वह प्रमा का कारण नहीं बन सकता। अप्रमा को चाहे कितना ही ध्यान क्यों न किया जाय वह प्रमा नहीं बन सकता। अपितु ध्यान से उसका मिथ्यात्व और भी सुदृढ़ हो जायगा। और यदि वह ध्यान के पूर्व भी प्रमा है तो ध्यान को प्रमा का कारण कैसे माना जा सकता है? अतः ब्रह्मज्ञान के प्रसंख्यान या ध्यान की कारणता को स्वीकार नहीं किया जा सकता। मनन को भी ब्रह्मज्ञान का कारण नहीं माना जा सकता क्योंकि युक्त्यादि लिङ्गों के आधार पर असम्भावना तथा विपरीत भावना का निवर्तक तर्क ही मनन है।[2] मनन का उपयोग आगमार्थ के निश्चय के लिए किया जाता है। मनन के श्रवण पर आधारित होने के कारण इसे ब्रह्मज्ञान का प्रधान साधन नहीं माना जा सकता। अतः सुरेश्वर ने श्रवण को ही ब्रह्मज्ञान का प्रधान कारण स्वीकार किया है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि आत्मसाक्षात्कार के साधनरूप श्रवणादि के अङ्गाङ्गित्व के संबंध में भामती प्रस्थान तथा विवरण प्रस्थान में मत-भेद है। भामतीकार के मत में आत्मसाक्षात्कार के प्रति निदिध्यासन अङ्गी एवं प्रधान है, जबकि विवरणकार तथा वार्त्तिककार के मत में श्रवण

१ अन्यत्वरूपं हि विज्ञानस्य परतःप्रामाण्यं स्वतःप्रामाण्यं च। तत्र स्वतस्त्वेव कल्पनायामकल्पनायां च कल्पनम्। अन्यथा परतः प्रामाण्यात् इतरत्र स्वतः प्रामाण्यात्। तस्मात् युक्तं श्रवणस्य फलसाकाङ्क्षता मननिदिध्यासनयोरिति। (पं० पा० वि० पृ० ४१३)

२ बृ० उ० भा० वा० २।४।२१८।

को ही अङ्गी माना गया है।

४ श्रवणादि में विधि विचार

श्रवणादि में विधि के सम्बन्ध में भी भामती प्रस्थान और विवरण प्रस्थान में मतभेद है। भामतीकार वाचस्पति मिश्र ने श्रवण, मनन तथा निदिध्यासन इन तीनों में विध्यभाव माना है किन्तु विवरणकार ने श्रवण में नियम विधि का स्वीकार किया है। समन्वयाधिकरण में वाचस्पति मिश्र कहते हैं कि आत्मा की ही उपासना करो, इस वाक्य में विधि नहीं है अपितु यह विधिसदृश है[1] यहाँ अन्यत्र प्राप्त श्रवणादि का विधिसदृश वाक्यों से अनुवाद किया गया है।[2] इसी प्रकार मनन और निदिध्यासन में विधि का खण्डन करते हुए वे कहते हैं कि मनन और निदिध्यासन में भी विधि नहीं, वहाँ भी विधिसदृश वाक्यों से अनुवाद मात्र है। मनन और निदिध्यासन से साक्षात्कारूपी फल उत्पन्न होता है यह बात अन्वय और व्यतिरेक से ही सिद्ध है। मनन और निदिध्यासन के द्वारा वस्तु का साक्षात्कार होता है इसके अभाव में नहीं। इस प्रकार अन्वय तथा व्यतिरेक के द्वारा ही यह सिद्ध है कि मनन और निदिध्यासन ब्रह्मसाक्षात्कार में हेतु हैं। अतः ब्रह्मसाक्षात्कार के लिये इनके विधान की कोई आवश्यकता नहीं है।[3] आत्मा के दर्शन के निमित्त 'आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यः मन्तव्यो निदिध्यासितव्यश्च" (बृ० उ० २।४।५) इस वाक्य में श्रूयमाण दर्शनविधि भी वस्तुतः विधि नहीं, अपितु विधिसदृश है क्योंकि चिन्ता और साक्षात्कार में विधि सम्भव नहीं है। चिन्ता या साक्षात्कार में विधि सम्भव नहीं इस मत का विस्तृत विवेचन वाचस्पति मिश्र ने ब्रह्मसिद्धि की टीका तत्त्वसमीक्षा में किया है।[4] इस प्रकार भामतीकार ने ब्रह्म विषयक श्रवण, मनन, निदिध्यासन

१ अस्मिन्नेवोपासनाविधौ न विधिः, अपितु विधिसदृशोऽयम्।

(भामती १।१।४, पृ० ११५)

२ अन्यत्र प्राप्ता एव हि श्रवणादयः विधिसदृशैर्वाक्यैरनूद्यन्ते।

(भामती, पृ० १३०)

३ मनननिदिध्यासनयोरपि न विधिः तत्र अन्वयव्यतिरेकाभ्यां साक्षात्कार-फलत्वे विधिसदृशैर्वचनैरनुवादात्।

(भामती पृ० १२३)

४. न च चिन्ता साक्षात्कारयोर्विधिरिति तत्त्वसमीक्षायामस्माभिरुपपादितम्। विस्तरेण चायमर्थस्तत्रैव प्रपञ्चितः। अतिलघ्वाशया जुहुयात् इति वद्विधि-रूपत्वे "आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः" इत्यादयो न तु विधेय इति।

(भामती ३।२।२१, पृ० ७१३)

और साक्षात्कार (दर्शन), इन चारों प्रक्रियाओं को [illegible] मुक्ति का साधन माना है। किन्तु मण्डन मिश्र विद्यारण्य के "अपूर्व-स्वीकार" अध्याय इस बात का प्रमाण होता है कि भामती-कार ही श्रवण आदि में अपूर्व विधि का स्वीकार कर रहे हैं। [illegible] एक [illegible]-कार ने इस बात को मिश्र की [illegible] मानकर [illegible] किया है। किन्तु भामतीकार के अनुयायी अमलानन्द [illegible] इस दावे का उनकी पूर्व टीकाओं की पंक्तियों के साथ [illegible] प्रदर्शन किया है और यह सिद्ध किया है कि उन्हें श्रवणादि में विधि मान्य नहीं है। इस सम्बन्ध में [illegible] अमलानन्द [illegible] का कहना है कि [illegible] वस्तुतः वाचस्पति मिश्र की मूर्ति [illegible] दर्शन प्राप्त नहीं है। 'सम्प्रयोगे [illegible] लक्षणा तृतीया' [illegible] इस सूत्र के विधि [illegible] इस पद तथा इस सूत्र पर शांकर भाष्य की एवमर्थ [illegible] प्रवाते [illegible] विद्यावाक्य [illegible] इस पंक्ति में वस्तुतः विधि का प्रतिपादन नहीं, किन्तु ध्यान में अनुसन्धान [illegible] के उत्पादन के लिए [illegible] वाचस्पति मिश्र की पूर्व [illegible] भावना [illegible] है। इस सम्बन्ध में [illegible] अमलानन्द का कथन है कि ब्रह्मसाक्षात्कार के प्रति श्रवणादि [illegible] होने से श्रवणादि में अपूर्व विधि न माना जा सकता तथा श्रवणादि से भिन्न किसी उपाय के सम्भव न होने से श्रवणादि में नियमविधि माना जा सकता है जो [illegible] है। अतः ब्रह्मसाक्षात्कार के साधनभूत श्रवणादि में किसी भी विधि को स्वीकार नहीं किया जा सकता। [illegible] निष्पत्ति में तत्त्व दर्शन के उपायान्तर के सम्भव होने से अवधान

---

१. [illegible] विधिः [illegible] प्रयोगसूत्रे। [illegible] विधिः [illegible] (भामती ३।४।१३, पृ० १०५)

२. [illegible] सम्प्रयोगसूत्रे श्रवणादिविधिं निराचक्रे, अत एव [illegible] विधिमङ्गीचक्रे, [illegible] वक्तव्यम् [illegible]। (प्र० वि०)

३. [illegible] भाष्ये [illegible] ज्ञानोत्पादनार्थं विधिमङ्गीकृत्य [illegible] (वे० [illegible] ३ : ४।४० पृ० [illegible])

४. [illegible] (वे० [illegible] ३।४।४०, पृ० ५२०)

के पाक्षिक रूप से अप्राप्त होने के कारण उसके परिपूरण के द्वारा अव-काश का नियमन किया जाता है। "इमामगृभ्णन् रशनामृतस्य" इस मन्त्र में रशना के आदान का विधान होने से अश्वरशना तथा गर्दभरशना दोनों के आदान के प्राप्त होने पर "अश्व भिधानीमादत्ते" इस वाक्य से गर्दभरशना का व्यावर्तन किया जाता है। किन्तु प्रकृतस्थल में श्रवणादि-साध्य ब्रह्म साक्षात्कार में उपायान्तर सम्भव नहीं है जिससे कि श्रवणादि में नियम या परिसंख्या विधि मानी जा सके।[1] इस प्रकार वाचस्पति मिश्र तथा उनके अनुयायियों ने ब्रह्मसाक्षात्कार के कारण श्रवणादि में कोई विधि नहीं मानी है।

किन्तु प्रकटार्थ विवरणकार श्रवण में अपूर्व विधि मानते हैं। उनके मत में ब्रह्मसाक्षात्कार में श्रवण रूप उपाय का किसी प्रमाण से परिज्ञान न हो सकने के कारण श्रवण में अपूर्व विधि है। अन्वय-व्यतिरेक के द्वारा श्रवण-रूप उपाय का ज्ञान संभव नहीं क्योंकि वेदान्त श्रवण करने पर भी आत्मसाक्षात्कार नहीं होता और वेदान्त श्रवण न करने पर भी वामदेव मुनि को गर्भावस्था में ही आत्मसाक्षात्कार हो गया था। यद्यपि गारुडतन्त्र श्रवण से पद्मादि स्वप्नोद्भव का साक्षात्कार दृष्ट है तथापि कर्मकाण्ड के श्रवण से उसके प्रतिपाद्य धर्म आदि अदृष्ट अर्थ का साक्षात्कार दृष्ट नहीं। अतएव श्रवण के द्वारा श्रुतरूप अर्थ का साक्षात्कार होता है, इस सामान्य नियम के आधार पर वेदान्त श्रवण में आत्म-साक्षात्कार की हेतुता प्राप्त नहीं है। अतः अन्वय-व्यतिरेक अप्राप्त होने के कारण श्रवण में अपूर्वविधि मानना उचित है। इस प्रकार प्रकटार्थविव-रणकार ने श्रवण में अपूर्व विधि को सिद्ध करने का प्रयास किया है।

विवरणकार प्रकाशात्मयति (प्रकाशात्मा) ने श्रवण में अपूर्व विधि का खण्डन किया है तथा श्रवण में नियमविधि का स्वीकार किया है। उनका कथन है कि अन्वय-व्यतिरेक रूप प्रमाण के अभाव से वेदान्त श्रवण में आत्मसाक्षात्कार के प्रति हेतुता प्राप्त नहीं अतः श्रवण में अपूर्व विधि है, यह बात युक्तिसंगत नहीं। वेदान्त-श्रवण आत्म-साक्षात्कार के लिए अन्य सहकारी कारण की भी अपेक्षा रखता है। चित्त की एकाग्रता आदि सहकारी कारण के अभाव में वेदान्त श्रवण होने पर भी आत्मसाक्षात्कार नहीं होता। यथा दण्ड आदि सहकारी

---

१ ननु श्रवणादिसाध्ये ब्रह्मसाक्षात्कारेऽन्युपायान्तर संभवो यतः श्रवणादिनियम परिसंख्या वा स्यात्।

(वे० क० ३।४, ४३, पृ० २२०)

कारण के अभाव में मृत्तिका से घट की उत्पत्ति नहीं होती। श्रवण के अभाव में भी वामदेव को जो आत्मसाक्षात्कार सम्भव हुआ वह पूर्व-जन्म के वेदान्तश्रवण के कारण ही हो सका। अतः श्रवण से होने वाले आत्मसाक्षात्कार में अन्वय-व्यतिरेक के व्यभिचार की शंका समीचीन नहीं है। विचार से युक्त वेदान्त श्रवण से ब्रह्मसाक्षात्कार की हेतुता विधि के बिना भी प्राप्त है क्योंकि अपरोक्ष वस्तुओं को विषय करने वाले सभी प्रमाण साक्षात्कार के हेतु हैं।[1] अतः आत्म साक्षात्कार के लिए श्रवण में अपूर्व विधि को मानने की आवश्यकता नहीं है। यद्यपि विवरणकार ने श्रवण में अपूर्व विधि को नहीं माना है तथापि भामती-कार के समान वे सर्वथा विध्यभाव को भी स्वीकार नहीं करते। उन्होंने अन्वय-व्यतिरेकसिद्ध साधन में भी विधि को उपयोगी बतलाया है। जिस प्रकार तण्डुल-निष्पत्ति रूप फल के दृष्ट होने पर भी अवघात का 'व्रीहीनवहन्ति' इस रूप में विधान किया जाता है, उसी प्रकार प्रकृत स्थल में भी समझा जाना चाहिए।[2] तण्डुल की निष्पत्ति नख-विदलन द्वारा भी सम्भव है, किन्तु अवघात का विधान इस बात का सूचक है कि अवघात से निष्पन्न तण्डुल में जो 'अपूर्वता' है वह नखविदलनादि से निष्पन्न तण्डुल में नहीं और न ही उससे कार्य-सिद्धि सम्भव है। यद्यपि अवघात भी तण्डुल निष्पत्ति में पाक्षिक रूप से प्राप्त है, तथापि नखविदलनादि की भी पाक्षिक प्राप्ति होती है। अतएव अवघातेतर उपायों के प्रतिषेध एवं अवघात की पाक्षिक अप्राप्ति के निवारण के लिए नियमविधि का आश्रय लिया जाता है।[3] उसी प्रकार श्रवण में भी पाक्षिक अप्राप्ति के निवारणार्थ नियमविधि को स्वीकार करना चाहिए। यदि यह शंका हो कि व्रीहि के अवघातविधान में तो अदृष्ट फल की प्राप्ति के निमित्त नियमविधि मानी जाती है यहाँ श्रवण में

१ तस्मान्नापरोक्षत्वं करणप्रयुक्तं जातिर्वा किन्त्वपरोक्षार्थविषयत्वमेव। अर्थस्य घटादेरज्ञानापरोक्षत्वाभावस्याज्ञपरोक्षत्वयितत्वादात्मादपरोक्षत्वम् यस्मा-त्साक्षादपरोक्षात् इति श्रुतेः संविदोऽपरोक्षत्वभासनात्।

(विवरणभाव प्रकाशिका, पृ० ४०५)

२ तण्डुलनिष्पत्तिफलतया दृष्टफलेऽप्यवघाते "व्रीहीनवहन्ति" इति यथा नियमविधिः तथा इह "श्रोतव्य" इति विधिः किं न स्यात्।

(विवरण तात्पर्यदीपिका, पृ० ३४)

३ विधिरत्यन्तमप्राप्तौ नियमः पाक्षिके सति। तत्र चान्यत्र च प्राप्तौ परिसंख्या उदाहृता॥

अन्यमनस्क होने से [illegible] व्यतिरेक से सिद्ध होता है और किसी [illegible] न होने से नियमविधि का मानने का क्या आवश्यकता है [illegible] शंका ठीक नहीं क्योंकि आत्मतत्त्वज्ञान [illegible] अतः श्रवण में भी नियम विधि [illegible] स्वीकार किया जाना [illegible] युक्त है।[1]

इस पर यह शंका होती है कि श्रवण में नियमविधि का मानना भाष्यकार के मत के विपरीत होगा क्योंकि [illegible] सूत्र के भाष्य में शंकराचार्य ने श्रवणादि में विधि का निषेध किया है। उनके विचार में [illegible] अनुपादेय वस्तुतत्त्व में विधि का कोई स्थान नहीं। [illegible] श्रवणादि में जो विधि प्रतीत होती है वह वस्तुतः विधि नहीं अपितु विधिच्छायामात्र है। इस प्रकार के विधिच्छाया वाले वाक्यों का उद्देश्य बहिर्मुखि पुरुष को स्वाभाविक प्रवृत्तिवाले विषयों से विमुख करना ही है। यहाँ यह द्रष्टव्य है कि श्रवणादि में विधिज्ञान को मानने वाले वाचस्पति मिश्र ने शंकराचार्य की इन पंक्तियों को अपने मत के समर्थन में उद्धृत किया है। किन्तु श्रवणादि में नियमविधि को स्वीकार करने वाले वाचस्पतिमिश्र तथा उनके समर्थकों ने आचार्य की इन पंक्तियों का दर्शनविधि के निराकरण के लिए माना है श्रवण विधि के निराकरण के लिए नहीं। 'आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यः" इस श्रुति में प्रयुक्त 'द्रष्टव्य' पद दर्शन का विधान नहीं कर सकता क्योंकि दर्शन का विधान मानने पर 'ब्रह्म' दर्शन का धर्म होने से गौण हो जायगा।[2] क्योंकि श्रुति और प्रत्यय दोनों मिलकर प्रधानतः प्रत्ययार्थ का ही प्रतिपादन करते हैं। इस नियम के अनुसार प्रत्ययार्थ

१ न च अवघातादिवत् उभयथापि सम्भवति [illegible] इह अदृष्टप्रयोजनत्वात् आत्मावगमस्य [illegible] । नैतत् सारम्। आत्मतत्त्वापरोक्षस्य सर्वकर्मसाध्यत्वस्य वक्ष्यमाणत्वात् अवघातादिवत् उभयथात्वेन विधानोपपत्तेः । (प० पा० वि० पृ० ३५)

२ तस्मिन्नपि लिङादयः श्रूयमाणाः अत्यन्तमपि [illegible] प्रयुक्तपुरोडाशादिवत्, अहेयानुपादेय वस्तुविषयत्वात्। नियमार्थानि तर्हि 'आत्मा वाऽरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यः" इत्यादीनि विधिच्छायानि वचनानि। स्वाभाविकप्रवृत्तिविषयविमुखीकरणार्थानीति ब्रूमः ।

(ब्र० सू० शां० भा० १।१।४ पृ० १२९–३०)

३ दर्शनविधाने हि ब्रह्म कर्मतया गुणभूतं प्रसज्येत। (प० पा० वि० पृ० ३७)

की प्रधानता होने से और दर्शन के प्रकृत्यर्थ होने के कारण गौण होने से उसका विशेषण ब्रह्म और भी अधिक गौण हो जायगा। किन्तु श्रवण का विधान मानने पर उक्त दोष नहीं होता क्योंकि श्रवण के प्रधान फलभूत दर्शन का विशेषण होने से ब्रह्म भी प्रधान है, गुणभूत नहीं। इस प्रकार वेदान्त वाक्यों के द्वारा प्रतिपाद्यमान ब्रह्म के दर्शन के लिए श्रवणादि के विधान में कोई विरोध नहीं होता।[1]

इस पर यह शंका होती है कि नियमविधि का आश्रयण किसी के व्यावर्तन के लिए हुआ करता है। अतएव व्यावर्त्य के अभाव के कारण श्रवण में नियमविधि कैसे मानी जा सकती है?[2] श्रवण में नियमविधि मानने पर इसके द्वारा व्यावर्त्य वस्तु का प्रतिपादन करना होगा। क्या इस नियमविधि से आत्मा विचारित वेदान्तों से ही ज्ञातव्य है, इस प्रकार वेदान्त का नियमन होता है, अथवा वेदान्तों के विचार से ही आत्मा ज्ञातव्य है, इस प्रकार विचार का, अथवा मुमुक्षु के द्वारा मोक्ष साधन ज्ञान के लिए आत्मा ही श्रोतव्य है, इस प्रकार आत्मा का नियमन होता है। इनमें से प्रथम पक्ष नहीं माना जा सकता क्योंकि आत्मा के सम्बन्ध में वेदान्त से अतिरिक्त प्रमाण की प्रसक्ति न होने से व्यावर्त्य का अभाव है।[4] यदि कहें कि जिस प्रकार लौकिक तृप्ति-निवृत्ति में पयसः पुंसोऽन्तर

---

१ दर्शनविधाने अयं दोष इति दर्शयति —'प्रकृतिप्रत्ययौ प्रत्यर्थं सह वर्तेते प्राधान्येन'' इति न्यायेन प्रत्ययार्थस्य प्राधान्यात् दर्शनस्य च प्रकृत्यर्थतया गुणभूतत्वेन तद्विशेषणस्य ब्रह्मणोऽपि मुख्यं गुणभूतत्वं स्यात्। ।

(वि० ला० टी० पृ० ३७)

२ ब्रह्मदर्शनमुद्दिश्य विचारविधाने तु स्वप्रधानकर्मभूतदर्शनविशेषणतया ब्रह्मापि स्वप्रधानं भवति न तु गुणभूतं इति वदन्ते ब्रह्मणि स्वप्रधाने प्रतिपाद्यमाने तद्दर्शनाय श्रवणादिविधानं नैव विरुध्यते।

(पं० पा० वि० पृ० ३७)

३ ननु श्रवणे न नियमविधिरुपपद्यते व्यावर्त्याभावात्। तत्र किमात्मविचारित-वेदान्तैरेव ज्ञातव्य इति वेदान्तानां नियम्यते, किं वा वेदान्तानां विचारेणैव ज्ञातव्य इति विचारः अथवा मुमुक्षुणा मोक्षसाधन-ज्ञानाय आत्मैव श्रोतव्य इत्यात्मा ?

(वि० भा० प्र० पृ० ३४)

४ नाद्यः आत्मनि वेदान्तातिरिक्त प्रमाणाप्रसक्तेः व्यावर्त्याभावात्।

(वि० भा० प्र० पृ० ३४)

[illegible]

[illegible]

[illegible]

विषयक वेदान्तविचार का नियमन किया जाता है।[1] मीमांसा इस विधि का अर्थ है वेदान्तवाक्यश्रवण के द्वारा आत्मज्ञान की भावना करे। जैसे 'व्रीहीनवहन्ति' इत्यादि वाक्य में दृष्टपुरोडाशहेतुकतण्डुल-निष्पत्तिमात्र के साधनान्तर साध्य होने पर भी अपूर्व जन्मवाक्य में अवघात का नियम किया जाता है, उसी प्रकार यहाँ आत्मज्ञानमात्र के तर्कादि साधनान्तरसाध्य होने पर भी पक्ष में अप्राप्त और अज्ञाननिवृत्तिसमर्थ अद्वैतात्मज्ञानसाधनीभूत वेदान्त-श्रवण का विधान किया जाता है।[2] और जिस प्रकार अवघात विधि के द्वारा सर्वविदनादि साधनान्तर की व्यावृत्ति होती है, उसी प्रकार श्रवणविधि के द्वारा भेद-मूलक साधनान्तर भेदशास्त्र की व्यावृत्ति होती है। अहंकार के तुल्य होने एवं तदतिरिक्त अष्टगुणसम्पन्न परमेश्वर के अहमाकार अनुभव में प्रकाशमान न होने से अद्वितीयचैतन्यार्थक आत्मपद के अव्यय होने से 'इदं सर्वं यदयमात्मा' 'आत्मनि विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवति' इत्यादि वाक्यों की पर्यालोचना से आत्मशब्द के अद्वैतात्मनिवादन-परक होने के कारण भिन्नात्मविषयक वाक्य के श्रवण की व्यावृत्ति होती है।[3] यहाँ यह नहीं कह सकते कि भिन्नात्मविषयक वाक्य श्रवण से मुक्तिसाधक ज्ञान के सम्भव न होने के कारण मुमुक्षु इसमें निवृत्ति की आशंका करे, इसके लिए नियमविधि मानने की कोई आवश्यकता नहीं। क्योंकि आपात ज्ञान दशा में 'द्वाविमौ पुरुषौ लोके क्षरश्चाक्षर एव च (भ० गी० १५।१६)' 'तद्यथा पतङ्गस्य पतङ्गस्य महिमानमिति' 'तेजोबिन्दुकं (श्वे० उ० ४.७ इत्यादि भेदवाक्य से शोकनिवृत्त्यादिफल की प्रतीति होने के कारण विचारनियमविधि के अभाव में नियमित रूप से मुमुक्षु की इससे निवृत्ति सम्भव नहीं है।[4] किंच, 'नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टा' यह निषेध आत्ममात्रभेदविषयक है या ईश्वरभेदविषयक, इसका निश्चय वेदान्त विचार के पूर्व सम्भव नहीं। इसलिए विचार के पूर्व अर्थनिर्णय सम्भव न होने से भेदप्रवणचित्त व्यक्ति को भेदशास्त्र में भी प्रवृत्ति हो सकती

१ मुमुक्षूणामद्वैतात्मविषयविचारो नियम्यते। (वि० भा० प्र० पृ० ३५)

२ तत्त्वमस्यात्मज्ञानस्य तर्कादिसाधनान्तरसाध्यत्वेन पक्षेऽप्राप्तेऽपि अज्ञाननिवृत्ति-समर्थाद्वैतात्मज्ञानसाधनीभूतवेदान्तश्रवणं पक्षे अप्राप्तं विधीयते।
(वि० भा० प्र०, पृ० ३६)

३. भिन्नात्मविषयकवाक्यश्रवणं व्यावर्त्यते। (वि० भा० प्र० पृ० ३६)

४. विचारनियमविध्यभावे नियमेन ततो निवृत्त्यसम्भवात्। (वही, पृ० ३६)

है। [illegible] मत का [illegible] है किन्तु यह भी [illegible] अद्वैतज्ञान का [illegible] है। अतः अद्वैतवेदान्त को [illegible] में नियमविधि मानी जाती है। अद्वैत विवरणकार तथा उनके [illegible] ने श्रवण में नियमविधि को स्वीकार किया है।

इस प्रकार हमने देखा कि आत्मसाक्षात्कार के साधनरूप श्रवणादि में विधि को स्वीकार किया जाने के प्रश्न पर विवरण प्रस्थान तथा भामती प्रस्थान में मतभेद है। विवरणप्रस्थान में श्रवणादि में नियमविधि को स्वीकार किया गया है जब कि भामती प्रस्थान में श्रवणादि में किसी भी विधि का स्वीकार नहीं किया गया।

५ ब्रह्म साक्षात्कार का करण (शब्द या मन ?)

ब्रह्म साक्षात्कार के करण के सम्बन्ध में अद्वैत वेदान्त में विभिन्न मत उपलब्ध होते हैं। शङ्करमत तथा मण्डनमिश्र के अनुसार 'तत्त्वमसि' इत्यादि वाक्यों से उत्पन्न एवं प्रत्ययाभ्यास रूप—प्रमाण ज्ञान ही ब्रह्म-साक्षात्कार में करण है। [illegible] 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्' (मु० [illegible]) [illegible] प्रत्ययाभ्यास रूप प्रमाण को ब्रह्मसाक्षात्कार के प्रति करण मानने में प्रमाण है। 'श्रुतेः प्रत्ययवत् तथापि हि दृष्टम्' (ब्र० सू० [illegible]) तथा 'विकल्पोऽविशेषफलत्वात्' (ब्र० सू० ३.[illegible]) इन सूत्रों में मनन ब्रह्म के साक्षात्कार के प्रति प्रमाण को करण माना गया है। कामातुर के असन्निकृष्ट कामिनी के साक्षात्कार में प्रमाण की करणता दृष्ट भी है।

साक्षात्कार को ध्यान का फल मानने वाले अवच्छेदवादी आचार्य वाचस्पति मिश्र ने इस मत का समर्थन एवं उपबृंहण किया है।[2] कल्प-

१. वि० भा० प्र०, पृ० ३६।

२. नैष्कर्म्यसिद्धि, अ० १ का० ६३ तथा अ० ३ का० ५० तथा सम्बन्धवार्तिक का० ७६२।

३. ध्यानस्य हि साक्षात्कार फलम् साक्षात्कारश्चोत्पन्नत तत्त्वविषय (भामती पृ० २८७) ध्यानाभ्यासपरिपाकेन साक्षात्कारोविज्ञानम् (भामती पृ० ५९०) आगमाचार्योपदेशपूर्वकमननिदिध्यासनप्रकर्षपर्यन्तजोऽस्य ब्रह्मसाक्षात्कार उपजायते (भामती पृ० ४१४)। तत्त्वमसीति वाक्यश्रवणमननध्यानाभ्यास-परिपाकप्रकर्षपर्यन्तजोऽस्य साक्षात्कार उपजायते (भामती पृ० ५०२) तथा श्रवणमननिदिध्यासनाभ्यासस्यैव स्वगोचरसाक्षात्कारफलत्वेन लोकसिद्ध-त्वात्। —भामती, पृ० ९२९।

[illegible] अभिप्रायान्तर कहते हैं कि भामतीकार भी मण्डनमिश्र के समान ही प्रमाण को ब्रह्मसाक्षात्कार का कारण मानते हैं।[1] यह ठीक है कि वाचस्पति मिश्र ने प्रमाण को आत्मसाक्षात्कार का हेतु माना है तथापि भामती के सम्यक् अनुशीलन से यह स्पष्ट हो जाता है। यहाँ प्रमाण को मन के सहकारी कारण के रूप में ही माना गया है। उनका कथन है कि स्वतन्त्र रूप से प्रमाण की साक्षात्कार के कारण के रूप में प्रवृत्ति कहीं नहीं होती। [illegible] आत्मसाक्षात्कार की उत्पत्ति प्रमाण से युक्त मन की कारणता से ही हो सकती है। श्रवण ज्ञान के प्रति अङ्गभूत अन्य कारण को स्वीकार करने में कोई हेतु नहीं है। आत्मसाक्षात्कार के प्रति प्रमाण मन के सहकारी रूप में ही उपयोगी होता है, क्योंकि भामतीकार कहते हैं कि [illegible] की भावना के परिपाक से युक्त अन्तःकरण तत् तत् पदार्थ के विशेष में त्वं पदार्थ के अपरोक्षानुभव में तत्पदार्थत्व का आविर्भाव करता है।[2] ब्रह्मसाक्षात्कार साधन श्रवण एवं युक्ति का फल नहीं अपितु [illegible] आगम एवं युक्ति का समाधायक होता है।[3] जैसे गान्धर्वशास्त्रार्थज्ञानाभ्यास से संस्कार-संचित श्रोत्रेन्द्रिय के द्वारा षड्जादिस्वरग्राम्, [illegible] भेदों का मनुष्य प्रत्यक्ष अनुभव करता है, वैसे ही वेदान्तवाक्यज्ञानाभ्यासाहितसंस्कार-संचित अन्तःकरण के द्वारा जीव के ब्रह्मस्वभावत्व का प्रत्यक्ष अनुभव करता है।[4] इस प्रकार यह स्पष्ट हो जाता है कि भामतीकार के मत में आत्मसाक्षात्कार का कारण केवल प्रमाण नहीं अपितु प्रमाण

---

१ अपि च [illegible] सूत्रान्तरस्वाध्यायप्रमाणाप्रमा। शाब्दप्रत्यक्षता तु [illegible] वाचस्पति मत (वे० कौ० १।१।२ पृ० २१८)

२ वाक्यार्थज्ञानाभ्यासाहितसंस्कारं करणं त्वंपदार्थस्यापरोक्षस्य तत्तदर्थाकारनिवेशेन तत्पदार्थतामनुभावयतीति युक्तम्। (भामती पृ० ५७)

३ [illegible] न ब्रह्मसाक्षात्कारे आगमयुक्तिफलमपि तु [illegible] आगमार्थज्ञानाहितसंस्कार-संचितं चित्तमेव ब्रह्मसाक्षात्कारवती बुद्धिवृत्तिं समाधत्ते।

(भामती, पृ० ९३२)

४ यथा गान्धर्वशास्त्रार्थज्ञानाभ्यासाहितसंस्कारसंचितं श्रोत्रेन्द्रियं षड्जादिस्वर-ग्रामभेदमध्यक्षमनुभवति, एवं वेदान्तवाक्यज्ञानाभ्यासाहितसंस्कारो जीवस्य ब्रह्मस्वभावमन्तः करणेनेति।

(भामती पृ० ५८ तथा ९३२–३३)

सहकृत मत ही है। किन्तु विवरणकार प्रकाशात्मयति (पञ्चपादिका पृ०) के मत में आत्मसाक्षात्कार का करण न तो प्रस्थान है और न ही मन। इनके मत में शब्द ही आत्मसाक्षात्कार का करण है। 'औपनिषदम्' इस श्रुति के 'औपनिषदम्' पद में प्रयुक्त तद्धित-प्रत्यय के द्वारा शब्द की ब्रह्मावगतिहेतुता सूचित है।[1] "वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्था" इस श्रुति में यह बताया गया है कि जिन्हें वेदान्त वाक्य के ज्ञान से ही अर्थ का निश्चय हो गया है उन्हें किसी अन्य साधन की आवश्यकता नहीं। छान्दोग्योपनिषद् में कहा गया है कि (श्वेतकेतु ने) पिता के उपदेश से ब्रह्म का साक्षात्कार किया। आचार्यवान् पुरुष ब्रह्म का ज्ञान करता है,[3] विद्वान् की विदेह मुक्ति में तभी तक देर है जब तक कि उसके प्रारब्ध कर्म क्षीण नहीं हो जाते,[4] आचार्य भक्त को अन्धकार के पार विद्यमान ब्रह्म के दर्शन करवा देता है[5]; इत्यादि अनेक श्रुतियों में आचार्य के उपदेश के अनन्तर अव्यवहित रूप से होने वाले ब्रह्मज्ञान का वर्णन है। इससे स्पष्ट है कि "तत्त्वमसि" इत्यादि महावाक्य ही ब्रह्म-साक्षात्कार में करण है। ब्रह्मसाक्षात्कार के लिए महावाक्य श्रवण के अतिरिक्त किसी अन्य साधन की उपयोगिता नहीं है।

यहाँ यह शंका होती है कि वेदान्त वाक्य से ब्रह्म का अपरोक्ष ज्ञान कैसे हो सकता है। शब्द सदैव परोक्ष ज्ञान का ही जनक होता है, इससे अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति सम्भव नहीं है। इस शंका के समाधान में 'शब्दापरोक्षवाद' के समर्थकों का यह कहना है कि जैसे इन्द्रिय के द्वारा अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति होती है उसी प्रकार शब्द से भी अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति सम्भव है, क्योंकि शाब्द ज्ञान में भी अपरोक्षार्थ विषयत्व विद्यमान है।[6] इन्द्रियजन्य ज्ञान की अपरोक्षता भी विषय-स्वभाव-प्रयुक्त

१ एवं च "औपनिषदम्" इति तद्धितप्रत्ययेन ब्रह्मावगतिहेतुत्वं शब्दस्य दर्शितमपपन्नं भवति, अपरोक्षावगतेरेव सम्यगवगतित्वात्।
(प० पा० वि०, प्र० व० पृ० ४०८)

२ तद्धास्य विजज्ञौ (छा० ६, ७, ६)

३ आचार्यवान् पुरुषो वेद। (छा० ६।१४।२)

४ तस्य तावदेव चिरम्। (छा० ६।१४।२)

५. तमसः पारं दर्शयति। (छा० ८।२६।२)

६. इन्द्रियस्य यथा अपरोक्षज्ञानजनकत्वं एवं शब्दस्यापि तदविरुद्धम् अपरोक्षार्थ-विषयत्वस्य शब्दज्ञानेऽपि सत्त्वात्। (वि० भा० प्र०, पृ० ४०३)

है, कारण-स्वभाव-प्रयुक्त नहीं। नैयायिक मत में ज्ञान के अपरोक्षत्व का कारण इन्द्रिय है क्योंकि वहाँ इन्द्रियजन्य ज्ञान को ही अपरोक्ष माना जाता है।[1] किन्तु वेदान्त-मत में ज्ञान की अपरोक्षता का कारण विषय का स्वभाव है। यदि तार्किक मत के अनुसार इन्द्रियजन्य ज्ञान को अपरोक्ष ज्ञान मानें तो अनुमिति ज्ञान को भी अपरोक्ष ज्ञान मानना होगा क्योंकि वह भी मनोजन्य होने के कारण इन्द्रियजन्य है। अतएव इन्द्रिय-जन्यत्व ज्ञान के अपरोक्षत्व में नियामक हेतु नहीं है।[2] यहाँ यह भी नहीं कहा जा सकता कि यद्यपि इन्द्रियजन्य ज्ञान अपरोक्ष होता है तथापि मनोजन्य ज्ञान अपरोक्ष नहीं होता; क्योंकि ऐसा मानने पर इच्छादि प्रत्यक्ष की व्याख्या नहीं की जा सकती।[3] मन के अतिरिक्त किसी दूसरे इच्छादिग्राहक प्रमाण को नहीं माना जा सकता और न ही मन के सहकारी रूप में प्रमाणान्तर की कल्पना की जा सकती है क्योंकि प्रमाण की प्रमाणान्तर सहकारिता कहीं दृष्ट नहीं है। वेदान्त मत में तो अहंकार एवं उसके धर्मों के प्रत्यक्ष में मन को कारण नहीं माना जाता[4] अपितु उनका प्रत्यक्ष उनके अपरोक्ष स्वभावत्व के कारण ही माना जाता है, इसलिये किसी दोष की प्रसक्ति नहीं होती। इस पर यदि शंका हो कि ज्ञान का अपरोक्षत्व यदि विषयस्वभाव-प्रयुक्त माना जाय, कारणस्वभावप्रयुक्त नहीं तो परोक्ष घटादि पदार्थों का अपरोक्ष ज्ञान कैसे सम्भव होगा तो यह ठीक नहीं, क्योंकि घटादि परोक्ष पदार्थों की अपरोक्षविषयता अपरोक्ष संवित् के साथ तादात्म्य के कारण उत्पन्न है। यदि अपरोक्ष संवित् के कारण उनका तादात्म्य स्थापित न हो तो वे सदा परोक्ष ही बने रहें, अपरोक्ष न हो सकें। संवित् स्वतः अपरोक्ष स्वभाव वाली है। "यत्साक्षादपरोक्षात्" यह श्रुति संवित् के अपरोक्षत्व में प्रमाण है। अपरोक्ष संवित् के साथ

१ इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नं ज्ञानं प्रत्यक्षम्—न्या० सू० १.१.४।

२. न तावदिन्द्रियजन्यज्ञानत्वमपरोक्षत्वम् अनुमितावपि मन इन्द्रियजन्यत्वात्।
(वि० भा० प्र०, पृ० ४०३)

३ अन्यथा इन्द्रियत्वेन तत्र तज्ज्ञानमपरोक्षं अनुमित्यादौ च न मानसत्वेन जनकं इति प्रत्यूहः। इच्छादिप्रत्यक्षे दुःखितस्यादि प्रत्यक्षे च तदभावात्।
(वि० भा० प्र०, पृ० ४०३)

४ सिद्धान्ते अहङ्कारतद्धर्मप्रत्यक्षे तदभावात्। (वि० भा० प्र०, पृ० ४०३)

५ अर्थस्य घटादेश्चानपरोक्षस्वभावस्याप्यपरोक्षसंवित्तादात्म्यादपरोक्षत्वम्।
(वि० भा० प्र०, पृ० ४०५)

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible] अनुमिति ज्ञान को भी अपरोक्ष वस्तु विषयक शब्दज्ञान के समान ही अपरोक्ष माना जाता है। इसी कारण मनोराज्य में होने वाली अनुमिति को 'मैं साक्षात्कार करता हूँ' इस रूप में अनुभव किया जाता है।[1] इस पर यदि कहें कि अनुमान से भी अपरोक्ष ज्ञान मानने पर आत्मविषयक अनुमान से ही आत्म-साक्षात्कार हो जाने पर अविद्या की निवृत्ति माननी होगी तो यह भी उचित नहीं क्योंकि अखण्ड अद्वैतानन्द ब्रह्मसत्ता निर्णयरूप अनुमान अस्वीकृत है। अज्ञान में सम्भव नहीं है।[2] भेद विषयक श्रुतियों के साथ विरोध होने के कारण हम लघु अनुमितिज्ञान से ही ब्रह्मस्वरूप का निर्णय नहीं हो सकता। अखण्ड ब्रह्म ज्ञान ही अविद्या निवृत्ति में समर्थ है। आगम से ब्रह्मसिद्धि के पूर्व प्रकारान्तर से ब्रह्मविषयक अनुमान सम्भव नहीं। "तं त्वौपनिषदम्" 'वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्था' इत्यादि श्रुतियों में भी शब्द साक्षात्कार को ही मुक्ति का हेतु कहा गया है।[4] इस पर यदि शंका हो कि निदिध्यासन से ही अपरोक्ष ज्ञान सम्भव है,

१ मायादिनि पात्राभिव्यक्तचैतन्यमेव विश्लिष्टम्; न तु चैतन्यमात्रम्। अतएव व्यवहितघटादेस्तदभेदेऽपि नापरोक्षत्वम्। (वि० भा० प्र०, पृ० ४०६)

२. नन्वेवमपरोक्षविषयानुमितेरपि अपरोक्षत्वं स्यादिति चेत् सत्यम्—शब्द-ज्ञानवत्। तस्या अपि अपरोक्षविषयतया अपरोक्षत्वात्। असम्भवे पर्वताद्यो अनुमिनोति साक्षात्करोमीत्यनुभूयते। (वि० भा० प्र०, पृ० ४०६)

३. न चैवमात्मानुमानादप्यविद्यानिवृत्तिप्रसङ्ग अखण्डाद्वितानन्द ब्रह्मसत्तानिर्णय-रूपानुमानस्यानुकूलतर्काभावेन असम्भवात्। (वि० भा० प्र० पृ० ४०६)

४ "तं त्वौपनिषदम्" "वेदान्तविज्ञान" इत्यादि वाक्याच्छब्दसाक्षात्कारस्यैव मुक्तिहेतुत्वावगमाच्च (वही)

अतः शब्द के द्वारा ब्रह्मापरोक्षज्ञान को मानने की कोई आवश्यकता नहीं, तो यह ठीक नहीं; क्योंकि ब्रह्म को औपनिषद अर्थात् उपनिषद का विषय कहा गया है। इस पर यदि कहा जाय कि परोक्ष प्रत्यय का हेतु मानने पर भी 'औपनिषद' शब्द में प्रयुक्त तद्धित प्रत्यय की व्युत्पत्ति लग जाती है, तो यह भी युक्तियुक्त नहीं, क्योंकि अपरोक्ष स्वभाव वाले ब्रह्म के विषय में परोक्ष ज्ञान के भ्रमात्मक होने के कारण परोक्ष ज्ञान को उत्पन्न करने वाले शब्द के अप्रामाण्य की प्रसक्ति होगी। ब्रह्म का अपरोक्ष ज्ञान ही सम्यग् ज्ञान है। अतएव शब्द का प्रामाण्य अपरोक्ष स्वभाव वाले ब्रह्म के अपरोक्ष ज्ञान को उत्पन्न करने में ही हो सकता है। यदि शंका हो कि शब्द के परोक्ष ज्ञान जनक होने के कारण वेदान्त वाक्य भी परोक्षज्ञानजनक ही होगा और यदि वेदान्त वाक्य की परोक्ष-ज्ञानजनकता के सम्बन्ध में यह अनुमान प्रस्तुत किया जाय कि "वेदान्त परोक्षज्ञानजनक वाक्यत्वात् सम्मतवत्", तो यह भी युक्त नहीं, क्योंकि उक्तानुमान में आगम ही बाधक है।[1] किंच 'दशमस्त्वमसि' इस वाक्य में व्यभिचार दृष्ट है क्योंकि उक्त स्थल में शब्द से भी अपरोक्ष ज्ञान होता है। इसलिए 'वाक्यत्वात्' इस हेतु के व्यभिचार युक्त होने के कारण यह हेत्वाभास है, अतः साध्यसाधन में असमर्थ है। यहाँ यह भी नहीं कहते कि दशमत्वरूपी ज्ञान इन्द्रियजन्य है, शब्द जन्य नहीं, क्योंकि चक्षुरिन्द्रिय के बन्द होने पर भी यह ज्ञान होता है। यदि कहें कि चक्षुरिन्द्रिय के बन्द होने पर भी त्वगिन्द्रिय के व्यापार से ही यह ज्ञान होता है अतः इसे इन्द्रियजन्य क्यों न माना जाय, तो यह भी युक्त नहीं, क्योंकि ऐसा मानने पर 'दशमस्त्वमसि' इस वाक्य के सुनने के पूर्व भी इन्द्रिय-व्यापार से यह ज्ञान होना चाहिये था, किन्तु ऐसा होता नहीं। अतः सिद्ध होता है कि यह वाक्य ही अपरोक्ष ज्ञान का जनक है, इन्द्रिय नहीं।[3] यहाँ यह शंका भी समुचित नहीं कि उपर्युक्त

---

१. अपरोक्षस्वभावे वस्तुनि परोक्षज्ञानस्य विभ्रमत्वात् तज्जनकत्वे शब्दस्याप्रामाण्यं स्यादित्यर्थः। (वि० शा० जी०, पृ० ४०९)

२. एवं वेदान्तः परोक्षज्ञानजनकः वाक्यत्वात्, सम्मतवत् इत्यनुमानं आगमबाधो दर्शितः। (वि० भा० प्र०, पृ० ४०९)

३. किंच दशमस्त्वमसीति वाक्ये व्यभिचारः। न च तत्रेन्द्रियमेवापरोक्षज्ञानमुत्पादयति निमीलिताक्षस्यापि त्वगिन्द्रियव्यापारं सम्भवादिति वाच्यम्, सच्छब्दश्रवणात् प्रागपि तत्प्रसंगात्। (वि० भा० प्र०, पृ० ४०९)

वाक्य से उत्पन्न हो। वाक्य ज्ञान को परोक्ष ही क्यों न माना जाय; क्योंकि अपरोक्ष भ्रम की निवृत्ति में अपरोक्ष ज्ञान ही समर्थ है परोक्ष ज्ञान नहीं।[1] अतएव शब्द को अपरोक्ष ज्ञान का हेतु मानना आवश्यक है।

मन को आत्मसाक्षात्कार का करण नहीं माना जा सकता क्योंकि इसकी करणता का निषेध अनेक श्रुतियों में उपलब्ध होता है। 'यन्मनसा न मनुते' (केन १।५) यह श्रुति स्पष्ट रूप से ब्रह्मसाक्षात्कार के प्रति मन की करणता का निषेध करती है। यदि कहें कि मन की करणता का निषेध अपरिणतमन विषयक ही है तो यह भी ठीक नहीं, क्योंकि 'यत्पुरुषेणेदं मननम्' इस वाक्य शेष में सामान्य मन का ही ग्रहण है अपरिणत मन का नहीं। इस पर यदि शंका हो कि 'यद्वाचाऽनभ्युदितम्" (केन १।५) इस श्रुति में शब्द की करणता का भी निषेध है, तो इसके उत्तर में यह कहा जा सकता है कि इस निषेध का "यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह' (तै० २।४) इस श्रुति के अनुरोध से शब्द की अर्थप्राप्ति लक्षणा के निषेध के द्वारा शब्दजन्य साक्षात्कार के निषेध में ही तात्पर्य है। ऐसा मानना होगा। इसलिए शक्यसम्बन्ध-रूप लक्षण से शब्द से ब्रह्मसाक्षात्कार की करणता का निषेध नहीं है। 'मनसैवानुद्रष्टव्यम्' इस श्रुति से सिद्ध मन की करणता की उपपत्ति शब्द के सहायक रूप में भी हो सकती है क्योंकि शब्द से साक्षात्कार के उत्पादन में मन की सहायता की अपेक्षा होती ही है। 'मनसा ह्येव पश्यति' इत्यादि स्थल में चाक्षुषज्ञान में मन की करणता के अभाव में भी केवल हेतुत्वरूप से नयनों का प्रयोग उपलब्ध होता है। उसी प्रकार यहाँ भी शब्द के सहकारी रूप में ही मन का हेतुत्व उपपन्न है। मधुसूदन सरस्वती ने भी शब्द से अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति को सम्भव माना है। उन्होंने वेदान्तकल्पलतिका, सिद्धान्तबिन्दु तथा अद्वैतसिद्धि में "शब्दापरोक्षवाद' का समर्थन किया है। खण्डन-खण्डखाद्य, चित्सुखी, पञ्चदशी तथा मधुसूदनीय इत्यादि ग्रन्थों में भी "शब्दापरोक्षवाद" का समर्थन किया गया है। इन सभी के मत में महावाक्यश्रवण ही आत्मसाक्षात्कार का करण है। श्रुतियों में भी

---

१. न च तत्र परोक्षज्ञानमेव न त्वपरोक्षज्ञानमिति वाच्यम्, अपरोक्षभ्रमाज्ञानानि वृत्तिप्रमेयात्। (वही)

२ शब्दसम्बन्धकलक्षणामुखेन तस्य तत्करणत्वाविरोधात्।

(सि० ले० सं०, पृ० ४७३)

वेदान्तवाक्यजन्य ज्ञान को ही आत्मसाक्षात्कार का कारण माना गया है। 'वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः' (मु० उ० ३।२।६), 'तं त्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामि' (बृ० उ० ३।९।२६); 'नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यः' (कठ० उ० १।२।२३), 'शास्त्रमाकर्ण्य विज्ञाय परं पारं नयन्ति' (मैत्र० ६।८), 'नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः' (मुण्ड० ३।२।४), 'तमेव विदित्वा' (छा० ५।४।९) इत्यादि श्रुतियों में आचार्य द्वारा कथित वेदान्तवाक्य को ही ब्रह्मज्ञान का साधन कहा गया है।

वार्तिककार सुरेश्वराचार्य ने भी विवरणप्रस्थान के समान ही 'तं त्वौपनिषदं पुरुषम्' (बृ० उ० ३।९।२६) इस श्रुति तथा 'शास्त्रयोनित्वात्' (ब्र०सू० १।१।३) इस सूत्र के आधार पर आत्मसाक्षात्कार के प्रति उपनिषद्वाक्य को ही कारण माना है, मन को नहीं। उनका कथन है कि भावनोपचित चित्त कैवल्य का कारण नहीं बन सकता, क्योंकि वाक्यार्थज्ञान के उत्पन्न होते ही अज्ञान के साथ ही ज्ञान से अजन्य चित्त का भी समुच्छेद हो जाता है।[3] 'नैषा तर्केण मतिरापनेया' इस श्रुति से भी मन के कारणत्व का निषेध किया गया है। इस पर यदि कहें कि 'मनसैवानुद्रष्टव्यम्' यह श्रुति ब्रह्मसाक्षात्कार में मन के ही असाधारण कारणत्व का बोध करवाती है तो यह उचित नहीं; क्योंकि इससे मन के साधारणकारणत्व का ही समर्थन होता है—असाधारणकारणत्व का नहीं। आभास प्रस्थान के अनुसार आत्म या अनात्मा सभी प्रकार के पदार्थों के विज्ञान में मन का साधारणकारणत्व ही स्वीकृत है असाधारण कारणत्व नहीं।[4]

सुरेश्वराचार्य शब्द शक्ति को अचिन्त्य एवं अपरिमित सामर्थ्य-सम्पन्न स्वीकार करते हैं। वे कहते हैं कि जैसे 'देवदत्तोऽस्ति' यह बोधक शब्द सुषुप्त देवदत्त को विषय बनाए बिना ही देवदत्तगत निद्रा

---

१. तत्त्वप्रदीपिका, पृ० ५३३।

२. आत्मैवोपनिषत्त्वेन यतो व्याचक्षते बुधाः।
कर्मकाण्डे विरोधित्वान्नैवैनं व्याचचक्षिरे॥
एवं त्वौपनिषदं धीरा ब्रह्मात्मानं प्रचक्षते॥
(बृ० उ० भा० वा०, ३।९।११५–१६)

३. भावनोपचितो चेतो न कैवल्यकारणम्।
तस्यैवैव समुच्छेदात्तदज्ञानहानतः॥ (बृ० उ० भा० वा०, २।४।२०५)

४. आत्मानात्मपदार्थेषु विज्ञानाप्तिसाधनम्।
मनः साधारणं दृष्टं सर्वज्ञानैकहेतुतः॥ (वही, ४।४।६५०)

का आश्रय कर लेता है, उसी प्रकार तत्त्वमसि आदि शब्द आत्मा को विषय बनाकर अनात्मगत अविद्या का निवारक होता है। इस प्रकार मानने से विवरणप्रस्थान तथा भामतीप्रस्थान के अनुसार शब्द से भी अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति सम्भव है और वेदान्त वाक्य रूपी शब्द ब्रह्मसाक्षात्कार का करण है।

किन्तु भामतीकार वाचस्पति मिश्र ने शब्द को अपरोक्षज्ञान जनकता का खण्डन किया है। उनके मत में मीमांसासम्मत शब्द भी आत्मसाक्षात्कार के प्रति करण नहीं बन सकता क्योंकि साक्षात्कार प्रत्यक्ष प्रमाण का ही फल है शब्द का नहीं। जिस प्रकार कुटज बीज से वटाङ्कुर की उत्पत्ति सम्भव नहीं, उसी प्रकार शब्द से, जो सदैव परोक्ष ज्ञान का ही जनक होता है, अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति नहीं हो सकती।[1] "दशमस्त्वमसि इत्यादि स्थल में भी शब्द सहकृत चक्षुरिन्द्रिय से ही दशमत्व का अपरोक्ष ज्ञान (साक्षात् ज्ञान) होता है। चक्षुरिन्द्रियशून्य अन्धे को परोक्ष ज्ञान ही होता है।[2] यदि यह मान भी लें कि शब्द-श्रवण से अन्धे को यह अपरोक्ष ज्ञान होता है कि मैं दशम हूँ तो वहाँ स्पर्शनेन्द्रिय त्वचा के द्वारा ही यह ज्ञान हो पाता है, केवल शब्द से नहीं यह समझना चाहिए। 'दशमोऽहमस्मि' इस प्रकार का अपरोक्ष ज्ञान अन्तःकरण से भी सम्भव है। यदि यह ज्ञान शरीर विषयक हो तो स्पर्शनेन्द्रिय के द्वारा अन्यथा ज्ञानान्तरसहित अन्तःकरण के द्वारा ही सम्भव है।[4] अतः 'दशमस्त्वमसि' इत्यादि स्थल में भी इन्द्रिय ही साक्षात्कार में समर्थ है, शब्द नहीं। इस प्रकार शब्द की साक्षात्कार-ज्ञानजनकता कहीं भी दृष्ट नहीं है। शब्द स्वभावतः परोक्ष ज्ञान का

---

१. बृ० उ० भा० वा० १।४।५८–६२, नै० सि० २।४, तथा अ० सि० पृ० ७३९।

२. न चैष साक्षात्कारो मीमांसासंहितस्यापि शब्दस्य प्रमाणस्य फलं, अपितु प्रत्यक्षस्य, तस्यैव तत्फलत्वनियमात्। अन्यथा कुटजबीजादपि वटाङ्कुरोत्पत्तिप्रसङ्गात्। (भामती, पृ० ५७)

३. दशमस्त्वमसीत्यत्रापि तत्सहकृतचक्षुरादेव साक्षात्कारः, अन्धादेस्तु परोक्षधीरेव। (वे० क०, पृ० ५६)

४. दशमोऽहमस्मीत्यपरोक्षज्ञानम् अन्तःकरणेन सम्भवति, शरीरविषयं चेत् स्पर्शनेन्द्रियेण वा ज्ञानान्तरोपनयसहितान्तःकरणेन वा सम्भवति। (वे० क० प०, पृ० ५६)

अतः है अतः उससे अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति [illegible] । किन्तु अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति के बिना [illegible] भ्रम की निवृत्ति नहीं हो सकती [illegible] आदि स्थल में [illegible] भ्रम की निवृत्ति देखी जाती है, क्योंकि वहाँ भ्रम मानसिक नहीं [illegible] भ्रमस्थल में शब्द के द्वारा भ्रम निवृत्ति सम्भव नहीं। दिङ्मात्र अलात चक्र, [illegible], मरुमरीचिसलिल आदि स्थल में [illegible] ज्ञान ही भ्रम के निवर्तन में समर्थ होता है। शब्द या [illegible] दर्शनात्मक ज्ञान होने पर भी दिङ्मात्रादि का निवर्तन नहीं होता। [illegible] अहंकारोपाधिक आत्मस्वरूप भ्रमस्थल में ब्रह्मपरोक्ष ज्ञान ही भ्रम का निवारक बन सकता है। 'त्वम्' पदार्थगत [illegible] दुःखित्व, शोकित्व, मोहित्व आदि की निवृत्ति के लिए "तत्" पदार्थगत ब्रह्म का [illegible] अवश्यक है बिना इसके आत्मविषयक भ्रम ज्ञान की निवृत्ति सम्भव नहीं।[1]

वाचस्पति मिश्र के अनुसार अन्तःकरण के द्वारा ही [illegible] सम्भव है शब्द द्वारा नहीं। यद्यपि आत्म साक्षात्कार में शब्दज्ञान की भी उपयोगिता है तथापि शब्दज्ञान को आत्मसाक्षात्कार का कारण नहीं माना जा सकता। वे कहते हैं कि निर्विकल्प [illegible] की भावना से अन्तःकरण का परिपाक होता है और परिपक्व [illegible] अपरोक्ष 'त्वम्' पदार्थ के तत्त्वशोधन के निषेध के द्वारा तत् पदार्थ भूत ब्रह्म का अनुभव करवाता है।[2] भामतीकार ने स्थान-स्थान पर अन्तःकरण को ही ब्रह्मसाक्षात्कार का करण स्वीकार किया है। [illegible] वे

---

१. साक्षात्कारस्तु हि विषयतो [illegible] तत्त्वमसि [illegible] दर्शनात् [illegible] दिङ्मात्रादिवत् [illegible] अपरोक्षावभासिषु अपरोक्षावभासिभिः [illegible] दिङ्मात्रादिवत्त्वपदार्थोपस्थितिरूपत्वात् [illegible] तत्त्वमस्यवचनविहितदिङ्मात्रादिवत्त्वपदार्थोपस्थितिरूपं [illegible] निवर्तते।

(भामती, पृ० ५५)

२. [illegible] 'त्वं' पदार्थस्य 'तत्' पदार्थ [illegible] । [illegible] दुःखित्वशोकित्वादिमात्रस्य निवृत्ति [illegible]।

(भामती पृ० ५५)

३. [illegible] निर्विकल्पकध्यानपरिपाकात् [illegible] करण [illegible] अपरोक्षस्य तत्त्वशोधनाद्यवच्छिन्नस्य तत्पदार्थतामनुभावयतीति युक्तम्।

(भामती, पृ० ५७)

[illegible]

ज्ञान के [illegible] के प्रवाह में [illegible] है। [illegible] प्रकार [illegible] दोष में [illegible] प्रयोग में [illegible] द्वारा [illegible] है। [illegible] वेदान्तवाद में [illegible] ही निश्चय [illegible] ब्रह्म का [illegible] माना है। [illegible] तथापि [illegible] ही [illegible] में भी [illegible] भी उसे [illegible] साक्षात्कार का करण नहीं माना जा सकता। [illegible] साक्षात्कार का करण नहीं [illegible] माना जा सकता। इस प्रकार [illegible] उपयोगिता को भी स्वीकार करते हैं। किन्तु [illegible] में है। [illegible] को ब्रह्म [illegible] का करण मानने वाले विवरण तथा वाचस्पतिमिश्रानुयायी शब्द को ही ब्रह्मसाक्षात्कार का [illegible] करण स्वीकार करते हैं जबकि भामतीकार शब्द की उपयोगिता केवल अन्तःकरण के संस्कार के लिए ही मानते हैं। शंकराचार्य ने भी गीताभाष्य [illegible] में शास्त्राचार्योपदेश तथा शमदमादि से संस्कृत मन को आत्म-दर्शन में करण बताया है।[1] भामतीकार शब्द के द्वारा [illegible] की उत्पत्ति के सिद्धान्त को नहीं मानते। किन्तु वेदान्तवाक्यजन्य भावनायुक्त अन्तःकरण को साक्षात्कार का करण स्वीकार करने में यह शंका होती है कि भावनाजन्य साक्षात्कार के समान भ्रम ज्ञान क्यों न माना जाय। यदि कहें कि अन्तःकरण के करण होने के कारण भावना-जन्य साक्षात्कार को भ्रमरूप नहीं माना जाता, तो प्रश्न है कि दूरिक-रजतादि भ्रमस्थल में भी तो अन्तःकरण करण रहता है फिर उसे भ्रम-रूप क्यों माना जाता है? उपर्युक्त शंका के समाधान में कल्पतरुकार

---

१ उक्तं च गीताविवरणे भाष्यकारैः—शास्त्राचार्योपदेशशमदमादिसंस्कृतं मनः आत्मदर्शने करणमिति। वे० क० प०, पृ० ५५

का कथन है कि भावनाजन्य ब्रह्म-साक्षात्कार को कामिनी-साक्षात्कार के समान भ्रमरूप इसलिये नहीं मान सकते कि इसमें वेदान्त वाक्यरूप मूल प्रमाण की रहना विद्यमान है। वेदान्त वाक्यों के अप्रामाण्य की शंका कदापि नहीं की जा सकती। ये वाक्य स्वतः प्रमाण रूप हैं। इन वाक्यों के निरन्तराभ्यास से उत्पन्न संस्कार को भ्रमोत्पादक नहीं माना जा सकता।[1]

ब्रह्म-साक्षात्कार में मन की करणता श्रुतिसिद्ध है। 'एषा तूपरतिर्मा नेतमा वदितव्या.' (मु० उ० ३।१।९) दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या (कठ० १।३।१२) इत्यादि श्रुतियाँ ब्रह्मसाक्षात्कार के प्रति मन की करणता का स्पष्ट रूप से प्रतिपादन कर रही हैं। 'अहमेवेदं सर्वं भवामीति मन्यन्ते मामेव परमो लोकः' (बृ० उ० ४।३।२०) इस श्रुति से प्रतिपादित स्वप्नावस्थान निर्गुण ब्रह्म साक्षात्कार के प्रति मन को ही करण माना गया है क्योंकि स्वप्नकाल में मन के अतिरिक्त कोई अन्य कारण नहीं रहता। 'ज्ञान-प्रसादेन विशुद्धसत्त्वस्ततस्तु तं पश्यते निष्कलं ध्यायमानः' मु० उ० ३।१।८। इस श्रुति में भी "ज्ञान प्रसाद' शब्द से विवक्षित चित्त की एकाग्रता के प्रति हेतुरूप में ही ध्यानशब्द का प्रयोग किया गया है। केवल प्रसंख्यान आत्मसाक्षात्कार में करण नहीं है, क्योंकि ज्ञान के करण के रूप में कहीं भी उसकी प्रतीति नहीं होती। कामातुर पुरुष के कामिनी-साक्षात्कार की प्रसंख्यानसहकृत मन की करणता से ही उपपत्ति सम्भव है, अतः ज्ञान के प्रति अकल्पित अन्य करण को स्वीकार करना सर्वथा निरर्थक है।[2]

इस सम्बन्ध में सिद्धान्तलेशसंग्रहकार अप्पयदीक्षित का कथन है कि सोपाधिक आत्मा के अहमाकारवृत्तिरूप प्रमात्मक साक्षात्कार के प्रति मन की करणता लोकप्रसिद्ध है। विवरणकार ने भी सोपाधिक आत्मसाक्षात्कार के प्रति मन की करणता को स्वीकार किया है। प्रातिभासिक स्वप्न प्रपञ्च के विपरीत व्यावहारिक प्रमाता आदि पदार्थों के

१. वेदान्तवाक्यजज्ञानभावनाजाऽपरोक्षधीः ।
मूलप्रमाणदार्ढ्येन न भ्रमत्वं प्रपद्यते ॥ (वे० क० पृ० ५६)

२. न तु प्रसंख्यानं स्वयं करणम्, तस्य क्वचिदपि ज्ञानकरणत्वाकल्पनात् । कामातुरकामिनीसाक्षात्कारादावपि प्रसंख्यानसहकृतस्य मनस एव करणत्वोपपत्त्याऽकल्पितज्ञानकरणान्तरकल्पनायोगादित्याहुः । (सि० ले० सं०, पृ० ४७१)

ज्ञान के प्रति जहाँ अन्तःकरण को ही साधन माना है।[1] स्वप्नकालीन निर्गुण ब्रह्मसाक्षात्कार के प्रति भी मन को ही करण माना गया है, क्योंकि स्वप्नकाल में मन के अतिरिक्त बाह्य अन्य करण नहीं रहता। कभी-कभी स्वप्न में यह अनुभव होता है कि सब वस्तुओं में सदृश अनुभूयमान ब्रह्म ही है। इस स्वप्नकालीन अनुभव का करण मन ही हो सकता है। अतएव जाग्रदवस्था में भी विषोदय होने पर ब्रह्मसाक्षात्कार के प्रति मन को ही करण मानना युक्तियुक्त है।[2] इस प्रकार सिद्धान्तलेशसंग्रह में ब्रह्मसाक्षात्कार के प्रति मन की करणता के सिद्धान्त का समर्थन किया गया है। कल्पतरुपरिमल में 'शब्दापरोक्षवाद' का खण्डन करते हुए अप्पय दीक्षित का कथन है कि यदि शब्द के द्वारा अपरोक्ष ज्ञान सम्भव होता तो ब्रह्म के अपरोक्षस्वभाव होने के कारण ब्रह्मविषयक शब्दजन्य ज्ञान भी अपरोक्ष होता। परिणामतः वेदान्त-श्रवण के अनन्तर ही पुरुष को ब्रह्मसाक्षात्कार हो जाता तथा भ्रमजाल की निवृत्ति हो जाती। किन्तु ऐसा होता नहीं। अतः शब्द के द्वारा अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति के सिद्धान्त को मान्यता नहीं दी जा सकती।[3]

इस प्रकार हमने देखा कि ब्रह्मसाक्षात्कार के करण के सम्बन्ध में भामतीप्रस्थान तथा विवरणप्रस्थान में मतभेद है। विवरण प्रस्थान में शब्द को ब्रह्मसाक्षात्कार का करण माना गया है तथा "शब्दापरोक्षवाद" का समर्थन किया गया है। इस प्रस्थान में ज्ञान की अपरोक्षता को करणस्वभावप्रयुक्त न मानकर विषयस्वभावप्रयुक्त माना गया है। आत्मस्वरूप ब्रह्म के अपरोक्षस्वभाव होने के कारण ब्रह्मविषयक शाब्दबोध को भी अपरोक्ष माना जाता है। इसके विपरीत भामतीप्रस्थान

---

१. 'स्वप्नप्रपञ्चविपरीतप्रमावादिज्ञानसाधनस्यान्तःकरणस्य" इत्यादि पञ्चपादिकाविवरणग्रन्थैरपि तथा प्रतिपादनात्। (सि० ले० स०, पृ० ४७०)

२. "अहमेवेदं सर्वं सर्वोऽस्मीति मन्यते सोऽयं परमो लोकः" इति श्रुत्युक्ते स्वप्ने ब्रह्मसाक्षात्कारे मनस एव करणत्वसंप्रतिपत्तेश्च, तदा करणान्तराभावात्। (सि० ले० स०, पृ० ८७१)

३. यदि ब्रह्म स्वतोऽपरोक्षमिति तद्विषयशब्दजन्यमपि ज्ञानमपरोक्षं भवेत्, तदा श्रवणजन्यज्ञानस्यापरोक्षमिति श्रुतवेदान्तस्य पुंसः तस्मिन् पारोक्ष्यभ्रमानुवृत्तिर्न स्यात्। अनुवर्तते च तदनन्तरमपि भ्रमगृहीते ब्रह्मणि पारोक्ष्यमिति न शब्दादपरोक्षज्ञानम्। (वे० क० प०, पृ० ५५)

में शब्दापरोक्षवाद को नहीं माना जाता। इस सम्प्रदाय के अनुयायियों का यह मत है कि शब्द में समग्रात्मक एवं परोक्षात्मक ज्ञान को ही उत्पन्न करने की शक्ति है, अतएव शब्द से कभी भी असंमग्रात्मक एवं अपरोक्षात्मक ज्ञान की उत्पत्ति नहीं हो सकती। अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति तो ज्ञान के करण इन्द्रिय के द्वारा ही सम्भव है। आत्मा के साथ बहिरिन्द्रियों का सम्बन्ध न होने से आत्मसाक्षात्कार का करण अन्तरिन्द्रियरूप मन ही हो सकता है।

किन्तु विचार करने पर यह ज्ञात होता है कि आत्मा के स्वयंप्रकाश होने के कारण इसे प्रकाशित करने के लिए किसी साधन या करण की आवश्यकता नहीं है। यदि घटपटादि पदार्थों के समान आत्मा को भी प्रकाशित करने के लिए किसी अन्य प्रकाश या साधन की आवश्यकता मानी जाय तो यह स्वयंप्रकाश न रहे और अन्याधीन-प्रकाश होने के कारण घटपटादि पदार्थों के समान आत्मा के भी जड़त्व की प्रसक्ति हो जाय। अतएव प्रकाश स्वरूप आत्मा को प्रकाशित करने के लिए किसी अन्य प्रकाश की आवश्यकता नहीं मानी जा सकती। स्वयंप्रकाश आत्मा का साक्षात्कार करने के लिए किसी प्रमाण या साधन की आवश्यकता नहीं, आवश्यकता है केवल अज्ञानावरण को दूर करने की। आवरण को दूर करने में ही साधनों की उपयोगिता है। आवरण के दूर होते ही आत्मज्योति के दर्शन हो जाते हैं, जैसे आकाश में मेघ के हटते ही प्रकाशमान सूर्य का दर्शन हो जाता है। परमार्थतः आत्मा स्वयंप्रकाश होने के कारण किसी भी प्रमाण का विषय नहीं है। इसीलिए श्रुतियों में आत्मा या ब्रह्म को "अप्रमेय" कहा गया है।

●

दशम अध्याय

उपसंहार

भामती प्रस्थान तथा विवरण प्रस्थान के तुलनात्मक अध्ययन के प्रसंग में हमने यह देखा कि भामतीप्रस्थान के अनेक सिद्धान्तों पर मण्डन मिश्र का प्रभाव पड़ा है जबकि विवरण प्रस्थान के सिद्धान्तों पर सुरेश्वराचार्य का। जैसा हम देख चुके हैं मण्डन मिश्र ने अविद्या के आश्रय और विषय में भेद माना है। वे जीव को अविद्या का आश्रय तथा ब्रह्म को अविद्या का विषय मानते हैं। वाचस्पति मिश्र ने भी जीव को अविद्या का आश्रय तथा ब्रह्म को अविद्या का विषय माना है। मण्डन मिश्र ने ब्रह्म के कल्पनाशून्य होने से उसकी विद्यात्मकता को कारण बताया है। वाचस्पति मिश्र ने भी ब्रह्म के अज्ञानाश्रयत्व का खण्डन उसकी विद्यात्मकता के आधार पर ही किया है। जीव को अविद्या का आश्रय मानने में जो इतरेतराश्रयत्वरूप दोष उत्पन्न होता है उसका निराकरण मण्डन मिश्र ने बीज और अंकुर के दृष्टान्त से किया है। वाचस्पति मिश्र ने भी इसी दृष्टान्त के आधार पर उपर्युक्त दोष का निराकरण किया है। किन्तु सुरेश्वराचार्य अविद्या के आश्रय तथा विषय के भेद को नहीं मानते। इनके मत में ब्रह्म ही अविद्या का आश्रय और विषय दोनों है। ब्रह्म और अविद्या में आश्रयाश्रयी तथा विषयविषयी भाव सम्बन्ध है। यह सम्बन्ध अनादि एवं नैसर्गिक है। अविद्या आत्मा की सर्जनात्मिका शक्ति है अतः आत्मा अविद्या से सदैव सम्बद्ध रहता है।[1] विवरण-प्रस्थान में भी अविद्या का आश्रय और विषय ब्रह्म को ही माना गया है तथा अविद्या के आश्रय और विषय के भेद का निराकरण किया गया है। विवरणकार का कथन है कि अविद्या आश्रय और विषय के भेद की अपेक्षा नहीं रखती। जैसे अन्धकार अपने आश्रयभूत प्रदेश का आवरण स्वयं करता है वैसे ही अविद्या भी अपने आश्रय के आवरण में समर्थ है। चित्सुखीकार का कथन है कि अविद्या के सम्बन्ध के बिना ईश्वर का सर्वज्ञत्व भी संभव न हो सकेगा। शंकराचार्य ने भी मायोपाधि से युक्त ब्रह्म अर्थात् ईश्वर को ही सर्वज्ञत्व आदि

---

१. बृ० उ० भा० वा०, अ० ४, ब्रा० ३ का० १७८४–८५।

लक्षण वाला कहा है।[1]

मण्डन मिश्र ने अनेक जीववाद के समर्थन के निमित्त मूलाविद्या के नानात्व का प्रतिपादन किया है। वाचस्पति मिश्र ने भी अनेकजीववाद के समर्थन के लिये मूलाविद्या के नानात्व का स्वीकार किया है। मूलाविद्या के नानात्व के समर्थन में उनका यह तर्क है कि यदि मूलाविद्या एक होती तो एक जीव में विद्या का उदय हो जाने से समस्त जीवों की अविद्या दूर हो जाती और सभी जीव मुक्त हो जाते। किन्तु ऐसा होता नहीं है। जिस जीव में विद्या उत्पन्न होती है उसी की अविद्या नष्ट होती है जीवान्तर की नहीं, क्योंकि भिन्न अधिकरण में रहनेवाली विद्या और अविद्या में विरोध नहीं है।[2] वे कहते हैं कि अविद्या के नाना होने पर भी अविद्यात्वसामान्य से इसके लिये किया गया एकत्व का प्रयोग औपचारिक है।[3]

इसके विपरीत विवरणकार मूलाविद्या के नानात्व पक्ष का स्वीकार नहीं करते। उन्होंने मूलाविद्या के एकत्व को ही माना है। यद्यपि मूलाज्ञान एक ही है, तथापि इसकी अवस्थाएँ अनेक हैं। मूलाज्ञान की अवस्था भेद ही अनिर्वचनीय रजतादि के उपादान बनते हैं, तथा शुक्तिकादि का ज्ञान से निवृत्त हो जाते हैं।[4] मूलाज्ञान को एक मानने पर भी प्रतिजीव में रहने वाले अज्ञान के अवस्थाभेद को मानकर (अथवा मूलाविद्या का अंश मानकर) विवरण प्रस्थान में जीवों के बन्धन और मोक्ष की व्यवस्था का उपपादन किया गया है।[5]

वस्तुतः अविद्या के नानात्व को माने बिना जीव के नानात्व की उपपत्ति नहीं हो सकती। जीव के नानात्व के उपपादन के लिये अविद्या के नानात्व को मानना ही होगा। भामती प्रस्थान तथा विवरण प्रस्थान

---

१ "मायोपाधिजगद्योनिः सर्वज्ञत्वादिलक्षण"। (वाक्य वृत्ति)

२. तेन यस्यैव जीवस्य विद्योत्पन्ना तस्यैवाविद्यापनीयते न जीवान्तरस्य; भिन्नाधिकरणयोरविद्याविद्ययोरविरोधात्। (भामती, १।४।३, पृ० ३७७-७८)

३. अविद्यात्वमात्रेण च एकत्वोपचार
अव्यक्तमिति च अव्याकृतमिति च। (वही)

४ मूलज्ञानस्यैव अवस्थाभेदा रजताद्युपादानानि
शुक्तिकादिज्ञानं महाध्यासेन निवर्तन्ते इति कल्प्यताम्।
(प० पा० वि०, पृ० ९८-९९)

५ वि० कै० स०।

दोनों में जीव के नानात्व को स्वीकार किया गया है। भामतीकार ने जीव के नानात्व के उपपादन के लिये मण्डन मिश्र के समान अविद्या के नानात्व को स्वीकार किया है। किन्तु विवरणकार ने मूलाविद्या के एकत्व को स्वीकार करते हुए भी उसके अवस्था-भेद को स्वीकार किया है। इस प्रकार दोनों ही प्रस्थानों में जीव के नानात्व के उपपादन के लिये अविद्या के नानात्व (भेद) को किसी न किसी तरह माना ही गया है।

मण्डन मिश्र शाब्द ज्ञान को सम्बन्धात्मक एवं परोक्षात्मक मानते हैं। उनके मत में "तत्त्वमसि" इत्यादि महावाक्यों से उत्पन्न ज्ञान ब्रह्म-साक्षात्कार में समर्थ नहीं है। श्रवणानन्तर मनन तथा प्रसंख्यान के द्वारा ही शाब्दज्ञान की परोक्षता तथा सम्बन्धात्मकता दूर होती है और ब्रह्म का साक्षात्कार सम्भव होता है। उनके मत में 'विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत" यह श्रुति इसी सिद्धान्त का समर्थक है तथा 'तमेव न पश्यन्ति निष्कल-ध्यायमान' (मु० ३।१।८, यह श्रुति भी प्रत्ययाभ्यासरूप प्रसंख्यान या ध्यान को ब्रह्मसाक्षात्कार का कारण बता रही है।

वाचस्पति मिश्र ने भी ध्यान को ही साक्षात्कार का कारण माना है।[1] वे० कल्पतरुकार अमलानन्द का कथन है कि वाचस्पति मिश्र ध्यान से उत्पन्न प्रमा को ही शास्त्र-दृष्टि मानते हैं और बादरायण का "अपि च संराधने प्रत्यक्षानुमानाभ्याम्" (ब्र० सू० ३।२।२४) यह सूत्र भी इस पक्ष का समर्थन कर रहा है।[2] इस प्रकार वाचस्पति मिश्र ने साक्षात्कार को ध्यान का फल बताते हुए मण्डन मिश्र के प्रसंख्यान विषयक सिद्धान्त का समर्थन किया और प्रसंख्यान को ब्रह्म-साक्षात्कार में मन का सहकारी कारण स्वीकार किया है।[3] उनका कथन है कि

१. "ध्यानस्य हि साक्षात्कारः फलम् साक्षात्कारपर्यन्तमेव तत्त्वविषयं"
—भामती, पृ० २२० तथा ध्यानाभ्यास-परिपाकेन साक्षात्कारो विज्ञानम्
भामती पृ० २२२।

२ अपि संराधने सूत्राच्छास्त्रार्थध्यानजा प्रमा।
शास्त्रदृष्टिर्मता तां तु वेत्ति वाचस्पतिः परः॥
(ब्र० क० १।१।२८, पृ० २१८)

३ न चैष साक्षात्कारो शब्दस्य प्रमाणस्य फलम्
अपितु प्रत्यक्षस्य, तस्यैव तत्फलत्वनियमात्।
अन्यथा कुटजबीजादपि वटाङ्कुरोत्पत्तिप्रसंगात्।
(भामती १।१।१, पृ० ५५-५७)

ब्रह्मसाक्षात्कार आगम (श्रुति-शब्द) और युक्ति का फल नहीं, अपितु युक्त्यागमार्थ ज्ञानादि संस्कार से युक्त चित्त का ब्रह्मसाक्षात्कार में समर्थ है।[1]

सुरेश्वराचार्य ने मण्डन मिश्र के इस मत का तीव्र खण्डन किया है। नैष्कर्म्यसिद्धि तथा बृहदारण्यक भाष्य में उन्होंने ब्रह्मसाक्षात्कार का औपनिषद्-वाक्य जन्य सिद्ध किया है। 'तं त्वौपनिषदं पुरुषम्' (बृ० उ० ३।९।२६) इस श्रुति तथा 'शास्त्रयोनित्वात्' (ब्र० सू० १।१।३) इस सूत्र के आधार पर ब्रह्मसाक्षात्कार के प्रति उपनिषद्-वाक्य को कारण माना है, मन को नहीं।[2]

विवरणकार प्रकाशात्मयति ने भी आत्मसाक्षात्कार का कारण उपनिषद्-वाक्य (शब्द) को ही माना है। उनका कथन है कि 'तं त्वौपनिषदम् पुरुषम्" इस श्रुति में "औपनिषद" शब्द में प्रयुक्त तद्धित प्रत्यय के द्वारा शब्द की ब्रह्मावगति हेतुता उपपन्न है।[3]

यहाँ यह शंका होती है कि उपनिषद् वाक्य के परोक्ष-प्रत्यय के हेतु होने पर भी 'औपनिषद" शब्द में तद्धित प्रत्यय का समावेश सम्भव है, अतः इसमें शब्द की अपरोक्षज्ञान-जनकता कैसे सिद्ध की जा सकती है। इस शंका के समाधान में विवरण के टीकाकार चित्सुखाचार्य का कथन है कि अपरोक्षस्वभाव वस्तु (ब्रह्म) में परोक्ष ज्ञान भ्रम है, अतः उपनिषद् वाक्य रूप शब्द, के परोक्षज्ञान-जनक होने पर उनके अप्रामाण्य की सम्भावना होगी।[4] ब्रह्म के अपरोक्ष स्वभाव होने के कारण ब्रह्म का अपरोक्ष ज्ञान ही सम्यग् ज्ञान है। अतएव उपनिषद् वाक्य

---

१ सत्यं न ब्रह्मसाक्षात्कारः आगमयुक्तिफलमपि तु
चित्तमेव ब्रह्मसाक्षात्कारवती बुद्धिवृत्तिं समाकर्षति।
(भामती ४।१।२, पृ० ९३२)

२ तं त्वौपनिषदं धीरा ब्रह्मात्मानं प्रचक्षते।
(बृ० उ० भा० वा०, ३।९।२६)

३ एवं च "तं त्वौपनिषदम्" इति तद्धितप्रत्ययेन ब्रह्मावगतिहेतुत्वं शब्दस्य दर्शितमुपपन्नं भवति, अपरोक्षावगतेरेव सम्यगवगतित्वात्।
(पं० पा० वि०, पृ० ४०८)

४. अपरोक्षस्वभावे वस्तुनि परोक्षज्ञानस्य विभ्रमत्वात् तज्जनकत्वे शब्दस्याप्रामाण्यं स्यादित्यर्थः।
(वि० ता० दी०, पृ० ४०९)

(शब्द) का प्रामाण्य ब्रह्म के अपरोक्ष ज्ञान को उत्पन्न करने में ही माना जा सकता है। यहाँ यह शंका भी उचित नहीं कि शब्द में परोक्ष ज्ञान को उत्पन्न करने की ही शक्ति है, अपरोक्ष ज्ञान को नहीं, क्योंकि 'दशमस्त्वमसि' इत्यादि वाक्य में अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति दृष्ट है। ज्ञान की अपरोक्षता का कारण उसकी इन्द्रियजन्यता नहीं अपितु उसके विषय का स्वभाव है। अपरोक्षवस्तुविषयक ज्ञान अपरोक्ष ही होता है। ज्ञान का अपरोक्षत्व करण स्वभावप्रयुक्त नहीं अपितु 'विषय-स्वभावप्रयुक्त' है। इस शंका के समाधान में कि यदि ज्ञान का अपरोक्षत्व विषयस्वभावप्रयुक्त माना जाय तो परोक्ष घटादि पदार्थों का अपरोक्ष ज्ञान कैसे संभव होगा, तृप्तिदीपकाचार्य का कथन है कि घटादि अपरोक्ष पदार्थों का अपरोक्षत्व अपरोक्षसंवित् के साथ तादात्म्य के कारण होता है।[1] वस्तुतः अपरोक्ष संवित् के साथ तादात्म्य सम्बन्ध के बिना घटादि द्रव्यों के अपरोक्षत्व की समुचित व्याख्या संभव नहीं है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि ब्रह्मसाक्षात्कार के करण के प्रश्न पर वाचस्पति मिश्र मण्डन मिश्र के विचारों से प्रभावित हैं और वे शब्द को अपरोक्ष ज्ञान का कारण नहीं मानते। इसके विपरीत विवरणकार प्रकाशात्मयति सुरेश्वराचार्य के समान शब्द में भी अपरोक्ष ज्ञान को उत्पन्न करने की शक्ति स्वीकार करते हैं और सनत्कुमार ब्रह्मसाक्षात्कार का करण प्रसंख्यान या चित्त को न मानकर शब्द को ही मानते हैं।

यद्यपि श्रवण मनन और निदिध्यासन को सभी अद्वैत-वेदान्तियों ने ब्रह्मसाक्षात्कार का अन्तरंग साधन स्वीकार किया है, तथापि इनके अंगांगित्व के सम्बन्ध में दोनों प्रस्थानों में मतभेद उपलब्ध होता है। भामतीकार ने ब्रह्म-साक्षात्कार में निदिध्यासन को अंगी (प्रधान) माना है और श्रवण तथा मनन को निदिध्यासन का अंग स्वीकार किया है। इसके विपरीत विवरणकार ने श्रवण को अंगी तथा मनन और निदिध्यासन को इसका अंग माना है।[2] सुरेश्वराचार्य ने भी ब्रह्मसाक्षात्कार में

---

१ अथस्य घटादेश्चानपरोक्षस्वभावस्याप्यपरोक्षसंवित्तादात्म्यादपरोक्षत्वम्।

(वि० भा० प्र०, पृ० ४०५)

२. मननं निदिध्यासनाभ्यां फलोपकार्यङ्गभूताभ्यां सह श्रवणं नाम ब्रह्म विधीयते। (पं० पा० वि० पृ० ३०) तथा मननं निदिध्यासनयोश्च श्रवणाङ्गत्वमुत्तरत्र वक्ष्यामः।

(वही, पृ० ५३)

श्रवण को ही अंगी माना है। उनके मत में मनन और निदिध्यासन की आवश्यकता मात्र उन निम्न कोटि के अधिकारी के लिये है जो महावाक्य श्रवण मात्र से ब्रह्मसाक्षात्कार में समर्थ नहीं है। सर्वज्ञात्ममुनि ने ब्रह्मसाक्षात्कार में श्रवण को ही प्रधान माना है। खण्डनखण्डखाद्य, चित्सुखी अर्वतसिद्धि आदि ग्रन्थों में भी श्रवण को ही ब्रह्मसाक्षात्कार का प्रधान कारण माना गया है। मधुसूदन सरस्वती ने श्रवण से अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति को सम्भव बताया है। वेदान्तकल्पलतिका, सिद्धान्तबिन्दु तथा अद्वैतसिद्धि में उन्होंने बड़े उत्साह के साथ इस मत का समर्थन किया है कि शब्द अपरोक्ष ज्ञान का जनक हो सकता है।

हम देख चुके हैं कि मण्डन मिश्र के मत में महावाक्य-श्रवण से ब्रह्म-साक्षात्कार सम्भव नहीं और उन्होंने प्रसंख्यान या ध्यान को ही ब्रह्म-साक्षात्कार का कारण माना है। भामतीकार भी निदिध्यासन को ही ब्रह्म-साक्षात्कार में प्रधान साधन मानते हैं और श्रवण तथा मनन को उन्होंने निदिध्यासन का अंग माना है। इसके विपरीत सुरेश्वराचार्य ने श्रवण को ब्रह्म-साक्षात्कार में प्रधान कारण बताया है। विवरण-कार तथा उनके अनुयायियों ने भी श्रवण को ही अंगी (प्रधान) माना है। उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि भामतीकार जहाँ मण्डन मिश्र के विचारों से प्रभावित हुये हैं तो वहाँ विवरणकार पर सुरेश्वराचार्य के विचारों की छाया स्पष्ट रूप से पड़ी है। विवरणकार प्रकाशात्ममुनि अपने अनेक विचारों के लिये सुरेश्वराचार्य के ऋणी हैं, यह बात तो और भी अधिक स्पष्ट हो जाती है जबकि हम यह देखते हैं कि उपर्युक्त अनेक प्रश्नों पर पञ्चपादिकाकार पद्मपाद मौन हैं जिनके ग्रन्थ पर विवरणकार ने अपना "विवरण" प्रस्तुत किया है। पञ्चपादिकाकार को विवरणकार द्वारा प्रतिपादित प्रतिबिम्बवाद में भी आग्रह नहीं है। उन्होंने जीव के स्वरूप का यथार्थज्ञान के लिये शंकराचार्य द्वारा प्रदत्त सभी दृष्टान्तों की उपयोगिता को मुक्तकण्ठ से स्वीकार किया है। उनका कथन है कि मुखचन्द्रादि प्रतिबिम्बपरक दृष्टान्तों का उपयोग जहाँ प्रतिबिम्बरूप जीव के ब्रह्म से अभेद एवं सत्यत्व के प्रदर्शन के लिये हुआ है, वहाँ घटाकाशादि दृष्टान्तों की उपयोगिता पुरुष की श्रुतिसमर्थित असंगता के प्रतिपादन में है। स्फटिकलौहित्य, रज्जुसर्प आदि आभाससूचक दृष्टान्तों का प्रयोग जीव के हृदयग्रन्थि-प्रयुक्त मिथ्यात्व के प्रदर्शन के लिये किया गया है।[1]

---

१. पञ्चपादिका पृ० ११३; तथा वि० प्र० सं० पृ० ७०५–६।

[illegible] के स्वरूप का [illegible] के लिए [illegible] माना है। [illegible] ने भी इस [illegible] माना है और [illegible] ने इस सूत्र के [illegible] यह [illegible] किया है कि [illegible] प्रयोजन के लिए [illegible] है। [illegible] और [illegible] पर किसी विशेष [illegible] का [illegible] है। [illegible] का [illegible] नहीं, यदि [illegible] में [illegible] के [illegible] और [illegible] में [illegible] समझने हेतु पक्षवाद ने भी [illegible] किया है। वे कहते हैं कि इन दृष्टान्तों का प्रयोजन [illegible] न्याय-न्याय अनुभव से सिद्ध आत्मा के सम्बन्ध में [illegible] अवधारणा का [illegible] तथा [illegible] बुद्धिसाध्य, या [illegible] है [illegible] नहीं।

किन्तु [illegible] पक्षवादाचार्य के इस [illegible]-करण के बाद भी इनके दृष्टान्तों के आधार पर [illegible] ब्रह्म के [illegible] में आभासवाद प्रतिबिम्बवाद तथा अवच्छेदवाद का जन्म हुआ तथा परवर्ती आचार्यों ने पक्षवाद के खण्डन और स्वपक्ष के समर्थन में अपने-अपने मानी शक्ति लगा दी। अवच्छेदवाद के समर्थकों ने प्रतिबिम्बवाद के विरुद्ध यह कहा कि चैतन्य के नीरूप एवं अमूर्त होने के कारण तथा अन्तःकरणरूप उपाधि के भी नीरूप एवं अमूर्त होने के कारण अन्तःकरण में चैतन्य का प्रतिबिम्ब नहीं पड़ सकता है। किन्तु विचार करने पर यह दोष अवच्छेदवाद में भी समान रूप से प्रसक्त होता है। नीरूप एवं अमूर्त अन्तःकरण के द्वारा अवच्छेद (limitation) भी कैसे माना जा सकता है। इस सम्बन्ध में घटाकाश का दृष्टान्त सगत नहीं है क्योंकि घटरूप उपाधि अन्तःकरण के समान न तो नीरूप है और न ही अमूर्त। अतः घटाकाश के दृष्टान्त से अन्तःकरण के द्वारा नीरूप चैतन्य का अवच्छेद सिद्ध नहीं किया जा

---

१. [illegible] पृ० ३१२,२०।

२. न हि दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोः क्वचित् कश्चित् विवक्षितांशं मुक्त्वा सर्वांशेन क्वचिदुपमितुं प्रक्रमते। सर्वांशेन हि दृष्टान्त-दार्ष्टान्तिकयोरभेदः एव स्यात्। (इ० पू० शा० सा० ३।२।२०, पृ० ३५०)

३. एतच्च सर्वमुदाहरणजातं धूमिकन्यायानुभवसिद्धस्य स्वसंवेदन-परिहारस्य बुद्धिसाध्यार्थं च, न वस्तुत एव साक्षात्सिद्धये। (च० पा०, पृ० ११३)

सकता। इस सम्बन्ध में एक दूसरी बात ध्यान देने की यह है कि वस्तुतः घटरूप उपाधि से अनवच्छिन्न आकाश [illegible] माना। उसके अवच्छिन्न रूप में प्रतीत होने का कारण हमारी चक्षुरिन्द्रिय की असामर्थ्य ही है। यदि घट से हमारी चक्षुरिन्द्रिय प्रतिहत न हो और जिस प्रकार एक्सरेज (X-Rays) अबाधितरूप से शरीर में प्रविष्ट हो कर उसके आन्तरिक रूप का प्रकाशन कर देती है उसी तरह यह घट के भीतर प्रविष्ट होकर उसके आन्तरिक भागों को भी देख पाती तो घटाकाश तथा महाकाश का भेद दृष्टिगोचर नहीं होता। यह भेद हमारी चक्षुरिन्द्रिय की असमर्थता का ही परिणाम है, वास्तविक नहीं। वास्तविक दृष्टि से तो घट के द्वारा अनवच्छिन्न आकाश का अवच्छेद सम्भव ही नहीं है। अतः घटाकाश आदि अवच्छेदक दृष्टान्तों को भी दृष्टान्त रूप में ही समझा जाना उचित है।

इसी सम्बन्ध में एक दूसरा प्रश्न जो दोनों प्रस्थानों के बीच विवाद का विषय बना है, वह है अविद्या के आश्रय का प्रश्न। भामतीकार वाचस्पति मिश्र ने मंडन मिश्र का अनुसरण करते हुए जीव को ही अविद्या का आश्रय माना है तथा ब्रह्म के अविद्याश्रयत्व का इस आधार पर खण्डन किया है कि विद्यास्वरूप ब्रह्म अविद्या का आश्रय कैसे बन सकता है।[1] दूसरी ओर विवरणकार तथा उनके अनुयायियों ने जीव के अविद्याश्रयत्वपक्ष का खण्डन में यह युक्ति प्रदर्शित की है कि इस मत के अनुसार दृष्टिसृष्टिवाद की प्रसक्ति होती है तथा जगत् की रचना के लिए ईश्वर की आवश्यकता नहीं रह जाती। जीव के अविद्याश्रयत्व पक्ष में यह मानना होगा कि जीव ही अपनी अविद्या के द्वारा जगत् की कल्पना करता है, ईश्वर जगत् की सृष्टि नहीं करता। जीव को अविद्या का आश्रय मानने वाले मण्डन मिश्र ने वस्तुतः जीव को ही 'अपनी अविद्या के कारण प्रपंचाकार भ्रम का कारण माना है और उन्होंने ब्रह्म की जगत्कारणता का खण्डन किया है।[2] ब्रह्मानन्द सरस्वती ने वेदान्त-मुक्तावली में तथा मधुसूदन सरस्वती ने वेदान्तकल्पलतिका तथा सिद्धान्तबिन्दु में जीव के अज्ञानाश्रयत्व का यही अनिवार्य परिणाम

---

१. विद्यास्वरूपे ब्रह्मणि तदनुपपत्तेः। (भामती १.४.३, पृ० ३७८)

२. ब्रह्मसिद्धिकारास्त्वेवमाहुः—जीवा एव स्वाविद्यया प्रत्येकं प्रपंचकारणं ब्रह्मणि विद्यास्यन्ति, ब्रह्म तु मायाविशिष्टं बिम्बरूपं वा न जगत्कारणम्। (वि० प्र० स०, पृ० ७३६)

माना है। सिद्धान्तबिन्दु की टीका में वासुदेव शास्त्री अभ्यंकर कहते हैं कि वाचस्पतिमिश्र के मत में जीव ही अविद्या का आश्रय होने से स्वाप्निक सृष्टि के समान जगत् की कल्पना करता है। परिणामतः दृष्टिसृष्टिवाद की प्रसक्ति होती है तथा प्रातिभासिक तथा व्यावहारिक सत्ता का भेद मिट जाता है।[1] इसी तरह प्रो० एम० के० दास ने भी वाचस्पति मिश्र के मत में ईश्वर का कोई स्थान नहीं माना है। इस सम्बन्ध में वे लिखते हैं कि वाचस्पति मिश्र के जीव के अविद्याश्रयत्व के सिद्धान्त के परिणामस्वरूप जिस वैयक्तिक विज्ञानवाद की प्रसक्ति होती है, उसमें वस्तुतः ईश्वर के लिए कोई स्थान नहीं है।[2] वाचस्पति मिश्र के सम्बन्ध में की गयी इसी प्रकार की आलोचना का उल्लेख करते हुए वेदान्तकल्पतरुकार अमलानन्द कहते हैं कि यदि जीव को अविद्या का आश्रय माना जाय तो जीव को ही जगत् का कारण मानना होगा और ऐसी स्थिति में वेदान्त वाक्यों का समन्वय ब्रह्म में न मानकर जीव में ही मानना संगत होगा।[3]

किन्तु प्रश्न है कि क्या वाचस्पति मिश्र "यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते" इत्यादि उपनिषद् वाक्यों का समन्वय जीव में मानने के लिए तैयार हैं और क्या वे प्रातिभासिक और व्यावहारिक सत्ता के भेद को मिटाकर 'दृष्टिसृष्टिवाद' का स्वीकार करने के लिए प्रस्तुत हैं। वाचस्पति मिश्र के लिए ऐसा करना सम्भव नहीं है, क्योंकि इससे शांकर वेदान्त के आधारभूत सिद्धान्तों पर ही कुठाराघात हो जायगा। अतएव उनके सामने यह एक जटिल समस्या है कि वे जीव को अविद्या का आश्रय मानते हुए भी किस प्रकार ईश्वर को जगत् का स्रष्टा मान सकें। परिमलकार ने इस समस्या का समाधान करते हुए कहा है कि यद्यपि वाचस्पति मिश्र के मत में अविद्या का आश्रय जीव है ब्रह्म नहीं, तथापि उसका अधिष्ठान ब्रह्म है, जीव नहीं। जैसे रजतादिविवर्तों का अधिष्ठान शुक्तिकादि है, उसी प्रकार जीवाविद्यादिक सकल विवर्तों

---

१. अविद्याश्रयत्वाभावाच्च नेशो जगत् सृजति किं तु जीव एव स्वाप्नितविद्यया जगत् प्रकल्पयति स्वाप्निकहस्त्यादिवत्। तथा च अर्थादेव दृष्टिसृष्टिवाद कल्पिता भवति। (बिन्दुप्रपात, पृ० ४८)

२. A study of the Vedanta, P. 322.

३. जीवाज्जगत्सर्वं सकारणमिति ब्रुवन्। क्षिपन् समन्वयं जीवे न क्लेशे वाक्यतः कथम्? (वे० क० १।४।१६, पृ० ४०४)

का अधिष्ठान ब्रह्म है। इसी अधिष्ठानभूत ब्रह्म से ही प्रपञ्च वस्तुओं का समन्वय उपपन्न है जीव से नहीं।[1] भामतीकार के मत में अविद्या का अधिष्ठान या आश्रय ही रज्जुवत् विवर्त का उपादान है केवल नहीं। जैसे सर्पभ्रम का अधिष्ठान रज्जु है वैसे ही प्रपञ्चविभ्रम का अधिष्ठान जीवाश्रित अविद्या का विषय बना ब्रह्म अर्थात् ईश्वर है तथा जैसे सर्पभ्रम का उपादानकारण रज्जु है वैसे ही प्रपञ्चभ्रम का उपादान कारण ईश्वर है।[2] इस प्रकार भामतीकार ने जीव को अविद्या के आश्रय (आधार) मानते हुए भी अविद्या के विषयभूत ब्रह्म या ईश्वर को ही जगत् का उपादान कारण स्वीकार किया है।

किन्तु सङ्क्षेपशारीरककार सर्वज्ञात्ममुनि ने अविद्या के आश्रय तथा विषय के भेद का निराकरण किया है।[3] वे कहते हैं कि केवल निर्विभाग चिति ही अविद्या का आश्रय और विषय दोनों है। जीव पूर्वसिद्ध अवस्था का न तो आश्रय बन सकता है और न विषय। सुरेश्वराचार्य भी ब्रह्म को ही अविद्या का आश्रय तथा विषय दोनों मानते हैं। इनके मत में अविद्या आत्मा की सर्वसर्जनात्मिका शक्ति है अतः आत्मा अविद्या से संबद्ध है।[4] किन्तु आत्मा का अविद्या के साथ सम्बन्ध आभासात्मक है। परमार्थतः निःसंग कूटस्थ आत्मा का संसर्ग, विकारी अनात्म अविद्या के साथ असम्भव है।[5] अतएव जैसे घृतपिण्ड प्रदीप्त वह्नि का आलिङ्गन निराकुल रूप से ही करता है, वैसे ही अविद्या भी निराकुल रूप से ही प्रत्यगात्मा का आलिंगन करता है।[6]

विवरणकार ने भी ब्रह्म को ही अविद्या का आश्रय और विषय दोनों माना है। उनका कथन है कि अविद्या आश्रय और विषय के भेद

---

१. अधिष्ठानं विवर्तानामाश्रयो ब्रह्म शुक्तिवत्
जीवाविद्यादिकानां स्यादिति सर्वमनाकुलम् ॥
(वे० कौ० प० १।४।१९, पृ० ४०४)

२. प्रपञ्चविभ्रमस्य हीश्वराधिष्ठानत्वमहिविभ्रमस्येव रज्ज्वधिष्ठानत्वम्। तेन यथाऽहिविभ्रमो न रज्ज्वुपादानः एवं प्रपञ्चविभ्रम ईश्वरोपादानः।
(भामती १।४।३, पृ० ३७८)

३. आश्रयत्वविषयत्वभागिनी निर्विभागचितिरेव केवला।
पूर्वसिद्धतमसो हि पश्चिमो नाश्रयो भवति नापि गोचरः ॥
(सं० शा० १।३१०)

४. बृ० उ० भा० वा०; ४।३।१७८४–८५

५. बृ० उ० भा० वा०; १।२।३०५।

६. बृ० उ० भा० वा०; ४।३।११८०।

का आश्रय नहीं करती अपितु एक ही वस्तु में [illegible] तथा आवरणत्व रूप दोनों कार्यों का सम्पादन करती है। जैसे अन्धकार अपने आश्रयभूत द्रष्टा का आवरण करता है वैसे ही अविद्या अपने आश्रय में आवरण में समर्थ है, अतः अविद्या के आश्रय और विषय के भेद को मानना उचित नहीं है।

किन्तु यहाँ एक शंका होती है कि अविद्या के आश्रय-विषय भेद-साधक होने पर भी स्वयंप्रकाश ब्रह्म को अविद्या का आश्रय कैसे माना जा सकता है। अविद्या और विद्या अन्धकार और प्रकाश के समान परस्पर विरोधी है, अतः ये दोनों एक आश्रय में नहीं रह सकते। यह शंका भी वास्तव में एक कठिन शंका है जिसका सन्तोषजनक समाधान ढूँढ निकालना आसान नहीं है। इस शंका का समाधान करते हुए विवरणभाव प्रकाशिका में मुनि जी कहते हैं कि यद्यपि अज्ञान चैतन्य का विरोधी अनुभूत होता है तथापि तत्तदाकार रूप में अपरोक्ष-वृत्यभिव्यक्त चैतन्य ही चैतन्यात्मना अज्ञान का निवर्तक है; क्योंकि अपरोक्षवृत्ति ही अज्ञाननिवृत्ति के प्रतिबन्धक आवरण का विरोधी है। अतएव स्वयंप्रकाश चैतन्य (ब्रह्म) भी अपरोक्षवृत्ति के अभाव में अज्ञान का बाधक तथा अपरोक्षज्ञान में अज्ञान का आश्रय हो सकता है।

अविद्या के सम्बन्ध के कारण ही ब्रह्म जगत् का कारण तथा सर्वज्ञत्व आदि लक्षण से युक्त होता है क्योंकि निर्गुण एवं निरुपाधिक ब्रह्म में सर्वज्ञत्व तथा जगत्कर्तृत्व आदि सम्भव नहीं है।[1] चित्सुखीकार कहते हैं कि अविद्या के सम्बन्ध के बिना ईश्वर में सर्वज्ञत्व का उपपादन नहीं किया जा सकता।[2]

१ न तावज्ज्ञानमात्रस्यावरणत्वमुपपद्यते। किन्तु एकस्मिन्नेव वस्तुन्याश्रयत्वमावरणत्वं चेति कृत्यद्वयं सम्पादयति। (प० पा० वि०, पृ० २१०–११)

२ यद्यपि अज्ञानं यं चैतन्यविरोधित्वमनुभूयते, तथापि तत्तदाकारापरोक्षवृत्त्यभिव्यक्तमेव चैतन्यं चैतन्यात्मना अज्ञानस्य निवर्तकम्। अपरोक्षवृत्तेरेव तन्निवृत्तिप्रतिबन्धकावरणविरोधित्वात्।..... ... तस्मात् स्वप्रकाशस्यापि चैतन्यस्यापरोक्षवृत्तिविरहदशायामज्ञानबाधकत्वानवकाशत्वाच्च तदाश्रयत्वमविरुद्धमिति भावः। (वि० भा० प्र०, पृ० २११–१२)

३ मायोपाधिर्जगद्योनिः सर्वज्ञत्वादिलक्षणः। (वाक्यवृत्ति)

४. स्वरूपतः प्रमाणैर्वा सर्वज्ञत्वं द्विधा भवेत्।
अन्योन्यं विनाऽविद्यासम्बन्धं नैव सिध्यति॥
—चि० सु० (त० प्र०, पृ० ५७८)

इस तरह हम देखते हैं कि ब्रह्म का अविद्या से सम्बन्ध माने बिना इस नामरूपात्मक प्रपंच की व्याख्या सम्भव नहीं, क्योंकि निर्गुण एवं निरुपाधिक ब्रह्म का इस प्रपंच से कोई सम्बन्ध नहीं। किन्तु दूसरी ओर अविद्या के साथ ब्रह्म का सम्बन्ध मानने में यह कठिनाई है कि अविद्या स्वभाव ब्रह्म का अविद्या से सम्बन्ध कैसे हो सकता है।

इस कठिनाई से बचने के लिए शांकरान्तर वेदान्त में माया और अविद्या के भेद की कल्पना की गयी है। यद्यपि स्वयं शंकराचार्य ने इसे स्पष्ट रूप से भेद नहीं किया है और दोनों शब्दों को पर्यायवाची शब्दों के रूप में प्रयुक्त किया है, तथापि उनके भाष्य ग्रन्थों में एक स्थल है जहाँ माया और अविद्या के भेद का संकेत [illegible] है। छान्दोग्य उपनिषद् के भाष्य में उन्होंने ईश्वर को विशुद्ध उपाधि से सम्बद्ध बतलाया है।[1] ब्र० सू० भाष्य में भी उन्होंने माया को ईश्वर की शक्ति कहा है।[2] इन संकेतों के आधार पर परवर्ती विचारकों ने अविद्या और माया के भेद का विशदरूप से प्रतिपादन किया है। विद्यारण्य ने ईश्वर और जीव का भेद माया और अविद्या के भेद को मानकर ही किया है। उन्होंने माया में विशुद्ध सत्त्व की प्रधानता मानी है तथा अविद्या में सत्त्वगुण को रजोगुण और तमोगुण से अभिभूत माना है। कुछ दूसरे विचारकों ने अविद्या में आवरणशक्ति की प्रधानता मानी है तथा माया में विक्षेपशक्ति की। कहीं-कहीं सामष्टिक अज्ञान को माया तथा व्यष्टिगत अज्ञान को अविद्या माना गया है। इस प्रकार शांकरान्तर वेदान्त में पूर्वपक्षित मतिरोध से बचने के लिए माया तथा अविद्या के भेद को स्वीकार कर लिया गया है। जहाँ माया और अविद्या के भेद का स्वीकार नहीं किया गया वहाँ भी इस भेद को मूलाविद्या और तूलाविद्या के नाम से मान लिया गया है। मूलाविद्या के एकत्व तथा तूलाविद्या के नानात्व के आधार पर अविद्या के एकत्व तथा नानात्व का प्रतिपादन किया गया है।

मुक्त जीव के सम्बन्ध में भी दोनों प्रस्थानों में पर्याप्त मतभेद है। विवरण प्रस्थान में जीव को प्रतिबिम्ब रूप तथा ईश्वर को बिम्बरूप

---

१. विशुद्धोपाधिसम्बन्धात्। (छा० उ० ३।१४.२)

२. सर्वज्ञस्य ईश्वरस्य मायाशक्तिः प्रकृतिरिति च श्रुतिस्मृत्योरभिलप्येते।
(ब्र० सू० २।१।१४)

३. सत्त्वशुद्धमविशुद्धिभ्यां मायाविद्ये च ते मते। (पंचदशी १।१६)

माना गया है। अतः जबतक सब जीवों की मुक्ति न हो जाय और परिणामतः ईश्वर का विश्व-स्थानीयत्व समाप्त न हो जाय, तबतक मुक्त जीव ईश्वर रूप ही रहता है, विशुद्ध ब्रह्मरूप नहीं। किन्तु सब जीवों के मुक्त हो जाने पर ब्रह्म के विभुत्व (ईश्वरत्व) के नष्ट हो जाने से मुक्त जीव ब्रह्मरूप हो जाता है। संक्षेपशारीरककार जीव और ईश्वर दोनों का परिणामवाद मानते हैं। अतः उनके मत में मुक्तिदशा में जीव ईश्वररूप नहीं होता और न विशुद्ध ब्रह्मरूप हो जाता है। भामतीकार जीव को अन्तःकरणावच्छिन्न चैतन्य के रूप में स्वीकार करते हैं। अतः मुक्तिदशा में जीव अपने अनवच्छिन्न रूप में अवस्थित हो जाता है। उपाधि के नाश में सान्त एवं अवच्छिन्न जीव का अनन्त एवं अनवच्छिन्न चैतन्य के रूप में अवस्थित हो जाना एवं अनन्त से साथ मिलकर अनन्त रूप हो जाना, यही भामतीकार के मत में मुक्ति का स्वरूप है।

इस सम्बन्ध में यह उल्लेखनीय है कि जीवन्मुक्ति के प्रश्न पर दोनों प्रस्थानों में एकमत्य है। मण्डन मिश्र ने जीवन्मुक्ति के सिद्धान्त को स्वीकार नहीं किया है। वे स्थितप्रज्ञ को साधक मानते हैं, सिद्ध नहीं, वे उसे जीवन्मुक्त नहीं मानते। किन्तु इस प्रश्न पर भामतीकार मण्डन मिश्र से सहमत नहीं हैं। उन्होंने स्थितप्रज्ञ को सिद्ध एवं जीवन्मुक्त माना है, साधक नहीं। इस सम्बन्ध में उनका यह तर्क है कि यदि स्थितप्रज्ञ को भी साधक माना जाय तो साधना के द्वारा उत्तरोत्तर ध्यान के उत्कर्ष में पूर्वपूर्वप्रत्यय अनवस्थित हो जायेगा और वह स्थितप्रज्ञ नहीं रह सकेगा।[1] विवरणकार और वार्तिककार ने भी जीवन्मुक्ति के सिद्धान्त का समर्थन किया है। वार्तिककार ने जीवन्मुक्ति का समर्थन करते हुए यह कहा है कि अविद्या के दूर हो जाने पर मुमुक्षु को जीवनकाल में ही मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। अतः यह कहना ठीक नहीं कि शरीरपात के अनन्तर ही मोक्ष की प्राप्ति हो सकेगी।[2] विवरणकार प्रकाशात्मयति ने भी जीवन्मुक्ति के सिद्धान्त का समर्थन किया है। "तस्य तावदेव चिरम्" इस श्रुति को उन्होंने जीवन्मुक्ति के सिद्धान्त का समर्थक माना है। वे कहते हैं कि प्रारब्धकर्मयुक्त व्यक्ति को शरीरावस्था में ही तत्त्व-

---

१. स्थितप्रज्ञश्च न साधकः तस्योत्तरोत्तरध्यानोत्कर्षेण पूर्वपूर्वप्रत्ययानवस्थितत्वात्।
(भामती ४।१।१, पृ० ९५९)

२. न तस्य जीवतः कश्चिद् विशेषोऽस्ति मृतस्य वा। यत सर्वविशेषाणामविद्येवास्ति कारणम्।
(बृ० उ० भा० वा०, ४।४।३०६)

दर्शन सम्भव है। व्यासादि मुनियों को शरीरावस्था में ही साक्षात् दर्शन हुआ था।[1] विवरण प्रमेय-संग्रह में कहा गया है कि जैसे फूलों के भाजन में फूलों के निकाल लेने पर भी गन्ध के संस्कार से वह पुष्प-भाजन कुछ काल तक सुगन्धित रहता है, वैसे ही अविद्या के दूर हो जाने पर भी अविद्या-संस्कारवश किंचित् काल-पर्यन्त देहेन्द्रियादि का अवस्थान होता है। तत्त्वसाक्षात्कार हो जाने पर भी प्रारब्धकर्मों के क्षीण होने तक अविद्यालेश के अनुवृत्त होने से जीवन्मुक्ति सम्भव है।[2]

इस प्रकार जीवन्मुक्ति के प्रश्न पर भामतीकार और विवरणकार दोनों एकमत हैं। जैसा पहले कहा जा चुका है भामतीकार ने जीवन्मुक्ति के सम्बन्ध में मण्डन मिश्र के द्वारा किये गये आक्षेप का निराकरण करते हुए जीवन्मुक्ति के सिद्धान्त का समर्थन किया है। किन्तु इसके विपरीत इष्टसिद्धिकार विमुक्तात्मा जो शंकर और सुरेश्वर के अनुयायी हैं जीवन्मुक्ति के प्रश्न पर इनसे असहमत हैं और मण्डनमिश्र के सिद्धान्त के ही समर्थक हैं। इसी तरह ब्रह्मानन्द ने भी जीवन्मुक्ति के प्रश्न पर मण्डन मिश्र के सिद्धान्त का ही समर्थन किया है। वे विदेह-मुक्ति को ही वास्तविक मुक्ति मानते हैं, जीवन्मुक्ति को नहीं।

प्रमेय-पक्ष के समान साधन-पक्ष पर भी दोनों प्रस्थानों में पर्याप्त मतभेद उपलब्ध होता है। यद्यपि दोनों प्रस्थानों में ज्ञान को ही मोक्ष का एकमात्र साधन स्वीकार किया गया है तथापि ज्ञान प्राप्ति में कर्मों की उपयोगिता के सम्बन्ध में दोनों प्रस्थानों में मतभेद है। बृहदारण्यक उपनिषद् में यज्ञ, दान और तप को ज्ञान का साधन कहा गया है। 'तमेतं ब्राह्मणा विविदिषन्ति यज्ञेन दानेन तपसाऽनाशकेन'[3] इस श्रुति में प्रयुक्त "विविदिषन्ति" इस पद के आधार पर वाचस्पति मिश्र का कथन है कि यज्ञादि कर्मों का उपयोग "विविदिषा में ही माना गया है, वेदन में नहीं। अतः श्रुति के अनुसार ज्ञानोत्पत्ति में कर्मों की अपेक्षा विविदिषोत्पत्ति द्वारा ही समर्थित होती है।[4] इस सम्बन्ध में भामती-

---

१ प्रारब्धक्षयवशेन तत्त्वदर्शनं सशरीरस्यैव सम्भवति। व्यासादीनां च सशरीराणामेव अपरोक्षदर्शनं श्रूयते। (प० पा० वि० पृ० ७८५)

२ तत्त्वसाक्षात्कारे ज्ञानेऽप्याप्रारब्धक्षयमविद्यालेशानुवृत्त्या जीवन्मुक्तिरस्तु। (वि० प्र० सं०, पृ० ३६२)

३ बृ० उ० ४।४।२२।

४. उत्पत्तौ ज्ञानस्य कर्मभिः किंचित् विविदिषोत्पादद्वारा विविदिषन्ति यज्ञेन इति श्रुतेः। (भामती ३।४।२६, पृ० ८९८)

पार का यह तर्क है कि प्रकृत्यर्थ की अपेक्षा प्रत्ययार्थ की ही प्रधानता हुआ करती है अतः 'विविदिषन्ति' इस पद के प्रकृत्यर्थ यजन की अपेक्षा प्रत्ययार्थ इच्छा की ही प्रधानता है। अतएव यज्ञादि कर्मों का उपयोग 'विविदिषन्ति' में ही माना जाता उचित है, विद्योत्पत्ति में नहीं।[1] भामतीकार ने इस तर्क के विरुद्ध निबन्धकार का यह कथन है कि प्रकृत्यर्थ और प्रत्ययार्थ में से भाव का प्रधानता होती है यह एक सामान्य नियम है। इस नियम का 'इत्यमाणमणसमभिव्याहार इत्यमाणस्यैव प्राधान्यम् न तु इच्छायाः' इस विशेष नियम से बाध हो जाता है। इसी कारण 'अहोन जिगमिषन्ति' 'असिना जिघांसति' इत्यादि वाक्यों में इच्छा के विषय गमन और हनन के प्रति ही क्रमशः अहन और असि के करणत्व का भान होता है इच्छा के प्रति नहीं। अतएव 'विविदिषन्ति यज्ञेन' इस श्रुति के द्वारा यज्ञ आदि कर्मों का उपयोग प्रकृति में अभिलषित 'वेदन' या उत्पत्ति में ही मानना उचित है विविदिषोत्पत्ति में नहीं। इस प्रकार विवरणकार ने यज्ञादि कर्मों का उपयोग विद्योत्पत्ति में माना है विविदिषोत्पत्ति में नहीं। शंकराचार्य ने सर्वापेक्षाधिकरण के भाष्य में शम दम इत्यादि को विद्या का प्रत्यासन्न साधन कहा है तथा यज्ञादि को विविदिषा में संयुक्त होने के कारण बाह्यतर माना है। "तस्मादेवंविच्छान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षुः समाहितो भूत्वात्मन्येवात्मानं पश्यति (बृ० उ० ४।४।२३) यह श्रुति स्पष्ट रूप से शमादि को विद्या का साधन बता रही है, तथा तथा 'तमेतं वेदानुवचनेन विविदिषन्ति यज्ञेन' बृ० उ० ३।३।२) यह पूर्वपठित श्रुति यज्ञादि को विविदिषा का साधन मान रही है। इससे यह स्पष्ट है कि श्रुति के अनुसार यज्ञादि कर्मों का उपयोग विविदिषोत्पत्ति में ही है, विद्योत्पत्ति में नहीं।

बृहदारण्यक उपनिषद् में आत्मा के दर्शन के लिए श्रवण, मनन और निदिध्यासन का प्रतिपादन किया गया है (आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः, श्रोतव्यः, मन्तव्यः, निदिध्यासितव्यश्च (बृ० उ० २।४।५ तथा ४।५।६)। श्रवण, मनन और निदिध्यासन को दोनों प्रस्थानों में आत्म-दर्शन का

---

१ वेदस्य प्रकृत्यर्थतया शब्दतो गुणत्वात् इच्छायाश्च प्रत्ययार्थतया प्राधान्यात्, प्रधानेन च कार्यसम्बन्धात्। (भामती १।१।१, पृ० ६१)

२ तस्मादेवंविदिति विद्यासंयोगात् अन्तरङ्गानि विद्यासाधनत्वानि शमादीनि विविदिषासंयोगात्तु बाह्यतराणि यज्ञादीनि इति विवेकतः। (ब्र० सू० शा० भा० ३।४।२७)

अन्तरङ्ग साधन माना गया है। तथापि इनके अंगांगित्व के सम्बन्ध में दोनों प्रस्थानों में मतभेद है। भामतीकार ने निदिध्यासन को अंगी माना है और विवरणकार ने श्रवण को अंगी स्वीकार किया है। श्रवण को अंगी मानने में भामतीकार का यह आपत्ति है कि शब्द से उत्पन्न होने वाला ज्ञान परोक्ष ही होता है अपरोक्ष नहीं। उनके मत में शब्द से अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति सम्भव नहीं है क्योंकि अपरोक्ष ज्ञान शब्द प्रमाण का फल नहीं अपितु प्रत्यक्ष प्रमाण का ही फल है। जैसे कृतज बीज से वटांकुर की उत्पत्ति सम्भव नहीं वैसे ही शब्द से अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति सम्भव नहीं है।[1] आत्म साक्षात्कार रूपी अपरोक्ष ज्ञान को भामतीकार ने प्रत्यक्ष प्रमाण का ही फल माना है तथा अन्तरिन्द्रियरूप मन को इसका करण स्वीकार किया है। निदिध्यासन से उत्पन्न संस्कार को उन्होंने आत्म-साक्षात्कार में मन का सहायक कहा है अतः उन्होंने श्रवण, मनन और निदिध्यासन में निदिध्यासन को अंगी तथा श्रवण और मनन को उसका अंग माना है।[2] इस सम्बन्ध में यह उल्लेखनीय है कि मण्डन मिश्र ने भी वेदान्तवाक्य जन्य ज्ञान को संसर्गात्मक माना है। उनके मत में संसर्गात्मक शाब्द ज्ञान प्रमाण्यान से असंसर्गात्मक एवं अपरोक्ष ज्ञान के रूप में परिणत हो जाता है। अपने मत के समर्थन में उन्होंने "विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत" (बृ० उ० ४।४।२१), इस श्रुति का प्रमाण उपस्थित किया है। भामतीकार ने भी मण्डन मिश्र के प्रमाण्यानविषयक सिद्धान्त का अनुमोदन किया है।[3] इस प्रकार वाचस्पति मिश्र ने आत्म-साक्षात्कार के साधन भूत श्रवणादि में निदिध्यासन के अंगित्व को ही स्वीकार किया है।

इसके विपरीत विवरणकार के मत में श्रवण ही अंगी एवं प्रधान है तथा मनन और निदिध्यासन उसके अंग हैं। उन्होंने शब्द प्रमाण से भी अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति को संभव बताया है। उनके मत में किसी वस्तु का अपरोक्षत्व करणस्वभाव-प्रयुक्त न होकर विषय-

---

१ न चैष साक्षात्कारो मीमांसाभिहितस्यापि शब्दस्य फलम् अपितु प्रत्यक्षस्य, तस्यैव तत्फलत्वनियमात्। अन्यथा कृतजबीजादपि वटाङ्कुरोत्पत्तिप्रसंगात्।
(भामती १।१।१, पृ० ५७)

२ तस्यापि श्रवणमननपूर्वकोपासनाजनितसंस्कारसचिवादेव चेतसो भावात्।
(भामती, १।१।४, पृ० ११४)

३ (ब्र० सू० १।१।४८, पृ० २१८)।

स्वभाव प्रयुक्त होता है। अतः अपरोक्षात्मविषयक शब्द जन्य ज्ञान भी अपरोक्ष ही होता है। घटादि परोक्षात्मविषयक ज्ञान के अपरोक्ष्य का उपपादन अपरोक्षात्मवित् के साथ सादृश्य से ही होता है। 'दशमस्त्वमसि' इत्यादि वाक्यों से उत्पन्न ज्ञान की अपरोक्षता दृष्ट है। अतः शब्द से भी अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति संभव है। मधुसूदन सरस्वती ने सिद्धान्तबिन्दु तथा अद्वैतसिद्धि में शब्दापरोक्षवाद का समर्थन किया है। खण्डनखण्डखाद्य, चित्सुखी पञ्चदशी इत्यादि ग्रन्थों में भी इसका सहेतुक से समर्थन किया गया है। अपरोक्षस्वभाव आत्मा का ज्ञान परोक्ष कैसे हो सकता है? परोक्ष मानने पर इस ज्ञान का प्रामाण्य कैसे सम्भव है? श्रवण के अभिन्न का समर्थन करते हुए विवरण भाव-प्रकाशकार नृसिंहाश्रमाचार्य कहते हैं कि श्रुत वस्तु का ही मनन होता है। श्रवण और मनन में स्थिर किये हुए का ही ध्यान होता है। अतः आत्मसाक्षात्कार में श्रवण की ही प्रधानता माननी होगी।[1] इस प्रकार हम देखते हैं कि विवरण प्रस्थान में आत्मसाक्षात्कार के साधन-भूत श्रवणादि में श्रवण को ही अंगी माना गया है, जब कि भामती-प्रस्थान में निदिध्यासन को प्रधानता दी गयी है।

इसी प्रश्न से संबद्ध एक दूसरा प्रश्न, जो दोनों प्रस्थानों में मतभेद का विषय बना हुआ है, आत्मसाक्षात्कार के करण के सम्बन्ध में है। हम देख चुके हैं कि आत्मसाक्षात्कार अपरोक्षज्ञान को शब्द प्रमाण का फल नहीं मानते अपितु वे उसे प्रत्यक्ष प्रमाण का ही फल मानते हैं। उनका कथन है कि शब्दप्रमाण में अपरोक्ष ज्ञान को उत्पन्न करने की शक्ति ही नहीं है। जैसे कुलत्थबीज से वटांकुर की उत्पत्ति सम्भव नहीं, वैसे ही शब्द से अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति भी संभव नहीं है। कल्पतरुकार कहते हैं कि 'दशमस्त्वमसि' इत्यादि स्थल में भी शब्दसहकृत चक्षुरिन्द्रिय से ही दशमत्व का अपरोक्ष ज्ञान होता है, शब्द मात्र से नहीं, अन्यथा अन्ध को भी यह ज्ञान हो जाता। अन्धे को होने वाला दशमत्व का ज्ञान अपरोक्ष नहीं, अपितु परोक्ष ही होता है।[2] पञ्चपादिकाकार का कथन है कि

---

१ एकात्मविषयत्वेनैव श्रवणादेरपि श्रवणात् श्रुतस्यैव मन्तव्यत्वात्, श्रवण-मननाभ्यां स्थिरीकृतस्यैव ध्येयत्वाच्च तेषां समानविषयत्वमिति मनन वि-धानस्य न उन्मूलनपरत्वमित्यर्थः। (वि० मा० प्र०, पृ० ३३)

२ दशमस्त्वमसीत्यत्रापि शाब्दाचिन्नादक्षादेव साक्षात्कारः, अन्धादेस्तु परोक्षतीरेव (वे० क० १।१।१, पृ० ५६)

यदि यह मान भी लिया जाय कि शब्द को प्रकाशित करनेवाला [illegible] का ज्ञान परोक्ष नहीं अपितु अपरोक्ष है तो भी इस ज्ञान का करण अन्तरिन्द्रिय या अन्तःकरण को ही माना जा सकता है शब्द को नहीं।[1]

अतः शब्द की अपरोक्ष ज्ञानजनकता कहीं भी दृष्ट नहीं है। शब्द की अपरोक्षज्ञानहेतुता का खण्डन करते हुए परिमलकार का कथन है कि यदि शब्द के द्वारा अपरोक्षज्ञान सम्भव हो तो ब्रह्म के स्वतः अपरोक्ष होने के कारण तद्विषयक शाब्द ज्ञान भी अपरोक्ष हो और इस परिस्थिति में वेदान्तवाक्य के अनन्तर ही आत्मसाक्षात्कार हो जाये किन्तु लोक में ऐसा दृष्टिगत नहीं होता। अतः शब्द के द्वारा अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति का सम्भव नहीं माना जा सकता।[2] इस प्रकार भामतीप्रस्थान में शब्द की अपरोक्षज्ञानहेतुता का खण्डन करते हुए अन्तःकरण को ही आत्मसाक्षात्कार का करण स्वीकार किया गया है।

इसके विपरीत विवरणप्रस्थान में शब्द को ही आत्मसाक्षात्कार का करण माना गया है। यहाँ ज्ञान की अपरोक्षता को करणस्वभावप्रयुक्त न मानकर विषयस्वभावप्रयुक्त ही माना गया है। इन्द्रियजन्यज्ञान की अपरोक्षता भी विषयस्वभावप्रयुक्त है, करणस्वभावप्रयुक्त नहीं। घटादि परोक्ष पदार्थों की अपरोक्षविषयता अपरोक्ष संवित् के साथ तादात्म्य के कारण उत्पन्न है।[3] यदि तार्किकमतानुसार इन्द्रियजन्य-ज्ञान को प्रत्यक्षज्ञान माना जाय तो अनुमितिज्ञान को भी प्रत्यक्षज्ञान मानना होगा क्योंकि वह भी मनोजन्य होने के कारण इन्द्रियजन्य है। अतएव इन्द्रियजन्यत्व को ज्ञान के अपरोक्षत्व में नियामक हेतु नहीं माना जा सकता है।[4] इस पर यदि कहें कि इन्द्रियजन्य ज्ञान के अप-

---

१ ब्रह्मणोऽपरोक्षज्ञानमन्तःकरणेन न भवति, शरीरविषयं तत् स्पर्शनेन्द्रियेण वा ज्ञानान्तरोपनिपातिनान्तःकरणेन वा गन्तव्यम्।

(वे० कौ० प०, १।१।१, पृ० ५६)

२ यदि ब्रह्मस्वतः अपरोक्षं तद्विषयशब्दजन्यमपि ज्ञानमपरोक्षं भवेत्, तदा श्रवणाज्जन्यज्ञानमप्यपरोक्षमिति श्रुतवेदान्तस्य पुंसः तस्मिन् पारोक्ष्यभ्रमानुवृत्तिर्न स्यात्। (वि० कौ० प० १।१।१, पृ० ५५)

३ अर्थस्य घटादेश्चानपरोक्षस्वभावस्याप्यपरोक्षसंवित्तादात्म्यादपरोक्षत्वम्।

(वि० भा० प्र०, पृ० ४०५)

४ न तावदिन्द्रियजन्यज्ञानत्वमपरोक्षत्वम्,
अनुमितावपि मन इन्द्रियजन्यत्वात्। (वि० भा० प्र०, पृ० ४०३)

रोध होने पर भी मनोजन्यज्ञान को अपरोक्ष नहीं माना जाता तो ऐसी स्थिति में मनोजन्य आत्मज्ञान को भी अपरोक्ष नहीं माना जा सकता और आत्मसाक्षात्कार के प्रति मन की करणता के सिद्धान्त का खण्डन स्वयमेव हो जायगा।

वार्तिककार सुरेश्वराचार्य ने भी शब्द को ही आत्मसाक्षात्कार का करण माना है, मन को नहीं। मन की करणता का निषेध करते हुए वे कहते हैं कि भावनोपचित चित्त कैवल्य का कारण नहीं हो सकता, क्योंकि ज्ञान के द्वारा अज्ञान के नष्ट होते ही तज्जन्य चित्त का भी समुच्छेद हो जाता है।[1]

इस प्रकार हमने देखा कि भामतीकार ने आत्मसाक्षात्कार के प्रति मन को करण माना है जबकि विवरणकार तथा वार्तिककार ने शब्द को ही इसका करण स्वीकार किया है।

किन्तु वस्तुतः आत्मा के स्वयंप्रकाश होने के कारण उसको प्रकाशित करने के लिए किसी प्रकाश या प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। यदि अन्य पदार्थों के समान आत्मा भी किसी प्रमाण का विषय एवं प्रमेय हो, तो वह भी अन्याधीनप्रकाश होने के कारण उन्हीं के समान जड़ हो जाये। जिस आत्मा के प्रकाश में संसार के समस्त पदार्थ प्रकाशित होते हैं उस स्वयंप्रकाश आत्मा का प्रकाशित एवं प्रमाणित करने के लिए भला किसी अन्य प्रकाश या प्रमाण की आवश्यकता कैसे पड़ सकती है? अतः आत्मा को किसी प्रमाण का विषय नहीं माना जा सकता। इसलिए ही श्रुतियों में आत्मा को अप्रमेय कहा गया है। यद्यपि आत्मा स्वयंप्रकाश है तथापि अज्ञान के आवरण के कारण वह अप्रकाशित-सा रहता है जैसे आकाश में प्रकाशमान सूर्य मेघ के आवरण से अप्रकाशित-सा हो जाता है किन्तु वस्तुतः वह मेघ के पीछे प्रकाशमान ही रहता है तथा मेघ के हटते ही वह पुनः प्रकाशित दृष्टिगत होता है, वैसे ही स्वयंप्रकाश आत्मा अज्ञान-तिमिर से आवृत हो जाने के कारण अप्रकाशित-सा रहता है और ज्ञान के द्वारा अज्ञान-तिमिर के छिन्न-भिन्न हो जाने पर वह पुनः प्रकाशित सा हो जाता है। परमार्थतः वह सदैव प्रकाशमान है। स्वयंप्रकाश आत्मा को प्रकाशित करने के लिए किसी साधन या करण की आवश्यकता नहीं है, आवश्यकता है केवल

---

१. भावनोपचितो चेतो न कैवल्यकारणम्।
तस्येहैव समुच्छेदात्तद्धेत्वज्ञानहानतः॥ (बृ० उ० भा० वा० २।४।२०५)

आवरण को दूर करने की। इस आवरण को दूर करने में [illegible] प्रमाण की उपयोगिता है [illegible] जाने से [illegible] अज्ञान रूप आवरण के दूर होते ही स्वप्रकाश [illegible] स्वयंसिद्ध साक्षात्कार हो जाता है।

शांकरभाष्य द्वारा प्रतिपादित अद्वैतवेदान्त [illegible] मण्डनमिश्र तथा विवरणप्रस्थान के तुलनात्मक अध्ययन के परिणामस्वरूप यह [illegible] जा सकता है कि इन दोनों प्रस्थानों का चरम लक्ष्य एक होने पर भी अनेक महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर इनमें परस्पर मतभेद है। भामतीप्रस्थान पर मण्डनमिश्र की विचारधारा का प्रभाव पड़ा है, जब कि विवरण-प्रस्थान पर सुरेश्वराचार्य की विचारधारा का। भामतीकार वाचस्पति मिश्र मण्डनमिश्र के विचारों से पूर्णतया प्रभावित हैं जब कि विवरण-कार प्रकाशात्मयति अपने अनेक सिद्धान्तों के लिए सुरेश्वराचार्य के ऋणी हैं। मण्डन और सुरेश्वर की विचारधाराओं में महान् अन्तर है। अतएव मण्डन और सुरेश्वर को अभिन्न व्यक्ति नहीं माना जा सकता। विद्यारण्य के शंकरदिग्विजय पर आधारित मण्डन और सुरेश्वर का अभेदवाद सर्वथा अयुक्तियुक्त एवं अप्रामाणिक है।

●

परिशिष्ट

सहायक ग्रन्थों की सूची

(संस्कृत तथा हिन्दी ग्रन्थ)

ग्रन्थ	लेखक	प्रकाशन
१ ब्रह्मसूत्र शांकरभाष्य	शंकराचार्य	नि० सा० प्रे० बम्बई १९३८
२ भामती	वाचस्पति मिश्र	नि० सा० प्रे० बम्बई १९३८
३. वेदान्तकल्पतरु	अमलानन्द	नि० सा० प्रे० बम्बई १९३८
४ कल्पतरुपरिमल	अप्पयदीक्षित	नि० सा० प्रे० बम्बई १९३८
५. रत्नप्रभा	(शारीरक भाष्य टीका) गोविन्ददास,	नि० सा० प्रे० बम्बई १९३४
६ रत्नप्रभा	(भाषानुवाद) भूमिका, म० म० डा० गोपीनाथ कविराज	अच्युत ग्रन्थमाला काशी, १९९३ स०
७ पंचपादिका	पद्मपादाचार्य	मद्रास गवर्नमेंट ओरियन्टल सीरीज १९५८
८ (पंचपादिका) प्रबोध परिशोधिनी	आत्मस्वरूप	.
९ (पंचपादिका) तात्पर्यद्योतिनी	विज्ञानात्मा	,, .
१० पञ्चपादिका विवरण	प्रकाशात्मा	,, ,,
११. (विवरण) तात्पर्यदीपिका	चित्सुखाचार्य	,, .
१२ (विवरण) भावप्रकाशिका	नृसिंहाश्रम	मद्रास गवर्नमेन्ट ओरियन्टल सीरीज १९५८
१३ ब्र० सू० शांकरभाष्य (नवटीकोपेत)	पं० अनन्तकृष्ण शास्त्री	
१४ विवरणप्रमेय संग्रह	विद्यारण्य	अच्युत ग्रन्थमाला काशी
१५ विवरणादिप्रस्थानविमर्श	डॉ० वीरमणि प्रसाद उपाध्याय	चौखम्भा वाराणसी १९५६
१६ संक्षेपशारीरकम्	सर्वज्ञात्ममुनि	वाराणसी, २०१५ स०
१७. विवरणाख्यान	रामानन्द सरस्वती	

१८. तत्त्वबोधिनी (संक्षेप-शारीरक टीका)	नृसिंहाश्रम	सरस्वती भवन वाराणसी १९३४
१९ शारीरक (संक्षेपशारीरक व्याख्या)	मधुसूदन सरस्वती	चौखम्भा १९३४
२० सुबोधिनी (संक्षेपशारीरक व्याख्या)	पुरुषोत्तम मिश्र	आ० ग० प० पूना १९१८
२१ सिद्धान्त बिन्दु	मधुसूदन सरस्वती	गा० ओ० सी० बड़ौदा १९३३
२२ सिद्धान्तबिन्दु व्याख्या (बिन्दु प्रपात)	म० म० वासुदेव शास्त्री	पूना १९६२
२३ न्यायरत्नावली सिद्धान्त बिन्दु व्याख्या	ब्रह्मानन्द	चौखम्भा वाराणसी
२४ ब्रह्मसिद्धि (शंखपाणि व्याख्या)	मण्डन मिश्र	म० म० कुप्पूस्वामी द्वारा सम्पादित मद्रास १९३७
२५ अद्वैतसिद्धि	मधुसूदन सरस्वती	नि०सा०प्रे०मुम्बई १९३७
२६. अद्वैतब्रह्मसिद्धि	सदानन्द यति	कलकत्ता विश्वविद्यालय १९३२
२७ अद्वैतसिद्धान्त विद्योतनम्	गौडब्रह्मानन्द सरस्वती	विद्याविलास प्रेस, वाराणसी १९३४
२८ अद्वैतरत्नरक्षणम्	मधुसूदन सरस्वती	नि० सा० प्रे० मुम्बई १९३७
२९ अद्वैताभोद	म० म० वासुदेवशास्त्री अभ्यंकर	ओ० बु० ए० पूना १९१८
३०. पञ्चदशी	विद्यारण्य	वाराणसी १९५०
३१ शंकराचार्यकृत प्रकरणग्रन्थाः		ओ० बु० ए० पूना, १९५२
३२ श्रीभाष्य (श्रुति प्रकाशिका सहित)	रामानुजाचार्य	नि० सा० प्रे० १९१६
३३. सर्वदर्शनसंग्रह	माधवाचार्य	पूना १९०६
३४ सिद्धान्तलेशसंग्रह	अप्पयदीक्षित	अच्युत ग्रन्थमाला, काशी २०११ सं०
३५ सिद्धान्तलेशसंग्रह	अप्पयदीक्षित	कृष्णानन्द टीका
३६. वेदान्त परिभाषा	धर्मराजाध्वरीन्द्र	चौखम्भा स० सी० १९५४
३७. वेदान्तसार	सदानन्द	चौ० स० सी० १९५४

३८. तत्त्वप्रदीपिका	(चित्सुखी)	(नयन प्रसादिनी व्याख्या सहित) काशी, १९५६
३९. नैष्कर्म्यसिद्धि	सुरेश्वराचार्य (गिरिधरन्ना द्वारा रचयिता)	मैसूर, १९२५
४०. खण्डनखण्डखाद्य	श्री हर्ष	
४१. न्यायनिर्णय आनन्दगिरि	(शारीरक भाष्य व्याख्या)	नि०सा०प्रे० मुम्बई १९३४
४२. उपदेशसाहस्री	शंकराचार्य	गायघाट, वाराणसी १९५४
४३ ऋतुभूति प्रकाश	विद्यारण्यस्वामी	नि० सा० प्रे० मुम्बई १९२६
४४. दृष्टिसिद्धि	विमुक्तात्मा	
४५ जीवन्मुक्तिविवेक	विद्यारण्य	
४६. माण्डूक्योपनिषद्कारिका-भाष्य	शंकराचार्य	गीताप्रेस, गोरखपुर २०१६ सं०
४७ मुण्डकोपनिषद् भाष्य	शंकराचार्य	गीताप्रेस, गोरखपुर २०१६
४८ छान्दोग्योपनिषद् भाष्य	शंकराचार्य	गीताप्रेस, गोरखपुर २०१६ सं०
४९. बृहदारण्यकोपनिषद्भाष्य	शंकराचार्य	गीताप्रेस, गोरखपुर २०१६ सं०
५० बृहदारण्यकोपनिषद्-भाष्यवार्तिक	सुरेश्वराचार्य	
५१ बृहदारण्यक-वार्तिकसार	विद्यारण्य	चौ० सं० सी० १९१९
५२ ऐतरेयोपनिषद् भाष्य	शंकराचार्य	गीताप्रेस, गोरखपुर २०१६ सं०
५३ कठोपनिषद् भाष्य	शंकराचार्य	,, ,,
५४ ईशोपनिषद् भाष्य	शंकराचार्य	,, ,,
५५. तैत्तिरीयोपनिषद् भाष्य	शंकराचार्य	,, ,,
५६ प्रश्नोपनिषद् भाष्य	शंकराचार्य	,, ,,
५७ श्वेताश्वतरोपनिषद् भाष्य	शंकराचार्य	,, ,,
५८ केनोपनिषद् भाष्य	शंकराचार्य	,, ,,
५९ कल्याण, वेदान्तांक		,, ,,

६०. गीताभाष्य	शंकराचार्य	नि० सा० प्रे० मुम्बई १९३६
६१ आत्मप्रकाशिका (बृहदारण्यकोपनिषद् भाष्य वार्तिक टीका)	आनन्दगिरि	आ० सं० ग्रं० पूना १९९२ स०
६२ लघुचन्द्रिका	(ब्रह्मानन्दी)	अद्वैतसिद्धि व्याख्या नि० सा० प्रे० १९३४
६३. वादभूषणी	अनन्तकृष्ण शास्त्री	
६४ वेदान्तचन्द्रदीपिका	अनन्तकृष्ण शास्त्री	
६५. विष्णुपुराण	वेदव्यास	
६६. तत्त्वदीपन	अखण्डानन्द	
६७ योगवासिष्ठ		नि० सा० प्रे० मुम्बई १९३७
६८. योगवासिष्ठ और उसके सिद्धान्त	डा० वी० एन० आचार्य	वाराणसी १९५७
६९. भारतीय दर्शन	पं० बलदेव उपाध्याय	
७०. भारतीय दर्शन	म० म० उमेश मिश्र	
७१ भारतीय संस्कृति और साधना	म० म० पं० गोपीनाथ कविराज	

ENGLISH BOOKS

1. The Brahma Sutra : Dr S Radhakrishnan, London, 1960
2. The Vedanta According to Sankara and Ramanuja : Dr S. Radhakrishnan 192[illegible]
3. The Principal Upanisads : Dr S. Radhakrishnan
4. Bhagavadgita (Eng Trans) Dr. S Radhakrishnan.
5. History of Indian Philosophy : Dr. S N Das Gupta, Cambridge, 1940
6. Indian Philosophy Dr S Radhakrishnan, 1927
7. Lectures on Vedanta . Ghate
8. Logic in Vedanta Dr V P Upadhyaya Benaras, 1959
9. Vachaspati Misra on Advaita Vedanta : Dr [illegible] Harsa. kar 1958
10. A Critique on the Visistadvaita school. Dr B K, Sen Gupta, Cal. 1959.

An [illegible] Shastri, Cal. 1925.

[illegible] An Introduction to [illegible] N. K. Devraj, Benaras, 1952

[illegible] A Study [illegible] N. M. Sarkar, Cal. 1947

[illegible] Gaudapada. A Study in early Advaita, Dr. T. M. P. Mahadevan, Madras, 1954.

[illegible] Gaudapada Karika by D. Karpatram, [illegible] 1953.

[illegible] Indian Philosophical Studies, M. Hiriyanna, Mysore [illegible]

[illegible] Introduction to Vedanta, Hiriyanna, P. N. Mukhopadhyaya, Cal. 1928

18. A Study of the Vedanta, S. K. Das.

[illegible] The Outlines of Vedanta, M. Sri Nivas Rao, Bangalore 1928

[illegible] The Philosophy of Upanisads, S. C. Chakravarti, Cal. [illegible]

[illegible] The Doctrine of Maya, P. D. Shastri, London [illegible]

[illegible] Studies in Post Sankara Dialectics, Ashutosh Bhattacharya, Cal. 1936.

23. Studies in Philosophy, K. C. Bhattacharya, Cal. [illegible]

24. Sastri's Selected works, S. Venkitaraman, Madras 1947

[illegible] Sankara Vedanta, Dr. Ganganath Jha, Allahabad, [illegible]

[illegible] Philosophy of Bheda Abheda, P. N. Sri Nivasachar, Madras 1950.

27. Philosophical Essays, Dr. S. N. Das Gupta, Cal. 1941

[illegible] Mayavada or the Non-dualistic Philosophy, Sudhakar Nath, Poona 1938.

29. Panchadasi of Vidyaranya, M. Sri Nivas Rao, 1912.

[illegible] Religion and Philosophy of Veda and Upanishads, A. B. Keith, Cambridge 1925.

[illegible] Sambandha Vartika of Sureshwaracharya, Dr. T. M. P. Mahadevan, Madras, 1958.

[illegible] Six Ways of Knowing, Dr. D. M. Datta, Cal. 1960

[illegible] Bhartri Hari Sarkar Represents the View of Sutraka, M. S. Tarwala, Bombay, 1918

34. Appearence and Reality, F. H. Bradley Oxford 1930

35. A Pluralistic Universe, William James.

[illegible] Essays on the Brahmasutra, A. K. Gupta, 1921.

जीवन्मुक्ति १३३, १९२, १९३
ध्यान १८२
प्रणवध्यान १६६-१८२, १८५
मन १६४, १७२, १७७
माया २८-२७, १९१
मुक्तपुरुष १२५-१२८
मोक्ष १०, १२५, १३८, १४५
विज्ञानवाद ११७-११९
विवर्त्त १०९
स्थितप्रज्ञ १९२
सत् ५
श्रवण १५२, १५४-१५७, १६८, १८३, १९५
श्रीभाष्य ५-६, ८

शुद्धिपत्र

			शुद्ध रूप
१३०	२३	संक्षेप शाशीरक	संक्षेप शारीरिक
१४०	१४	बह्मदत्त	ब्रह्मदत्त
१४५	५	माक्ष	मोक्ष
१४६	१२	माना है।	माना है।[२]
१५३	१९	वर्वक	वर्णक
१६२	१२	वहिर्मुख	वहिर्मुखी
१६५	६	साधानान्तर	साधनान्तर
१७१	फुटनोट (प्रथम)	जी०	दी०
१७२	१९	उत्पादन	उपपादन
१७४	१	विवय	विषय
१९४	७	इष्यमा मण	इष्यमाण

हम श्री धीरेन्द्र कुमार विद्यालंकार के आभारी हैं, जिन्होंने इस ग्रन्थ के मुद्रण में अपार सहयोग दिया।

प्रकाशक